3 राजधानी
कोनेश्वर चौराहे के पास बनेगी मल्टी लेवल पार्किंग

6 अभिमत
भारतीय संस्कृति के वारिस

10 स्पोर्ट्स
बुमराह बल्ले से चमके

11 विदेश
क्यूबा में खत्म होगी दोहरी मुद्रा प्रणाली

RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 54
लखनऊ, शनिवार, 12 दिसंबर, 2020
पृष्ठ 20 मूल्य ₹ 3
लखनऊ

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
पायनियर



टीवी पर दीपानिता की वापसी
विविध-12

www.dailypioneer.com

# अयोध्या, मथुरा-काशी के लिए बड़े प्रस्ताव

## योगी कैबिनेट के अहम फैसले

● चीन छोड़ नोएडा आयी सैमसंग डिस्प्ले इकाई को मिलेंगी विशेष सुविधाएं

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**सीएम** योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में आज अयोध्या, मथुरा और काशी से जुड़े तीन बड़े प्रस्तावों को मंजूरी दे दी। अयोध्या और मथुरा-वृंदावन के सीमा विस्तार के साथ विकास को नए पंख लगेंगे। काशी में धर्मार्थ कार्य विभाग का निदेशालय बनाया जाएगा। धर्मार्थ कार्य विभाग में निदेशालय के गठन का प्रस्ताव कैबिनेट ने पास किया है। निदेशालय का मुख्यालय वाराणसी में होगा। वाराणसी में पीएम नरेंद्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट विश्वनाथ कारिडोर में श्री काशी विश्वनाथ विशिष्ट क्षेत्र विकास परिषद द्वारा उपलब्ध कराये गए भवन में इसका मुख्यालय बनेगा। उप कार्यालय कैलाश मानसरोवर भवन गाजियाबाद में होगा। इस भवन का उद्घाटन शनिवार को सीएम योगी करेंगे।

**नई अयोध्या में 343 गांव और शामिल, दायरा 872.81 वर्ग किमी**

राज्य सरकार ने अयोध्या को विश्व स्तरीय सुविधा देने के लिए अयोध्या विकास क्षेत्र का दायरा बढ़ाने का फैसला किया है। नई अयोध्या में कुल 343 गांव शामिल किए गए हैं और इसका दायरा 872.81 वर्ग किलोमीटर होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई कैबिनेट की बैठक में यह महत्वपूर्ण फैसला हुआ। अयोध्या जन्मभूमि पर श्रीराम का भव्य मंदिर बनाया जा रहा है। इसको ध्यान में रखते हुए नई अयोध्या बसाई जानी है। अयोध्या में दुनियां भर से पर्यटक आ रहे हैं। कैबिनेट की बैठक में इसको ध्यान में रखते हुए अयोध्या विकास क्षेत्र का दायरा बढ़ाने संबंधी प्रस्ताव आवास विभाग ने रखा। इसके मुताबिक अयोध्या के 154 गांव, गोंडा के 63 और बस्ती के 126 गांवों को अयोध्या विकास क्षेत्र में शामिल करने का फैसला हुआ। इनके शामिल होने के बाद अयोध्या विकास क्षेत्र के कुल गांवों की संख्या 343 हो गई है। इसके आधार पर अयोध्या विकास क्षेत्र का दायरा 87280.74 हेक्टेयर यानी 872.81 वर्ग किमी होगा। अयोध्या विकास क्षेत्र का दायरा बढ़ने पर यहां की आबादी वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर 873373 हो जाएगी।

**मथुरा-वृंदावन में बरसाना और सौंख नगर पंचायत शामिल**

राज्य सरकार ने मथुरा-वृंदावन विकास क्षेत्र में बरसाना और सौंख नगर पंचायत को शामिल करने का फैसला किया है। इसके साथ ही मथुरा व गोवर्धन तहसील के पांच शामिल को भी शामिल करने का फैसला किया है। मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण ने जुलाई में शासन को इस संबंध में प्रस्ताव भेजा था। इसमें नगर पंचायत बरसाना और मथुरा सौंख उसफार गांव से सौंख नगर पंचायत और मार्ग के दोनों ओर के पांच गांवों को शामिल करने का प्रस्ताव था। आवास विभाग द्वारा अधिसूचना जारी होने के बाद मथुरा-वृंदावन विकास क्षेत्र का दायरा बढ़ाने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

## खुलेंगे तेरह नये मेडिकल कालेज

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** में 13 नए राजकीय मेडिकल कॉलेजों के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) द्वारा तय किए गए नए मानकों के अनुसार इनका निर्माण कराने के लिए शुक्रवार को कैबिनेट की बैठक में वित्त व्यय समिति द्वारा तय की गई संशोधित लागत को मंजूरी दे दी गई। परियोजना की लागत 200 करोड़ रुपये से अधिक होने के कारण मंजूरी ली गई। चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि इन नए मेडिकल कॉलेजों के खुलने के बाद प्रदेश के 45 जिलों में सरकारी मेडिकल कॉलेज होंगे। प्रदेश सरकार ने प्रत्येक जिले में एक सरकारी मेडिकल कॉलेज खोलने का संकल्प लिया है और इसे पूरा करने के लिए वह तेजी से कदम बढ़ा रही है। यह राजकीय मेडिकल कॉलेज केंद्र सहायतित योजना के अंतर्गत जिला अस्पतालों व रेफरल अस्पतालों को उच्चीकृत कर बनाए जा रहे हैं। मंत्रिपरिषद ने राजकीय मेडिकल कॉलेज लखीमपुर खीरी के लिए संशोधित लागत 288.70 करोड़ रुपये को मंजूरी दी। वहीं राजकीय मेडिकल कॉलेजों के निर्माण के लिए कानुपर देहात में 283.37 करोड़, कुशीनगर में 281.45 करोड़, औरैया में 280.16 करोड़, सोनभद्र में 249.98 करोड़, गोंडा में 281.71 करोड़, कन्नौज में 274.18 करोड़, कौशांबी में 303.62 करोड़, सुल्तानपुर में 270.92 करोड़, ललितपुर में 287.57 करोड़, पीलीभीत में 284.60 करोड़ और बुलंदशहर में राजकीय मेडिकल कॉलेज के निर्माण के लिए 269.44 करोड़ रुपये के संशोधित लागत के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। बीती 27 मार्च को शासनादेश के द्वारा इन मेडिकल कॉलेजों के निर्माण को प्रशासकीय व वित्तीय स्वीकृत दी गई थी लेकिन इस बीच एनएमसी ने मानक बदल दिए। ऐसे में निर्माण की लागत बढ़ गई। चूंकि यह लागत 200 करोड़ रुपये से अधिक की थी, इसलिए इसे मंत्रिपरिषद की मंजूरी दिलाई गई।

## उत्तर प्रदेश में धर्मार्थ कार्य निदेशालय का गठन काशी में होगा मुख्यालय

**प्रदेश** सरकार ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए धर्मार्थ कार्य विभाग में अब निदेशालय का गठन करने का फैसला किया है। अभी तक यह विभाग सिर्फ चार अफसरों के सहारे चल रहा था। मगर अब निदेशालय बन जाने के बाद इसमें 19 कार्मिक तैनात होंगे। इसका मुख्यालय काशी में होगा। प्रदेश सरकार ने यह फैसला काशी विश्वनाथ मंदिर विस्तारीकरण-सुन्दरीकरण योजना के क्रियान्वयन, काशी विश्वनाथ विशिष्ट क्षेत्र परिषद अधिनियम, कैलाश मानसरोवर भवन गाजियाबाद के संचालन और प्रबंधन के अलावा सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुपालन में सभी धार्मिक स्थलों के रजिस्ट्रेशन और रेग्यूलेशन से सम्बंधित अध्यादेश को बनाए जाने तथा राजगोपाल ट्रस्ट अयोध्या के प्रबंधन आदि महत्वपूर्ण कार्यों को सुचारू से संचालित करने के लिए किया है। कैबिनेट की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गई और शासनादेश जारी किया गया। अपर मुख्य सचिव अवनीश अवस्थी ने बताया कि अब धर्मार्थ कार्य विभाग में अपर मुख्य ( शेष पेज 9 )

## नड्डा के काफिले पर हमला

# गृह मंत्रालय ने मुख्य सचिव और डीजीपी को किया तलब

● प. बंगाल में कानून व्यवस्था को लेकर राज्यपाल की रिपोर्ट पर किया फैसला

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/कोलकाता

**केंद्रीय** गृह मंत्रालय ने पश्चिम बंगाल में कानून व्यवस्था की स्थिति को लेकर राज्य के मुख्य सचिव और पुलिस प्रमुख को 14 दिसंबर को तलब किया है। यह कदम भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के काफिले पर हुए हमले के संबंध में राज्यपाल जगदीप धनखड़ की रिपोर्ट मिलने के बाद उठाया गया है।

नड्डा के काफिले पर बृहस्पतिवार की सुबह तृणमूल कांग्रेस के कथित कार्यकर्ताओं ने तब हमला किया था जब वह भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करने पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिला स्थित डायमंड हार्बर जा रहे थे। इस मामले में सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने कहा कि पश्चिम बंगाल के दोनों शीर्ष अधिकारियों- मुख्य सचिव अलापन बंद्योपाध्याय और पुलिस महानिदेशक वीरेंद्र से केंद्रीय गृह सचिव अजय कुमार भल्ला के समक्ष पेश होकर ( शेष पेज 9 )

### दोनों अफसरों को दिल्ली नहीं भेजेगी ममता सरकार

**पायनियर समाचार सेवा।** कोलकाता

**भाजपा** प्रमुख जेपी नड्डा के काफिले पर हमला मामले में केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा तलब किए जाने के बावजूद पश्चिम बंगाल सरकार अपने मुख्य सचिव और पुलिस प्रमुख को नई दिल्ली नहीं भेजेगी। यह कदम राज्य और केंद्र के बीच टकराव का नया कारण बन सकता है। केंद्र के इस फैसले को तृणमूल कांग्रेस ने असंवैधानिक और अस्वीकार्य करार दिया है। मुख्य सचिव अलापन बंदोपाध्याय ने केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला को पत्र लिखकर कहा है कि उन्हें 14 दिसंबर को राज्य के अधिकारियों की मौजूदगी के बिना बैठक करने का अनुरोध करने का निर्देश दिया गया है। इस पत्र के जरिए उन्होंने परोक्ष तौर पर संकेत दिया कि वह महज राज्य सरकार के आदेश का पालन कर रहे हैं। नड्डा के काफिले पर सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के कथित समर्थकों द्वारा हमले पर राज्यपाल जगदीप धनखड़ की ( शेष पेज 9 )

## मुख्तार के पुत्र के खिलाफ दर्ज मुकदमे में चार्जशीट दाखिल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**माफिया** सरगना व विधायक मुख्तार अंसारी के पुत्र अब्बास अंसारी के खिलाफ महानगर थाने में दर्ज आपराधिक मुकदमे की विवेचना कर रही एसटीएफ ने शुक्रवार को न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया है। मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी के बसंतकुंज नई दिल्ली स्थित आवास से लखनऊ पुलिस ने छह असलहे बरामद किए थे। यही नहीं आरोपित के यहां से बड़ी मात्रा में कारतूस भी मिले थे। तत्कालीन एसएसपी कलानिधि नैथानी के निर्देश पर महानगर कोतवाली में दर्ज जालसाजी के मुकदमे में यह कार्रवाई की गई थी। अब्बास के घर से अलग अलग बोर के कुल 4431 कारतूस मिले थे। आरोपित के खिलाफ महानगर पुलिस ने दर्ज एफआइआर में धाराओं की बढ़ोतरी भी की थी। डीजीपी ने बीती 3 जनवरी को इस मुकदमे की विवेचना एसटीएफ को सौंप दी थी। एसटीएफ द्वारा साक्ष्यों के आधार पर शुक्रवार 11 ( शेष पेज 9 )

## पीजी करने के बाद दस साल के अंदर नौकरी छोड़ी तो

# डॉक्टर को भरना होगा एक करोड़ का जुर्माना

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रांतीय** चिकित्सा सेवा में तैनात एमबीबीएस डाक्टरों को अब पीजी की पढ़ाई शर्तों पर पूरी करनी होगी। पीजी की पढ़ाई पूरी करने के बाद दस साल के अंदर अगर नौकरी छोड़ी तो एक करोड़ रुपये का हर्जाना भरना होगा। इस बाबत शासनादेश जारी कर दिया गया है। शासन स्तर पर जारी शासनादेश में कहा गया है कि पीजी करने के बाद डॉक्टरों को कम से कम 10 साल तक सरकारी अस्पताल में सेवा देनी होगी। यदि बीच में नौकरी छोड़ना चाहते हैं तो उन्हें एक करोड़ रुपये की धनराशि प्रदेश सरकार को अदा करनी होगी। अधिकारियों का कहना है कि सरकारी अस्पतालों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी पूरी करने के लिए सरकार ने नीट में छूट की व्यवस्था की है। यदि कोई डॉक्टर पीजी कोर्स अध्ययन बीच में ही छोड़ देता है, ऐसे डॉक्टरों को तीन साल के लिए डिबार कर दिया जाएगा। इन तीन सालों में वह दोबारा दाखिला नहीं ले सकेंगे। दूसरे पढ़ाई पूरी करने के बाद चिकित्साधिकारी को तुरंत नौकरी ज्वाइन करनी होगी। साथ ही पीजी के बाद सरकारी डॉक्टर सीनियर रेजिडेंसी नहीं कर सकते हैं। विभाग से इस दिशा में कोई भी अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी नहीं किया जाएगा। बता दें कि स्वास्थ्य विभाग में डाक्टरों के करीब 16 हजार से ऊपर पद सृजित हैं। इनमे ग्रामीण क्षेत्र के सरकारी अस्पतालों में एक साल नौकरी करने वाले एमबीबीएस डॉक्टर को नीट पीजी प्रवेश परीक्षा में 10 अंकों की छूट दी जाती है। दो साल सेवा देने वाले डॉक्टरों को 20 और तीन साल वालों को 30 नम्बर तक की छूट दी जाती है। यह डॉक्टर पीजी के साथ डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में दाखिला ले सकते हैं।

## किसान आंदोलन को भटकाव की ओर ले जा रहा है विपक्षः सीएम

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक बार फिर विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि वह किसान आंदोलन को भटकाव की ओर से ले रहा है। योगी ने कहा कि जो लोग कश्मीर के खिलाफ आग उगलते हैं, देश के विखंडता की बात करते हैं, जिन्होंने देश की एकता पर प्रश्न खड़े किए हैं, किसान मंच से शरजील इमाम, उमर खालिद जैसों के समर्थन में किसी भी प्रकार का वक्तव्य पूरी तरह से आंदोलन के भटकाव को प्रदर्शित करता है। किसान को आगे करके देश के अंदर अव्यवस्था फैलाने का जो कुत्सित प्रयास हो रहा है। इसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ये लोग कभी किसानों व हिन्दुस्तान के हितैषी नहीं रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश का किसान जानता है कि उनका असली हितैषी कौन है। किसानों की कर्ज माफी हो या फिर 1977 से लंबित बाणसागर परियोजना उसे पूरा करके किसानों को पानी पहुंचाने का काम भाजपा सरकार ने पूरा किया। केन्द्र सरकार किसानों से सुझाव मांग रही है लेकिन कांग्रेस किसानों का मुखौटा बनाकर पूरे ( शेष पेज 9 )

# कृषि कानूनों पर भाजपा चलाएगी अभियान

● देश भर में सौ संवाददाता सम्मेलनों का करेगी आयोजन, केंद्रीय और राज्य के कैबिनेट मंत्री करेंगे जनसभा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**आंदोलनरत** किसान कृषि कानूनों पर जहां सरकार के प्रस्ताव को स्वीकार करने के लिए राजी नहीं हैं, वहीं इसके जवाब में भाजपा बड़े स्तर पर जागरूकता अभियान शुरू करने जा रही है जिससे कि नए कृषि कानूनों पर पंजाब और हरियाणा से बाहर जनता और किसानों का समर्थन हासिल किया जा सके। सूत्रों ने बताया कि इसके तहत सत्तारूढ़ पार्टी जनता तक पहुंचने के लिए अगले कुछ दिन में 100 प्रेस कांफ्रेंस और किसानों के साथ 718 बैठकें करेगी जिससे कि तीनों कृषि कानूनों के बारे में देश के किसानों को 'सही तथ्यों' से अवगत कराया जा सके। पार्टी सूत्रों ने बताया कि भाजपा नेता ग्रामीण इलाकों में चौपालों किसान सम्मेलनों का ( शेष पेज 9 )



### किसान संगठन कृषि कानूनों के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचा

**नई दिल्ली।** तीन केन्द्रीय कृषि कानूनों के विरोध में दिल्ली की सीमा पर किसानों के आन्दोलन के बीच भारतीय किसान यूनियन, भानु ने इन कानूनों की संवैधानिक वैधता को लेकर उच्चतम न्यायालय में लंबित याचिकाओं में पक्षकार बनने के लिए आवेदन दायर किया है। कृषि कानूनों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर 17 दिसंबर का सुनवाई होने की संभावना है। भारतीय किसान ( शेष पेज 9 )

### किसानों की आड़ में माहौल बिगाड़ने की साजिशः तोमर

**नई दिल्ली।** तीन कृषि कानूनों के खिलाफ राजधानी दिल्ली की विभिन्न सीमाओं पर जारी किसानों के आंदोलन के बीच केंद्रीय कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने शुक्रवार को दावा किया कि किसानों की आड़ में कुछ असामाजिक तत्व उनके आंदोलन का माहौल बिगाड़ने की साजिश कर रहे हैं। उन्होंने आंदोलन कर रहे संगठनों से ऐसे तत्वों को अपना मंच प्रदान न करने की अपील की। तोमर ने सिलसिलेवार ( शेष पेज 9 )

## आईएमए सदस्यों और डॉक्टरों ने किया देश भर में प्रदर्शन

**भाषा।** नई दिल्ली

**एम्स** समेत दिल्ली के कई अस्पतालों के डॉक्टरों ने स्नातकोत्तर डिग्रीधारक आयुर्वेद चिकित्सकों को सर्जरी का प्रशिक्षण देने के केन्द्र सरकार के फैसले के खिलाफ आईएमए के प्रदर्शन का शुक्रवार को काली पट्टी बांधकर समर्थन किया। आईएमए ने गैर-जरूरी तथा गैर-कोविड सेवाएं दे रहे डॉक्टरों से शुक्रवार सुबह छह बजे से लेकर शाम छह बजे तक इस फैसले के खिलाफ प्रदर्शन करने का आह्वान किया था। भारतीय चिकित्सा संघ (आईएमए) इस फैसले को वापस लेने की मांग कर रहा है। एम्स के अलावा एलएनजेपी अस्पताल, राजीव गांधी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, डीडीयू अस्पताल, जीटीबी अस्पताल, बीएसए अस्पताल, संजय गांधी मेमोरियल अस्पताल तथा निगम द्वारा संचालित हिंदूराव अस्पताल के डॉक्टरों ने बाजुओं पर काली पट्टी बांधकर काम किया।

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 46,099 | ↑ 193 | |
| निफ्टी | 13,513 | ↑ 35 | |
| सोना | 48,594 | ↓ 102 | /10g |
| चांदी | 62,734 | ↓ 16 | /kg |

## क्विक न्यूज

### देश के पहले एमआरएनए टीके के मानव परीक्षण की मिली अनुमति

**नई दिल्ली।** जैव प्रौद्योगिकी विभाग (डीबीटी) ने शुक्रवार को कहा कि कोविड-19 रोधी पहले स्वदेशी एमआरएनए टीके एचजीसीओ19 को भारतीय औषधि नियामक से पहले और दूसरे चरण के मानव परीक्षण की अनुमति मिल गई है। इस टीके का विकास पुणे स्थित बायोफार्मा कंपनी जेनोवा ने किया है। डीबीटी ने कहा कि भारतीय औषधि महानियंत्रक ने इस टीके के पहले और दूसरे चरण के मानव परीक्षण की मंजूरी दे दी है। एमआरएनए टीके मे रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित करने के लिए पारंपरिक मॉडल का इस्तेमाल नहीं किया जाता। इसमे वायरस के सिंथेटिक आरएनए के जरिए शरीर में प्रोटीन उत्पन्न करने के लिए आण्विक विधि का इस्तेमाल किया जाता है।

# पूर्वी लद्दाख में सीमा गतिरोध चीन की कार्रवाई का नतीजा

## भारत की खरी-खरी

**भाषा/पीएनएस।** नई दिल्ली



**भारत** ने शुक्रवार को कहा कि पिछले छह महीने में पूर्वी लद्दाख में सैन्य गतिरोध चीन की कार्वाइयों का परिणाम है क्योंकि चीन ने वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर स्थिति को एकतरफा ढंग से बदलने की कोशिश की है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अनुराग श्रीवास्तव ने संवाददाता सम्मेलन में यह बात तब कही जब उनसे चीनी विदेश मंत्रालय की उन ताजा टिप्पणियों के बारे में पूछा गया जिनमें उसने पूर्वी लद्दाख में सीमा गतिरोध के लिए भारत को जिम्मेदार ठहराया था। श्रीवास्तव ने कहा कि हमारा रुख बहुत ही स्पष्ट रहा है, जिसे अतीत में कई बार बयां किया गया है। पिछले छह महीने से हम जो हालात देख रहे हैं, वह चीनी पक्ष की कार्वाइयों का परिणाम है जिसने पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर स्थिति में एकतरफा ढंग से बदलाव करने की कोशिश की है।

उन्होंने कहा, ए (चीनी) कार्वाई, भारत-चीन सीमावर्ती क्षेत्रों में एलएसी पर शांति एवं स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए किए गए द्विपक्षीय संबंधों तथा प्रोटोकॉल का उल्लंघन है। उल्लेखनीय है कि चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता ने पूर्वी लद्दाख में सीमा गतिरोध के लिए बृहस्पतिवार को एक बार फिर भारत को जिम्मेदार ठहराया था। श्रीवास्तव ने कहा, हमने चीन के उस बयान का संज्ञान लिया है, जिसमें उसने कहा था कि वह द्विपक्षीय समझौतों का कड़ाई से पालन करता है और सीमा मुद्दे का समाधान वार्ता के जरिए निकालने को प्रतिबद्ध है तथा सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति एवं स्थिरता की हिफाजत कर रहा है। हम उम्मीद करते हैं चीनी पक्ष अपनी कही बात के अनुरूप कार्य भी करेगा। पूर्वी लद्दाख में मई महीने से ही भारत और चीन की सेनाएं तैनात हैं। दोनों पक्षों ने कई दौर की सैन्य और राजनयिक वार्ता की है लेकिन सीमा गतिरोध दूर करने में अब तक कोई सफलता नहीं मिली है। श्रीवास्तव ने कहा कि दोनों पक्षों ने राजनयिक और सैन्य माध्यमों से संवाद जारी रखा है।

# दिल्ली, मथुरा, इलाबाबाद जलमार्ग परियोजना में नोएडा भी

● हेरिटेज कॉरिडोर के लिए जलमार्ग का विकास केंद्र और राज्य सरकार मिलकर करेंगे

**रिंकू यादव।** नोएडा



**गौतमबुद्धनगर** से रेल, सड़क और वायु मार्ग के बाद जल यातायात की भी सुविधा होगी। दिल्ली, मथुरा, आगरा, इलाहाबाद जलमार्ग परियोजना का हिस्सा होगा गौतमबुद्ध नगर। हेरिटेज कॉरिडोर के लिए जलमार्ग का विकास केंद्र और राज्य सरकार मिलकर करेंगे गौतमबुद्ध नगर जल्दी देश के उन चुनिंदा शहरों में शामिल हो जाएगा, जहां से जल, थल और वायु यातायात की सुविधाएं मिलेंगी।

इस शहर के पास एक्सप्रेसवे, नेशनल हाईवे, रेलवे और मेट्रो जैसे अत्याधुनिक यातायात माध्यम उपलब्ध हैं। जल्दी ही जेवर में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा बनने वाला है। नोएडा और ग्रेटर नोएडा दिल्ली वाराणसी बुलेट ट्रेन परियोजना में भी जुड़ेंगे। अब रेल सड़क और वायु यातायात के साथ जिला जल यातायात से भी जुड़ने वाला है। राष्ट्रीय जलमार्ग विकास प्राधिकरण ने इस परियोजना को मंजूरी दे दी है। इस पर जल्दी ही काम शुरू होने वाला है। उत्तर प्रदेश और केंद्र सरकार मिलकर हेरिटेज कॉरिडोर पर काम कर रहे हैं। जिसमें दिल्ली, गौतमबुद्ध नगर, मथुरा, आगरा, इलाहाबाद और वाराणसी को जोड़ा जाएगा। इस कॉरिडोर को अंतरराष्ट्रीय स्तर की यातायात सुविधाएं सरकार उपलब्ध करवाना चाहती है। देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों के मनोरंजन के लिए साधन भी विकसित किए जाएंगे। इसी के तहत दिल्ली से कानपुर और फिर इलाहाबाद, वाराणसी तक तीन चरणों में जलमार्ग का विकास किया जाएगा। यह जलमार्ग यमुना नदी में होगा। पहले चरण में दिल्ली और कानपुर को जोड़ा जाएगा।

दूसरे चरण में कानपुर से इलाहाबाद जुड़ेंगे। फिर इलाहाबाद से गंगा में वाराणसी तक यह जलमार्ग आगे बढ़ेगा। इस जलमार्ग का उद्देश्य यातायात सुविधा के साथ साथ मनोरंजन के साधन विकसित करना है। इस जलमार्ग की शुरुआत गौतमबुद्ध नगर से होगी। इसके साथ ही गौतमबुद्ध नगर, कोलकाता, मुंबई और अहमदाबाद की श्रेणी में शामिल हो जाएगा। हेरिटेज कॉरिडोर के लिए जलमार्ग का विकास केंद्र और राज्य सरकार मिलकर करेंगे। देश में सबसे पहला एक्सप्रेसवे गौतमबुद्ध नगर में ही नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे बनाया गया था। इसके बाद देश का सबसे बड़ा एक्सप्रेसवे ग्रेटर नोएडा से आगरा तक 165 किलोमीटर लंबा भी गौतमबुद्ध नगर में ही बनाया गया था। गौतमबुद्ध नगर जिला देश के उन चुनिंदा शहरों में शामिल है जहां कनेक्टिविटी शानदार है।

### गौतमबुद्धनगर में हाईवे व एक्सप्रेसवे

- नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे
- ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे
- यमुना एक्सप्रेसवे
- 130 मीटर एक्सप्रेसवे
- नेशनल हाईवे 91

# अभियान चलाकर निर्विवाद खतौनियों का लेखा जोखा दर्ज होगा

● 15 दिसम्बर से 15 फरवरी तक चलेगा दो माह का विशेष अभियान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश के** समस्त ग्रामों में निर्विवाद उत्तराधिकार को खतौनियों में दर्ज कराये जाने हेतु 15 दिसम्बर से अगले साल 15 फरवरी तक दो माह के विशेष अभियान कार्यक्रम के सम्बन्ध में विस्तृत दिशा निर्देश जारी किये गये हैं।

उक्त जानकारी देते हुए मुख्य सचिव राजेन्द्र कुमार तिवारी ने बताया कि भ-अभिलेखों को अद्यतन रखना राजस्व विभाग का एक महत्वपूर्ण कार्य है। समय समय पर वरासत आदि को राजस्व अभिलेखों में अद्यतन करते रहना राजस्व विभाग का दायित्व है। वरासत के प्रकरणों में समय से कार्यवाही ने होने से न केवल विधिक उत्तराधिकारी अपने अधिकार से वंचित रह जाते हैं, अपितु अनावश्यक विवाद भी उत्पन्न होते हैं परिणाम स्वरूप असामाजिक तत्वों, भू माफियाओं द्वारा भूमि पर अवैध कब्जे का प्रयास किया जाता है, जिससे कभी-कभी कानून व्यवस्था की समस्या भी उत्पन्न हो जाती है।


इसके अतिरिक्त राजस्व संहिता अधिनियम 2006 की धारा 31 के अनुसार कलेक्टर का यह दायित्व है कि वह राजस्व संहिता नियमावली में विहित रीति से प्रत्येक ग्राम के अधिकार अभिलेख (खतौनी) रखेगा। कलेक्टर के नियंत्रण के अधीन रहते हुए उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, अधिकार अभिलेख, खतौनी, खसरा व मानचित्र में समस्त परिवर्तन जो घटित होंगे और ऐसे अन्य समस्त संव्यवहारों को, जिनका किन्हीं अभिलिखित अधिकारों या हितों पर प्रभाव पड़े, अभिलिखित करेंगे। अत: राजस्व अभिलेखों को अद्यतन रखने के दृष्टिगत शासन द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि राजस्व प्रशासन के द्वारा निर्विवाद उत्तराधिकारियों के नाम खतौनियों के दर्ज करने हेतु विशेष अभियान चलाया जाये।

निर्विवाद उत्तराधिकार, वरासत हेतु आवेदन पत्रों के निस्तारण हेतु राजस्व संहिता नियमावली, 2016 के नियम 29 व परिषदादेश 14 अगस्त 2017 के निर्धारित प्रक्रिया का अनुपालन किया जाये, परन्तु आवेदन पत्रों के अग्रसारण व उस पर की जा रही जांच आख्या आदि के अंकित करने की आनलाइन कार्यवाही परिषदादेश आनलाइन प्रक्रिया के अनुसार ही की जायेगी।

आवेदन की प्रक्रिया के सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि आवेदक द्वारा प्रार्थना पत्रध्रिपोर्ट दिये जाने की स्थिति में आवेदक स्वयं ऑनलाइन अथवा जनसेवा केन्द्र पर प्रार्थना पत्र भरने के लिए राजस्व परिषद की वेबसाइट के मुखपृष्ठ पर दिये गये राजस्व न्यायालय कम्प्यूटरीकृत प्रबन्धन प्रणाली लिंक पर उपलब्ध उत्तराधिकार-वरासत हेतु आवेदन लिंक पर जाकर अपना मोबाइल नम्बर अंकित करेगा, तत्पश्चात् मोबाइल पर प्राप्त ओटीपी को भरकर अपना एक बार पंजीकरण करेगा तथा वांछित सूचनाएं पोर्टल पर भरेगा। लेखपाल द्वारा रिपोर्ट दिये जाने की स्थिति में लेखपाल द्वारा अपनी लॉगिन आईडी से उत्तराधिकार-वरासत सम्बन्धी विवरण भरा जा सकेगा। आवेदन तथा लेखपाल द्वारा प्रार्थना पत्र भरे जाने के पश्चात् सबमिट करते ही आवेदन क्रमांक स्वत: जनरेट हो जायेगा तथा सम्बन्धित राजस्व ग्राम के हल्का लेखपाल और सम्बन्धित राजस्व निरीक्षक के लागिन आईडी पर स्वत: प्रेषित हो जायेगा।

अभियान को सफलतापूर्वक सम्पादित करने हेतु राजस्व प्रशासन के विभिन्न प्राधिकारियों द्वारा निर्दिष्ट दायित्वों का निर्वहन किया जायेगा, जिसमें सभी मण्डलायुक्तों के द्वारा इस अभियान का पर्यवेक्षण किया जायेगा तथा राजस्व ग्रामों में खतौनियों के पढ़े जाने तथा अविवादित उत्तराधिकारियों की वरासतों को दर्ज किये जाने की कार्यवाहियों का समय समय पर स्थलीय निरीक्षण भी किया जायेगा।

इसके अतिरिक्त अभियान से सम्बन्धित आवश्यक सूचना राजस्व परिषद की वेबसाइट पर निर्धारित प्रारूप पर समयान्तर्गत अनिवार्य रूप से फीड की जायेगी और इन्हीं सूचनाओं के आधार पर प्रगति की समीक्षा की जायेगी। अभियान की समाप्ति पर जिलाधिकारी द्वारा प्रत्येक लेखपाल, राजस्व निरीक्षक, तहसीलदार तथा उप जिलाधिकारी से इस आशय का प्रमाण पत्र प्राप्त किया जायेगा कि उनके क्षेत्र के अन्तर्गत स्थित राजस्व ग्रामों में निर्विवाद उत्तराधिकार का कोई भी प्रकरण दर्ज होने से अवशेष नहीं है। अभियान के अन्त में प्रत्येक जिलाधिकारी द्वारा जनपद की प्रत्येक तहसील के दस प्रतिशत राजस्व ग्रामों को रैण्डमली चिन्हित करते हुये उनमें अपर जिलाधिकारियों, उप जिलाधिकारियों व अन्य जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा इस तथ्य की जांच करायी जायेगी कि निर्विवाद उत्तराधिकार का कोई प्रकरण दर्ज होने से बचा नहीं है। यदि जांच में यह पाया जाता है कि किसी ग्राम में सम्बन्धित लेखपाल राजस्व निरीक्षक के द्वारा अविवादित वरासत बिना किसी समुचित कारण के दर्ज नहीं की गयी है तो उनके विरुद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई भी की जाये। साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों को प्रोत्साहित भी किया जाये। जिलाधिकारी द्वारा जिला स्तर पर व मण्डलायुक्त द्वारा मण्डल स्तर पर नियमित पाक्षिक समीक्षा की जायेगी।



विधानसभा के पुरुषोत्तम हाल में लेखक आदर्श प्रकाश सिंह द्वारा लिखित पुस्तक का विमोचन करते विधानसभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित

# लखनऊ व कानपुर में ओडीओपी डिस्प्ले सेंटर की होगी स्थापना

● मुरादाबाद में ओडीओपी म्यूजियम बनाने और एक्सपोर्ट हब विकसित करने के लिए तैयार की जाय रूपरेखा: नवनीत सहगल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अपर मुख्य** सचिव, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम डा नवनीत सहगल ने कहा मुरादाबाद में पीतल कारोबार को बढ़ावा देने के लिए उत्तर प्रदेश ब्रासवेयर कॉर्पोरेशन लिमिटेड के कार्यकलापों में तेजी लाई जाय। उन्होंने कहा कि मुरादाबाद में पीतल के उत्पाद एक जिला एक उत्पाद योजना में शमिल है। इसलिए वहां कारपोरेशन की खाली भूमि पर ओडीओपी म्यूजियम बनाने का प्रस्ताव उपलब्ध करायें और मल्टीस्टोरी बिल्डिंग बनाकर उसको एक्सपोर्ट हब के रूप में विकसित किया जाय।

डा सहगल ने यह निर्देश शुक्रवार को लोक भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में एमएसएमई विभाग के नियंत्रणाधीन निगमों की योजनाओं एवं गतिविधियों की समीक्षा के दौरान दिये। उन्होंने उत्तर प्रदेश लघु उद्योग निगम (यूपीएसआईसी) के अधिकारियों को नया बिजनेस प्लान तैयार करने और लीज की प्रापर्टी को फ्री होल्ड करने की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने प्रदेश भर में उद्यमियों की सुविधा हेतु रॉ मटेरियल बनाने के भी निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि कानपुर तथा गोमतीनगर, लखनऊ में निगम की भूमि पर ओडीओपी डिस्प्ले सेंटर की स्थापना का भी प्रस्ताव यथाशीघ्र प्रस्तुत किया जाय। डिस्प्ले सेंटर स्थापित होने से उद्यमियों को अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने लिए शहर के मध्य में एक व्यवसायिक स्थल प्राप्त होगा। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि यूपीएसआईसी द्वारा लघु औद्योगिक इकाइयों जिसमें ईंट भट्ठे भी शामिल हैं के लिए कोयले का आवंटन प्रदान किया जा रहा है। इसके लिए शीघ्र ही कोल कोआर्डिनेटर की नियुक्ति की जायेगी।

उन्होंने कहा कि यूपीएसआईसी द्वारा निजी क्षेत्र के सहयोग से पीपीपी के आधार पर औद्योगिक क्षेत्र स्थापित किये जाने की योजना है। इसके तहत 5 एकड़ से 50 एकड़ की भूमि पर औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया जायेगा। इसमें भूस्वामी, सह विकासकर्ता एवं यूपीएसआईसी सहभागी होंगे। उन्होंने इस योजना के तहत आवेदन पत्र प्राप्त करने हेतु शीघ्र एक्सप्रेशन आफ इन्टरेस्ट जारी करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने कानपुर नगर, आगरा, गाजियाबाद तथा लखनऊ में फ्लैटेड फैक्ट्री स्थापना की कार्यवाही में और तेजी लाने के भी निर्देश दिए है। बैठक में एमएसएमई विभाग के नियंत्रणाधीन निगमों से जुड़े वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

# किसान आंदोलन के समर्थन में सपा 14 को देगी धरना

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी पार्टी** के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने 14 दिसम्बर 2020 को किसान आंदोलन के समर्थन में समाजवादी पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं तथा पदाधिकारियों को शांतिपूर्ण धरना देने का निर्देश दिया है। समाजवादी पार्टी किसानों के साथ है और उनके समर्थन में 7 दिसम्बर 2020 से लगातार किसान यात्राएं निकाली जा रही हैं। 7 दिसम्बर 2020 को स्वयं राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने धरना और गिरफ्तारी से इसकी शुरुआत की थी।

भाजपा द्वारा सत्ता के दुरुपयोग से दमन के बावजूद समाजवादी साथी बड़ी तादाद में अपन अपने साधनों से पैदल, बैलगाड़ी, मोटर साइकिल या साइकिल से किसान यात्राएं निकाल रहे हैं। अखिलेश यादव ने कहा है कि सड़कों पर ठिठुरते किसान आंदोलनकारियों की जायज मांगों को लेकर भाजपा सरकार हृदयहीन रवैया अपनाए है। किसानों की घोर उपेक्षा की जा रही है। इस पर जो वैश्विक प्रतिक्रिया आ रही है, उससे दुनिया भर में भारत की लोकतांत्रिक छवि को गहरी ठेस पहुंची है।

भाजपा सरकार के कुशासन व किसान विरोधी नीतियों से प्रदेश का किसान बेहाल और परेशान है। मुरादाबाद में गन्ना मिलों ने किसानों से 180 करोड़ रूपये की खरीदारी की लेकिन गन्ना भुगतान जीरो रहा। फर्रूखाबाद में फसलों को आवारा पशु नष्ट कर रहे है। इटावा में नहरों और रजबाहों में पानी नहीं आने से फसलें सूख रही हैं। श्री यादव ने कहा कि बाजार में गेहूं का दाम कम जबकि गेंहू के बीज का दाम ज्यादा है। मंहगे बीज से परेशान किसानों ने इससे किनारा कर लिया है। उन्नत खेती की बात करने वाली भाजपा सरकार का यह अजीब हाल है। पिछले साल के मुकाबले 300 रूपये प्रति कुंतल अधिक गेहूं के बीज का दाम हो गया है। अखिलेश यादव ने कहा सरकार को किसानों की बातें माननी चाहिए। उनकी आशंकाओं का निराकरण करने की जरूरत है। सरकार व्यर्थ हठधर्मी कर रही है। किसानों के सैलाब के आगे कोई टिक नहीं पाएगा।

# कुशीनगर घटना से जुड़े पुलिस अधिकारी निलंबित हों: शाहनवाज आलम

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन शाहनवाज आलम ने कुशीनगर में हिन्दू युवा वाहिनी द्वारा फैलाये गए लव जिहाद की अफवाह पर पुलिस द्वारा मुस्लिम जोड़े को शादी के दौरान उठा ले जाने और पीटने की घटना की कड़े शब्दों में निंदा की है। उन्होंने स्थानीय सीओ पीयूष कांत राय और हिन्दू युवा वाहिनी के अपराधी तत्वों के बीच मिलीभगत की जांच कराने और उन्हें अविलम्ब निलंबित करने की भी मांग की है। उन्होंने कहा कि कहा कि हैदर अली और शबीला खातून की शादी मुस्लिम रीति से हो रही थी। जिस पर हिन्दू युवा वाहिनी के कार्यकर्ताओं ने पुलिस को लव जिहाद का मामला बता कर शादी को न सिर्फ रुकवा दिया बल्कि पुलिस ने उन्हें थाने ले जाकर बेल्ट से घण्टों पीटा जबकि दोनों ही मुस्लिम थे। शाहनवाज आलम ने कुशीनगर एसपी विनोद कुमार सिंह से अफवाह फैलाने वाले हिन्दू युवा वाहिनी के कार्यकर्ताओं के खिलाफ शांति भंग करने, साप्रदायिक अफवाह फैलाने और लोगों की निजता में व्यवधान डालने की धाराओं में मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।

# समय से मिले वृद्धावस्था लाभार्थियों को पेंशन: शास्त्री

● समाज कल्याण मंत्री ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से की विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश के** समाज कल्याण मंत्री रमापति शास्त्री ने कहा कि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का क्रियान्वयन सही ढंग से किया जाये। योजनाओं के तहत पात्र लाभार्थियों को अवश्य लाभान्वित किया जाये, इसका विशेष ध्यान रखा जाये। वृद्धावस्था पेंशन के लाभार्थियों को पेंशन की धनराशि नियमानुसार समय से प्रदान की जाये, जिससे वृद्धावस्था पेंशन के लाभार्थियों को किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं हो। राज्य सरकार द्वारा विभिन्न योजनायें संचालित करते हुए पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित करने का कार्य किया जा रहा है। शुक्रवार को समाज कल्याण निदेशालय में पूर्वांचल के 30 जनपदों के जिला समाज कल्याण अधिकारियों के साथ वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए शास्त्री ने समीक्षा के दौरान वृद्धावस्था पेंशन योजना के अंतर्गत जनपद आजमगढ़, बलिया, फतेहपुर, संतकबीर नगर, सुल्तानपुर तथा चन्दौली में आवेदन पत्र लम्बित पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने इन जनपदों के जिला समाज कल्याण अधिकारियों को निर्देशित किया है कि एक सप्ताह के अन्दर आवश्यक कार्यवाही कराते हुए लम्बित प्रकरणों को निस्तारित कराना सुनिश्चित करें। अन्यथा जिम्मेदारी करते हुए वैधानिक कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने समीक्षा बैठक में पाया कि राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजनान्तर्गत जनपद प्रयागराज, प्रतापगढ़, महराजगंज, बहराइच एवं बाराबंकी में आवेदन पत्र लम्बित हैं, जिन्हें यथाशीघ्र निस्तारित कराने हेतु जिला समाज कल्याण अधिकारियों को निर्देशित किया है। शास्त्री ने समीक्षा बैठक में अत्याचार से प्रभावित अनुसूचित जाति के व्यक्तियों को आर्थिक सहायता योजनान्तर्गत जनपद गोण्डा में 21, बहराइच में 41, महराजगंज में 15, बाराबंकी में 16 एवं जनपद सुल्तानपुर में 117 आवेदन पत्र लम्बित पाये, जिस पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए इन जनपदों के जिला समाज कल्याण अधिकारियों को निर्देशित किया है कि एक सप्ताह में लम्बित आवेदन पत्रों पर त्वरित कार्रवाई कराते हुए निदेशक समाज कल्याण को अवगत कराना सुनिश्चित करें। प्रमुख सचिव समाज कल्याण बीएल मीणा ने कहा कि मंत्री द्वारा आज की समीक्षा बैठक में जो भी निर्देश दिए गये हैं उनका अनुपालन सुनिश्चित किया जाय। विभागीय कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। बैठक में चन्द्र प्रकाश पुलिस महानिदेशक विशेष जांच, बाल कृष्ण त्रिपाठी निदेशक समाज कल्याण एवं निदेशालय के समस्त अधिकारीगण उपस्थित थे।

# किसान आन्दोलन को बदनाम करने की कोशिश कर रही सरकार: लल्लू

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश कांग्रेस** अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने कहा कि किसानों द्वारा अपने जायज हक के लिए जारी आन्दोलन एवं भारत बंद की व्यापक सफलता से भयभीत भारतीय जनता पार्टी और उनकी सरकारें किसान आन्दोलन को बदनाम करने का षड़यंत्र और कुचक्र करती प्रतीत हो रही हैं। देश के किसानों को एक तरफ आतंकवादी और भारत विरोधी बताया जा रहा है तो आन्दोलन स्थल पर विभिन्न प्रकार के षड़यंत्रों के माध्यम से उसे बदनाम करने की भी कोशिश की जा रही है, जो लोकतांत्रिक, संवैधानिक और राजनैतिक मर्यादा के विपरीत है।

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी चुनिन्दा उद्योगपतियों के दबाव में किसान विरोधी अध्यादेश को वापस लेने के बजाय पूरे देश में किसान विरोधी अभियान चलाने जा रही है, जो सर्वथा अनुचित है। उत्तर प्रदेश के साथ ही पूरे देश में पत्रकार वार्ता और चौपाल का आयोजन कर किसानों के विरूद्ध दुष्प्रचार की योजना नैतिकता के विरुद्ध है। सरकार चौपालों के माध्यम से जनता को गुमराह करना चाहती है, लेकिन प्रदेश की जनता सब कुछ समझ रही है कि कैसे चंद बड़े उद्योगपतियों को फायदा पहुँचाने के लिए कांट्रेक्ट फार्मिंग के लिए कानून लाया गया है। भंडारण की असीमित छूट से आवश्यक वस्तुओं की काला बाजारी बढ़ेगी और उनके मूल्यों के निर्धारण का अधिकार अलिखित रूप से उद्योगपतियों के हाथ में चला जायेगा। इससे गेहूं, चावल, दलहन ,तिलहन आदि फसलों का मूल्य असीमित रूप से बढ़ेगा, जिससे देश की गरीब और आम जनता की थाली खाली होती जायेगी। सरकार शान्ता कुमार कमेटी की रिपोर्ट लागू करने का षड़यंत्र कर रही है, जिससे एफसीआई के माध्यम से न्यून्तम समर्थन मूल्य पर खरीद ही न करनी पड़े। साथ ही साथ अध्यादेश के माध्यम से किसान को ठेका प्रथा में फंसाकर उसे अपनी ही जमीन में मजदूर बनाने का कुचक्र रच रही है।

# विकास दुबे की पत्नी पर कसता जा रहा पुलिस का शिकंजा, कभी भी हो सकती गिरफ्तारी

**लखनऊ।** कानपुर के चर्चित बिकरू कांड के मुख्य अभियुक्त और एनकाउंटर में मारे जा चुके हिस्ट्रीशीटर विकास दुबे की पत्नी रिचा दुबे पर पुलिस का शिकंजा कसता ही जा रहा है। रिचा दुबे पर फर्जी आईडी से सिम लेने के आरोप में एफआईआर दर्ज हुई थी। वहीं कोर्ट से चार्जशीट लगने तक अग्रिम जमानत की अर्जी खारिज होने के बाद पुलिस रिचा दुबे को जल्द गिरफ्तार कर सकती है। इस मामले में विकास दुबे के खास रहे गुड्डन त्रिवेदी की पत्नी कंचन की भी अग्रिम जमानत खारिज हो चुकी है। एसआईटी की जांच में सामने आया था कि विकास दुबे की पत्नी रिचा दुबे ने फर्जी आधार कार्ड लगाकर सिम लिया था। इस पर चौबेपुर पुलिस ने उनके खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। इसकी जानकारी पर विकास दुबे की पत्नी रिचा दुबे ने जिला जज से मामले में चार्जशीट लगने तक अग्रिम जमानत मांगी थी। उल्लेखनीय है कि गत दो-तीन जुलाई की रात कानपुर के चौबेपुर थाना क्षेत्र स्थित बिकरू गांव में विकास दुबे को गिरफ्तार करने गई पुलिस की टीम पर उसके गुर्गों ने घात लगाकर ताबड़तोड़ गोलियां चलाई थीं। इस वारदात में आठ पुलिसकर्मियों की मौत हो गई थी। इस मामले में विकास दुबे को 9 जुलाई को मध्य प्रदेश के उज्जैन में गिरफ्तार किया गया था जबकि अगले दिन सुबह स्पेशल टास्क फोर्स के साथ हुई कथित मुठभेड़ में वह मारा गया था।

# हड़ताल पर रहे निजी डॉक्टर, सरकारी अस्पतालों में बढ़ी मरीजों की भीड़

● आयुर्वेद चिकित्सकों को सर्जरी का अधिकार दिए जाने का जताया विरोध

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**विशेष प्रशिक्षण** के माध्यम से आयुर्वेद चिकित्सकों को सर्जरी का अधिकार दिए जाने के विरोध में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के आह्वान पर शुक्रवार को निजी चिकित्सक हड़ताल पर रहे। इस दौरान आवश्यक सेवाओं को छोड़कर ओपीडी जैसी सेवाएं बन्द रहीं। जिसके चलते मरीजों को सरकारी अस्पतालों की तरफ रुख करना पड़ा। वही आईएमए ने मॉडर्न चिकित्सा पद्धति को पुरजोर तरीके से लागू करने की सरकार से अपील की है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने शुक्रवार को 12 घंटे की हड़ताल करने का आह्वान किया था। इसका असर आज सुबह से ही लखनऊ शहर में दिखाई दिया। सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक प्राइवेट अस्पतालों में इलाज न मिलने और जांच न होने से मरीज परेशान दिखाई दिए। निजी अस्पतालों में इलाज न मिलने के चलते बलरामपुर हॉस्पिटल, डफरिन महिला अस्पताल, सिविल अस्पताल, केजीएमयू और क्वीन मैरी हॉस्पिटल सहित शहर के सभी सरकारी अस्पतालों पर मरीजों की काफी भीड़ दिखाई दी। शहर के डायग्नोस्टिक सेंटर बंद होने से मरीजों की जांच प्रभावित हुई। राहत की बात यह रही कि 12 घंटे की हड़ताल के दौरान सभी आपातकालीन सेवाएं जारी रही। आईएमए के पूर्व अध्यक्ष डॉ पीके गुप्ता का कहना है कि मिक्सोपैथी के परिणाम घातक होंगे। आईएमए वीमेंस विंग की अध्यक्ष डॉ रुखसाना खान का कहना था कि चिकित्सा की हर विधा का अलग अलग तकनीकी ज्ञान है और सभी का लक्ष्य स्वास्थ्य की रक्षा करना है। मगर अधकचरे ज्ञान व एक पैथी के प्रेक्टिस करने की अनुमति देना एक खतरनाक कदम है। उन्होंने कहा कि सरकार के इस कदम का आईएमए विरोध करती है और सरकार से अपील है कि इस तरह की शिक्षा से गुणवत्ता प्रभावित होगी।

# राज्य बाढ़ नियंत्रण परिषद की स्थायी संचालन समिति की बैठक 14 को

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

उत्तर प्रदेश राज्य बाढ़ नियंत्रण परिषद की स्थायी संचालन समिति की 53वीं बैठक प्रदेश के जलशक्ति मंत्री डा महेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में 14 दिसम्बर 2020 पूर्वाह्न 11 बजे प्रमुख अभियन्ता सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग उत्तर प्रदेश लखनऊ के नवीन सभागार में आयोजित की गई है। इस बैठक में हर साल बाढ़ से होने वाली हानि पर प्रभावी नियंत्रण से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की जायेगी। यह जानकारी प्रमुख अभियन्ता परियोजना एवं नियोजन अशोक कुमार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि इस उच्चस्तरीय बैठक में विभिन्न विभागों में अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव एवं विभागीय प्रमुख अभियन्तागण भाग लेंगे।

पायनियर वर्गीकृत

सूचना

मैं, सुरेश चन्द्र सिंह सूचित करता हूं कि मेरे प्लॉट संख्या - 2/53, विश्वासखण्ड-2, गोमती नगर, लखनऊ के मूल रजिस्ट्री आवंटन पत्र/पोजेशन पत्र दिनांक 08.12.2020 को वास्तव में खो गये हैं। जिस किसी भी सज्जन को मिले कृपया इस नम्बर-8604626065 पर सूचित करें।

सूचना

मैं राजेन्द्र कुमार कोहली निवासी 1/52 विपुलखण्ड गोमती नगर लखनऊ सूचित करता हूं कि मेरी प्रापर्टी प्लाट नं0 11/05 सेक्टर-11 वृन्दावन योजना लखनऊ का ओरिजनल अलॉटमेन्ट लैटर कहीं खो गया है। मिलने पर सूचित करें।

OFFICE OF THE PROJECT MANAGER CONSTRUCTION & DESIGN SERVICES (E/M) NALKOOP WING, U.P. JAL NIGAM, 2/137, VIVEK KHAND, GOMTI NAGAR, LUCKNOW
E-TENDER NOTICE
Letter No.:916/6901/Vividh-3/(20)/78
Dated : 09.12.2020
U.P. Jal Nigam, Lucknow e-tenders are invited on two bid system for **Repairing and Rennovation works of SC/ST Boy's Hostel (SBS Inter College Makrand Nagar) at Distt. Kannauj (U.P.).** Tender document shall be available at e-procurement website **http://etender.up.nic.in**. Interested Bidders may view & download tender document and upload their proposal, duly filled, online as per schedule given below: (1) Start Date for tender document download: **15.12.2020 at 12:00 hrs. onwards,** (2) Last date and time for online submission of proposal: **28.12.2020 upto 17:00 hrs.,** (3) Opening of technical proposal: **29.12.2020 at 12:00 hrs.**

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: (0522) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# कोनेश्वर चौराहे के पास नजूल भूमि पर बनेगी मल्टी लेवल पार्किंग

### चौक में पार्किंग की समस्या होगी खत्म

### एलडीए बोर्ड की बैठक में शासन को भेजा गया प्रस्ताव

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**चौक** में पार्किंग की समस्या खत्म करने के लिए मल्टीलेवल पार्किंग बनेगी, जिसकी जमीन एलडीए को देने की सहमति बनी है। पूर्व में लिए गए निर्णय को बदलते हुए मल्टी लेवल पार्किंग का रास्ता साफ हो गया है। शासन से अनुमति मिलते ही मल्टी लेवल पार्किंग बनायी जाएगी। वहीं एलडीए की पार्किंग का संचालन नगर निगम को हैंडोवर किया जाएगा। हालांकि स्वामित्व एलडीए के पास पूर्वत ही रहेगा।

मण्डलायुक्त रंजन कुमार की अध्यक्षता व एलडीए उपाध्यक्ष अभिषेक प्रकाश की उपस्थिति में लखनऊ विकास प्राधिकरण बोर्ड की बैठक हुई। बैठक में बीती बोर्ड बैठक में लिये गये निर्णयों की अनुपालन आख्या की समीक्षा की गई। चौक में लाजपत नगर कालोनी के निकट कोनेश्वर चैराहा के पास मल्टीलेवल पार्किंग का रास्ता साफ हो गया है। बोर्ड ने चौक चौराहे के पास स्थित फायर स्टेशन से लगी हुई नजूल की भूमि (खसरा संख्या-01 (भाग) मोहल्ला-किला मच्छी भवन स्थित नजूल भूखण्ड संख्या-39 (भाग) क्षेत्रफल 2275.39 वर्गमी) पर मल्टीलेवल पार्किंग व अन्य व्यावसायिक गतिविधियों का निर्माण कराये जाने की सहमति दे दी है। इसके लिए इस नजूल भूमि गृह विभाग, उप्र शासन से वापस लेकर लखनऊ विकास प्राधिकरण को निःशुल्क हस्तान्तरित किये जाने के संबन्ध में प्रस्ताव अनुमोदित करते हुए शासन को संदर्भित किये जाने के निर्देश दिये गये। मल्टीलेवल पार्किंग बनने से क्षेत्रीय ट्रैफिक और पार्किंग की समस्या दूर हो जाएगी। इसके साथ ही एलडीए द्वारा दूसरे प्रस्तावों पर चर्चा की गयी। भाऊराव देवरस सेवा न्यास, लखनऊ द्वारा ग्राम-सरसवा, सरोजनी नगर, लखनऊ की सामुदायिक भवन के लिए खतौनी संख्या-1077, 1079, 1078, 1080, 1081 कुल 4.0270 हे. भूमि के भू-उपयोग परिवर्तन में कार्रवाई करते हुए सैद्धान्तिक सहमति बोर्ड ने दी है। भाऊराव देवरस सेवा न्यास, लखनऊ द्वारा ग्राम-सरसवा, सरोजनी नगर, लखनऊ की विद्यालय के लिए खतौनी संख्या-1062, 1063, 1065, 1026, 1103 ख कुल 4.5150 हे. भूमि के भू-उपयोग परिवर्तन की भी सैद्धान्तिक सहमति दी गयी। गोमती नगर योजना के विनम्र खण्ड में चयनित स्थल (क्षेत्रफल 1674.38 वर्गमी) का भू-उपयोग ओपेन स्थल से विद्युत सब-स्टेशन तथा विशेष खण्ड में चयनित स्थल (क्षेत्रफल-764.00 वर्गमी) का भू-उपयोग योजना के तलपट मानचित्र में बस-वे से विद्युत सब-स्टेशन में परिवर्तित किये जाने के संबधित प्रस्ताव पर बोर्ड द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। वहीं लखनऊ विकास प्राधिकरण में कार्यरत 2 संविदा वाहन चालक ( राम निवास मौर्या एवं सुनील यादव) को नियमित वेतनमान एवं उस पर समय-समय पर देय मंहगाई भत्ता, चिकित्सा भत्त, ग्रेड-पे, भवन किराया भत्ता एवं एनपीए भत्ता दिये जाने की अनुमति दी है।

बैठक में एलडीए सचिव पवन कुमार गंगवार, अपर जिलाधिकारी नगर पूर्वी केपी सिंह, अपर नगर आयुक्त अमित कुमार सहित सभी संबंधित अधिकारी व नामित सदस्य उपस्थित थे।



## एलडीए की पार्किंग का संचालन नगर निगम करेगा

लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा संचालित विभिन्न पार्किंग स्टैण्डों का स्वामित्व यथावत रखते हुए पार्किंग स्टैण्डों के संचालन एवं रख-रखाव के लिए नगर निगम करेगा। बोर्ड द्वारा नगर निगम को हस्तान्तरित किये जाने के संबन्ध में निर्देश दिये गये कि प्राधिकरण के पार्कों में स्थित पार्किंग स्थल को छोड़कर शेष अन्य पार्किंगों को नगर निगम को हस्तान्तरित किये जाने की अनुमति प्रदान की गई।

### नगर निगम को हस्तांतरित होगी जमीन

ऐशबाग इण्डस्ट्रियल एरिया योजना के भूखण्ड संख्या-68/1 पर प्रस्तावित रैन बसेरा का निर्माण कर भूमि का मूल्य नगर निगम, लखनऊ व उप्र शासन से प्राप्त कर निर्माण के बाद रख-रखाव व आवर्ती व्यय के लिए नगर निगम, लखनऊ को हस्तान्तरित किये जाएगा। इसके संबन्ध में अपर नगर आयुक्त, नगर निगम द्वारा बताया गया कि निगम द्वारा अनुरक्षित भूमि (दुर्गापुरी, मवैय्या) रैन बसेरा निर्माण के लिए उपयोग की जा सकती है। बोर्ड द्वारा रैन बसेरा निर्माण के लिए इस भूमि के उपयोग हेतु सर्वे कर आगे की कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

### नहीं होगी आवासीय भूखंडों की ई-नीलामी

एलडीए बोर्ड में आवासीय भूखंडों के ई आक्शन पर सहमति नहीं दी गयी है। लखनऊ विकास प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं में रिक्त आवासीय भूखण्डों का निस्तारण ई-ऑक्शन के माध्यम से किये जाने के संबन्ध में भेजे प्रस्ताव को पुर्नपरीक्षण के लिए भेजा गया है।

## 14 को लांच होगा एकीकृत ई-छावनी पोर्टल

**लखनऊ।** छावनी परिषद लखनऊ द्वारा 14 दिसंबर 2020 को जनसुविधा हेतु एकीकृत ई-छावनी पोर्टल की साफ्ट लांचिग की जा रही है। इस एकीकृत पोर्टल पर शुरूआती दौर में ट्रेड लाइसेंस, एम कलेक्ट एवं लोक शिकायत निवारण की सुविधा मिलेगी। इस पोर्टल के माध्यम से आम जन ट्रेड लाइसेंस प्राप्ति के लिए आनलाइन आवेदन कर सकते हैं तथा विभिन्न प्रकार के शुल्क आनलाइन जमा किए जा सकते हैं। इसके अतिरिक्त विभिन्न प्रकार की शिकायतों को भी इस पोर्टल पर घर बैठे दर्ज किया जा सकता है। अमित कुमार मिश्रा, मुख्य अधिशासी अधिकारी, छावनी परिषद लखनऊ एवं रूपा देवी, उपाध्यक्ष, छावनी परिषद लखनऊ ने बताया कि इस पोर्टल के बेहतर कार्यान्यवन हेतु छावनी परिषद कार्यालय परिसर में एक हेल्प डेस्क की स्थापना की गई है। इस पोर्टल के माध्यम से आम जनमानस को घर बैठे विभिन्न सुविधाएं प्राप्त होगी।



राजधानी में शुक्रवार को दिनभर कोहरा छाया रहा, वहीं बढ़ती ठंड से बचने के लिए कई जगह लोगों ने अलाव का सहारा लिया

# आरपीएफ दारोगा की मौत की गुत्थी उलझी, पत्नी ने जताया हत्या का शक

### पुलिस को अभी भी पोस्टमार्टम और फॉरेंसिक रिपोर्ट का इन्तजार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**आलमबाग** कोतवाली इलाके में आरपीएफ में तैनात सब इंस्पेक्टर पूरन सिंह नेगी के सीने में गोली लगने से मौत हुई थी। उनका शव मवैया रेलवे क्रॉसिंग के पास लहूलुहान हालत में सुबह 5 बजे मिला था। पुलिस ने इसे आत्महत्या मानकर फ इल बंद कर दी थी लेकिन जब पत्नी ने हत्या का शक जताते हुए मुकदमा दर्ज कराया तो पुलिस इस मामले में केवल खानापूर्ति करती नजर आ रही है। पूरन सिंह के सीने में गोली धंसी हुई थी। साथ ही एक पिस्टल भी बरामद हुई थी, मैगजीन में 9 गोलियां पाई गई थीं पुलिस ने इसे आत्महत्या समझकर फाइल को बंद कर दिया था। घटना की जानकारी मिलते ही मृतक की पत्नी अनीता नेगी ने रंजिशन हत्या करने का शक जताते हुए मुकदमा दर्ज कराया। आरोप है कि मृतक को पहले पीटा गया था फिर गोली मारी गई थी। इस पर मामले की जांच की जा रही है लेकिन पुलिस अभी इस घटना पर किसी भी नतीजे पर नहीं पहुंच पाई है। पुलिस पोस्टमार्टम और फॉरेंसिक रिपोर्ट आने के बाद काररवाई करने की बात कह रही है। आलमबाग कोतवाली में तैनात अतिरिक्त इंस्पेक्टर से इस घटना की जानकारी हासिल की गई तो उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट अभी उन तक नहीं पहुंची है। वहीं पिस्टल पर अंगुलियों के निशान के लिए फॉरेंसिक रिपोर्ट की बात कही गई। पुलिस का कहना है कि मुकदमा गुरुवार को ही दर्ज हुआ है। उन्होंने कहा कि फ रॅरेंसिक रिपोर्ट आने में समय लगेगा। उसके आधार पर ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### गैरहाजिर चल रहे आरोपी दरोगा को किया निर्लंबित

**लखनऊ।** राजधानी के चिनहट थाना क्षेत्र में दारोगा के साथ लिव इन में रह रही महिला ममता की छह दिन पूर्व संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से हुई मौत के मामले में ललितपुर जिले के पुलिस अधीक्षक ने शुक्रवार को दरोगा राहुल को निलंबित कर दिया है। आरोप है कि वह दो माह से ड्यूटी से अनुपस्थित चल रहा था। ललितपुर पुलिस लाइन में तैनात उप निरीक्षक राहुल राठौर पिछले कुछ महीनों से लखनऊ जिले के चिनहट थाना अंतर्गत ओमेगा अपार्टमेंट में ममता नाम की महिला के साथ लिव इन में रह रहा था। जहां छह दिसम्बर की सुबह ममता को संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से मौत हो गयी। इस मामले में दरोगा की संदिग्ध भूमिका को लेकर लखनऊ कमिश्नर डीके ठाकुर ने दरोगा के विरुद्ध कार्रवाई के लिए ललितपुर एसपी को पत्र लिखा था।

## ट्रेनों के संचालन पर अब कोहरे का साया

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कोरोना** की वजह से पहले से ही रद्द ट्रेनें अब घने कोहरे और खराब मौसम से रद्द की जा रही है। यही वजह है कि कोहरा शुरू होते ही ट्रेनों की लेटलतीफी शुरू हो गई। ऐसे में रेलवे ने ट्रेनों को रद्द करने का निर्णय लियाहै। पूर्वोत्तर रेलवे के सीपीआरओ पंकज कुमार सिंह बताते है कि घने कोहरे और खराब मौसम में यात्रियों की दिक्कतों को ध्यान में रखते हुए 16 दिसंबर से 31 जनवरी तक कई ट्रेनों को रद्द कर दिया है।

इन ट्रेनों को किया गया निरस्तः .ट्रेन नंबर 02571 गोरखपुर आनन्द विहार टर्मिनस 16, 20, 23, 27 एवं 30 दिसंबर और तीन, छह, 10, 13, 17, 20, 24, 27, 31 जनवरी तक हर बुधवार एवं रविवार को ये ट्रेन निरस्त रहेगी। ट्रेन नंबर 02572 आनन्द विहार टर्मिनस गोरखपुर 17, 21, 24, 28, 31 दिसंबर और चार, सात, 11, 14, 18, 21, 25, 28 जनवरी और एक फरवरी को हर सोमवार एवं वृहस्पतिवार को निरस्त रहेगी।

## नीट-2020 की उत्तर पुस्तिका को चुनौती देने वाली याचिका खारिज

**लखनऊ।** नीट-2020 की उत्तर पुस्तिका को चुनौती देने वाली याचिका हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने खारिज कर दी है। पीठ ने यह कहते हुए याचिका खारिज की है कि विवादित प्रश्नों पर विशेष विशेषज्ञ विचार कर चुके हैं। जस्टिस रजनीश कुमार की एकल पीठ ने यह आदेश सालिहा खान व अन्य अभ्यर्थियों की याचिका पर दिया है। याचिकाकर्ताओं का कहना था कि बुकलेट नं. जी-4 के प्रश्न संख्या 19 और 148 के उत्तरों में गलती है। प्रश्न संख्या 19 का सही उत्तर विकल्प संख्या 4 में था। जबकि उत्तर पुस्तिका में विकल्प संख्या 1 को सही उत्तर माना गया है। इसी प्रकार प्रश्न संख्या 148 का विकल्प संख्या 1 सही उत्तर है लेकिन उत्तर पुस्तिका में विकल्प संख्या 3 को सही उत्तर बताया गया है। एकल पीठ ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के पश्चात पारित अपने विस्तृत निर्णय में कहा कि किसी उत्तर पर जब आपत्ति उठाई जाती है, तो इसे उस विषय के विशेषज्ञ के पास भेजा जाता है। यदि विशेषज्ञ सम्बंधित प्रश्न और उत्तर में कोई कमी नहीं पाता है, तो अदालत सम्बंधित प्रश्न-उत्तर अथवा उत्तर पुस्तिका के यथार्थता का परीक्षण मात्र इसलिए नहीं कर सकती कि कुछ अभ्यर्थी सम्बंधित उत्तर से संतुष्ट नहीं हैं। एकल पीठ ने कहा कि इस मामले में भी याचिकाकर्ताओं की आपत्तियों पर आईआईटी और प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों के प्रोफेसरों ने विचार किया है व उत्तर पुस्तिका को सही पाया है।

## नाम बदलकर युवती का किया शारीरिक शोषण, गिरफ्तार

**लखनऊ।** हुसैनगंज पुलिस ने युवती से नाम बदलकर उससे शारीरीक शोषण करने के मामले में गिरफ्तार किया है। पीड़ित युवती ने जब आरोपी से शादी करने की बात कही तो आनाकानी शुरु कर दी। बाद में पीड़िता को जानकारी हुई कि उसका नाम अनस है और वह रोहित नाम रखकर उससे मिला था। जिसके बाद पुलिस ने महिला की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुराना किला सहीदनगर निवासी अनस पर आरोप है कि उसने एक महिला के साथ कई महीनों तक नाम बदलकर उसका शारीरिक शोषण किया। पीड़िता के 4 बच्चे भी हैं। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

## उपलब्धि के तीन वर्ष कार्यक्रम की मुख्य अतिथि होंगी राज्यपाल

**लखनऊ।** महापौर कार्यकाल के तीसरी वर्षगांठ पर नगर निगम में समारोह का आयोजन किया जा रहा है। शनिवार को नगर निगम द्वारा वर्षगांठ कार्यक्रम की मु य अतिथि राज्यपाल को बनाया गया है। वहीं अतिविशिष्ट अतिथि नगर विकास मंत्री रहेंगे। नगर निगम द्वारा महापौर संयुक्ता भाटिया के कार्यकाल के तीन वर्ष पूरे होने पर तीसरी वर्षगांठ मनायी जा रही है। नगर आयुक्त अजय कुमार द्विवेदी के आदेश पर त्रिलोकीनाथ होल में उपलब्धियों की तीन वर्ष समारोह का आयोजन किया जा रहा है। समारोह की मुख्य अतिथि राज्यपाल आनंदी बेन पटेल रहेंगी। अति विशिष्ट अतिथि नगर विकास मंत्री आशुतोष टंडन गोपाल जी को बनाया गया है। न्याय एवं ग्रामीण अभियंत्रण सेवा के मंत्री बृजेश पाठक, जलशक्ति एवं बाढ़ नियंत्रण महेंद्र सिंह, महिला कल्याण मंत्री स्वाती सिंह को विशिष्ट अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया गया है।

## एडीसीपी ने किया गोसाईगंज थाने का निरीक्षण



**लखनऊ।** लखनऊ कमिश्नरेट के थाना गोसाईगंज का एडीसीपी सुरेश चंद रावत ने वार्षिक निरीक्षण किया । निरीक्षण में अत्यंत पुराने हो चुके भवनों के निष्प्रयोज्य घोषित किए जाने के संबंध में आख्या तैयार की गई। थाना परिसर में पेयजल की उपलब्धता एवं जल निकासी की समीक्षा की गइ व थाने पर उपलब्ध शस्त्रों व कारतूसों का भौतिक सत्यापन किया गया। साथ ही शास्त्रों की साफ सफाई नियमित रूप से किए जाने के निर्देश दिए गए। थाने पर लंबित 7 लावारिस वाहनों की अविलंब नीलामी किए जाने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान थाने के समस्त रजिस्टरों में प्रविष्टियां लगभग पूर्ण पाई गई व अभिलेखों का रखरखाव ठीक पाया गया। एडीसीपी ने हिस्ट्रीशीटर, सक्रिय अपराधियों, रजिस्टर्ड गैंग के सदस्यों के विरुद्ध और अधिक प्रभावी कार्रवाई किए जाने के लिए निर्देशित किया।

# दीक्षांत समारोह के दौरान राज्यपाल व सीएम करेंगे अटल की प्रतिमा का अनावरण

### शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**आगामी** 14 दिसम्बर को डॉ शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के सातवें दीक्षांत समारोह के मौके पर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पूर्व प्रधानमंत्री व भारतरत्न स्व अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। इसके अलावा उनकी कविता पर आधारित विथिका का उद्घाटन होगा।



दीक्षांत समारोह की तैयारियों को लेकर विवि के कुलपति प्रो.आरकेपी सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को कमेटी की बैठक हुई, जिसमें मेडल वितरण, करोड़ों की परियोजनाओं के लोकार्पण समेत अन्य तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। कुलसचिव अमित कुमार सिंह ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण राज्यपाल आनंदीबेन पटेल व सीएम योगी आदित्यनाथ द्वारा किया जाएगा। विवि के 11 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में सीएम योगी आदित्यनाथ डाक टिकट जारी करेंगे साथ ही कैंपस में डाकघर का शुभारंभ किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सातवें दीक्षा समारोह को यादगार बनाने के लिए विवि में कॉलेज फॉर डेफ, दिव्यांगजनों के लिए स्टेडियम, कृत्रिम अंग व निर्माण केंद्र समेत समेकित विशेष माध्यमिक विद्यालय का लोकार्पण किया जाएगा, जिसकी लागत करीब 125 करोड़ रुपये है।

कुलसचिव ने बताया कि शनिवार को दीक्षा समारोह की रिहर्सल की जाएगी। विवि के 122 मेधावियों को 151 मेडल दिए जाएंगे जिनमे से 71 छात्राएं हैं जबकि 51 छात्र हैं।

## लविवि का होगा एकेडमिक विस्तार, बनेंगे दो नए ब्लॉक

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**लखनऊ** विश्वविद्यालय अपने एकेडमिक विस्तार की तैयारी में है। इसके लिए मुख्य परिसर स्थित न्यू ला बिल्डिंग के पीछे खाली जगह पर इसे मूर्त रूप देने की योजना विवि प्रशासन ने तैयार की है। इस पर कुल 100 करोड़ रुपये खर्च होने के अनुमान है। एकेडमिक ब्लाक को 20 हजार स्क्वायर फिट में बनाया जाएगा। एलयू प्रशासन के मुताबिक न्यू लॉ बिल्डिंग के पीछ इन दोनों भवनों का निर्माण किया जाएगा। हालांकि उस जगह पर एक पुरानी कोठी भी बनी हुई है जो काफी जर्जर स्थिति में है और मरम्मत कराने की दशा में भी नहीं है। फिलहाल उसमें अभी एक शिक्षिका निवास कर रही हैं। एलयू के अधिकारियों की मानें तो उस कोठी को गिरा दिया जाएगा और उस जगह का इस्तेमाल इन बिल्डिगों में किया जाएगा।

# मोरंग लदा ट्रक पुल से टकराया ड्राइवर व खलासी घायल

**लखनऊ।** शुक्रवार तड़के चार बजे गोमती सेतु के पास मोरंग भरा ट्रक पुल से टक्करा गया। तेज रफ्तार ट्रक पुल से टक्कराते हुए पलट गया। जिसमें ट्रक ड्राइवर और खलासी दोनों बुरी तरह से घायल हो गए और पुल पूरी तरह छतिग्रस्त हो गया। इस दौरान अशोक मार्ग के स्मृति वाटिका के पास जाम लग गया। स्थानीय लोगों ने सूचना देकर पुलिस के सहयोग से बैरिकेडिंग लगाकर रास्ता डायवर्ट किया। जिससे सुबह हजरतगंज से निशातगंज जाने वाले वाहन चालकों को काफी दिक्कतें हुई।

अशोक मार्ग पर स्मृति वाटिका के पास शुक्रवार सुबह करीब 4 बजे गोमती सेतु पार करते समय माल से लदा ट्रक पलट गया। इससे पुल के शुरुआती हिस्से धंस गए। मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने बैरिकेडिंग लगाकर रास्ते को बंद कर दिया। स्थानीय लोगों ने कहा कि प्रशासन की बड़ी लापरवाही सामने आई है। जहां पुल धंसने के बाद भी पुल पर आवागमन जारी करा दिया गया। इस घटना से करोड़ों रुपयों की लागत से बने पूल को क्षतिग्रस्त होने पर घटिया निर्माण कराने का आरोप भी लगाया है। शुक्रवार सुबह घटी घटना के बाद घंटों जाम लगा रहा। इस दौरान क्रेन की मदद से पलटे हुए ट्रक को पुल से किनारे किया गया। इस दौरान घंटों मशक्कत के बाद वाहन सवार जाम से निजात पा सके। इस घटना के बाद पीडब्ल्यूडी के कर्मचारियों ने अप्रोच रोड का मरम्मत कार्य शुरू किया। अधीशासी अभियंता अरविंद कुमार ने बताया कि 2 दिन में मरम्मत कार्य पूरा हो जाएगा।

# हस्ताक्षर अभियान चलाकर किया कोरोना के प्रति जागरूक

### फीनिक्स मॉल में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने 60 लोगों का एंटीजन टेस्ट भी किया

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कोविड**-19 के प्रति जनजागरूकता के लिए स्वास्थ्य विभाग ने स्वयंसेवी संस्था सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च के सहयोग से शुक्रवार को फीनिक्स मॉल परिसर में हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्थापित कोविड हेल्प डेस्क पर आने वालों को कोरोना से बचने के बारे में जरूरी जानकारी दी गयी और जिनमें भी कोई लक्षण नजर आये उनकी जाँच भी की गयी ।

हस्ताक्षर अभियान का शुभारम्भ करते हुए नोडल अधिकारी डॉ केपी त्रिपाठी ने कहा कि कोरोना को मात देने के लिए सभी का जागरूक होना बहुत जरूरी है । कोरोना अभी खत्म नहीं हुआ है, इसलिए जब भी बाहर निकलें मास्क से नाक व मुंह को अच्छी तरह से ढक कर रखें, एक दूसरे से उचित दूरी बनाकर रखें और समय समय पर साबुन, पानी से हाथों को अच्छी तरह से धुलते रहें। कोरोना से बचाव के लिए हर किसी को इसे मूल मन्त्र के रूप में अपने जीवन में अपनाने की जरूरत है तभी हम कोरोना की श्रृंखला को तोड़ने में कामयाब हो पाएंगे । उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग कोरोना उपचाराधीनों की सेवा में हर पल तत्पर है, इसलिए कोरोना के कोई भी लक्षण नजर आएं तो जांच जरूर कराएँ।

सीफॉर द्वारा इस दौरान मॉल में आने वालों से कोरोना सम्बन्धी कुछ सवाल जवाब भी किये गए, इसमें अधिकतर लोगों की उत्सुकता कोरोना की वैक्सीन और दवा को लेकर थी। अधिकतर लोग जानना चाहते थे कि वैक्सीन कब तक आ जायेगी और आम लोगों तक उसकी उपलब्धता कब तक संभव है । लोगों ने कोरोना के बदलते लक्षणों के बारे में भी जानना चाहा । बैनर पर हस्ताक्षर के साथ लोगों ने अपने कमेन्ट भी लिखे।

**15 दिसंबर तक अलग-अलग मॉल में चलेगा अभियानः** स्वास्थ्य विभाग ने सीफॉर के सहयोग से शहर के अलग अलग मॉल में 15 दिसम्बर तक इस अभियान को चलाने का निर्णय लिया है । 12 दिसम्बर को फन मॉल गोमतीनगर, 13 दिसम्बर को वेब मॉल गोमतीनगर, 14 दिसम्बर को एसआरएस मॉल गोमतीनगर और 15 दिसम्बर को सहारागंज मॉल हजरतगंज में यह अभियान चलाया जाएगा।



## 60 लोगों के हुए टेस्ट, कोई पॉजिटिव नहीं

**लखनऊ।** हस्ताक्षर अभियान के दौरान शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदर नगर द्वारा स्थापित हेल्प डेस्क पर पहुंचकर सैकड़ों लोगों ने जरूरी जानकारी जुटाई । इस दौरान 60 लोगों का एंटीजन टेस्ट हुआ, जिनमें कोई पाजिटिव नहीं मिला । हेल्प डेस्क पर भी लोगों को बेवजह बाहर न निकलने की सलाह दी गयी और जरूरी प्रोटोकाल के पालन के बारे में बताया गया । बुजुर्गों, गर्भवती और बच्चों को खास सावधानी बरतने के बारे में समझाया गया। कोरोना के सामान्य लक्षणों के बारे में भी जानकारी दी गयी। इस अवसर पर डिप्टी सीएमओ डॉ केडी मिश्रा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदर नगर के चिकित्सा अधीक्षक डॉ शाहिद रजा, रैपिड रेस्पांस टीम के शुभम, दीनू यादव, कुसुम शर्मा, हीरामणि वर्मा और सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च से रंजना द्विवेदी, ज्योति मिश्रा, रश्मि पाण्डेय, अंकिता निगम, रिमिका कोटानाला व राहुल मौजूद रहे।

## राजधानी में 225, सूबे में मिले 1613 नए केस

**लखनऊ।** राजधानी में कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या बरकरार है। शुक्रवार को राजधानी में कोरोना के 225 नए केस सामने आए हैं तो सूबे में 1613 नए मरीज पाए गए हैं। सूबे में 20473 केस एक्टिव हैं तो वही राजधानी में 3141 केस एक्टिव हैं। प्रदेश में अभी तक प्रदेश में 8025 मरीजों की और राजधानी में 1043 की मौत हो चुकी है। विभाग के मुताबिक अभी तक प्रदेश में 554,694 केस कोरोना के मिल चुके हैं। आज 1875 मरीजो को डिस्चार्ज किया गया। अभी तक सूबे में 534,224 संक्रमित मरीज ठीक किये जा चुके हैं। राजधानी लखनऊ में आज कोरोना वायरस के सम्बन्ध में सर्विलान्स एवं कान्टेक्ट ट्रेसिंग के आधार पर टीमों द्वारा 9337 लोगो के सैम्पल लिये गये है। आज इंदिरा नगर 22, आलमबाग 18, गोमती नगर 19, रायबरेली रोड 14, चौक 17 , महानगर 11, अलीगंज 10 , तालकटोरा 10 स्थानों पर पाजिटिव रोगी पाये गये। आज कोविड प्रोटोकाल के दृष्टिगत कुल 88 रोगियों को हास्पिटल का आवंटन किया गया।

## कोरोना वैक्सीन की कोल्ड चेन मेंटेन करने के लिए केंद्र ने भेजे चार आइस लाइन रेफ्रीजरेटर

**लखनऊ।** कोरोना वैक्सीन की आपूर्ति से पूर्व उसकी कोल्ड चेन को मेंटेन करने के लिए केंद्र सरकार ने चार आइस लाइन रेफ्रीजरेटर (आइएलआर) भेज दिए हैं। वैक्सीन के स्टोरेज के लिए ऐशबाग में स्टोरेज सेंटर बनाया जा रहा है ताकि वैक्सीन की चेन को बरकरार रखा जा सके। एसीएमओ व इम्युनाइजेशन ऑफीसर डॉ. एमके सिंह के मुताबिक पहले चरण में चार आइएलआर भेजे गए हैं। अभी डीप फ्रीजर व अन्य उपकरण आने शेष हैं। सेंटर में बिजली की पुख्ता व्यवस्था होगी। इसके लिए जनरेटर बैकअप भी होगा। प्रत्येक बॉक्स 250 लीटर वैक्सीन क्षमता का है। इसकी निगरानी के लिए इलेट्रॉनिक वैक्सीन इंटेलिजेंस नेटवर्क होगा। इसमें तीन स्तर पर वैक्सीन की निगरानी होगी। तय तापमान में थोड़ी भी गड़बड़ी होने पर राज्य, जिला और सेंटर स्तर के अधिकारियों के मोबाइल पर अलार्म से सूचना मिल जाएगी।

# चीन छोड़ नोएडा आयी सैमसंग डिस्प्ले इकाई को मिलेंगी विशेष सुविधाएं

**कैबिनेट के फैसले**

**● कंपनी को पूंजी उपादान, भूमि हस्तांतरण पर स्टांप ड्यूटी में मिलेगी छूट**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**चीन को** छोड़कर नोएडा में मोबाइल फोन और आइटी उत्पादों की डिस्प्ले यूनिट बनाने का कारखाना स्थापित कर रही मेसर्स सैमसंग डिस्प्ले नोएडा प्राइवेट लिमिटेड को शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में विशेष प्रोत्साहन मंजूर किए गए। कंपनी को उप्र इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण नीति 2017 के तहत पूंजी उपादान, भूमि हस्तांतरण पर स्टांप ड्यूटी में छूट दी जाएगी।

इन विशेष प्रोत्साहनों के कारण राज्य सरकार पर अगले पांच वर्षों के दौरान 250 करोड़ रुपये का वित्तीय भार आएगा। परियोजना को पूंजी उपादान के लिए केंद्र सरकार की स्कीम फॉर प्रमोशन ऑफ मैन्युफैक्चरिंग ऑफ इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट्स एंड सेमीकंडक्टर्स (स्पेक्स) के तहत मानकों के अनुसार स्थिर पूंजी निवेश में पुरानी मशीनों की लागत को भी अनुमन्य किया जाएगा। कंपनी को स्पेक्स के तहत भी लगभग 460 करोड़ रुपये का वित्तीय प्रोत्साहन प्राप्त होगा। इस परियोजना में 1,510 लोगों को प्रत्यक्ष तथा बड़ी संख्या में अप्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा। नोएडा को निर्यात हब की पहचान दिलाने के साथ यह परियोजना प्रदेश में अधिक प्रत्यक्ष पूंजी निवेश लाने में सहायक होगी।

मेसर्स सैमसंग डिस्प्ले नोएडा प्राइवेट लिमिटेड की ओर से नोएडा फेज 2 में 4, 825 करोड़ रुपये के निवेश से मोबाइल और आइटी डिस्प्ले उत्पादों की मैन्युफैक्चरिंग यूनिट स्थापित की जा रही है। भारत में 25 वर्ष पूरे कर चुकी दक्षिण कोरियाई कंपनी सैमसंग विश्व में टीवी, मोबाइल फोन, टैबलेट, घड़ियों आदि में इस्तेमाल किए जाने वाले कुल डिस्प्ले उत्पाद का 70 प्रतिशत से अधिक का निर्माण दक्षिण कोरिया, वियतनाम और चीन में करती है। सैमसंग की यह परियोजना देश में मोबाइल व आइटी डिस्प्ले उत्पादों के निर्माण की पहली इकाई है जो कि चीन से विस्थापित होकर उत्तर प्रदेश में स्थापित की जा रही है।

इस परियोजना की स्थापना से भारत ओलेड तकनीक से निर्मित मोबाइल डिस्प्ले बनाने वाला तीसरा देश बन जाएगा। डिस्प्ले इकाइयों का प्रस्तावित निवेश मूल उत्पाद का एक ज्यादा लागत वाला हाई टेक्नोलॉजी कंपोनेंट है। यह इकाई बीच की सप्लाई चेन की कड़ी को पूरा करने के लिए तथा भविष्य में प्रदेश में डिस्प्ले से संबंधित फैब इकाई की स्थापना के लिए मील का पत्थर साबित होगी। कंपनी को केस-टू-केस आधारित विशेष प्रोत्साहन देने के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित सशक्त समिति ने सिफारिशें व सुझाव दिए थे। इन सुझावों पर विचार कर अपनी सिफारिशों को कैबिनेट के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए मुख्यमंत्री ने वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना की अध्यक्षता में तीन वरिष्ठ मंत्रियों की समिति गठित की थी। मंत्रियों की समिति की सिफारिशों के आधार पर कैबिनेट ने इस इकाई को विशेष प्रोत्साहन मंजूर किए हैं। बीते वित्तीय वर्ष 2.7 बिलियन डॉलर का निर्यात करने वाला सैमसंग उत्तर प्रदेश में सबसे बड़ा निर्यातक है। सैमसंग समूह ने अगले पांच वर्षों में कुल 50 बिलियन डॉलर के निर्यात लक्ष्य रखा है।

**चौधरी चरण सिंह कांवण मार्ग के लिये 628 करोड़ मंजूर**

लखनऊ। कैबिनेट ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की घोषणाओं में शामिल मुजफ्फरनगर, मेरठ तथा गाजियाबाद के बीच स्थित चौधरी चरण सिंह कांवड़ मार्ग (गंग नहर की दांयी पटरी) के नवनिर्माण की आंकलित लागत 628 करोड़ 74 लाख 26 हजार रुपये को स्वीकृति प्रदान कर दी है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री ने हरिद्वार से लेकर गाजियाबाद तक गंग नहर के दोनों किनारों पर सड़क का निर्माण कराने की घोषणा की थी। गंग नहर के बांई ओर दो लेन मार्ग निर्माण का कार्य 31 दिसम्बर 2018 को पूरा कर दिया गया था। उपरोक्त योजना की प्रस्तावित लागत 651.30 करोड़ 46 हजार रुपये के सापेक्ष परियोजना रचना तथा मूल्यांकन प्रभाग द्वारा लागत 628.74 करोड़ 26 हजार रुपये आकलित किया गया, जिसे व्यय वित्त समिति की बैठक में अनुमोदन प्रदान किया गया है।

**पूर्वांचल व बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के लिए वन भूमि पर लीज रेंट देने से छूट**

राज्य सरकार ने पूर्वांचल एक्सप्रेस वे और बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के लिए वन भूमि को गैर वानिकी प्रयोग के इस्तेमाल पर लगाने वाले वार्षिक लीज रेंट में छूट दे दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई कैबिनेट की बैठक में यह फैसला हुआ। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे परियोजना के लिए लखनऊ, बाराबंकी, सुल्तानपुर, आजमगढ़, मऊ व गाजीपुर की 9.1549 हेक्टेयर आरक्षित और 8.4165 हेक्टयेर संरक्षित वन भूमि यानी कुल 17.5714 जमीन है। इसी तरह बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे यानी ग्रीन फील्ड परियोजना के लिए चित्रकूट, बांदा, हमीरपुर, महोबा, जालौन, औरैया व इटावा की 50.7963 हेक्टयर आरक्षित वन भूमि व 26.4817 हेक्टेयर संरक्षित वन भूमि कुल 77.278 हेक्टयर वन भूमि का गैर वानिकी प्रयोग पर लगाने वाले बाजार दर से मूल्य 10 फीसदी देने भुगतान से छूट दे दी गई है। इससे दोनों एक्सप्रेस वे कामों में तेजी आएगी।

### सीपेट सेण्टर की स्थापना को मुफ्त भूमि मिलेगी

मंत्रिपरिषद ने सीपेट सेण्टर की स्थापना हेतु अयोध्या के ग्राम गंजा, परगना हवेली अवध में स्थित माध्यमिक शिक्षा विभाग की 10.030 एकड़ चयनित भूमि को सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग को नि:शुल्क हस्तान्तरित करने सम्बन्धी प्रस्ताव को अनुमोदित किया है। प्रदेश में युवाओं को स्वरोजगार प्रदान करने हेतु उन्हें व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान किए जाने की आवश्यकता के दृष्टिगत वर्तमान में युवाओं के व्यावसायिक प्रशिक्षण हेतु लखनऊ व वाराणसी में सीपेट के वोकेशनल ट्रेनिंग सेण्टर स्थापित हैं। वोकेशनल ट्रेनिंग सेण्टर की भांति जनपद अयोध्या में भी एक ट्रेनिंग सेण्टर स्थापित करने का निर्णय लिया गया है।

### राजस्व संहिता (तृतीय संशोधन) नियमावली को मंजूरी

राजस्व संहिता नियमावली 2016 के क्रियान्वयन के उपरान्त प्राप्त फीडबैक के आधार पर एवं आधुनिक तकनीक के अनुकूलतम प्रयोग के लिए उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता नियमावली 2016 के नियम 16, 22, 25, 27, 28, 31, 99, 101 व 188 में संशोधन किये जाने का निर्णय लिया गया है। नियमावली के इन नियमों में संशोधन के पश्चात् खसरे को कम्प्यूटरीकृत करने से सरकार की योजनाओं, दैवीय आपदा राहत कार्य हेतु डाटा शीघ्र उपलब्ध हो सकेगा, विभिन्न न्यायालयों द्वारा पारित आदेशों को आसानी से दर्ज किया जा सकेगा और सह खातेदारों के अंश भी नामान्तरण के साथ ही दर्ज हो जायेंगे।

## सीएमओ ने किया इटौंजा और बीकेटी सीएचसी का औचक निरीक्षण

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सीएमओ** डॉ संजय भटनागर ने शुक्रवार को इटौंजा और बीकेटी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। ग्रामीण क्षेत्रों में इन केंद्रों पर अचानक सीएमओ के पहुंचने से अफरा तफरी मच गई। सीएमओ ने निरीक्षण के दौरान दवाइयों व इंजेक्शन की जांच की और तमाम दस्तावेज भी खंगाले।

सीएमओ संजय भटनागर ने इटौंजा और बीकेटी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। अचानक सीएमओ के पहुंचने से सीएचसी में मौजूद कर्मचारियों में अपरा तफरी मच गई। कोई कुछ समझ पाता उससे पहले ही सीएमओ संजय भटनागर सीएचसी पर उपलब्ध सभी तरह की दवाइयों और इंजेक्शन की जांच करने लगे। दवाइयों की जांच के समय सीएमओ ने वहां मौजूद लोगों को निर्देश देते हुए सभी डाटा को अपडेट करने को कहा।

इसके साथ ही उन्होंने टीकाकरण से संबंधित सभी रिकॉर्ड व अभिलेखों की भी जांच की है। सभी जांच पूरी करने के बाद उन्होंने हॉस्पिटल में भर्ती महिला मरीजों से अस्पताल में हो रहे उनके साथ व्यवहार के बारे में भी पूछताछ की। उन्होंने अस्पताल में मौजूद स्टॉफ से कोविड.19 दिशा निर्देशों का पालन करने को कहा। सीएमओ ने ग्रामीण केंद्रों में साफ-सफाई से लेकर कोविड.19 के सभी मानकों को भी चेक किया।उन्होंने कोविड.19 प्रोटोकॉल को ध्यान में रखते हुए सभी को मरीजों के इलाज के लिए निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जननी सुरक्षा के अंतर्गत लाभार्थियों का योगदान समय पर होना चाहिए, साथ ही आशा बहुओं को भी समय पर भुगतान देने के निर्देश दिए।

## बेरोजगारी से परेशान युवक ने दी जान

**लखनऊ।** ठाकुरगंज थाना क्षेत्र में एक युवक ने बेरोजगारी से परेशान होकर फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घरवालों की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के मुताबिक थाने पर शिव सिंह पुत्र शैलेंद्र सिंह निवासी प्रेम विहार अहमद गंज ठाकुरगंज ने सूचना दी कि उन का छोटा भाई अंकुर सिंह 24 जो बेरोजगारी के कारण काफी परेशान था। गुरुवार की रात को खाना खाकर अपने कमरे में सोने चला गया था। शुक्रवार सुबह जब वह काफी देर तक सो कर नहीं उठा तो उसकी दादी उसे जगाने के लिए कमरे में गई। वहां पर देखा कि राहुल ने अपने कमरे में लगे छत वाले पंखे में दुपट्टे का फंदा बनाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। इस सूचना पर उप निरीक्षक अवनीत सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने आगे की कानूनी कार्रवाई की। पुलिस के मुताबिक, मृतक विवाहिता और उसके पिता जलकल विभाग में नौकरी करते हैं।

## घने कोहरे में ट्रक भिड़े, दो की मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**जहां एक** तरफ घने कोहरे के बीच दुर्घटनाएं बढ़ती जा रही हैं तो वहीं दूसरी तरफ इसके समुचित रोकथाम के लिए कोई बंदोबस्त नहीं किए गए हैं। शायद इसी का नतीजा है कि चिनहट थाना क्षेत्र के अयोध्या हाईवे पर गुरुवार देर रात एक साथ चार ट्रक आपस में टकरा गए। इस दौरान दो लोगों की मौत हो गई। वहीं पुलिस घायलों को इलाज के लिए लोहिया अस्पताल ले गई।

चौकी प्रभारी प्रियंबध मिश्रा ने बताया कि गुरुवार रात करीब 1.30 बजे अयोध्या हाईवे के सत्य तीर्थ आश्रम के पास घटना की जानकारी मिली थी। इस दौरान राजस्थान राज्य के अलवर जिला निवासी राहुल खान बाराबंकी से ट्रेलर पर धान लोड कर हरियाणा के लिए रवाना हुआ था। अयोध्या हाईवे पर सत्य तीर्थ आश्रम के पास ट्रेलर में अचानक खराबी आ गई तो वह हाईवे पर ही कुछ देर के लिए ठहर गया। तभी अयोध्या की ओर से आ रहे एक अन्य ट्रक चालक बस्ती जिले के बालटगंज निवासी भारत भूषण से मदद की गुहार लगाई। इस दौरान दोनों चालक मिलकर गाड़ी टोचन करने लगे। इस दौरान तेज रफ्तार ट्रक यूपी 80 बीटी 3070 के चालक ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी।

जिसमें राहुल और भारत भूषण ट्रक के नीचे आ गए। वहीं, आरोपी ट्रक चालक मौका पाते ही फरार हो गया। मौके पर मौजूद मृतक चालक राहुल खान के भाई शौकत अली ने पुलिस कंट्रोल रूम को घटना की जानकारी दी। आनन-फानन में स्थानीय पुलिस ने तड़प रहे घायलों को फौरन इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। उधर स्थानीय चिनहट पुलिस जब तक अयोध्या हाईवे पर यातायात व्यवस्था बहाल कर पाती उससे पहले घने कोहरे के बीच एक अन्य ट्रक चालक ने पीछे से ट्रकों में टक्कर मार दी। गनीमत रही कि इस दौरान ट्रक के आसपास कोई मौजूद नहीं था। ऐसे में पुलिस की मौजूदगी में एक और बड़ा हादसा होते होते बच गया। फिलहाल स्थानीय पुलिस ने मृतक के परिजनों को घटना की जानकारी दे दी है। साथ ही शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### जिम्मेदार घटनाओं से नहीं ले रहे सबक

स्थानीय जानकारों की मानें तो चिनहट थाना क्षेत्र के अयोध्या हाईवे पर लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं। बावजूद इसके रोकने के लिए जिम्मेदारों की ओर से कोई प्रबंध नहीं किए गए हैं। यह हालत तब है जब स्थानीय स्तर पर दर्जनों लोग सड़क हादसे में अपनी जान गंवा चुके हैं। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि घने कोहरे के बीच जहां सतर्कता बरतने की जरूरत है तो वहीं, पुलिस भी लापरवाही बरत रही है। इतना ही नहीं चालक हाईवे पर पार्किंग करते हैं तो दुर्घटनाएं होने के मौके कई गुना बढ़ जाते हैं।

### फर्जी आईडी बनाकर हजारों की ठगी, मुकदमा दर्ज

**लखनऊ।** पीजीआई कोतवाली इलाके में संचालित एक मोबाइल शॉप की दुकान के नाम से जालसाजों ने फेक आईडी बना ऑनलाइन हजारों रुपये की ठगी कर डाली। दुकान मालिक ने इस फर्जीवाड़े की होने जाने पर कोतवाली पर अज्ञात जालसाजों के खिलाफ लिखित शिकायत की है। पीजीआई क्षेत्र में मनी माऊंटा बाजार में हिंदुस्तान मोबाइल डॉट कॉम के नाम से मोबाइल की दुकान संचालित है जिसके मालिक जितेंद्र कुमार पुत्र रामतीर्थ है। दुकान मालिक का आरोप है कि उनकी दुकान के नाम से कुछ जालसाज फेक आईडी बना अन्य प्रांतों के नागरिकों से ठगी का कारोबार कर रहे है और ऑनलाइन हजारों रुपये ऐंठ चुके हैं। जिसकी जानकारी उन्हें दूसरे प्रान्तों से आये नम्बरों से हुई है। ठगी के शिकार लोगों ने अपने प्रान्तों के जनपदों में उनके दुकान के नाम से ठगी की लिखित शिकायत भी की है । इसकी जानकारी होने पर पीड़ित दुकान मालिक ने पीजीआई कोतवाली पहुंच अज्ञात जालसाजों के खिलाफ दुकान के नाम फर्जी आईडी बना और मेल आईडी बना ठगी करने का आरोप लगा लिखित शिकायत की है।

### दोस्त को मैसेज कर व्यवसायी ने लगाली फांसी

**लखनऊ।** नाका मोतीनगर में गुरुवार देर रात इलेक्ट्रानिक व्यवसायी आकाश गुप्ता 28 ने अपने मित्र को वाट्सएप पर मैसेज भेजकर फांसी लगा ली। मैसेज देखकर शुक्रवार सुबह पहुंचे दोस्त ने गोदाम में उनका फंदे पर शव लटका देख कर पुलिस को सूचना दी। इंस्पेक्टर नाका के मुताबिक आकाश हरदोई बैटगंज के रहने वाले थे। वह यहां इलेक्ट्रॉनिक्स का व्यवसाय करते थे। व्यवसाय के कारण मोतीनगर में किराए पर रहते थे। उसी में गोदाम बना रखा था। गुरुवार देर रात दोस्त धीरज के साथ खाना खाया। इसके बाद धीरज घर चले गए। उसके बाद आकाश ने दर्ज के वाट्सएप पर मैसेज भेजा। धीरज ने शुक्रवार सुबह करीब 10.30 बजे मैसेज देखा तो वह भागकर आकाश के घर पहुंचा। मेनगेट अंदर से बंद था। इसपर बाउंड्री वाल फांदकर धीरज अंदर पहुंचा। गोदाम में पंखे से चादर के सहारे आकाश का फंदे पर शव लटका देखकर उसकी चीख निकल पड़ी। धीरज ने पुलिस और आकाश के परिवारीजनों को सूचना दी। पुलिस ने फंदे से शव को उतारा। इंस्पेक्टर ने बताया कि आकाश ने किस कारण से आत्महत्या की इसकी अभी पुष्टि नहीं हो सकी है। परिवार वालों को सूचना दे दी गई है। उनके आने पर ही कुछ जानकारी हो सकेगी। पुलिस ने बताया कि आकाश ने अपने मित्र को भेजे गए मैसेज में लिखा कि मेरे मम्मी पापा को रुपए दे देना। मेरे भाई और परिवार का ध्यान रखना। मैं बहुत परेशान हूं।

## सिटी बसों से शहरवासियों का हो रहा मोह भंग

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ।

- पहले 75 बसों से चलते थे रोजाना 65 हजार यात्री
- अब 150 बसों से रोजाना सफर कर रहे 15 हजार यात्री
- समय सारणी, महंगा किराया, खटारा बसें बनी वजह
- निजी वाहनों का इस्तेमाल बढ़ा
- पब्लिक ट्रांसपोर्ट के अभाव में निजी वाहनों का इस्तेमाल बढ़ा
- सड़क पर बढ़ते दो व चार पहिया गाड़ियों से लग रहा जाम

**शहरवासियों** का धीरे धीरे सिटी बसों से मोह भंग होता जा रहा है। पड़ताल करने पर इसकी कई वजह सामने आई। वर्तमान में जो बसें चल रही है उन बसों के रूटों को बार बार बदलना। बसों का तय समय सारणी से संचालन नहीं होना। बस स्टापेज पर बसें कब जाएंगी, सवारियों को कोई सूचना नहीं मिलना। किराया भी ज्यादा होना और कबाड़ बसों से दैनिक यात्रियों को दूर होना मुख्य वजह है। सिटी ट्रांसपोर्ट के पास आम सवारियों की इस परेशानी को दूर करने के लिए कोई भी योजना नहीं है। इसी वजह से लोग दो पहिया अथवा कार से निकलना पड़ता है। नतीजा सड़क पर निजी वाहनों का बढ़ता लोड और जाम की समस्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। दैनिक यात्रियों की इस समस्या को दूर करने के लिए नगरीय परिवहन विभाग इलेक्ट्रिक सिटी बसें जल्द आने की बात कहकर मरहम लगाने का काम कर रहा है।

### 100 इलेक्ट्रिक बसें राहत देंगी

नगरीय परिवहन निदेशालय के संयुक्त निदेशक अजीत सिंह बताते है कि सिटी बसों की उम्र पूरी हो गई है। इन बसों को हटाकर 100 इलेक्ट्रिक बसें शामिल की जाएगी। इसके लिए आम यात्रियों को तीन महीने और इंतजार करना होगा।

### कलपुर्जों की कमी से इलेक्ट्रिक बसें भी खराब

सिटी ट्रांसपोर्ट के एमडी आरके मंडल बताते है कि सीएनजी बसें तो धीरे-धीरे कंडम हो रही है। जिन्हें जल्द नीलाम किया जाएगा। वहीं इलेक्ट्रिक बसें छोटे-छोटे कलपुर्जों की वजह से खड़ी हैं। इसके लिए मरम्मत करने वाली कंपनी टाटा मोटर जिम्मेदार है।

### बस कंडक्टर ने पेश की इमानदारी की मिसाल

**लखनऊ।** रोडवेज बस कंडक्टर ने ईमानदारी की मिशाल पेश की है। देवरिया बस डिपो में तैनात परिचालक अतुल कुमार मिश्रा को बस में यात्री का छूटा बैग मिला। सीट के नीचे मिले बैग खोलते ही बस कंडक्टर की आंखे खुली की खुली रह गई। बैग में जेवर से भरा नगदी नोट नजर आया। जिसे बस कंडक्टर ने यात्री को सुरक्षित बैग वापस लौटा दिया। शुक्रवार को देवरिया डिपो की बस दिल्ली से दिवरिया आ रही थी। बस में बैठी किसी सवारी का बैग भूल से छूट गया। बस कंडक्टर ने उस बैग में चार लाख की नगदी व तीन लाख रुपये की कीमत के जेवर मिले। बस कंडक्टर ने यात्री का बैग सुरक्षित वापस करते हुए रोडवेज की छवि को बेहतर बनाने का काम किया है। इसके लिए रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष ओपी मणि, मंत्री अरविंद कुमार एवं मोहम्मद जकारिया सहायक यातायात निरीक्षक पटेल प्रसाद, चंद्र पांडे एवं जुगल किशोर कुमार के द्वारा माला पहनाकर स्वागत किया गया।

## बैंक ऑफ बड़ौदा ने लगाया ऋण मुक्ति शिविर




**लखनऊ।** बैंक ऑफ बड़ौदा में कृषि ऋण हेतु विशेष एकमुश्त समाधान योजना कृषि ऋण के तहत ऋण मुक्ति शिविर का आयोजन क्षेत्रीय कार्यालय अयोध्या के सभागार में किया गया जिसमें क्षेत्र की चमन गंज तथा रुदौली शाखा में ऋण मुक्ति शिविर लगाए गए। इन ऋण मुक्ति शिविरों मे बहुत सारे किसान भाइयों ने सहभागिता की एवं एकमुश्त समझौता कर कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रजनीश शर्मा मुख्य महाप्रबन्धक (दबाव ग्रस्त आस्ति प्रबंधन) कॉर्पोरेट कार्यालय मुंबई थे। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में महाप्रबन्धक व लखनऊ अंचल प्रमुख ब्रजेश सिंह भी उपस्थित थे। मुख्य महाप्रबंधक ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी को बधाई देते हुये, अगले दस दिनों में बकायेदार किसानों से मिलकर इस वसूली अभियान को एक आंदोलन के रूप में चलाकर ज्यादा से ज्यादा किसान भाइयों को इस योजना का लाभ प्रदान करने की बात कही। इस कार्यक्रम में बैंक ऑफ बड़ौदा अयोध्या क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रमुख निहार रंजन प्रधान, उप क्षेत्रीय प्रमुख जितेंद्र प्रकाश एवं अंबेडकर नगर क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रमुख अरविंद कुमार पाण्डेय, उप क्षेत्रीय प्रमुख कुन्दन कुमार के साथ अन्य स्टाफसदस्य भी उपस्थित रहे ।

### नगर पंचायत अध्यक्ष ने जलवाए अलाव



**महोना (लखनऊ)।** नगर पंचायत महोना में ठंड के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए सरकार की मंशा के अनुरूप नगर पंचायत महोना के अध्यक्ष एन इशरत बेग के निर्देश पर नौ स्थानों पर अलाव जलाये गए। उक्त जानकारी देते हुए अधिशाषी अधिकारी ने बताया की नगर पंचायत महोना में पूर्वी देवी मंदिर, कुम्हरावा रोड, पुलिस चौकी के निकट, रशीद मिया साहब की मजार पर, महोना बाजार व गंगागिरी बाबा स्थित रैन बसेरा, मीना ताकि मज़ार, नीरज चौरसिया की दुकान के निकट, सहित नौ स्थानों पर अलाव जलाये गए। नगर पंचायत महोना में गंगागिरी बाबा के पास एक अस्थायी रैन बसेरा बनाया गया है। भविष्य में ठंड को देखते हुए नगर पंचायत महोना में प्रत्येक वार्ड में अलाव जलाने की व्यवस्था की जाएगी।

### साई पालकी यात्रा निकाली

**लखनऊ।** तेरहवें साई स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर तेलीबाग के नेपालगंज नागेश्वर मंदिर से शिव साई समिति द्वारा शुक्रवार को साई पालकी यात्रा निकाली गई। यह यात्रा नेपालगंज से शुरु होकर तेलीबाग बाजार होते हुए शनि मन्दिर से होती हुई नागेश्वर साई मंदिर पहुंची। जिसमें दर्जनों की संख्या में महिला और पुरूष साई भक्त शामिल हुए। पालकी यात्रा के दौरान साई भक्त गुलाल से रंग गए, मेरे घर के आगे साईनाथ तेरा मन्दिर बन जाये, आपकी कृपा से सब काम हो रहा है,जोगिया जोगिया मैं बाबा का जोगिया आदि भजनों की धुन पर जयकारे लगाते हुए भक्त जमकर नाचे। शिव साई समिति के अध्यक्ष तनुज व मीडिया प्रभारी संजय थापा ने बताया कि ये कार्यक्रम दो दिन चलेगा। शनिवार को भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

## वाहन चोर गिरफ्तार, दो स्कूटी बरामद

**लखनऊ।** हजरतगंज पुलिस ने वाहन चोरों के गैंग का भंडाफोड़ करते हुए शातिर वाहन चोर को चोरी की दो स्कूटी के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पकड़े गए आरोपी ने पूछताछ में अपना नाम अनिल सिंह पुत्र गोरखनाथ सिंह निवासी सिरसी पोस्ट बरईपार थाना सिकरारा जौनपुर बताया है। वह वर्तमान समय में बड़ा बरहा आलमबाग में रहता है। पुलिस ने बताया कि हजरतगंज क्षेत्र में पुलिस वाहनों की चेकिंग कर रही थी तभी एक स्कूटी के साथ युवक को पकड़ा गया। वह गाड़ी के कागज नहीं दिखा पाया तो उससे कड़ाई से पूछताछ की गई तो उसकी निशानदेही पर एक अन्य स्कूटी बरामद की गई है। पूछताछ में बताया कि वह शहर में घूम घूम कर भीड़भाड़ वाले इलाकों में स्कूटी चोरी करता है। चोरी करने के बाद स्कूटी को बड़ी बिल्डिंग की पार्किंग में चुपचाप खड़ी कर देता है और ग्राहक तलाश कर मिलने पर पार्किंग से उठा कर बेच देता है। चेकिंग के दौरान महानगर व पीजीआई से चुराई हुई दो स्कूटी बरामद हो गई हैं। आरोपी स्कूटी बेचने की फिराक में था तभी पुलिस के हत्थे चढ़ गया।

# अलाव की व्यवस्था न रोशनी का इंतजाम

**● प्रशासन ने अंधेरे और शीलनभरे कमरे में बना दिया रैन बसेरा**

**संवाददाता।** मोहनलालगंज





**बेसहारा** गरीब और मनोरोगियों को कड़ाके की ठण्ड में आसरा देने के लिए मोहनलालगंज प्रशासन ने अंधेरे और शीलनभरे कमरे में रैनबसेरा बना दिया। न अलाव की व्यवस्था की गई और न रोशनी का इंतजाम। जिला प्रशासन को आल इज वेल दिखाने के लिए ठीक से सफाई कराए बिना ही कुछ बिस्तर और रजाई डलवाकर शुक्रवार की दोपहर बीमार अधेड़ को आसरा भी दिला दिया गया। लेकिन बदइंतजामी और खाने-पीने के अभाव में अधेड़ को वहां कुछ घण्टे गुजारना भी मुश्किल हो गया। लिहाजा शाम ढ़लने से पहले ही अधेड़ रैन बसेरा छोड़कर जाने पर मजबूर हो गया।

मोहनलालगंज तहसील मुख्यालय को वैसे तो नगर पंचायत भी बनाया जा चुका है। लेकिन तहसील प्रशासन और नगर पंचायत के अधिकारी ठिठुरन भरी सर्दी में बेसहारा गरीबों को आसरा दिलाने के लिए संजीदा नही हैं। सरकार की सख्ती से बेफिक्र अधिकारियों ने मोहनलालगंज कस्बे में कालेबीर बाबा मन्दिर परिसर के सामुदायिक मिलन केन्द्र में बदइंतजामी के बीच रैन बसेरा बना दिया। केन्द्र के सीलनभरे कमरों में बिस्तर और रजाई डलवाने से पहले ठीक से साफ-सफाई भी नहीं कराई गई। सीलन की दुर्गंध और रोशनी का इंतजाम नहीं कराए जाने से रैनबसेरे में आसरा लिए गोरखपुर के राजकुमार को लोगों से मोमबत्ती मांगकर उजाला करना पड़ रहा है। उस पर स्वच्छ शौचालय की सुविधा मुहैया नहीं हो पाने से भी बेहद परेशानी उठानी पड़ रही है। खाने का तो छोड़िए रैनबसेरे में पीने के पानी तक की सुविधा मयस्सर नही है लिहाजा चलने-फिरने की लाचारी से राजकुमार को शाम ढ़लने से पहले ही लोगों से मदद मांगकर बोतल में पीने का पानी और खाने का इंतजाम करना पड़ रहा है।


### कुछ घण्टे में ही रैनबसेरा छोड़कर चला गया अधेड़

कड़ाके की सर्दी के बावजूद मोहनलालगंज कस्बे में फुटपाथ पर दिन-रात गुजार रहे अधेड़ के बारे में सोशल मीडिया के जरिए जानकारी मिलने पर शुक्रवार को तहसील अधिकारियों ने उसे रैन बसेरे में पहुंचवा दिया। अंधेरे और शीलन भरे कमरे में बदइंतजामी और खाने-पीने के लिए कुछ नहीं मिल पाने से अधेड़ के लिए वहां कुछ घण्टे गुजारना भी मुश्किल हो गया। लिहाजा शाम ढलने से पहले ही अधेड़ रैन बसेरा छोड़कर चला गया।

### अधिकारियों का दावा खोखला नहीं जल रहे अलाव

जिला प्रशासन की सख्ती को लेकर वैसे तो तहसील अधिकारियों ने मोहनलालगंज में डेढ़ दर्जन से अधिक स्थलों को सार्वजनिक अलाव जलवाने के लिए चिन्हित किया है। लेकिन हमेशा से चिन्हित रहे खुझौली चौराहा ,निगोहां बाजार ,सिसेण्डी बाजार ,धरमावत खेड़ा तिराहा समेत तहसील के प्रवेश द्वार से भी सार्वजनिक अलाव नदारद हैं।

### सीएमएस छात्रों ने जीता मैथमेटिक्स क्विज का प्रथम पुरस्कार



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, इन्दिरा नगर कैम्पस के कक्षा-8 के दो मेधावी छात्रों स्वास्तिक त्रिपाठी एवं अमर्त्य दुबे ने इण्टर-स्कूल मैथमेटिकल एक्टिविटीज एण्ड क्विज कम्पटीशन 'मैथमेटिका' में प्रथम पुरस्कार अर्जित कर विद्यालय का नाम अर्जित किया है। यह प्रतियोगिता एलनहाउस पब्लिक स्कूल, खलीसी लाइन्स, कानपुर के तत्वावधान में आयोजित की गई। सीएमएस के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश के अनेक प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग किया, जिसमें इन्दिरा नगर कैम्पस के इन प्रतिभाशाली छात्रों ने कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच अपने गणित ज्ञान व मेधात्व के दम पर प्रथम पुरस्कार अर्जित किया, साथ ही मैथमेटिकल एक्टिविटीज में अपनी रचनात्मकता व कलात्मकता का प्रभावशाली उदाहरण प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता के आयोजकों ने छात्रों की बहुमुखी प्रतिभा की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। श्री शर्मा ने बताया कि इस प्रकार की रचनात्मक व सृजनात्मक प्रतियोगिताओं के माध्यम से सीएमएस अपने छात्रों की बहुमुखी प्रतिभा को निखारने एवं उन्हें जीवन में आगे ही आगे बढ़ने हेतु सदैव प्रोत्साहित करता रहता है, ताकि उनका सर्वांगीण विकास हो सके।

# चर्चित लेखपाल का घूस लेते वीडियो वायरल

## ● एसडीएम ने किया निलंबित, तहसीलदार को सौंपी जांच

संवाददाता। अंबेडकरनगर



घूस की रकम लेते लेखपाल हेमन्त पाण्डेय — पायनियर

**अकबरपुर** तहसील के चर्चित लेखपालों में शुमार हेमंत पांडे का सुविधा शुल्क लेते वीडियो सामने आया है ।इस वीडियो में हेमंत पांडे किसी काम के बदले बरवा नासिरपुर गांव के एक व्यक्ति से खुलेआम सुविधा शुल्क ले रहे हैं। सुविधा शुल्क लेने के साथ ही वह उसके कान में कुछ गुरु मंत्र देते भी दिखाई दे रहे हैं। गौरतलब है कि हेमंत पांडे का इतिहास काफी चर्चित रहा है। सुल्तानपुर में अपनी तैनाती के दौरान उन्होंने किसी काम के लिए अच्छी खासी रकम ली थी जिसमें काम न कर पाने पर उनकी अंगुलिया काट दी गयी थी। इसके बावजूद उनकी हरकतों पर विराम नहीं लगा था। काम के बदले सुविधा शुल्क लेने के उनके मामले लगातार सुनाई पड़ते रहे । आरोपों के चलते ही हेमंत पांडे को जिला मुख्यालय से हटाकर ग्रामीण अंचल में तैनात कर दिया गया था लेकिन इसके बावजूद भी इनके पास बड़ी संख्या में ग्राम पंचायतों का कार्यभार था। हेमंत पांडे को अधिकारियों के काफी नजदीकी माना जाता रहा है। वीडियो सामने आने के बाद उप जिलाधिकारी अकबरपुर मोइनुल इस्लाम ने आरोपी लेखपाल को निलंबित कर दिया है तथा जांच तहसीलदार को सौंपी है। निलंबन अवधि में उन्हें तहसील से सम्बद्ध किया गया है।

## आरोपी लेखपाल पर बरसती है राजस्व विभाग की कृपा

### ● डेढ़ दर्जन राजस्व गांवों का प्रभार देख रहे थे हेमन्त पाण्डेय

**अंबेडकरनगर।** सुविधा शुल्क लेते हुए समय का वीडियो वायरल होने के बाद निलंबन की जद में आये लेखपाल हेमन्त पाण्डेय पर अधिकारियों की खास कृपा बरसती थी। अधिकारियों का प्रिय होने के कारण ही अकबरपुर तहसील में सबसे ज्यादा राजस्व गांवो का प्रभार हेमंत पाण्डेय के ही पास था। प्रश्न यह उठता है कि हेमन्त पाण्डेय में वह कौन सी काबिलियत थी जिसके कारण अधिकारी उन्हें गांवों का प्रभार सिन्नी की तरह बांट रहे थे। लेखपालों को राजस्व गांवो का निर्धारण तहसीलदार द्वारा किया जाता है जिसकी संस्तुति उपजिलाधिकारी द्वारा की जाती है। इससे साफहै कि लेखपालों की तैनाती में प्रत्यक्ष रूप से तहसीलदार की भूमिका ही अहम होती है। कुछ दिन पूर्व ही एक लेखपाल के ही मामले में हेमन्त पाण्डेय द्वारा सुविधा शुल्क मांगे जाने का मामला तहसीलदार के समक्ष जोर शोर से उठा था लेकिन उन्होंने उस पर चुप्पी साध ली थी। चर्चा यह भी है कि हेमन्त पाण्डेय के कारनामों में तहसीलदार की भी अप्रत्यक्ष भूमिका रहा करती थी। संभवत: यही कारण है कि उनके पास गांवो की लम्बी चौड़ी लिस्ट थी। हेमन्त पाण्डेय को तीन राजस्व निरीक्षकों के कार्य क्षेत्र में गांव आवंटित किये गये थे। इनमें राजस्व निरीक्षक बेवाना के अन्तर्गत कुढ़ा मोहम्मदगढ़ क्षेत्र, राजस्व निरीक्षक अकबरपुर के अन्तर्गत अफ्जलपुर व बैरमपुर बरवां क्षेत्र एवं राजस्व निरीक्षक कुर्की महमूदपुर के अन्तर्गत कुर्की महमूदपुर क्षेत्र शामिल है। इन चारो क्षेत्रों में स्थित 18 राजस्व गांवो का प्रभार हेमन्त पाण्डेय के पास था। इतनी ज्यादा संख्या में गांवो का प्रभार होने से हेमन्त पाण्डेय के प्रभाव का अन्दाजा लगाया जा सकता है।

# अन्नदाताओं को भरपूर सुविधा व सम्मान दे रही है भाजपा सरकार : कपिल देव वर्मा



पार्टी कार्यालय में बैठक करते भाजपा नेता — पायनियर

संवाददाता। अंबेडकरनगर

### ● किसानों के नाम पर चलाया जा रहा आंदोलन विपक्षी दलों से प्रेरित

**भारतीय** जनता पार्टी की केंद्र और उत्तर प्रदेश की सरकार जितनी सुविधा और सम्मान अन्नदाता किसानों को दे रही है उतना देश की आजादी से लेकर आज तक किसी भी सरकार ने नहीं दिया है। भाजपा सरकार ने किसान क्रेडिट कार्ड,फसल बीमा,उर्वरकों पर भारी छूट,किसानों की उपज पर समर्थन मूल्य बढ़ाना,यूरिया खाद और अन्य खादों की प्रचुर मात्रा में उपलब्धता,किसान सम्मान निधि, देश की किसी भी मण्डी में किसानों को सुविधानुसार अपनी उपज को बेचने की छूट सहित अन्य कई प्रकार की योजना प्रारम्भ कर अन्नदाता किसान की आय दोगुनी करने की अपनी वचन बद्धता पर कायम है। उक्त बयान भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा ने विपक्षी दलों द्वारा किसानों के नाम पर चलाए जा रहे राजनीतिक आंदोलन पर कहा है। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय के माध्यम से जारी बयान में भाजपा जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा ने कहा है कि विपक्षी दल मुद्दा विहीन हो चुके हैं।भाजपा सरकार किसान, गरीब,असहाय कामगारों और आर्थिक रूप से विपन्न व्यक्तियों को समृध्दि शाली बनाने के लिए सतत् प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पार्टी दोनों दल को जनता ने राजनीतिक रूप से हाशिए पर धकेल दिया है। किसानों के नाम पर फर्जी राजनीति कर अपनी राजनीतिक रोटी सेकने का प्रयास दोनों दल कर रहे हैं। देश का किसान किसी भी दल के साथ कोई आन्दोलन नहीं कर रहा है।किसानों का कोई समर्थन नहीं मिलने की दशा में राजनीतिक दल के कार्यकर्ता ही फर्जी विफल आंदोलन चला रहे हैं।

# चाचा ने नाबालिग भतीजी के साथ किया रेप, मुकदमा

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**जनपद के** चिलुआताल क्षेत्र के एक गांव में रिश्ते को तार-तार करने की घटना सामने आई है। एक चाचा ने अपनी 13 साल की सगी भतीजी के साथ रेप कर दिया। परिवारीजनों को जब इसकी खबर हुई तो बच्ची के पिता ने इस मामले में पुलिस में तहरीर दी। पुलिस ने रेप और पाक्सो एक्ट की धारा में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बच्ची का मेडिकल कराया जा रहा है। उधर, घटना के बाद से चाचा फरार है, पुलिस उसकी तलाश कर रही है। इलाके के एक गांव के रहने वाली 13 साल की बच्ची के पिता ने थाने में दिए तहरीर में बताया कि नौ दिसम्बर को अपने भाई और 13 साल की अपनी बेटी को साथ लेकर गाँव से कुछ दूरी पर स्थित एक दूसरे गांव में शादी समारोह में शामिल होने गया था। रात में करीब आठ बजे बेटी ने घर जाने की जिद करना शुरू कर दिया। मैने अपने भाई के साथ उसे घर भेज दिया। रात में करीब दस बजे जब मैं घर पहुंचा तो पता चला कि बेटी अभी तक घर नहीं पहुंची है। भाई भी घर नहीं पहुंचा था। घर और गांव में तलाश करने के बाद वापस फिर उन्हें ढूढ़ने निकला और गाँव के बाहर पहुंचा तो देखा कि बेटी अर्द्धनग्न अवस्था में खड़ी होकर रो रही थी। वह पूरी तरह से डरी व सहमी थी। घर ले आने के बाद उसने अपनी मां से अपने साथ हुई घटना के बारे में बताया। बेटी के साथ रेप की घटना सामने आने के बाद उसके पिता ने अपने सगे भाई के खिलाफ केस दर्ज कराया। उधर, घटना के बाद से ही भाई फरार है पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

# टेंट व्यवसायी का फंदे से लटकता मिला शव

**मिल्कीपुर, अयोध्या।** खंडासा थाना क्षेत्र के शिवदासपुर ग्रंण्ट निवासी टेंट व्यवसायी का शव खुर्दहा चौराहे पर स्थित उसकी दुकान में शुक्रवार को सुबह फंदे से लटका हुआ मिला। जिसके बाद हडकम्प मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शिवदासपुर ग्रण्ट निवासी टेंट व्यवसायी अरुण कुमार यादव 40 वर्ष पुत्र स्वर्गीय महाराज दीन यादव खुर्दहा चौराहे पर किराए का मकान लेकर टेंट की दुकान करता था शुक्रवार को भोर में ही वह किसी को सामान देने की बात बताकर अपने घर से दुकान आया था सुबह काफी देर तक दुकान नहीं खुली तो परिवार वाले मौके पर पहुंचे तो देखा सारे दरवाजे अंदर से बंद है अनहोनी की आशंका होने पर पुलिस को सूचना देने के बाद कमरे का दरवाजा तोड़कर कमरा खोला गया तो अरुण कुमार कमरे के अंदर फंदे से लटक रहा था मृतक के भतीजे मधुर की सूचना पर पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर पीएम के लिए भेज दिया। हालांकि युवक के आत्महत्या किए जाने का कोई कारण अब तक नहीं पता चल सका है। क्षेत्राधिकारी मिल्कीपुर कोमल प्रसाद मिश्र ने बताया कि शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# ओडीओपी के जरिए लिखी जायेगी विकास की नई इबारतः उदयभान

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**प्रदेश के** लघु, मध्यम उद्योग (एमएसएमई) राज्य मंत्री चौधरी उदयभान सिंह ने कहा है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में मनसा, वाचा, कर्मणा प्रदेश के समग्र विकास के लिए अपनी कई खूबियों के कारण पूर्वांचल का खास महत्व रहा है। यह पूरा क्षेत्र इतिहास, प्राकृतिक संपदा और कर्मठी लोगों के नाते जाना जाता रहा है। उस पूरे क्षेत्र में कुटीर उद्योग और हस्तशिल्प की बेहद समृद्ध परंपरा रही है। ऐसे में एक जिला, एक उत्पाद (ओडीओपी) के जरिए पूर्वांचल के समग्र विकास की नई कहानी लिखी जाएगी। एमएसएमई राज्य मंत्री उदभायन सिंह शुक्रवार को पूर्वांचल के समग्र और सतत विकास पर आयोजित संगोष्ठी को आनलाइन संबोधित कर रहे थे। गोरखपुर विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय वेबिनार व संगोष्ठी के जरिए जुड़े विशेषज्ञ साथ बैठे ताकि मुख्यमंत्री की मंशा के मुताबिक समृद्धतम पूर्वांचल का खाका तैयार कर उन पर अमल किया जाए। बतौर मुख्य वक्ता अपर मुख्य सचिव, एमएसएमई नवनीत सहगल ने कहा कि पूर्वांचल उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था का नया हॉटस्पॉट बनेगा। पूर्वांचल, दुनिया की सबसे उर्वर भूमि, प्रचुर पानी, आबादी के रूप में भरपूर मानव संसाधन एवं बाजार, हर जिले में हस्तशिल्प की सम्पन्न परंपरा सरीखी खूबियों के नाते कभी देश के संपन्नतम इलाकों में होता था। उन्होंने कहा कि वैश्विक महामारी कोरोना में चीन के प्रति दुनिया का रवैया बदला है। वहां निवेश करने वाले भारत समेत दूसरे देशों में अपना निवेश ले जाना चाहते। जापान जैसे देश तो इसके लिए अपने निवेशकों की मदद भी कर रहे हैं। ऐसे में यह उत्तर प्रदेश खास कर पूर्वांचल के लिए बेहतरीन अवसर भी है। सीएम आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में पूर्वांचल का पुराना गौरव लौटने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। यहां खेतीबाड़ी, सर्विस सेक्टर और एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) के क्षेत्र में असीम संभावनाएं हैं।

## पराली व कचरा प्रबंधन का इकोनॉमी मॉडल तैयार करे सरकारः चंद्र प्रकाश

**उद्योगपति,** गैलेंट इस्पात के सीएमडी चंद्र प्रकाश अग्रवाल का सुझाव था कि सरकार क्षेत्र के अनुसार संभावनाओं को चिन्हित करे। जैसी इकाइयां लगनी हैं, उन्ही के अनुसार बुनियादी सुविधाएं विकसित करें। उन्होंने पराली और कचरा प्रबंधन के इकोनॉमी मॉडल तैयार करने की सलाह दी। उनके मुताबिक इससे ऊर्जा, कम्पोस्ट बनाया जा सकता है। ऐसा हुआ तो स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिहाज से भी बेहतर होगा। अर्थशास्त्री डॉ. उमेश सिंह ने खाद्य प्रसंस्करण की संभावनाओं, इससे पैदा होने वाले रोजगार और पोषण सुरक्षा के बारे में बताया। डॉ. मनोज कुमार अग्रवाल ने कहा कि अंधानुकरण की बजाय हम अपनी जरूरत के अनुसार विकास मॉडल तैयार करें। कार्यक्रम का संचालन डॉ. संजीत कुमार ने किया।

# कैडेटों ने रैली निकालकर दिया जागरूकता का संदेश



**गोरखपुर।** कबूतरी देवी राजेश्वर त्रिपाठी स्मारक पीजी कॉलेज बालेंद्रपुरी डुमरी खास में संचालित एनसीसी की 15 वीं बटालियन एवं 44 वीं बटालियन के कैडेटों द्वारा राष्ट्रीय स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दिग्विजय नाथ चौबे ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। 15 वीं बटालियन से एनसीसी के अधिकारी सीएचएम टी. बहादुर सुबेदी ने कैडेटों को अनुशासन के साथ स्वच्छता कार्यक्रम का संचालन किया। 44 वीं बटालियन के एस एम तेज बहादुर थापा ने एनसीसी कैडेट को विभिन्न प्रकार से प्रेरित कर स्वच्छता हेतु जागरूक किया। महाविद्यालय के एनसीसी सीटीओ बंदिता त्रिपाठी व कामना त्रिपाठी ने छात्रों को सफाई हेतु जागरूक किया।

## कमिश्नर ने कई कार्यालयों का किया औचक निरीक्षण

**अयोध्या।** मण्डलायुक्त एमपी अग्रवाल द्वारा आज संयुक्त निदेशक कृषिए उप निदेशक, कृषि, उप निदेशक भूमि संरक्षण, अधीक्षण अभियन्ता एकादश सिचाई मण्डल, अधिशाषी अभियन्ता बाढ़ खण्ड कार्यालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान आधा दर्जन कर्मचारियो के साथ.साथ संयुक्त निदेशक कृषि मधुवन यादव एवं अधिक्षण अभियन्ता सिचाई संतोष कुमार सिंह अनुपस्थित पाये गये। इस अधिकारियोध्कर्मचारियो से स्पष्टीकरण मांगते हुए आयुक्त ने आवश्यक कार्यवाही हेतु संबंधित विभाग के वरिष्ठ अधिकारियो को लिखा जायेगा। मण्डलायुक्त ने कहा कि समय से अधिकारी, कर्मचारी कार्यालय आये तथा फील्ड में भ्रमण में जाते है तो इसकी सूचना कार्यालय में रखें एवं कोविड प्रोटोकाल का पालन करते हुए आम जनमानस की समस्याओ का निराकरण भी करे।

# यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं प्रदान करने के लिए सरकार कटिबद्धः लल्लू



**अयोध्या।** यात्रियों के लिए फैजाबाद दिल्ली एक्सप्रेस ट्रेन पुन: प्रारम्भ हो गयी। सासंद लल्लू सिंह के इसके लिए प्रयासरत थे। शुक्रवार को फैजाबाद जंक्शन पर ट्रेन से यात्रा करने वाले यात्रियों को सांसद लल्लू सिंह ने मास्क, सेनिटाईजर, ग्लब्स का वितरण किया। इसके साथ में यात्रियों कों गुलाब भेंट करके स्वागत किया। सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं व यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं प्रदान करने के लिए सरकार कटिबद्ध है। पयर्टन व यात्री सुविधाओं के विकास के प्लान के तहत अयोध्या में अंतराष्ट्रीय मानकों को पूरा करते भव्य स्टेशन का निर्माण, फैजाबाद जंक्शन का नवनिर्माण व सौन्दयीकरण, रामघाट स्टेशन को पूर्ण स्टेशन का दर्जा देकर उसका विकास के साथ कोलडिपो, मालगोदाम का स्थानांतरण, दोहरीकरण तथा विद्युतीकरण का कार्य प्रगति पर है। इन सभी कार्यो को युद्ध स्तर पर संचालित करने हुए निर्धारित समय में पूर्ण किया जायेगा। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्पों को धरातल पर यर्थाथ रुप में लाने के लिए रेलमंत्री पियूष गोयल के नेतृत्व में रेलवे विभाग प्रतिबद्ध है। अयोध्या का विकास केन्द्र व प्रदेश सरकार की प्राथमिकताओं में है। विकास की रश्मि से पूरी अयोध्या को प्रकाशित करने के लिए योजनाओं की श्रंखलाएं प्रदान की गयी है। इस अवसर पर सांसद के नगर निगम क्षेत्र के प्रतिनिधि मनमोहन जायसवाल, शीतला पाण्डेय, मुरारी यादव, बृजेन्द्र जायसवाल, रेलवे विभाग के आर आर रिजवी, अजय सिंह, आरके उपाध्याय मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### सपा जिलाध्यक्ष समेत 48 के विरुद्ध मुकदमा

**गोरखपुर।** किसान आंदोलन के समर्थन में सड़क पर उतर कर धरना प्रदर्शन करना सपाइयों को महंगा पड़ गया। गुलरिहा थानेदार रवि राय ने तहरीर में लिखा है कि विगत दिनों बिना अनुमति के सपा जिलाध्यक्ष रामनगीना साहनी, पिपराइच की पूर्व विधायक राजमति के बेटे अमरेंद्र निषाद अपने समर्थकों के साथ सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे। पुलिस ने रोकने का प्रयास किया तो थाने के सामने गोरखपुर - महराजगंज मार्ग जाम कर दिया। जिसकी वजह से अफरा-तफरी मच गई। व्यापारियों ने अपनी दुकानें बंद कर ली। पुलिस ने हटाने का प्रयास किया तो धक्का-मुक्की करने लगे। किसी तरह से सपा नेताओं व उनके समर्थकों को हटाया गया। पुलिस ने उक्त के साथ मदन यादव, एहतेश्याम खां, गौरी यादव, राघवेंद्र यादव, बेचू यादव, सद्दाम हुसैन, बाबूराम फौजी, मनमोहन, अयूब सिद्दीकी, अखिलेश यादव, नागेंद्र यादव, ओमप्रकाश, मनीष पांडेय, ओमप्रकाश यादव, देवेंद्र यादव, गवीश दूबे, धर्मेंद्र यादव, श्रीराम सिंह यादव, देवीदीन यादव, जितेंद्र सिंह, परशुराम निषाद, प्रदीप यादव, बिंदा देवी, कंचन श्रीवास्तव, लक्ष्मी शर्मा और 20 अज्ञात लोगों के विरूद्ध बलवा, सरकारी काम में बाधा डालने, आवागमन बाधित करने समेत गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

### शशि हत्याकांड का मुख्य अभियुक्त व सेन परिवार के करीबी का पेड़ से लटकता मिला शव

**मिल्कीपुर, अयोध्या।** शशि हत्याकांड का मुख्य अभियुक्त व सेन परिवार के करीबी का पेड़ से लटका हुआ शव बरामद हुआ है। लोगों ने आत्महत्या की आशंका व्यक्त की है।बताया गया कि इनायतनगर थाने के हैरिंग्टनगंज पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम डीह भरथी निवासी विजयसेन यादव पुत्र स्वर्गीय केशवराज यादव का शव उनके पैतृक निवास ग्राम डीह भरथी में गांव से सटे बाग में आम के पेड़ से गले में फांसी का फंदा लगाकर लटकते देखा गया। विजय सेन यादव मिल्कीपुर के बहुचर्चित शशि हत्याकांड का मुख्य अभियुक्त था। इसी हत्याकांड की वजह से पूर्व सांसद मित्रसेन यादव के सुपुत्र आनंदसेन यादव का मंत्री पद चला गया था। शशि हत्याकांड में विजयसेन के साथ पूर्व मंत्री आनंदसेन यादव भी हत्याभियुक्त थे। बाद में उन्हें नारको टेस्ट व अन्य प्रक्रिया से गुजरने के बाद जांच में क्लीन चिट दे दी गई थी। विजयसेन जेल में सजा काटकर अभी कुछ वर्ष पहले ही अपने पैतृक घर आया था। ग्रामीणों ने घटना की सूचना स्थानीय पुलिस चौकी प्रभारी राजेश मिश्रा को दी। मौके पर पहुंचे हैरिंग्टनगंज चौकी प्रभारी राजेश कुमार मिश्र ने बताया कि ग्रामीणों का कहना है कि विजय सेन ने पत्नी से विवाद में आम के पेड़ से लटक कर आत्महत्या कर लिया है। मृतक के शव का पंचायत नामा करके पोस्टमार्टम में लाश भेजने की कार्यवाही की जा रही है।

### नहीं थम रहा कोहरे का प्रकोप, तापमान में गिरावट से बढ़ी ठंड

**अंबेडकरनगर।** जिले में कोहरे का प्रकोप थम नही रहा है। कोहरे के कारण ट्रेनों का निरस्त होना शुरू हो गया है जिसके कारण यात्रियों को रेलवे स्टेशन पर पंहुचकर लौटने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। लगातार पड़ रहे कोहरे से तापमान में गिरावट आती जा रही है। लोग ठंड से कांपते देखे जा रहे हैं लेकिन जिला प्रशासन अथवा नगर पालिका प्रशासन ने अभी तक कहीं भी सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलवाये जाने की व्यवस्था नही की है। परिणाम स्वरूप ट्रेन व बस से देर शाम अथवा रात में जिला मुख्यालय पर पंहुचने वाले यात्री ठंड से कांपते देखे जा सकते हैं। जिला मुख्यालय पर स्थापित रैन बेसेरों की हालत भी बदतर देखी जा रही है। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 23 व न्यूनतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। कोहरे के बावजूद हवा न चलने के कारण लोगों को कड़ाके की ठंड से अभी तक निजात मिली है। लगातार चौथे दिन आसमान में बादल छाये रहने के कारण सूर्य की किरणें धरती तक नही पंहुच पा रही हैं। स्थिति यह है कि शाम होते ही सड़कें सन्नाटे में डूब जाती हैं।

## लगातार चौथे दिन निकली सपा की किसान जागरूकता यात्रा

**अंबेडकरनगर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के आह्वान पर शुक्रवार को चौथे दिन की 'किसान यात्रा पूर्व मंत्री राममूर्ति वर्मा के निर्देशानुसार ग्राम आसोवापार मोहरई से प्रारम्भ होकर असमानपटी, कहरा सुलेमपुर, भौवसिमपुर, परस कटुई, कटॉत मजीसा, चकिया लेहणी से होते हुए रामनगर नरसिंहपुर पलई में सम्पन्न हुई।किसान यात्रा' में पार्टी की तरफसे जारी आह्वान पत्रक का वितरण कर 'किसानों की आय बढ़ाओं और खेती किसानी बचाओं' जैसें गम्भीर मुद्दे पर ग्रामवासियो को जागरूक किया गया।पूर्व मंत्री राममूर्ति वर्मा ने कहा की भाजपा सरकार किसानों की फसलों को कॉरपोरेट के हाथों देकर एमएसपी को खत्म करना चाहती है। समाजवादी पार्टी ने किसानों के खेतों के लिए नहर से लेकर खाद सस्ती करने का काम किया था। भाजपा सरकार पूरी तरह से किसानों की दुश्मन सरकार बन गई है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से चन्द्रिका प्रसाद यादव, उत्तम चौधरी, मो एबाद, हरिराम मौर्य, राजेन्द्र प्रसाद चौधरी, प्रत्यूष चौधरी, रामदेव अम्बेश आदि मौजूद रहे।

# मुख्य विकास अधिकारी ने पुष्टाहार प्रशिक्षण वैन को हरीझंडी दिखाई




संवाददाता। अंबेडकरनगर

**राष्ट्रीय** ग्रामीण आजीविका मिशन के स्वयं सहायता समूहों को केंद्र व राज्य सरकार द्वारा रोजगार देने हेतु नित नये कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में बाल विकास पुष्टाहार विभाग के पुष्टाहार उत्पान व वितरण का काम समूह को दिया जा रहा है।उत्पादन इकाईयों के पदाधिकारियों एवं प्रोफेशनलों का दो दिवसीय प्रशिक्षण का बक्शी का तालाब, लखनऊ में आयोजित किया गया है। प्रत्येक विकास खण्ड से दो-दो चयनित महिला उद्यमियों तथा ब्लाक मिशन प्रबंधकों, जिला रिसोर्स पर्सन तथा जिला मिशन प्रबंधक को प्रशिक्षण के लिए ले जा रही गाड़ी को मुख्य विकास अधिकारी घनश्याम मीणा द्वारा विकास भवन से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इस मौके पर उपायुक्त स्वत:रोजगार आर0बी0यादव, जिला मिशन प्रबन्धक आशीष गुप्ता, अतुल चौधरी व जितेंद्र यादव तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्य स्टाफ भी उपस्थित थे। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि महिलाओं को पूरी सावधानी एवं सुरक्षा के साथ ले जाया जाय तथा वापसी में सुरक्षित उनके घरों तक पहुंचाया जाय। प्रशिक्षण के लिए जा रही महिलाओं से कार्य के विषय मे मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जानकारी ली गई तथा प्रशिक्षण को गंभीरता से सीखने की सलाह दी गई।

# कृषि विश्वविद्यालय में प्राकृतिक खेती पर मंथन

**मिल्कीपुर, अयोध्या।** भारत में हरित क्रांति के नाम पर अंधाधुन्ध रासायनिक उर्वरकों, हानिकारक कीटनाशको, हाइब्रिड बीजों एवं अधिकाधिक भूजल उपयोग से भूमि की उर्वरा शक्ति, उत्पादन, भूजल स्तर और मानव स्वास्थ्य में निरंतर गिरावट आई है। किसान बढ़ती लागत एवं बाजार पर निर्भरता के कारण खेती छोड़ रहे हैं और आत्महत्या तक करने पर मजबूर हो रहे हैं। बाद में आई विदेशी तकनीक जैविक खेती वर्मी कंपोस्ट, कंपोस्ट बायोडायनामिक भी जटिल होने के कारण अंतत: किसानों को बाजार पर ही निर्भर बनाती है। आवश्यकता है कि ऐसी कृषि पद्धति की जिसमें किसान को बार.बार बाजार न जाना पड़े, उत्पादन न घटे, खेत उपजाऊ बने रहे एवं मानव रोगी ना बने इसके लिए आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या के कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह के नेतृत्व में ग्रामीण क्षेत्रों की उन्नत हेतु कार्यरत संगठन लोक भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री बृजेंद्र पाल सिंह, राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री गोपाल, संपर्क प्रमुख कृष्ण चौधरी एवं विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों के साथ विश्वविद्यालय द्वारा किसानों के कल्याण हेतु संकल्पित डेरी आदि फार्मों का अवलोकन करए कुलपति के सभाकक्ष में एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें प्राकृतिक खेती के जीरो बजट तकनीक को किसानों के बीच और सुदृढ़ तरीके से पहुँचाने। पद्मश्री सुभाष पालेकर प्राकृतिक कृषि अभियान का किसानों की आय संवर्धन और प्रकृति संरक्षण में योगदान देने, देशी गाय की कृषि में उपयोगिता, वीजामृत, घनजीवामृत, जीवामृत, दशपर्णी, अर्क एवं मल्चिंग जैसे आदि जैविक पदार्थों का खेती में महत्व के साथ विश्वविद्यालय में किसानों के लिए जीरो बजट प्राकृतिक खेती का प्रदर्शन फार्म तैयार करने के साथ ही साथ किसानों की आय संवर्धन करने और प्रकृति क्षरण को रोकथाम के लिए चर्चा कर, सुझाव दिए गए।

पायनियर
लखनऊ, शनिवार, 12 दिसंबर, 2020



# नया संसद भवन

## प्रधानमंत्री द्वारा शिलान्यास

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने 21वीं शताब्दी की आवश्यकताओं हेतु प्रस्तावित नई संसद का भूमि पूजन किया। उन्होंने शिलान्यास के बाद भाषण करते हुए कहा कि संसद की नई इमारत पुराने और नए का सम्मिश्रण होगी। उन्होंने सचेतन ढंग से अतीत के साथ निरंतरता पर जोर देते हुए कि लोकतंत्र ने हमें ऐतिहासिक प्रेरणा दी है, वह हमारी आत्मा में है तथा 'जल्द ही दुनिया कहेगी कि भारत लोकतंत्र की माता है।' प्रधानमंत्री का भाषण अच्छे उद्देश्यों से प्रेरित था और संभवत: लोकतंत्र की सहभागी व समावेशी प्रकृति की आलोचना करने वालों को जवाब भी था। कुछ ही समय पहले केन्द्रीय मंत्री रवि शंकर प्रसाद को नीति आयोग के सीईओ अमिताभ कांत के इस बयान का असर समाप्त करने के लिए मैदान में उतरना पड़ा था जिसमें 'अति लोकतंत्र' के खतरे की ओर इशारा किया गया था। एक वेबिनार में अमिताभ कांत ने कहा था कि भारत में सुधारों को आगे बढ़ाना 'कठिन' है क्योंकि यहां 'बहुत अधिक लोकतंत्र' है। दुर्भाग्य से यह चीनी विश्लेषकों के उन बयानों की तरह था जिनका विश्वास है कि भारत में लोकतंत्र बाधा डालने वाला है। शायद उनके कथन का संदर्भ आंदोलनकारी किसान थे जो सरकार द्वारा पास नए कृषि कानून स्वीकारने को तैयार नहीं हैं। किसान बाजार अर्थव्यवस्था के ज्यादा खिलाफ नहीं हैं, लेकिन वे सरकार द्वारा दिए स्पष्टीकरणों से संतुष्ट नहीं हैं। उनको बड़े खाद्य निगमों से उचित मूल्य मिलने की उम्मीद नहीं है क्योंकि न्यूनतम समर्थन मूल्य-एमएसपी ही वर्तमान समय में लाभदायक नहीं हैं और वे खुले बाजार से प्रभावित होंगे। हालांकि, नए कानून कृषि क्षेत्र में ढांचागत सुधारों की



आवश्यकता उजागर करते हैं, पर किसान चाहते हैं कि कर्जों का सामना करते हुए उनका और शोषण न हो। कोई यह उम्मीद नहीं करता कि सरकार हमेशा कल्याणकारी भूमिका निभाए, पर उससे अपने वादों पर चलने की उम्मीद जरूर की जाती है। सरकार को किसानों का साथ देते हुए आंदोलन के इरादों पर संदेह से बचना चाहिए।

संसद में नए कानून पेश करने से पहले कोई सर्वदलीय सभा नहीं की गई और न किसान प्रतिनिधियों से बातचीत हुई। कृषि कानूनों को ध्वनि मत से पास करवाना भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन-राजग के अति आत्मविश्वास का प्रमाण था। सामान्य रूप से विवादास्पद विधेयकों पर खुली चर्चा होती है या उनको संबंधित संसदीय समितियों में भेजा जाता है जहां उन पर सावधानी से मतभेद दूर किए जाते हैं। विधेयकों पर सदन में भारी विरोध के बावजूद अध्यक्ष ने ध्वनि मत से इनको पास करना ठीक समझा। सरकार के पास लोकसभा में भारी संख्याबल है और राज्यसभा में विपक्ष कभी-कभी भावनात्मक व्यवहार करने लगता है। पिछले संसद सत्र में प्रश्न काल समाप्त करने से भी आशंका पैदा हुई थी कि सरकार शायद चर्चा का दायरा सीमित करना चाहती है। आने वाला समय ही बताएगा कि कब विपक्ष समान स्तर पर आ पाएगा तथा कार्यपालिका पर नियंत्रण एवं संतुलन लागू करने में प्रभावी होगा। नीतियों पर बेहतर स्पष्टता के लिए सत्तारूढ़ पक्ष के सदस्य भी मंत्री से सवाल पूछ सकते हैं। ऐसे में प्रश्न काल समाप्त करने का अर्थ सांसद की प्रासांगिकता घटाना है। इन परिस्थितियों में 'बहुत अधिक लोकतंत्र' की बात समझ से परे है। यह इसलिए भी अनुचित है कि प्रधानमंत्री संसद में लिए हर निर्णय को पवित्र तथा लोकतंत्र मजबूत करने वाली ईंट की तरह मानते हैं। सरकार को किसी भी स्थिति में यह भावना पैदा नहीं होने देनी चाहिए कि लोकतंत्र से प्रगतिशील कार्रवाई धीमी पड़ती है अथवा यह सुधार-विरोधी है। लोकतंत्र प्रगति को गति देता है और लोगों द्वारा विरोध करने की नौबत आने पर ही यह कमजोर हो सकता है। यदि सरकार खुले मन से सभी प्रदर्शनकारियों से बात करे तथा उनकी बात सुन कर अपने कथन को अंतिम न माने तो विरोध प्रदर्शन और आंदोलन इस स्तर तक नहीं पहुंचेंगे जिस स्तर तक वर्तमान किसान आंदोलन पहुंच गया है। सरकार को लगता है कि प्रदर्शनकारियों को निहित स्वार्थी तत्वों ने भरमाया है, जबकि किसान अपने भले-बुरे का निर्णय स्वयं कर सकते हैं।

# भारतीय संस्कृति के वारिस

### सारी दुनिया भारत से बड़ी भूमिका निभाने की उम्मीद करती है। ऐसे में हर छात्र को भारतीय संस्कृति की शक्ति व उसकी अंतर्निहित वैश्विकता आत्मसात करनी चाहिए।

**जे एस राजपूत**
लेखक शिक्षा व सामाजिक एकजुटता हेतु कार्यरत हैं)





बीसवीं शताब्दी के मध्य में 'वृद्धि, प्रगति व विकास' अधिकांश विकासशील देशों में नीति निर्माताओं के प्रमुख संचालक बने। विकसित देश इसके लिए 'विचार, रणनीतियां व विशेषज्ञ' देने के बहुत इच्छुक थे जिसके कारण किसी से छिपे नहीं हैं। इससे पश्चिम में यह सोच विकसित हुई कि उसके पूर्व उपनिवेश परोक्ष रूप से विचारों, कल्पना और पहल को दबा रहे हैं, जबकि इनमें से हर देश की मिट्टी में ज्ञान और खोज की परंपरा अंतर्निहित थी। इन देशों में बाहरी हस्तक्षेप के प्रति जागरूकता विकसित हुई। इससे ऐसी पहलें विकसित हुईं जिनकी 'जड़ें संस्कृति में निहित थीं और वे प्रगति के लिए प्रतिबद्ध थीं।' 1937 में भारत ने शिक्षण क्षेत्र में बुनियादी तालीम का विचार विकसित कर लिया था। महात्मा गांधी द्वारा तैयार इस विचार का उद्देश्य आरोपित विदेशी व्यवस्था का स्थान लेना था। इसका केन्द्र भारतीय संस्कृति व विरासत में विद्यमान सर्वोत्तम तत्वों को ग्रहण करते हुए सुनिश्चित करना था कि बच्चे किसी मामले में कमजोर न रहें। नई शिक्षा नीति-एनईपी का लक्ष्य है कि आने वाले समय में बच्चे न केवल भारत में, बल्कि वैश्विक स्तर पर महत्वपूर्ण भूमिका अदा करें। सारी दुनिया भारत से बड़ी भूमिका निभाने की उम्मीद करती है। ऐसे में हर छात्र को भारतीय संस्कृति की शक्ति व उसकी अंतर्निहित वैश्विकता आत्मसात करनी चाहिए।

टिकाऊ विकास लक्ष्य या एसडीजी-17 मानवता के साझा हितों की वैश्विक अभिव्यक्ति है। 2030 तक प्राप्त करने वाले इन लक्ष्यों में शिक्षा एसडीजी-4 है। इसका उद्देश्य 'सबको आजीवन सीखने का अवसर प्रदान करते हुए समावेशी व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करना' है। लक्ष्य 4.7 के अनुसार, '2030 तक सुनिश्चित करें कि सभी छात्रों के पास टिकाऊ विकास सुनिश्चित करने का ज्ञान व कौशल हो। इनमें टिकाऊ जीवनशैली, मानवाधिकार, जेंडर समानता, शांति व अहिंसा की संस्कृति को बढ़ाव, वैश्विक नागरिकता व सांस्कृतिक विविधता की स्वीकार्यता तथा टिकाऊ विकास की संस्कृति शामिल हैं।' एनईपी 2020 में इन सबको शामिल किया गया है। इसकी भूमिका में कहा गया है कि 'न्यायोचित समाज तथा राष्ट्रीय विकास को प्रोत्साहित करने के लिए पूरी क्षमता प्राप्त करने हेतु शिक्षा मूल आधार है।' इसमें सीखने की वर्तमान व्यवस्था बदलने की आवश्यकता पर जोर देते हुए सुनिश्चित करने का प्रयास है कि शिक्षा को देश की मिट्टी से जोड़ा जाए जिसमें संस्कृति महत्वपूर्ण है। महात्मा गांधी ने 9 मई, 1936 को हरिजन में लिखा था, 'हमारे समय की भारतीय संस्कृति बन रही है। हम में से अनेक सभी संस्कृतियों का मिश्रण तैयार कर रहे हैं जो एक दूसरे से टकराव की स्थिति में हैं। कोई भी संस्कृति तब तक जीवित नहीं रह सकती है जब तक वह समावेशी होने का प्रयास न करे।' इस संदर्भ में गांधीजी सभी यूरोपीय व पश्चिमी संस्कृतियों का सम्मान करते थे। उन्होंने 1931 में लिखा था, 'मैं साहसपूर्वक कहना चाहता हूं कि यदि वे अपनी आरामतलबी के बोझ से दब कर नष्ट होना और उसका गुलाम नहीं बनना चाहते हैं तो यूरोपियों को स्वयं अपने दृष्टिकोण में परिवर्तन करना होगा।'

दुर्भाग्य से बाद में भौतिकतावादी शानोशौकत सारी मनुष्यता पर छा गई और उसने धीरे-धीरे आध्यात्मिक खोज पर बढ़त प्राप्त कर ली। भारत का भविष्य प्रकृति व जीवन तथा हर संभव विविधता के प्रति परंपरागत सम्मान में निहित है। यह भावना 'एकम् सद् विप्रा: बहुधा वदन्ति' से स्पष्ट होती है। ऐसी दार्शनिक सोच में किसी संस्कृति, धर्म या विश्वास के प्रति घृणा की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। महान इतिहासकार अर्नोल्ड टायनबी का यह कथन अक्सर याद किया जाता है कि पश्चिमी सोच से शुरू होने वाले हर अध्याय की समाप्ति भारतीय होनी चाहिए। उनके अनुसार यह मानवजाति को आत्मविनाश से बचाने के लिए जरूरी है। क्या भारत और उसकी विरासत की इससे बड़ी कोई स्वीकार्यता हो सकती है? महात्मा गांधी ने लिखा था कि प्रकृति के पास सबकी आवश्यकतायें पूरी करने के लिए संसाधन हैं, पर किसी एक के लालच के लिए नहीं। इस कथन से वे अपरिग्रह व संग्रह न करने के शाश्वत मूल्य प्रकट कर रहे थे। अब भारत की जिम्मेदारी है कि वह यह वैश्विक जिम्मेदारी पूरी करे तथा अपनी संस्कृति पुनर्जीवित कर उससे शिक्षा प्राप्त करे।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के विकास ने भौतिक दूरियां घटा कर फौरन समाज के अंतिम व्यक्ति से संपर्क करना संभव बना दिया है। ऐसे में जनसंख्या की विविधता अपरिहार्य हो गए हैं। गरीबी, भूख, हिंसा और आतंकवाद के कारण मनुष्यों का विस्थापन बढ़ा है। जब लोग बड़ी संख्या में विस्थापित होते हैं तो वे अपना धर्म, भाषा, संस्कृति, परंपराओं और व्यवहारों को साथ ले जाते हैं। इसका मानव जीवन के हर आयाम में विविधता की स्वीकार्यता पर प्रभाव पड़ता है। इससे मतभेद व्यापक हो कर अचानक हिंसक टकराव पैदा हो सकते हैं। इस दृष्टिकोण से हाल में और अतीत में फ्रांस में हुई घटनायें गंभीर चिन्ता का विषय हैं। एक संस्कृति, एक भाषा और एक धर्म का अनुभव करने वाले देशों के लिए यह स्थिति खासकर कठिन है। पिछले तीन दशकों में वैश्विक स्तर पर स्वीकार किया गया है कि मानवता के समक्ष एक सबसे बड़ी चुनौती 'एकसाथ रहना सीखना' है। बहुत से लोगों को अक्सर विश्वासों व धर्मों की विविधता की भारतीय परंपरा में स्वीकार्यता से आश्चर्य होता है। जानबूझ कर विकृत न करने और बाहरी तत्वों द्वारा प्रभावित न करने की स्थिति में हम हमेशा परस्पर सम्मान की परंपरा पर चलते रहे हैं। क्या सम्राट अशोक द्वारा कलिंग युद्ध में हुए भयंकर नरसंहार के बाद बौद्ध धर्म स्वीकार करने को अनदेखा किया जा सकता है? उनके शिलालेखों में 'सभी धर्मों के मूल सिद्धान्तों को आगे बढ़ाने' की भावना प्रकट होती है।

उनका बारहवां शिलालेख आज भी प्रासांगिक और वैश्विक रूप से स्वीकार्य है। इसके अनुसार, 'मूल सिद्धान्तों की प्रगति अनेक रूप लेती है, पर उसका आधार अपनी वाणी पर नियंत्रण करना है ताकि अपने या दूसरे धर्म के बारे में अनुपयुक्त बात न कही जाए। हमें दूसरे धर्मों का सम्मान करते हुए अपने धर्म का प्रभाव बढ़ाना तथा उससे दूसरों को लाभान्वित करना चाहिए। इसका उल्टा करने से अपने धर्म का प्रभाव घटेगा तथा दूसरे मनुष्यों को नुकसान होगा।' इससे स्पष्ट है कि भारतीयों ने दूसरे लोगों से बहुत पहले 'एक साथ रहना' सीख लिया था।

वर्तमान समय में मानव अस्तित्व पर संकट है। यह स्वीकार किया जाना चाहिए कि धर्म की गलत व्याख्या दुष्ट तत्वों द्वारा मतभेद पैदा करने का सबसे आसान तरीका है। अशोक के वारिस होने के नाते सभी भारतीयों को उनके बताए रास्ते पर चलना जरूरी हो गया है।

प्रत्येक पीढ़ी को अपनी 'आत्मस्वीकृति' स्वयं तैयार करनी होती है। के.एम. मुंशी ने अपने लेख 'सिग्नीफिकेंस एंड वाइटेलिटी आफ कल्चर' में लिखा था, 'जीवन्त संस्कृति प्रतिभाशाली युवकों युवतियों के आधारभूत मूल्यों को प्रभावित करती है। यह संवेदनशीलता उनको एक मानव प्रयोगशाला में बदल देती है जो मूल मूल्यों को समय की आवश्यकताओं के अनुसार नए विचारों में परिवर्तित करती है। इससे पैदा नई व्याख्यायें परंपराओं व संस्थाओं को नए रूप देती हैं और सामूहिक इच्छाशक्ति को कोई नुकसान नहीं पहुंचाती हैं।' यह कथन व्यक्ति, परिवार, समाज, शिक्षा और संस्थाओं के समक्ष आ रही चुनौतियों को भी परिभाषित करता है। नौजवानों और भारत को अवसर के अनुकूल उठ खड़े होना है।

# एएमयू की जड़ों में निहित है समन्वयात्मक संस्कृति

> "सैय्यद अहमद खान का मानना था कि भारतीय राष्ट्रवाद पंथनिरपेक्ष तथा हिन्दू व मुस्लिम संस्कृतियों के समन्वय पर आधारित था।"

**एम जे वारसी**
(लेखक एएमयू में भाषा विभााग के अध्यक्ष हैं)



आधुनिक शिक्षा के प्रसार के साथ-साथ ब्रिटिश राज ने भारतीय समाज में बहुत से बदलावों को जन्म दिया। विश्व के बारे में इस जागरूकता ने भारतीयों में अपने धर्म से परे हटकर राष्ट्रवाद की भावना जाग्रत की। इन राष्ट्रवादी भावनाओं को राजनीतिक, सामाजिक-सांस्कृतिक एवं धार्मिक प्रक्रियाओं एवं गतिविधियों के माध्यम से अभिव्यक्ति मिली। ज्ञान से प्रकाश से ओत-प्रोत व्यक्तिओं में सभी धर्मों के अनुयायी शामिल थे जिन्होंने समाज तथा विशेषकर अपने-अपने समुदायों में चेतना जाग्रत की।

इसके परिणामस्वरूप, विविध भारत में 19वीं शताब्दी के उत्तरार्ध में विविध सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक एवं राजनीतिक आंदोलन तथा संगठन उभरकर सामने आए। इन आंदोलनों का नेतृत्व मुख्यत: अपने-अपने समुदायों में हिन्दू व मुस्लिम नेताओं ने किया। सैय्यद अहमद खान ने अपनी वैचारिकता एवं दर्शन से भारतीय समाज को प्रभावित किया। उनकी सर्वाधिक दिलचस्पी आधुनिक एवं वैज्ञानिक शिक्षा के माध्यम से लोगों के बौद्धिक विकास में थी। वो लोगों को इसका महत्व समझाने में तथा आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होकर गरिमापूर्ण जीवन जीने योग्य बनाने में काफी हद तक सफल रहे।

सैय्यद अहमद खान का मानना था कि भारतीय राष्ट्रवाद पंथनिरपेक्ष था और हिन्दू व मुस्लिम संस्कृतियों के समन्वय पर आधारित था। वो पूरब तथा पश्चिम की ज्ञान व्यवस्था के समामेलन के पक्ष में दृढ़तापूर्वक खड़े रहे। वो हमेशा अपने विश्वास एवं दर्शन के बारे में बात करते थे, जैसे कि लोकतंत्र, राष्ट्रवाद, इस्लाम और हिन्दुत्व, हिन्दुओं और मुसलमानों के बीच संबंध तथा ब्रिटिश शासन के प्रति उनका रुख।

खालिक अहमद निज़ामी ने अपनी पुस्तक, सेक्युलर ट्रेडीशंस एट अलीगढ़ मुस्लिम यूनीवर्सिटी, में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया है कि 1857 का विद्रोह सैय्यद अहमद खान के जीवन में सबसे महानतम घटना थी, जिसने उनके व्यक्तित्व को आकार व मार्गदर्शन प्रदान दिया। विद्रोह के प्रमुख शिकार थे मुसलमान और उनके जीवन तथा संपत्तियां नष्ट कर दी गईं थीं। अत: वो आधुनिक शिक्षा के द्वारा उनकी सामाजिक व आर्थिक स्थितियों को सुधारना चाहते थे। और उसके प्रचार के लिए, उन्होंने अलीगढ़ मोहम्डन एंग्लो- ओरिएंटल कालेज की स्थापना अलीगढ़ में की थी।

कालेज एक संस्था भी था और आंदोलन भी। इसने भारतीय के बीच वैज्ञानिक शिक्षा को लोकप्रिय बनाया। शुरुआत से ही इस कालेज के द्वारा धर्म, जाति, वर्ग व श्रेणी से परे हटकर सभी के लिए खुले रखे गए थे। वे परिसर में सद्भावपूर्ण माहौल में मिलकर रहते थे, कालेज देश के प्रजातीय, बहुधार्मिक एवं बहुभाषायी चरित्र का सच्चे अर्थों में प्रतिनिधित्व करता था। इस सद्भावपूर्ण, सहकारी जीवन प्रवृत्ति ने आगे इस संस्था में एक व्यापक, सार्वभौमिक, अंतरराष्ट्रीय प्रकृति एवं पंथनिरपेक्ष अभिवृत्ति के विकास में योगदान दिया।

पंडित जवाहरलाल नेहरू ने एक बार कहा था कि, "सर सैय्यद एक कुशल सुधारक थे और वो मूलभूत विश्वासों पर हमला किए बगैर आधुनिक वैज्ञानिक विचारों को तर्कसंगत निर्वचन के द्वारा धर्म के साथ जोड़ना चाहते थे। वो नई शिक्षा को आगे बढ़ाने के लिए उत्सुक थे। वो किसी भी तरह से साम्प्रदायिक पृथकतावादी नहीं थे। उन्होंने बार-बार जोर देकर कहा था कि धार्मिक मतभेदों का कोई राजनीतिक एवं राष्ट्रीय महत्व नहीं होना चाहिए।"

ऐतिहासिक अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के कुलपति, प्रोफेसर तारिक मंसूर ने भाषण में कहा था, "अलीगढ़ आंदोलन के नाम से विख्यात, सैय्यद अहमद खान द्वारा प्रारम्भ किए गए आंदोलन ने आमतौर से भारत के लोगों व खासकर मुसलमानों के बौद्धिक एवं सांस्कृतिक पुनर्जागरण के युग का आगाज़ किया था। अलीगढ़ आंदोलन के परिणामस्वरूप 1877 में एमएओ कालेज की नींव रखी गई और 1920 में यह अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के रूप में उच्चीकृत हुआ।"

उस पंथनिरपेक्षतापूर्ण माहौल पर जोर देते हुए जो एमएओ कालेज में प्रभावी हुआ था, एस के भटनागर ने अपनी पुस्तक, 'हिस्ट्री आफ एमएओ कालेज', में कहा है, "कालेज लगभग अंत तक पंथनिरपेक्षता का मॉडल बन कर रहा। हिन्दू और मुस्लिम छात्रों ने आपस में भाईचारा काम किया और वे शांतिपूर्वक रहते तथा अपनी साझा मातृ संस्था के प्रति श्रद्धा भाव रखते थे। हिन्दू समानता के परिप्रेक्ष्य में कालेज में मिलने वाले अकादमिक, सामाजिक तथा खेल सम्मानों के लिए मुसलमानों के साथ प्रतिस्पर्धा करते थे। उन्होंने पूर्णत: योग्यता के आधार पर दाखिला लिया, पुरस्कार व पदक प्राप्त किए। वे बोर्डिंग में मुसलमानों की तरह ही सहजतापूर्वक रहते थे व कालेज के जीवन में पूर्णरूप से सहभागी होते थे।"

सैय्यद अहमद खान की दृष्टि में, हिन्दुओं और मुसलमानों के बीच कोई भेद नहीं था। वे एक थे। केवल यही नहीं, कालूज की स्थापना के समय से ही, उन्होंने गैर मुसलमानों को भी पद प्रदान किए। कुछ जाने-माने गैर मुसलमान शिक्षक जिन्होंने उस अवधि के दौरान कालेज में सेवाएं प्रदान की थीं वे थे- राम शंकर मिश्र, सरदार रंजन रॉय, भवनी चंदर चक्रवर्ती, प्यारेलाल, बृज मोहन लाल, मुशी बंसीधर, गोबिंद्र प्रसाद और बिनोदी लाल।

सैय्यद अहमद खान का शैक्षणिक कारवां हर जगह पहुंचा, जिसमें दुनिया के सभी महाद्वीप शामिल हैं। हिन्दू-मुस्लिम एकता के उनके संदेश तथा उनके शैक्षणिक आंदोलन ने लोगों को आधुनिक एवं वैज्ञानिक शिक्षा प्रदान करने हेतु विद्यार्जन की संस्थाएं स्थापित करने के लिए प्रेरित किया।

ऐसा लगता है उनका शैक्षणिक मिशन और हिन्दू-मुस्लिम एकता का संदेश पूर्व की तुलना में आज के भारत में ज्यादा प्रासंगिक है। सैय्यद अहमद खान जैसा कोई व्यक्ति सदियों में कहीं एक बार जन्म लेता है। बेहतर होगा कि हम उनके मूल्यों को आत्मसात करें।

## आप की बात

### झूठे दावों से सत्ता नहीं मिलती

**लगता** है अमेरिका में सत्ता हस्तांतरण सहजता से नहीं हो पाएगा। एक तरफ बाइडेन सरकार बनाने के लिए औपचारिक बहुमत हासिल कर चुके हैं तो दूसरी तरफ ट्रंप आपत्तियां,दावे आदि लगाकर जीत को खारिज करते जा रहे हैं। यहां तक कि वे जीत के लिए झूठा दावा करने से भी नहीं चूक रहे हैं। 20 जनवरी निश्चित रूप से अमेरिकी इतिहास में ऐतिहासिक दिन होगा। सवा महीने पूर्व अमेरिका की जन अदालत में राष्ट्रपति पद के लिए आया फैसला लगातार घमासान बनता जा रहा है। एक तरफ ट्रंप हार मानने को तैयार नहीं है तो दूसरी तरफ बाइडेन भी व्हाइट हाउस पर हर हालात में अपना वर्चस्व कायम रखना चाहते हैं। दुनिया ट्रंप की विदाई की घड़ियों और बाइडेन की ताजपोशी का इंतजार कर रही है ऐसे में भी ट्रंप हार नहीं मान रहे हैं। केलिफोर्निया से मिले 55 इलेक्टोरल कॉलेज के नतीजों ने बाइडेन को औपचारिक बहुमत हासिल करा दिया है जिससे 20 जनवरी को उनकी ताजपोशी तय हो गई है। हार से बौखलाए ट्रंप अभी भी जीत के झूठे दावे करके राष्ट्रपति बने रहने की कोशिश में है जो सफल नहीं हो पाएगी। ट्रंप ने जॉर्जिया में जीत का झूठा दावा कर दिया है जबकि जो बाइडेन यहां से पहले ही 12,500 मतों के अंतर से चुनाव जीत चुके हैं।

**- अमृतलाल मारू**, दसई, मप्र

### पराली जलाने से नुकसान

**बढ़ते** प्रदूषण के कारण सिर्फ पराली जलाना ही मुख्य कारण नही है। पराली के जलने का समय कम होता है। जबकि कई धुंए के स्रोत ऐसे भी है जो निरंतर जहरीला धुंआ निकालते है। उस पर समय का अंकुश के साथ प्रदूषण का जहर हवा में ना घुले ऐसी उचित व्यवस्था बनाई जा चाहिए।पराली जलाने का विकल्प बस एक ही है उसे उखाड़ कर जमीन में गाड़ना। जरा सोचिए पराली जलाने ही से समस्या समाप्त हो जाएगी ? नहीं होगी। क्योंकि उखाड़ कर इसको लोग जलाएंगे तो प्रदूषण धुएं में अल्प मात्रा में फैलेगा ही फर्क इतना है की इसके ना जलाने से खेत की उपजाऊ मिट्टी बच सकेगी। उर्वरा शक्ति बची रहेगी। इसको उखाड़ने की आलसी आदत की वजह से जलाया जाता रहा है। किसानों द्वारा खेतों में ही पराली जलाने का खमियाजा फसल की गुणवत्ता ख़राब होने एवं कीटनाशक दवाई का खर्चा भी बढ़ा जाती है। कई कीट भूमि में ऐसे होते है जो जमीन को उपजाऊ बनाते और अन्य कीटों का भक्षण भी करते है वो पराली के जलाने से ख़त्म हो जाते है। कई प्रदेशों में किसान अब खेतों में नहीं जलाते है। सुझाव ये है की पराली जलाने के बजाए उखाड़ कर गाड़ने से निस्तारण का कारगर विकल्प खाद के रूप में प्राप्त होकर खेती में ही काम आ सकेगा।

**- संजय वर्मा**, मनावर, मप्र


### सौर ऊर्जा अपनाएं

**आज** भारत सहित पूरा विश्व पृथ्वी का तापमान बढ़ने की समस्या से जूझ रहा है। बिजली की बढ़ती मांग और खपत इसके लिए काफी हद तक जिम्मेदार है। ऊर्जा के उपयोग के संबंध में लोगों को किफायत बरतने और जागरूक रहने की आवश्यकता है। ऊर्जा की फिजूलखर्ची रोककर हम इसे भविष्य की जरूरतों के लिए बचा कर रख सकते हैं। विद्युत उत्पादन की बात करें तो ताप विद्युत केंद्रों के संचालन को हतोत्साहित किया जाना चाहिए। क्योंकि इससे काफी मात्रा में कार्बन डाइऑक्साइड गैस उत्सर्जित होती है, जो ग्लोबल वार्मिंग को बढ़ावा देती है। ताप विद्युत ग्रहों से निकलने वाले राखड मे भी अनेक प्रकार के हानिकारक रासायनिक तत्व होते हैं जो प्रदूषण का कारण बनते हैं। यह राखड अनेक प्रकार की समस्याओं को जन्म देती है। पनबिजली, पवन चक्की और सौर ऊर्जा के विकल्प हमारे सामने खुले हुए हैं। इन्हें अपनाकर वातावरण को शुद्ध रखा जा सकता है। सौर ऊर्जा सर्वश्रेष्ठ है। सरकार की जवाबदेही बनती है कि वह लोगों को सौर ऊर्जा के प्रयोग उसके तरीकों और साधनों से आम लोगों को अवगत करवाए।

**- ललित महालकरी**, इंदौर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया





**हमें** स्वयं को व अपने ग्रह को बचाने के लिए वैश्विक ग्रीन हाउस उत्सर्जनों को सीमित रखने हेतु एक सशक्त, गतिशील एवं तीव्र कार्रवाई योजना की जरूरत है।

**- शेख हसीना**
बांग्लादेश की प्रधानमंत्री

**जो** प्रदर्शन चल रहा है वह किसानों का नहीं है। चीन और पाकिस्तान का इसमें हाथ है। देश में मुसलमानों को पहले भड़काया गया।

**- रावसाहब दन्वे**
केंद्रीय मंत्री





**यदि** एक मंत्री कहता है कि किसानों के प्रदर्शन में चीन और पाकिस्तान का हाथ है तो भारत को सर्जिकल स्ट्राइक कर देनी चाहिए।

**- संजय राउत**
शिवसेना नेता

# विवि को पुनः खोलने के लिए बीएचयू कुलपति ने की बैठक

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**वैश्विक महामारी** कोविड-19 के कारण पठन-पाठन गतिविधियां व्यापक रूप से प्रभावित हुई हैं। ऐसे में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, छात्रों के हितों के मद्देनजर ऑनलाइन पठन पाठन के लिए उपाय कर रहा है। कोविड काल में विश्वविद्यालय में कक्षाओं के संचालन व छात्रावासों को खोलने से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा के लिए कुलपति प्रो. राकेश भटनागर ने उच्च स्तरीय बैठक की। बैठक में विश्वविद्यालय को चरणबद्ध तरीके से खोलने के बारे में विभिन्न संकायों के स्तर पर गठित समितियों की रिपोर्टों पर विचार विमर्श हुआ। विभिन्न पहलुओं पर व्यापक चर्चा के बाद ये निर्णय लिया गया कि भारत सरकार द्वारा कोविड महामारी से बचाव के जारी दिशानिर्देशों व मानकों का पालन करते हुए विभिन्न संस्थानों, संकायों, विभागों, केन्द्रों एवं छात्रावासों को अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए आगामी सेमेस्टर परीक्षाओं के तुरंत बाद खोला जाएगा। बैठक में इस बात पर भी सहमति बनी कि पूर्व में घोषित शैक्षणिक कैलेण्डर के अनुरूप 5 जनवरी 2021 से शुरू होने वाली सेमेस्टर परीक्षाओं का आयोजन ओपन बुक एक्जाम मोड में किया जाएगा। संकायों एवं छात्रावासों को खोलने के लिए सरकार द्वारा जारी कोविड दिशानिर्देशों के अनुसार स्वास्थ्य संबंधी तैयारियों और छात्रावासों एवं पुस्तकालय की साफ सफाई तथा दवा आदि के छिड़काव में समय लगेगा, जिसे विश्वविद्यालय द्वारा न्यूनतम समय में पूरा कर लिया जाएगा। कक्षाएं प्रारंभ करने के लिए विभिन्न संकायों द्वारा शेड्यूल तैयार किया जाएगा जिसे विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा। विश्वविद्यालय खुलने के पश्चात विद्यार्थियों को कोविड मानकों का पालन करना होगा व छात्रावासों में रहने वाले विद्यार्थियों को अपने अभिभावकों से प्रमाणित एक अनापत्ति प्रमाण पत्र जमा करना होगा। इस का फॉर्मेट विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जाएगा। विद्यार्थियों की सुविधा के लिए केन्द्रीय ग्रंथालय को भारत सरकार द्वारा जारी कोविड दिशानिर्देशों के अनुरूप खोला जाएगा ताकि प्रतिदिन 300 विद्यार्थी 2 पालियों में केन्द्रीय ग्रंथालय में अध्ययन कर सकें। इस संबंध में जानकारी ग्रंथालय प्रशासन द्वारा विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर दी जाएगी।

### बीएचयू में आफिस मैनेजमेंट डिप्लोमा की काउंसलिंग 17 को

**वाराणसी।** काशी हिन्दू विश्वविद्यालय कला संकाय संचालित दो वर्षिय पार्ट टाइम डिप्लोमा इन आफिस मैनेजमेन्ट एण्ड बिजनेस कम्यूनिकेशन की आफ लाइन काउंसिलिंग 15 दिसम्बर एवं पार्ट टाइम डिप्लोमा इन टूरिज्म मैनेजमेन्ट की काउंसिलिंग 17 दिसम्बर 2020 को होगा। विश्वविद्यालय के जनसम्पर्क विभाग की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक उक्त पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए जिन अभ्यर्थियों ने आवेदन किये हैं वो उक्त तिथियों पर कला संकाय के डॉ. राधा कृष्णन हाल में 10.30 बजे सुबह उपस्थित होकर काउंसिलिंग प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। अभ्यर्थी अपने साथ सभी मूल प्रमाण एवं उनकी एक-एक छायाप्रति तथा अपना नवीनतम तीन पासपोर्ट फ़ोटो अवश्य लायें। कोविड-19 के कारण अभ्यर्थियों को आनलाइन काउंसिलिंग की सुविधा भी प्रदान की गयी है।

## आईआईटी बीएचयू निदेशक ने किया कृषि उत्पाद को रवाना



**वाराणसी।** आईआईटी बीएचयू के निदेशक प्रो. पीके जैन ने शुक्रवार को गृहस्थ के शॉप ऑन व्हील सेवा वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। आईआईटी के एग्री बिजनेस इंक्यूबेटर में आयोजित कार्यक्रम में प्रो. पीके जैन के अलावा डीन प्रो राजीव प्रकाश, प्रो. पीके मिश्र मौजूद थे। केंद्रीय कृषि मंत्रालय के राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत चयनित किसानों की कम्पनी आपका फैमली फार्मर कार्यक्रम के तहत किसानों के नेचुरल उत्पाद को घर घर पहुचाने का काम किया जा रहा था। अब इसे शॉप ऑन व्हील के तहत ये किसानों की चलती फिरती दुकान वाराणसी शहर में अलग अलग मुहल्लों निर्धारित समय पर अपने उत्पाद के साथ मौजूद रहेगी। जहा उपभोक्ता अपने दरवाजे पर न सिर्फ प्राकृतिक व ऑर्गेनिक उत्पादन खरीद सकेंगे। किसान राजू मौर्य के मुताबिक सरकार रफ्तार योजना के तहत न सिर्फ पैसे दे रही है बल्कि कृषि वयवसाय को बढ़ाने के लिये बल्कि तकनीकी सहयोग कर रही है। शॉप ऑन व्हील के शुभारम्भ पर गृहस्थ की डायरेक्टर डॉ दीप्ति ने बताया कि होम डिलीवरी की सेवा पूर्व की तरह ही जारी रहेगी व शॉप ऑन व्हील से लोगो को अपने कॉलोनी व मुहल्लों में किसानो के नेचुरल उत्पाद खरीदने की सहूलियत होगी।

# किसी भी प्रकार की नाव या बोट में निर्धारित क्षमता से अधिक सवारियां नहीं बैठेगी: डीएम

● नाव/बोट (मोटर मैनुअल) पर बैठाये गयें सवारियों व नाविक अनिवार्य रूप से लाईफ जैकेट का प्रयोग करेंगे : कौशल राज शर्मा

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**जिला मजिस्ट्रेट/जिलाधिकारी** कौशल राज शर्मा ने जनपद वाराणसी में पर्यटकोंध् श्रद्धालुओं की सुरक्षा के दृष्टिगत गंगा नदी में समस्त नावों के संचालन पर प्रतिबन्ध जन सुरक्षा के साथ ही कानून एवं शांति व्यवस्था हित में लगाया जाना नितान्त आवश्यक है के दृष्टिगत रखते हुए आदेश अन्तर्गत धारा.144 दण्ड प्रक्रिया संहिता लागू किया है। जिलाधिकारी द्वारा लागू धारा 144 के अंतर्गत आदेश दिया है कि किसी भी प्रकार की नावध्बोट मोटर मैनुअल पर निर्धारित क्षमता से अधिक सवारियों को नही बैठाया जायेगा। यह कि नावध्बोट ;मोटरध् मैनुअलद्ध पर बैठाये गये सवारियों एवं नाविकों द्वारा अनिवार्य रूप से लाईफ जैकेट का प्रयोग किया जायेगा। नाविकों द्वारा अपने नावध्बोट पर क्षमता के सुरक्षा उपकरण रखे जायेगे। प्रत्येक नाव पर जितनी लाईफ जैकेट होंगीए उससे अधिक सवारियों उस नाव पर नहीं रहेंगी। यदि किसी नाविक अथवा यात्री ने इस आदेश का उल्लंघन किया तो उन पर धारा.188 सीआरपीसी के अन्तर्गत कार्यवाही की जाएगी व उस नाव के संचालन पर प्रतिबंध लगाया जाएगा। यह आदेश जनपद.वाराणसी के सम्पूर्ण क्षेत्र में अग्रिम आदेश तक प्रभावी रहेगा। आदेश में वर्णित प्रतिबन्धों की अवहेलना भारतीय दण्ड विधान की धारा 188 के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध होगा।

# भाजपा महामना मंडल ने लगाया नव मतदाता शिविर



**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**भारतीय जनता** पार्टी महामना मंडल के सदस्यों ने शुक्रवार प्रात: अस्सी चौराहे पर मतदाता जागरूकता व सदस्यता अभियान चलाया। महामण्डल अध्यक्ष जगन्नाथ ओझा के मुताबिक मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के साथ ही सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। पार्टी की ओर से यह अभियान प्रत्येक वार्ड में चलाया जाएगा। लोगों को जोड़ने के लिए नव मतदाता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। भदैनी वार्ड में अस्सी चौराहा पर आयोजित सदस्यता शिविर का उद्घाटन प्रदेश प्रवक्ता अशोक पांडेय, काशी क्षेत्र मीडिया प्रभारी नवरतन राठी व काशी क्षेत्र भाजपा नेता डॉ. नंदजी पांडेय ने संयुक्त रूप से किया। मंडल अध्यक्ष जगन्नाथ ओझा ने कहाँ कि पूरे महामना मंडल में प्रत्येक वार्ड में एक साथ नव मतदाता अभियान चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य नए मतदाता को मतदाता सूची में जोड़ना एवं युवाओं को लोकतंत्र के प्रति जागरूक करना है। इस कार्यक्रम में महामना मंडल की ओर से लगभग 600 नए मतदाताओं का फॉर्म 6 भरवाया गया। कार्यक्रम में मंडल उपाध्यक्ष समीर माथुर, अनुराग शर्मा, राजीव सिंह पटेल, मंडल प्रिंस द्विवेदी, शिवम, जैन शर्मा, विपिन ओझा, राजीव रंजन, कैलाश, अनूप, कृष्णा, अवनीश श्रीवास्तव इत्यादि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

# छात्रवृत्ति परीक्षा में रानी रेवती स्कूल की छात्रा कशिश पाल और जान्हवी पांडेय का चयन

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज





**रानी रेवती** देवी सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज राजापुर प्रयागराज में प्रदीप रिचा फाउंडेशन नई दिल्ली द्वारा छात्रवृत्ति परीक्षा 2020 में विद्यालय से 30 छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया। जिनका ऑनलाइन साक्षात्कार प्रदीप रिचा फाउंडेशन के माध्यम से हुआ। जिसमें दो छात्राओं कशिश पाल एवं जान्हवी पांडे का चयन किया गया। संगीताचार्य मनोज गुप्ता ने बताया कि दोनों छात्राओं को प्रदीप रिचा फाउंडेशन की ओर से दो वर्ष तक एक एक हजार रुपए की धनराशि प्रदान की जाएगी। बांकी के सभी छात्र छात्राओं को रिचा फाउंडेशन की ओर से प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। दोनों छात्राओं की सफलता पर विद्यालय के प्रधानाचार्य बांके बिहारी पांडेय ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि हमेशा ऐसे ही अपने कठिन परिश्रम और मेहनत के बल पर विद्यालय का नाम ऊंचा करते रहें। परीक्षा में प्रतिभाग करने वाले छात्र छात्राओं में अभिषेक कुमार अतुल कुमार यादव दिव्यांश मौर्या जान्हवी पांडेय सुमित यादव सुशील कुमार मौर्य अजय प्रजापति अवंतिका पाल अभय सिंह कृष्णा केसरवानी शिवा मिश्रा वत्सल शुक्ला कुणाल केसरवानी आनंद कुमार यादव रौनक कुमार नीशू सिंह अनुराग राय गौरव सोनी कशिश जायसवाल नेहा बिष्ट कशिश पाल अर्पिता पांडेय साक्षी सिंह श्रुति यादव आयुष केसरवानी अवनीश कुमार अनुष्का चंद्रा रिया सोनकर अमित कुमार यादव एवं स्वाति यादव आदि रहे। बधाई देने वालों में रमेश चंद्र मिश्रा जटाशंकर तिवारी शिव नारायण सिंह कामाख्या प्रसाद दुबे आनंद कुमार अशोक कुमार मौर्य दिनेश कुमार शुक्ला सत्य प्रकाश पांडे प्रथम अवधेश कुमार विनय कुमार यादव प्रवीण कुमार तिवारी आदि रहे।

## क्विक न्यूज

### पन्नालाल पार्क में हुई बिजली कर्मियों की पंचायत



**वाराणसी।** विधुत मजदूर संगठन के सदस्यों ने शुक्रवार को अधिशासी अभियंता नगरीय विधुत वितरण खण्ड-पंचम इमिलियाघाट के कार्यालय पर समस्याओं का समाधान न होने पर क्रमिक धरना प्रदर्शन किया। प्रदेश मंत्री जिउतलाल ने बताया कि कर्मचारी अपने विभाग के बेहतरी और उपभोक्ताओं को निर्बाध विधुत आपूर्ति देने के लिए दिन रात जाड़े, गर्मी, बरसात की चिंता किये बगैर अनवरत कार्य कर रहे है। लेकिन खेद का विषय है कि आज कर्मचारियों की न्यायोचित मांगो को पूरा करने में भी हिला हवाली कर रहे हैं। मण्डल मंत्री अंकुर पाण्डेय ने बताया कि संगठन के बार-बार अनुरोध के बाद भी संगठन के 23 सूत्रीय मांग पत्र पर अधीक्षण अभियंता से समझौता होने के बाद भी अधिशासी अभियंता का पालन न करने के कारण कर्मचारियों ने अधिशासी अभियंता कार्यालय पर प्रदर्शन कर विरोध जताया। सभा की अध्यक्षता काशिम ने किया और संचालन जिउतलाल ने किया। सभा में तपन चटर्जी, अंकुर पाण्डेय, विकास कुशवाहा, रमेश सिंह, अमितानंद त्रिपाठी, संतोष कुमार, अमित कुमार, रमेश यादव, एसके भूषण, संजय, ऋषि सोनकर, युशूफ, काशिम, हीरालाल, श्रीनाथ, आरडी मिश्र, शिवशंकर यादव, काशू, राजेन्द्र जोशी, अखिलेश आदि पदाधिकारियो ने संबोधित किया।

### ज़रूरतमंदों के लिए उपयोगी होगा सेंटर: स्वामी हरिचैतन्य

**प्रयागराज।** सनातन एकता मिशन के स्वास्थ्य प्रकल्प के अंतर्गत सनातन हेल्थकेयर एण्ड रिसर्च सेंटर का शुभारंभ टीकरमाफी आश्रम के स्वामी हरि चैतन्य ब्रहमचारी और आईजी के पी सिंह ने किया। स्वामी हरिचैतन्य ब्रह्मचारी महाराज ने सेंटर की उपयोगिता बताते हुए इसे प्रयागराज के लिये ही नहीं बल्कि आसपास के जरूरतमंद मरीजों के हित में बताया। स्वास्थ्य सेवाओं में बढ़ते व्यावसायीकरण के कारण गरीब और जरूरत मंद मरीज अपना इलाज नहीं करा पाते ऐसे में यह सेंटर सेवा प्रकल्प के रुप मे चलेगा और दूर दराज के गरीबों को सस्ते और उचित कीमत पर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध करायेंगे। यह सेंटर प्रयाग क्षेत्र में अपनी तरह का पहला सेंटर होगा। जहां एलोपैथिक आयुर्वेदिक होम्योपैथिक और नेचुरोपैथी से इलाज की सुविधा एक ही छत में उपल्बध होगी। सेंटर में पांच कमरों की ओपीडी फार्मेसी पैथोलॉजी की सुविधाएं चालू हैं। शीघ्र ही अल्ट्रासाउंड की सुविधा शुरू हो जायेगी। इसके साथ ही योगा मेडीटेशन पंचकर्म की सुविधाएं उपलब्ध होंगी। सनातन एकता मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक पाठक संरक्षक देवराज पाठक राजेंद्र पाण्डेय इंद्रमणि पाण्डेय फूलचंद्र दूबे सीताशरण शास्त्री सहदेव मुखर्जी दिलीप द्विवेदी अनूप त्रिपाठी कांग्रेस नेता अजय सिंह पत्रकार रतिभान त्रिपाठी शैलेन्द्र अवस्थी गिरजा शंकर मिश्रा योगेश तिवारी आदि उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापन आदित्य पाठक ने किया।

### मूल्य निर्माण को गति और बढ़ती जरूरतों को करेंगे पूरा

**प्रयागराज।** आरबीएल बैंक और आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफइंश्योरेंस ने बैंक ग्राहकों को जीवन बीमा उत्पादों की श्रृंखला की पेशकश करने के लिए साझेदारी की है। यह साझेदारी आरबीएल बैंक के 8०7 मिलियन से अधिक ग्राहकों को ग्राहक केंद्रित सुरक्षा प्राप्त करने और उन उत्पादोण को खरीदने में सक्षम बनाएंगी। कंपनी के दीर्घकालिक बचत उत्पाद आपके और आपके परिवार को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करते हैं। आरबीएल बैंक के एमडी और सीईओ विश्ववीर आहूजा ने कहा आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफके साथ साझेदारी कर खुश हैं। भरोसा है कि यह रणनीतिक गठबंधन दोनों संगठनों के लिए मूल्य निर्माण को गति देगा। एक बैंक के रूप में हम लगातार अपने ग्राहकों की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने और यह सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं कि उन्हें समग्र सेवा का अनुभव और अवसर मिले।आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफइंश्योरेंस के प्रबंध निदेशक और सीईओ एनएस कन्नन ने कहा कि आरबीएल बैंक के साथ साझेदारी करने की खुशी है। पारस्परिक रूप से लाभप्रद यह साझेदारी देश में हमारे मल्टी चैनल वितरण पदचिह्न को और व्यापक बनाएगी। महामारी के दौर में लोगों के बीच अपने और परिवार की सुरक्षा को लेकर जागरूकता बढ़ रही है।

### सेहत के प्रति जागरुकता बढ़ाने के लिए होगा प्रयास

**प्रयागराज।** कोविड महामारी के इस दौर में देश के लोगों की नियमित स्वास्थ्य जांच में मदद के लिए आईटेल ने टेक्नोलॉजी इनोवेटर के रूप में आईटी इक्कीस सौ बानवे टी थर्मो ऐडिशन लांच किया है। जो कि ऐंट्री सैगमेंट में भारत का पहला फोन है। जिससे कहीं भी कभी भी शरीर का तापमान मापा जा सकता है। दुनिया के नए चलन में जहां तापमान की निगरानी न्यू नॉर्मल हो गया है। ऐंट्री लैवल लोगों के लिए एक वरदान साबित होगा। इसका लक्ष्य है कि भारत की जनता सशक्त हो स्वयं जिम्मेदार बने तथा खुद को व अपने करीबियों को महामारी के दौरान सुरक्षित रखने के लिए शरीर का तापमान मापने का नैतिक दायित्व निभाए। वह भी सिर्फएक हजार उनचास की किफायती कीमत पर। ट्रांसियॉन इंडिया के सीईओ अरिजीत तालापात्रा ने कहा कि हमेशा प्रयास रहा है कि अपनी पेशकशों में कुछ विशिष्टता जोड़ कर लोगों को बेहतर अनुभव दिया जाए। कोरोना महामारी के दौरान लोगों का ख्याल रखता है। सेहत के प्रति जागरुकता बढ़ाने के लिए डिजाइन किया गया है।

### मिशन रोजगार अभियान के तहत जिलाधिकारी ने सभी विभागों को कार्ययोजना बनाने के दिए निर्देश

**उन्नाव।** जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय कक्ष में मिशन रोजगार अभियान चलाये जाने के सम्बन्ध में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अवगत कराया गया कि बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा 05 दिसंबर 2020 से मिशन रोजगार अभियान का शुभारंभ किया गया है। जिलाधिकारी श्री कुमार द्वारा मिशन रोजगार को सफल बनाने हेत जनपद के समस्त विभागों की बैठक कर रोजगार स्वरोजगार कौशल प्रशिक्षण अप्रेंटिसशिप आदि के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराने के निर्देश प्रदान किए गए, साथ ही संबंधित विभागों को अपने यहां संचालित रोजगार परक योजना के संबंध में रोजगार हेल्पडेस्क, डेटाबेस एवं कार्यालय योजना तैयार कराने के भी निर्देश प्रदान किए गए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डा0 राजेश कुमार प्रजापति, जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार, उप कृषि निदेशक डा0 नन्द किशोर सहित समस्त विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### मार्ग दुर्घटना में युवक की मौत

**फतेहपुर चौरासी उन्नाव।** स्थानीय थानाक्षेत्र के तेजीखेड़ा मजरा सैंता निवासी पतीराम का पुत्र प्रताप यादव 24 अपनी प्लेटिना मोटरसाइकिल से सादुल्लापुर होते हुए कालीमिट्टी सामान खरीदने जा रहा था। अभी वह सादुल्लापुर के कुछ आगे पहुंचा ही था तभी कालीमिट्टी की ओर से तेज रफ्तार में जा रहे भारत गैस एजेंसी के पिकप डाला नें बाइकसवार को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया।

# घर में अकेली रह रही किशोरी का मिला शव



**फतेहपुर चौरासी उन्नाव।** थाना क्षेत्र के गाँव काजी पुर कच्छ में शुक्रवार को घर में संदिग्ध परिस्थितियों में एक नाबालिग किशोरी का शव मिलने से हड़कम्प मच गया। घटना स्थल पर एसपी, एसएसपी व क्षेत्राधिकारी ने पहुंचकर मौका मुआयना कर ग्रामीणों से पूछ ताछ की है। किशोरी के पिता ने थाना पुलिस में अज्ञात के विरूद्ध पुत्री का गला घोट कर हत्या किए जाने की शिकायत दर्ज कराई है। जानकारी अनुसार फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के गाँव काजी पुर कच्छ निवासी मुन्नू लाल शर्मा की लगभग सोलह वर्षीया पुत्री लक्ष्मी बीती रात घर में अकेली थी। उसकी माँ किरन छोटे बेटे अभिषेक के साथ क्षेत्र के गाँव टांडा सातन में अपनी बड़ी पुत्री पूजा की बेटी के जन्म दिन समारोह में शामिल होने गई थी। वहीं पिता गाँव में ही थोड़ी दूर बने पशुओं के बंगले में रात खाना खा पीकर चले गए थे। शुक्रवार सुबह जब पिता मुन्नूलाल घर पहुचे तो देखा घर के दरवाजे खुले पड़े थे। जब वह घर के अन्दर गया तो घर के एक कमरे में चारपाई पर पुत्री का शव पड़ा देख चीख पड़े। किशोरी की हत्या की सूचना आम होते ही गाँव में हड़कम्प मच गया। पिता की सूचना पर मौके पर पहुँची थाना पुलिस ने जाँच पड़ताल शुरू की तथा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटना की सूचना पर एस पी आनन्द कुलकर्णी अपर पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार पाण्डेय व क्षेत्राधिकारी सफीपुर कृपाशंकर भी पहुँचे और घटना की जानकारी ली। घटना को लेकर पिता मुन्नूलाल ने अज्ञात में पुत्री का गला घोंट कर हत्या किए जाने की आशंका जाहिर की है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने पर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

# नारी सशक्तीकरण को लेकर बालिकाओं को किया जागरूक

● बंधन फाउंडेशन की ओर से श्री नारायणी आश्रम बालिका इंटर कॉलेज में ओरल बीमारियों और उनसे बचाव के उपाए व महिला सशक्तीकरण जागरूकता शिविर आयोजित

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज



जागरूकता शिविर में अनामिका चौधरी के साथ अन्य लोग

**समाज में** युवतियों को जागरूक करने के लिए बंधन फाउंडेशन की ओर से शुक्रवार को शिवकुटी स्थित श्री नारायणी आश्रम बालिका इंटर कॉलेज में ओरल बीमारियों एवं उनके उपाए तथा महिला सशक्तिकरण जागरूकता शिविर लगाया गया। शिविर में छात्राओं को केजीएमयू की चिकित्सक डा स्वाति चौधरी ने ओरल संबंधित समस्याओं और उनके उपाए के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डा स्वाति चौधरी ने छात्र छात्राओं को कोविड 19 जैसी महामारी से बचने के वह सभी उपाए बताए जो सामान्य व्यक्ति अपने आप सरलता से कर सकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री नारायणी आश्रम बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य विभा मिश्रा ने की। मुख्य अतिथि राज्य महिला आयोग की सदस्य अनामिका चौधरी ने बच्चियों को नारी के अधिकार और उनको किस प्रकार आत्मनिर्भर बने इसके बारे में बताया। भाजपा नेत्री अनामिका चौधरी ने सरकार द्वारा नारी सशक्तिकरण के संदर्भ में जो भी योजनाएं चल रही हैं उसके बारे में भी जानकारी दी। बालिकाओं की सुरक्षा हेतु जितने आपातकालीन नंबर हैं उनके बारे में बताया। छात्राओं को विशेष धाराओं के बारे में भी बताया गया। जिनका उपयोग महिलाएं और लड़कियां खुद पर हुए अत्याचार के संदर्भ में कर सकती हैं। अनामिका चौधरी ने बालिकाओं को स्वयं को किस तरह समाज में मजबूत स्थिति में बनाए रखना है इसके बारे में जागरूक किया। बंधन फाउंडेशन के अध्यक्ष उत्कर्ष तिवारी ने कहा कि नारी समाज का वह हिस्सा है जो जननी और पालक है। वही नारी आज जब किसी तकलीफ में होती है तो हम उसे एक अबला का नाम देते हैं। नारी अबला नहीं होती नारी यदि अपनी पहचान कर ले तो उससे ज्यादा मजबूत कोई और नहीं हो सकता। आज हम सभी को यह जिम्मेदारी लेनी होगी कि कैसे हम नारी को मजबूत करें और उन्हें किस प्रकार से जागरूक करें। जो अपने अधिकार और क्षमता को पहचान सके। श्री तिवारी ने भरोसा दिलाया कि वह संस्था की ओर से संस्था के उद्देश्य नारी सशक्तिकरण को जिम्मेदारी और दायित्व समझ कर नारी को आत्मनिर्भर बनाने की कोशिश करेंगे। युवा कवि शिवम भगवती ने कविता के जरिए भ्रूण हत्या के बारे में जागरूक किया। धन्यवाद ज्ञापन प्रधानाचार्य विभा मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में विद्यालय के अध्यापक धनवंतरि अर्चना आदि मौजूद रहे।

# लोडर की टक्कर से बाइक के उड़े परखच्चे, दो की मौत, दो गम्भीर

**बांगरमऊ उन्नाव।** बाइक पर चार लोगों का सवारी करना और रात के समय कोहरे की धुंध में लापरवाही से बाइक चलाना गंभीर हादसे का कारण बन गया। कोहरे की धुंध के चलते अज्ञात लोडर ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में एक बाइक सवार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि दो युवक और एक किशोर गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया। स्थानीय सीएचसी के चिकित्सकों ने गंभीर हालत में तीनों घायलों को जिला अस्पताल भेजा। जहां इलाज के दौरान एक अन्य बाइक सवार युवक की भी मौत होने की सूचना मिली है।

पड़ोसी थाना कासिमपुर अंतर्गत ग्राम बसहा नेवादा निवासी मुन्ना पुत्र अज्ञात 32 वर्ष गुरुवार को देर रात अपने रिश्तेदार सुनील पुत्र मलकू 23 वर्ष फाजिलपुर सफीपुर व शिव कुमार पुत्र मेवालाल 13 वर्ष निवासी कस्बा सफीपुर तथा पिंकू पुत्र रामजीवन 25 वर्ष ग्राम नयागांव थाना मल्लावां हरदोई को लेकर बाइक से मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने सफीपुर जा रहा था। रात में कोहरे की धुंध भी पड़ रही थी। बाइक ज्योंही थाना बेहटा मुजावर क्षेत्र के संडीला मार्ग पर स्थित ग्राम गोशाकुतुब के सामने पहुंची। तभी विपरीत दिशा से आ रहे लोडर के चालक ने कोहरे की धुंध के चलते सामने से आ रही बाइक को देख नहीं सका। जिससे लोडर तेज गति से बाइक में जा टकराया। टक्कर से बाइक के परखच्चे उड़ गए और बाइक पर सवार तीनों युवक और किशोर सिर के बल सड़क पर जा गिरे। हादसे में सुनील की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि मुन्ना व पिंकू तथा किशोर शिवकुमार तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस ने तीनों घायलों को यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने गंभीर हालत के चलते तीनों घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बताते हैं कि जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मुन्ना की भी मौत हो गई। सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने सुनील का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया।

## फांसी लगाकर युवक ने कर ली आत्महत्या

**बांगरमऊ उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मदार नगर निवासी राम सजीवन के 25 वर्षीय पुत्र सरोज ने शुक्रवार शाम गांव के बाहर स्थित एक बाग में पेड़ की डाल के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलते ही परिजन घटनास्थल पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव उतारकर पंचनामा किया और पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेजा। ग्रामीणों में चर्चा है कि सरोज कुछ दिन पूर्व कई लोगों से कर्ज लेकर पैसा जुए में हार गया था। अब लोग उससे पैसा वापस मांग रहे थे।

## संदिग्ध हालात में मैजिक में मिला चालक का शव

**संवाददाता।** बांगरमऊ उन्नाव

**कोतवाली क्षेत्र** के ग्राम गौरा में बारात में शामिल एक मैजिक के चालक का शव संदिग्धावस्था में गाड़ी की अगली सीट पर पड़ा पाया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मैजिक चालक के शरीर में चोट के निशान नहीं है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया है। पड़ोसी जिला हरदोई के थाना कासिमपुर अंतर्गत ग्राम मानिक तारा बड़ागांव निवासी खुशीराम के बेटे अनूप की बारात बीते गुरुवार की शाम कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गौरा आई थी। अनूप की शादी ग्राम गौरा निवासी नंदलाल की पुत्री सुधा के साथ होना था। बारात में खुशीराम का साला बेचेलाल निवासी पिलखनी गोविंद खेड़ा हरदोई एक मैजिक बुक कराकर लाया था। मैजिक पर चालक विनोद पुत्र किशनलाल निवासी ग्राम बिन्डाना, थाना माल लखनऊ था। बारात आने के बाद देर रात चालक विनोद ने अपनी मैजिक माइनर के किनारे खड़ी कर दी और मैजिक की अगली सीट पर ही लेट गया। जबकि बाराती मैजिक से उतरकर बारात में शामिल होने चले गए। आज प्रात: बारातियों ने देखा कि चालक का शव मैजिक की अगली सीट पर संदिग्धवस्था में पड़ा है। बारातियों की सूचना पर कोतवाली पुलिस जा पहुंची और शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेजा। ग्रामीणों के अनुसार चालक के शरीर में किसी प्रकार के चोट के निशान नहीं हैं। कोतवाल आशुतोष त्रिपाठी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

# शादी में जा रही पिकप में बस ने मारी टक्कर, एक की मौत, दर्जन भर घायल



**नवाबगंज उन्नाव।** लखनऊ कानपुर राजमार्ग पर रसूलपुर के निकट पिकप में पीछे से बस के टक्कर मार देने से पिकप मे सवार एक व्यक्ति की मौत हो गयी तो वही एक दर्जन सवारियां गम्भीर रूप से घायल हो गयी। मौके पर पहुँची पुलिस ने एम्बुलेंस से घायलो को सीएचसी नवाबगंज भेजा। जहाँ से सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

पिकप दुर्घटना में मृतक की पहचान अजीत उर्फरुवाब सिंह 22 वर्ष पुत्र गौतम निवासी धर्मपुर जहूर अली जिला औरैया के रूप में हुई है। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम हेतु भेजा है। जानकारी के अनुसार आज शुक्रवार भोर प्रहर पिकप से कानपुर से सुल्तानपुर शादी, समारोह में भाग लेने जा रहे पिकप गाडी मे लखनऊ कानपुर राजमार्ग के रसूलपुर गांव के सामने पीछे से आ रही तेज रफ्तार बस ने जोरदार टक्कर मार दी। घटना में दर्जनभर गम्भीर रूप से घायल हो गये। मौके पर पहुँची पुलिस ने सभी घायलों को एम्बुलेंस से सीएचसी नवाबगंज भेजा। जहाँ गम्भीर रूप से घायल एक व्यक्ति की मौत हो गयी तथा अन्य गम्भीर रूप से घायल व्यक्तियों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# किसानों की सहिष्णुता का इम्तिहान न ले केंद्रः पवार

**मुम्बई।** केंद्र के नए कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों के प्रदर्शन के बीच राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के प्रमुख शरद पवार ने शुक्रवार को सरकार से कृषकों की सहिष्णुता का इम्तिहान नहीं लेने का आह्वान किया। पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री ने संवाददाताओं से बातचीत करते हुए यह भी कहा कि यदि सरकार ने किसानों की मांगों पर समय से निर्णय नहीं लिया तो दिल्ली की सीमाओं पर चल रहा प्रदर्शन अन्यत्र भी फैल सकता है। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों द्वारा विस्तृत चर्चा की मांग किए जाने के बावजूद संबंधित कृषि विधेयक संसद में हड़बड़ी में पारित किए गए थे।

विभिन्न राज्यों के किसान इन कृषि कानूनों को निरस्त करने की मांग को लेकर करीब दो सप्ताह से दिल्ली के सिंघू, टिकरी, गाजीपुर और चिल्ला बार्डर पर डेरा डाले हुए हैं। किसानों का कहना है कि ए कानून न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का सुरक्षा कवच खत्म कर देंगे और उनकी आमदनी पक्की करने वाली मंडियां भी हट जाएंगी। सरकार के अनुसार एमएसपी व्यवस्था जारी रहेगी तथा नए कानून किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए और विकल्प उपलब्ध कराएंगे। पवार ने कहा, आज किसानों ने कानूनों को वापस लेने की कड़ी मांग की है और कहा है कि इस मुद्दे पर बाद में चर्चा की जा सकती है। लेकिन इस पर केंद्र का रूख अनुकूल नहीं जान पड़ता है। इसलिए ऐसे संकेत हैं कि गतिरोध कुछ और दिन चल सकता है। वरिष्ठ नेता ने कहा कि करीब 700 टैक्टरों से और लोग शुक्रवार सुबह प्रदर्शन से जुड़ने के लिए दिल्ली बार्डर पर पहुंचे। उन्होंने कहा, यह प्रदर्शन दिल्ली के बार्डर तक सीमित है। लेकिन इससे इनकार नहीं किया जा सकता कि यदि समय पर निर्णय नहीं लिया गया तो यह अन्यत्र भी फैल सकता है। राकांपा नेता ने कहा, हम भारत सरकार से आग्रह करते हैं कि किसान देश का अन्नदाता है और उसकी सहिष्णुता का इम्तिहान नहीं लिया जाना चाहिए। पवार ने बृहस्पतिवार को मीडिया में आई इन अटकलों को खारिज किया कि वह संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) के अध्यक्ष बन सकते हैं। उन्होंने कहा, यह झूठी खबर है। ऐसी झूठी खबरें न चलाएं। उन्होंने केंद्रीय मंत्री रावसाहब दानवे द्वारा किसान आंदोलन के पीछे चीन और पाकिस्तान के हाथ होने के बयान पर कहा, कुछ लोग ऐसे होते हैं जिन्हें यह समझ नहीं होती है कि कहां और कैसे क्या बोलना है।



पटना में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर उनका पुतला फूंका।

## प. बंगाल में जेएमबी का संदिग्ध सदस्य गिरफ्तार

**कोलकाता।** कोलकाता पुलिस की विशेष कार्य बल इकाई ने पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले से जमात-उल-मुजाहिदीन (जेएमबी) के एक संदिग्ध सदस्य को गिरफ्तार किया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। व्यक्ति की उम्र 50 साल के आसपास है और वह सोशल मीडिया पर कथित तौर पर चरमपंथी विचार और गैर मुस्लिमों के लिए घृणा फैलाता था। आरोपी को बृहस्पतिवार देर रात छापा मारकर गिरफ्तार किया गया। आरोपी एक प्रिंटिंग प्रेस चलाता था और वहां से इस्लामी कट्टरवाद पर कई किताबें और दस्तावेज बरामद हुए हैं। वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि उसका मोबाइल फोन और पासपोर्ट जब्त कर लिया गया है। अधिकारी ने बताया, यह व्यक्ति जेएमबी के संपर्क में जान पड़ता है। हम उसके संपर्क के बारे में और जानकारियां पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं। आरोपी को बाद में शाम को शहर की अदालत के समक्ष पेश किया जाएगा।

## आगामी चुनावों में बंगाल की जनता ममता को देगी जवाबः सिंधिया

**भोपाल। भाजपा नेता** ज्योतिरादित्य सिंधिया ने पश्चिम बंगाल में पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा के काफिले पर हमले की शुक्रवार को निंदा की। उन्होंने कहा कि बंगाल की जनता अगले चुनाव में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सरकार को उखाड़ कर इसका करारा जवाब देगी। पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के कथित कार्यकर्ताओं ने नड्डा के काफिले पर बृहस्पतिवार को उस समय हमला किया था जब वह भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करने कोलकाता से डायमंड हार्बर जा रहे थे। इसमें भाजपा महासचिव कैलाश विजयवर्गीय सहित पार्टी के कई नेता घायल हो गए थे।

इस हमले को लेकर पूछे गए एक सवाल पर सिंधिया ने पत्रकारों से यहां कहा, पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की सरकार को साफ तौर पर समझना चाहिए कि भाजपा न तो डरेगी और न ही झुकेगी। लोग इस सरकार को सत्ता से बाहर कर करार जवाब देंगे।

पश्चिम बंगाल में 294 सदर्स्यीय विधानसभा के चुनाव अगले साल अप्रैल-मई में होने की संभावना है। सिंधिया ने इस घटना की निंदा करते हुए कहा, जो वीडियो हम सभी ने देखे हैं... बड़े-बड़े पत्थर, लाठी, डंडों के साथ वार किया गया है। राज्यसभा सांसद सिंधिया शुक्रवार को भोपाल हवाई अड्डे पर आने के बाद मुलाकात के लिए सीधे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के आवास पर गए। इससे प्रदेश में मंत्रिमंडल विस्तार की अटकलें शुरु हो गई हैं।

इस बैठक में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा, पार्टी के संयुक्त महासचिव हितानंद शर्मा भी शामिल हुए। मध्यप्रदेश में पिछले माह हुए 28 सीटों के उपचुनाव में सत्तारुढ़ भाजपा ने 19 सीटें जीती थी। इनमें से 15 वह नेता जीते हैं जो सिंधिया के साथ मार्च में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे।

## बीटीपी ने लगाया प्रमुख और प्रधान के चुनाव में कांग्रेस-भाजपा पर मिलीभगत का आरोप

**जयपुर।** भारतीय ट्राइबल पार्टी (बीटीपी) ने राजस्थान में जिला परिषद प्रमुख और पंचायत समिति प्रधान चुनाव में कांग्रेस और भाजपा पर हाथ मिलाने का आरोप लगाया है। बीटीपी ने कहा है कि वह राज्य की अशोक गहलोत सरकार से अपना रिश्ता खत्म करेगी। बीटीपी के प्रदेशाध्यक्ष वेलाराम घोघरा के अनुसार इन दोनों पार्टियों की मिलीभगत से वह डूंगरपुर में अपना जिला प्रमुख और तीन पंचायत समितियों में प्रधान नहीं बना पाई जबकि बहुमत उसके पास था। घोघरा ने कहा, इस घटनाक्रम से कांग्रेस और भाजपा, दोनों का असली चेहरा सामने आ गया है। हम राज्य सरकार से अपने रिश्ते खत्म कर रहे हैं और इसकी औपचारिक घोषणा की जाएगी। राज्य में बीटीपी के दो विधायक हैं जिन्होंने गहलोत सरकार पर संकट के समय और राज्यसभा चुनाव के समय कांग्रेस का साथ दिया था। बीटीपी के संस्थापक छोटूभाई वसावा ने भी ट्वीट किया कि पार्टी राजस्थान सरकार से अपना समर्थन वापस लेगी।

बीटीपी की ताजा नाराजगी जिला परिषद प्रमुख एवं पंचायत समिति प्रधान के लिए बृहस्पतिवार को हुए चुनाव में कांग्रेस और भाजपा द्वारा कथित तौर पर हाथ मिलाने को लेकर है। डूंगरपुर जिला परिषद में 27 में से 13 बीटीपी समर्थक जीते, भाजपा के आठ और कांग्रेस के छह प्रत्याशी जीते, इसके बावजूद प्रधान के चुनाव में भाजपा की सूर्यादेवी अहारी ने निर्दलीय के रूप में पर्चा भरा और एक वोट से जीत गईं। मान्यता नहीं होने के कारण बीटीपी ने इन चुनाव में अपने उम्मीदवार निर्दलीय के रूप में उतारे थे। बीटीपी प्रदेशाध्यक्ष घोघरा के अनुसार सात पंचायत समिति में पार्टी के पास बहुमत था और उसके प्रधान बनने थे लेकिन इन दोनों पार्टियों की मिलीभगत के चलते वह केवल चार जगह प्रधान बना पाई। इन पार्टियों का कल का रवैया लोकतंत्र की हत्या करने वाला है और बीटीपी इन दोनों से ही दूरी रखकर आदिवासी लोगों की आवाज उठाती रहेगी। भाजपा ने इन आरोपों को खारिज किया है। प्रदेश प्रवक्ता रामलाल शर्मा ने कहा, हमने किसी को कोई लोभ-लालच नहीं दिया। सबने अपने विवेक के आधार पर फैसला किया। आत्मा की आवाज के आधार पर कोई भी किसी का समर्थन कर सकता है।

वहीं कांग्रेस नेता इस बारे में टिप्पणी से बचते रहे। यह प्रकरण दो दिन से सोशल मीडिया पर भी खूब चर्चा में रहा जहां कुछ लोग भाजपा कांग्रेस एक है हैशटैग से इसकी चर्चा कर रहे हैं। नागौर जिले की खींवसर पंचायत समिति में कुल 31 सदस्यों में से हनुमान बेनीवाल की आरएलपी ने 15 सीटें जीती जबकि भाजपा के पांच, कांग्रेस के आठ और तीन निर्दलीय उम्मीदवार जीते। आरएलपी को बोर्ड बनाने के लिए एक और निर्वाचित सदस्य की जरूरत थी लेकिन कांग्रेस, भाजपा और निर्दलीय ने मिलकर यहां एक निर्दलीय को प्रधान बना दिया।

## हिंद महासागर में रणनीतिक स्थानों के लिए बढ़ी होड़ : सीडीएस

**नई दिल्ली।** प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल बिपिन रावत ने हिंद महासागर में विभिन्न देशों की बढ़ती सक्रियता का हवाला देते हुए शुक्रवार को कहा कि सामरिक रूप से महत्वपूर्ण समुद्री क्षेत्र में विभिन्न अभियानों में मदद के लिए क्षेत्र से इतर देशों के बलों के 120 से अधिक जंगी जहाज तैनात हैं। जनरल रावत ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से आयोजित वैश्विक सुरक्षा शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि हिंद महासागर क्षेत्र में सामरिक स्थानों और अड्डों के लिए होड़ मची हुई है तथा आने वाले समय में इसमें और तेजी आने वाली है। हिंद महासागर क्षेत्र में अधिक से अधिक देशों की बढ़ती सक्रियता इसके रणनीतिक महत्व को बताती है। जनरल रावत ने कहा, अभी हिंद महासागर क्षेत्र में विभिन्न अभियानों में मदद के लिए क्षेत्र से इतर देशों के बलों के 120 से अधिक जंगी जहाज तैनात हैं। क्षेत्र में अब तक कुल मिलाकर शांति बनी हुई है। हिंद महासागर भारतीय नौसेना के लिए काफी मायने रखता है।

## क्विक न्यूज

### महाराष्ट्र : रायगढ़ जिले में रिश्वत मांगने के आरोप में महिला पुलिस कर्मी के खिलाफ मामला दर्ज

**ठाणे।** महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले मे एक व्यक्ति से उसके रिश्तेदारो की अग्रिम जमानत रद्द नही करने के एवज में 40 हजार रुपए की रिश्वत मांगने के आरोप में महिला पुलिस कर्मी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) के अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एसीबी के मुताबिक पुलिस नायक पद पर नेराल पुलिस थाने में तैनात रेखा सचिन मोहिते सालुंके (32) ने पुलिस में दर्ज एक प्राथमिकी मे शिकायतकर्ता की मां, भाई और चाची की अग्रिम जमानत रद्द नही करने के एवज में रिश्वत की मांग की। एसीबी द्वारा जारी विज्ञप्ति के मुताबिक महिला पुलिस कर्मी पर आरोप है कि उसने कुल 40 हजार रुपए की मांग की जिसमें 15 हजार रुपए उसने स्वयं के लिए और बाकी रुपए सहायक पुलिस निरीक्षक अविनाश पाटिल के लिए मांगे। विज्ञप्ति के मुताबिक मामले में भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है और एसीबी की ठाणे शाखा आगे की जांच करेगी।

### जनवरी में आएंगे मुखर्जी के संस्मरण

**नई दिल्ली।** पूर्व राष्ट्रपति दिवंगत प्रणब मुखर्जी की एक नई पुस्तक आने वाली है जिसमें पश्चिम बंगाल के एक गांव में बिताए बचपन से लेकर राष्ट्रपति रहने तक उनके लंबे सफर पर रोशनी डाली गई है। रूपा बुक्स प्रकाशन ने शुक्रवार को ऐलान किया कि मुखर्जी के संस्मरण द प्रेसिडेंसियल ईयर्स को जनवरी, 2021 में वैश्विक स्तर पर जारी किया जाएगा। मुखर्जी की आज जन्मदिन भी है। मुखर्जी के संस्मरणों के इस चौथे संस्करण में पूर्व राष्ट्रपति ने शीर्ष संवैधानिक पद पर रहते हुए अपने सामने पेश आई चुनौतियों तथा कुछ मुश्किल भरे फैसलों के बारे में बात की है। प्रकाशन के प्रबंध निदेशक कपिश जी. मेहरा ने कहा, भारतीय राजनीति के कद्दावर व्यक्तित्व प्रणब दा ने सदा इस पर जोर दिया कि अपने पीछे कोई लकीर छोड़े बिना वह लोगों की भीड़ में खो जाएंगे। आज, वह अपने पीछे एक बेमिसाल विरासत छोड़ गए हैं। इनमें से कुछ बातों का इस पुस्तक में उल्लेख है। इस पुस्तक में मुखर्जी ने राष्ट्रपति रहते हुए राजनीतिक रूप से दो विरोधी प्रधानमंत्रियो नरेंद्र मोदी और मनमोहन सिंह के साथ अपने अनुभव को भी साझा किया है।

### कन्नड़ फिल्म अभिनेत्री संजना गलरानी को जमानत मिली

**बेंगलुरु** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने कन्नड़ फिल्म अभिनेत्री संजना गलरानी को मादक पदार्थ के एक मामले में शुक्रवार को जमानत दे दी। न्यायमूर्ति श्रीनिवास हरीश कुमार ने दो जमानती और तीन लाख रुपए के एक निजी मुचलके पर गलरानी को जमानत दे दी। इसके साथ ही अदालत ने कहा कि गलरानी को जांच अधिकारी के साथ सहयोग करना होगा और महीने में दो बार उनके समक्ष पेश होना होगा। कन्नड़ फिल्म उद्योग में मादक पदार्थों के इस्तेमाल की जांच कर रही केंद्रीय अपराध शाखा ने गलरानी को मादक पदार्थ रखने और उसकी आपूर्ति करने के आरोप में आठ सितंबर को गिरफ्तार किया था। इसके बाद गलरानी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। रागिनी द्विवेदी के बाद वह कन्नड़ फिल्म उद्योग की दूसरी हस्ती है जिन्हें गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने अब तक मादक पदार्थों के सेवन के मामले में 16 लोगों को गिरफ्तार किया है।

### शिशुओं की मौत प्रकरण की जांच के लिए कमेटी गठित

**जयपुर।** राजस्थान सरकार ने कोटा के जे.के लोन चिकित्सालय में कई शिशुओं की मौत मामले की जांच के लिए समिति गठित की है जो तीन दिन में अपनी रिपोर्ट सरकार को पेश करेगी। एक सरकारी बयान के अनुसार चिकित्सा मंत्री डा. रघु शर्मा ने जांच समिति का गठन किया है, जो अपनी रिपोर्ट तीन कार्य दिवस मे राज्य सरकार को पेश करेगी। चिकित्सा मंत्री ने मामले को गंभीरता से लेते हुए चार सदर्स्यीय दल का गठन कर जांच करने के आदेश दिए हैं। इसमें चिकित्सा शिक्षा आयुक्त शिवांगी स्वर्णकार, आरसीएच के निदेशक डा. लक्ष्मण सिंह ओला, शिशु रोग विभाग के वरिष्ठ आचार्य डॉ अमरजीत मेहता, एसएमएस मेडिकल कॉलेज के आचार्य डा. रामबाबू शर्मा को शामिल किया गया है। डा. शर्मा ने बताया कि यह टीम तुरन्त कोटा जाकर जेके लोन चिकित्सालय में हुई शिशुओं की मृत्यु के प्रत्एक मामले की जांच करेगी।

### मेघालय के मुख्यमंत्री कोरोना वायरस से संक्रमित

**शिलांग।** मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड के संगमा शुक्रवार को कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए है। मुख्यमंत्री ने भी ट्विटर पर इसकी जानकारी दी है। उन्होंने लिखा, मेरे कोरोना वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि हुई है। मै घर में पृथक-वास में हूं। हल्के लक्षण महसूस हो रहे है। मै बीते पांच दिन में मेरे संपर्क मे आए लोगों से अपने स्वास्थ्य पर नजर रखने का अनुरोध करता हूं। यदि आवश्यक लगे तो जांच कराएं। इससे पहले मंत्रिमंडल में संगमा के साथी स्वास्थ्य मंत्री ए एल हेक तथा शहरी मामलों के मंत्री स्नीयावभलांग धर भी कोरोना वायरस की चपेट मे आ गए थे।



बंगलुरू में कर्नाटक के मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा अपने निवास स्थान पर गऊ पूजा करते हुए।

### ऋषिकेश में गंगा की सफाई

## अब अगरबत्ती बनाने के काम आएंगे चढ़ाए गए फूल

**भाषा।** ऋषिकेश

**गंगा में** प्रदूषण के स्तर को कम करने के लिए एक अनूठी पहल के तहत ऋषिकेश जिला प्रशासन एक परियोजना शुरू करेगा, जिसके तहत भक्तों द्वारा चढ़ाए गए फूलों को नदी में बहने देने के बजाय उनका इस्तेमाल जैविक अगरबत्ती बनाने के लिए किया जाएगा।

ऋषिकेश नगर आयुक्त नरेंद्र सिंह क्विरियाल ने शुक्रवार को बताया कि गंगा संरक्षण योजना के मानद अध्यक्ष और देहरादून के जिलाधिकारी आशीष कुमार श्रीवास्तव ने हाल ही में सरकार द्वारा नियुक्त पैनल के समक्ष इस पायलट प्रोजेक्ट का खाका पेश किया।

उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्य सचिव एन रविशंकर की अध्यक्षता वाले पैनल ने इस विचार को काफी सराहा है। पैनल में कई पर्यावरणविद शामिल हैं। यह पैनल सुशासन और प्रशासन के लिए नई पहल और मॉडल पेश करने के लिए हर साल मुख्यमंत्री पुरस्कार के लिए नौकरशाहों का चयन करता है।

क्विरियाल ने कहा, इस पहल से न केवल गंगा में प्रदूषण का स्तर कम होगा, बल्कि जैविक अगरबत्ती के निर्माण के लिए एक नया उद्योग भी शुरू होगा। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने के अलावा स्थानीय लोगों को रोजगार देगा। ऋषिकेश में गंगा के सबसे पुराने तट- त्रिवेणी घाट पर फूलों के पांच कंटेनर रखे जाएंगे और बेरोजगार युवकों को मंदिरों और घरों में भक्तों द्वारा चढ़ाए गए फूलों को इकट्ठा करने और उन्हें कंटेनरों में जमा करने का काम सौंपा जाएगा।

## किसानों की तकलीफ देखकर दुख होता है, सरकार कदम उठाएः धर्मेंद्र

**भाषा।** मुंबई

**वरिष्ठ** अभिनेता धर्मेंद्र ने शुक्रवार को कहा कि उन्हें किसानों की तकलीफ देखकर दुख होता है और कृषि कानूनों पर उनके प्रदर्शनों का समाधान निकालने का केंद्र सरकार से आग्रह किया। धर्मेंद्र (84) ने एक हफ्ते पहले भी कुछ इसी तरह का ट्वीट किया था। धर्मेंद्र ने ट्वीट किया, अपने किसान भाइयों की पीड़ा देखकर मैं बेहद दुख में हूं। सरकार को शीघ्रतर कुछ करना चाहिए।

अभिनेता ने दिल्ली में कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों का हवाला देकर पिछले सप्ताह सरकार से प्रदर्शनों का जल्द समाधान निकालने का आग्रह किया था। धर्मेंद्र ने तब कहा था, मैं सरकार से आग्रह करता हूं... कृपया जल्द ही किसानों की समस्या का समाधान तलाशें... दिल्ली में कोरोना के मामले बढ़ रहे हैं.. यह दुखद है। बहरहाल, अभिनेता ने जल्द ही इस ट्वीट को डिलीट कर दिया था और ऐसा करने का कोई कारण भी नहीं बताया था।

ट्विटर पर जब एक व्यक्ति ने उनके ट्वीट का स्क्रीनशॉट पोस्ट किया और उनसे पूछा कि अभिनेता को यह पोस्ट क्यों डिलीट करना पड़ा, तो धर्मेंद्र ने कहा, मैंने यह ट्वीट इसलिए डिलीट किया, क्योंकि मुझे इन लोगों की टिप्पणी से दुख पहुंचा। आप अपने दिल की संतुष्टि के लिए मुझे गाली दे सकते हैं। मैं इसमें खुश हूं कि आप खुश हैं।

उन्होंने लिखा था, जी हां, मैं अपने किसान भाइयों के लिए दुखी हूं... सरकार को शीघ्रता से समाधान ढूंढना चाहिए, कोई भी हमारी नहीं सुन रहा है। अलग-अलग राज्यों के किसान दिल्ली की सीमाओं पर करीब दो हफ्तों से केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए कृषि कानूनों के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं।

## कर्नाटक सरकार गोवध-विरोधी अध्यादेश लाएगीः एदियुरप्पा

**भाषा।** बेंगलुरु

**कर्नाटक** विधानसभा से पारित विवादास्पद गोवध-विरोधी कानून पर गौर किए बगैर ही विधानपरिषद के अनिश्चितकाल के लिए स्थगित होने के बाद मुख्यमंत्री बी एस एदियुरप्पा ने शुक्रवार को कहा कि सराकर इसे प्रभाव में लाने के लिए अध्यादेश लाएगी। मुख्यमंत्री ने विधानपरिषद के सभापति के प्रतापचंद्र शेट्टी द्वारा अकस्मात सदन को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित करने का निर्णय लेने पर ऐतराज जताया और कहा कि सरकार ने मंगलवार को सदन की बैठक बुलाने का निर्णय लिया एवं उसने इस संबंध में राज्यपाल को आवेदन भी दिया।

शेट्टी ने उनके विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाने की भाजपा की कोशिश बुधवार को यह कहते हुए दरकिनार कर दी कि वह इस विषय पर कानूनी राय ले रहे हैं। उन्होंने इन नियमों का हवाला देते हुए उसे एजेंडे में शामिल करने से इनकार कर दिया था कि अविश्वास का नोटिस देने के 14 दिनों बाद ही इस विषय को सदन में विचारार्थ लिया जा सकता है।

शेट्टी को कांग्रेस -जनता दल सेकुलर (जदएस) गठबंधन सरकार के दौरान विधानपरिषद का सभापति निर्वाचित किया गया था। फिलहाल विधानपरिषद में भाजपा 31 सदस्यों के साथ सबसे बड़ा दल हैं कांग्रेस के पास सभापति समेत 29 सीटें हैं। जदएस के पास 14 सदस्य हैं और तीन सदस्य निर्दलीय हैं।

सूत्रों के अनुसार सत्तारूढ़ दल का मंगलवार को परिषद की बैठक बुलाने का लक्ष्य जदएस की मदद से सभापति के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव को आगे बढ़ाना है। एदियुरप्पा ने संवाददाताओं से कहा, हम (गोवध के विरूद्ध) अध्यादेश की उद्घोषणा करेंगे, आप जानते हैं कि परिषद में सभापति सहयोग नहीं कर रहे हैं, इसलिए हम अध्यादेश लाएंगे।

मुख्यमंत्री ने विधानसभा से विधेयक के पारित होने की पृष्ठभूमि में शुक्रवार सुबह को यहां अपने सरकारी निवास कावेरी पर गौ पूजा की। यह विधेयक बुधवार को विपक्षी कांग्रेस के विरोध और हो हंगामे के बीच विधानसभा से पारित किया कराया गया था। विधानपरिषद बृहस्पतिवार को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई और यह विधेयक अभी विधानपरिषद में पेश किया जाना बाकी है। किसी भी विधेयक के कानून बनने के लिए विधानपरिषद से उसे पारित कराया जाना और राज्यपाल की मंजूरी जरूरी है।




गुवाहाटी में अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करते जूनियर डॉक्टर्स।

पायनियर
लखनऊ, शनिवार, 12 दिसंबर, 2020



# भारत जलवायु परिवर्तन के लिए जिम्मेदार नहीं:जावड़ेकर

भाषा। नई दिल्ली

**केंद्रीय** पर्यावरण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने शुक्रवार को कहा कि जलवायु परिवर्तन की समस्या के लिए भारत जिम्मेदार नहीं है और वैश्विक उत्सर्जन में उसकी हिस्सेदारी सिर्फ 6.8 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि भारत एकमात्र जी-20 देश है, जो जलवायु परिवर्तन पर पेरिस समझौते के अनुरूप कदम उठा रहा।

पेरिस समझौते के पांच साल की पूर्व संध्या पर एक प्रेस वार्ता में मंत्री ने कहा कि भारत जलवायु परिवर्तन पर किए गए वादों के मुताबिक काम कर रहा है क्योंकि इसने सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की उत्सर्जन तीव्रता 2030 तक 33 से 35 प्रतिशत तक घटाने के अपने लक्ष्य में 21 प्रतिशत हासिल कर लिया है।उन्होंने कहा, जलवायु परिवर्तन में भारत की ऐतिहासिक हिस्सेदारी सिर्फ तीन प्रतिशत है। भारत जलवायु परिवर्तन की समस्या के लिए जिम्मेदार नहीं है। फिर भी हम इस समस्या से निपटने के लिए अपनी कोशिश करेंगे। वर्तमान में, हम वैश्विक उत्सर्जन के सिर्फ 6.8 प्रतिशत के लिए जिम्मेदार हैं और प्रति व्यक्ति उत्सर्जन सिर्फ 1.9 टन है। इस तरह ग्रीन हाउस गैस (जीएचजी) के उत्सर्जन में ऐतिहासिक रूप से और मौजूदा समय में हमारी बहुत कम हिस्सेदारी है। जावड़ेकर ने कहा, हम उन कुछ देशों में शामिल हैं जो पेरिस समझौते का अनुपालन कर रहे हैं। भारत एकमात्र ऐसा जी-20 देश है जो पेरिस समझौते का अनुपालन कर रहा है। उल्लेखनीय है कि पेरिस समझौता जलवायु परिवर्तन पर कानूनी रूप से बाध्यकारी संधि है। इसे पेरिस में 12 दिसंबर 2015 को 196 देशों ने स्वीकार किया और यह चार नवंबर 2016 से प्रभावी हुआ। भारत ने पेरिस समझौते के तहत 2015 में 2020 के बाद की अवधि के लिए महत्वाकांक्षी राष्ट्रीय लक्ष्यों (एनडीसी)के तीन मात्रात्मक लक्ष्य निर्धारित किए हैं। उन्होंने कहा, एक राष्ट्रीय लक्ष्य 2030 तक उत्सर्जन की तीव्रता को जीडीपी के 33-35 प्रतिशत तक घटाना है।



नई दिल्ली में शुक्रवार को जलवायु परिवर्तन पर प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री, प्रकाश जावड़ेकर।

मुझे यह कहते हुए खुशी हो रही है कि हमनें 21 प्रतिशत हासिल कर लिया है और शेष अगले 10 में हासिल कर लिया जाएगा। जावड़ेकर ने यह भी कहा कि विकसित राष्ट्रों ने 11 वर्षों में वित्तीय मदद एवं प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के अपने वादों को पूरा नहीं किया है। उन्होंने कहा, यह फैसला लिया गया था कि हर साल विश्व जलवायु परिवर्तन की समस्या से निपटने के लिए विकासशील देशों को 100 अरब डॉलर की मदद मुहैया करेगा। लेकिन अब तक 10 खरब डॉलर से अधिक की वित्तीय मदद लंबित है। प्रौद्योगिकी हस्तांतरण नहीं हो रहा है। मंत्री ने इस बात का जिक्र किया कि वर्तमान में वैश्विक स्तर पर कार्बन डाइऑक्साइड गैसों के उत्सर्जन में अमेरिका की हिस्सेदारी 13.5 प्रतिशत या प्रति व्यक्ति उत्सर्जन 15.5 टन है, चीन की हिस्सेदारी 30 प्रतिशत या प्रति व्यक्ति उत्सर्जन 8.12 टन, यूरोपीय संघ और ब्रिटेन की हिस्सेदारी 8.7 प्रतिशत और प्रति व्यक्ति उत्सर्जन 6.47 टन है। जावड़ेकर के मुताबिक भारत के अलावा जो अन्य देश पेरिस समझौते का अनुपालन कर रहे हैं उनमें कोस्टा रिका, फिलिपीन, भूटान, इथोपिया, मोरोक्को और गाम्बिया शामिल हैं। उन्होंने कहा, कोई भी विकसित देश पेरिस समझौते का अनुपालन नहीं कर रहा। उन्होंने कहा कि अमेरिका, रूस और सऊदी अरब उन देशों में शामिल हैं जो तापमान में चार डिग्री सेल्सियस की वृद्धि के लिए जिम्मेदार होंगे, जबकि चीन, जापान, दक्षिण अफ्रीका, सिंगापुर, चिली, अर्जेंटीना और संयुक्त अरब अमीरात तापमान में चार डिग्री सेल्सियस से अधिक की वृद्धि के लिए जिम्मेदार होंगे। तापमान में तीन डिग्री सेल्सियस तक वृद्धि कर सकने वालों में यूरोपीय संघ के अलावा कनाडा, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और ब्राजील शामिल हैं। इस साल जारी कुछ रिपोर्टों का हवाला देते हुए जावड़ेकर ने कहा कि जलवायु पारदर्शिता रिपोर्ट, 2020 के मुताबिक भारत एक मात्र जी-20 देश है जिसने अपनी जलवयु प्रतिबद्धताओंाएनडीसी को पूरा किया है। एक अन्य रिपोर्ट, क्लाइमेट एक्शन ट्रैकर में कहा गय है कि भारत उन गिने-चुने देशों में शामिल है जो अपने एनडीसी को हासिल करने के पथ पर अग्रसर है। मंत्री ने कहा, यूएनईपी उत्सर्जन अंतराल रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत का प्रति व्यक्ति उत्सर्जन वैश्विक औसत से 60 प्रतिशत कम है। उन्होंने कहा, जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक, 2020 में कहा गया है कि भारत उन शीर्ष 10 देशों में शामिल है, जिन्हें बहुत अधिक रेटिंग दी गई है।



नई दिल्ली में शुक्रवार को पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी को उनकी जयंती पर राष्ट्रपति भवन में श्रद्धांजलि देते हुए राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद।

## महाराष्ट्रः आईएमए के आह्वान पर कुछ समय के लिए चिकित्सा प्रतिष्ठान बंद रहे

**मुंबई।** महाराष्ट्र में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) से संबद्ध डॉक्टरों ने शुक्रवार को डिस्पेंसरी, ओपीडी और क्लीनिक कुछ समय के लिए बंद रखे। केंद्र सरकार द्वारा परा स्नातक आयुर्वेदिक चिकित्सकों को सर्जरी का प्रशिक्षण देने की अनुमति के विरोध में आईएमए द्वारा किए गए आह्वान के समर्थन में डॉक्टरों ने अपने प्रतिष्ठान बंद रखे। आईएमए की मांग है कि सरकार अपना फैसला रद्द करे। संस्था के एक अधिकारी ने कहा, महाराष्ट्र में आईएमए से संबद्ध डॉक्टरों ने आज कुछ समय के लिए अपने ओपीडी, डिस्पेंसरी और क्लीनिक बंद रखे।

# यह नए भारत की नारी शक्ति का युग हैः मोदी

भाषा। नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि केंद्र सरकार ने महिलाओं की गरिमा को महत्व दिया है और उनके ही नेतृत्व में सशक्तीकरण को सुनिश्चित करने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि यह नए भारत की नारी शक्ति का युग है।

मोदी अंर्ताष्ट्रीय भारती महोत्सव को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से संबोधित कर रहे थे। इस महोत्सव को महाकवि सुब्रमण्यम भारती के सम्मान में चेन्नई स्थित वानविल सांस्कृतिक केन्द्र द्वारा आयोजित किया गया था।प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि महाकवि भारती की प्रगति की परिभाषा में महिलाओं की केंद्रीय भूमिका थी और उनकी सबसे महत्वपूर्ण दृष्टि स्वतंत्र और सशक्त महिलाओं की थी। उन्होंने कहा, सरकार इस दृष्टिकोण से प्रेरित है और महिलाओं के नेतृत्व वाले सशक्तिकरण को सुनिश्चित करने के लिए काम कर रही है। सरकार के कामकाज के हर क्षेत्र में महिलाओं की गरिमा को महत्व दिया गया है। उन्होंने कहा कि आज जहां 15 करोड़ से अधिक महिला उद्यमी मुद्रा योजना जैसी योजनाओं से आत्मनिर्भर हैं वहीं



स्थाई कमीशन के साथ महिलाएं सशस्त्र बलों का हिस्सा बन रही हैं। उन्होंने कहा, आज सबसे गरीब महिलाएं जो सुरक्षित स्वच्छता की कमी की समस्याओं का सामना करती थीं, उन्हें 10 करोड़ से अधिक सुरक्षित और स्वच्छ शौचालयों से लाभान्वित किया गया है।

ताकि उन्हें और परेशानियों का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा, यह नए भारत की नारी शक्ति का युग है। वे बाधाओं को तोड़ रही हैं और अपना प्रभाव स्थापित कर रही हैं। यह सुब्रमण्यम भारती को श्रद्धांजलि है। महाकवि भारती को उनकी 138 वीं जयंती पर नमन करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी शिक्षाएं एकजुट रहने और प्रतिबद्ध रहने के लिए एक मजबूत अनुस्मारक हैं। उन्होंने कहा, हर एक व्यक्ति विशेषकर गरीबों और हाशिए पर रहने वाले लोगों का सशक्तीकरण किया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि सुब्रमण्यम भारती का वर्णन करना बहुत कठिन है क्योंकि उन्हें किसी एक पेशे या आयाम से नहीं जोड़ा जा सकता है। उन्होंने कहा, वे कवि, लेखक, संपादक, पत्रकार, समाज सुधारक, स्वतंत्रता सेनानी, मानवतावादी और बहुत कुछ थे।

मोदी ने वाराणसी के साथ महाकवि की निकटता को याद किया और कहा कि 39 साल के छोटे से जीवन में उन्होंने बहुत कुछ लिखा, बहुत कुछ किया और उत्कृष्टता प्राप्त की। उन्होंने कहा कि उनका लेखन एक गौरवशाली भविष्य की ओर हमारा मार्गदर्शन करता है और आज का युवा उनसे बहुत कुछ सीख सकता है। युवाओं में बिना किसी डर की भावना के नवाचार और उत्कृष्टता के प्रति रुझान का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत का स्टार्ट-अप क्षेत्र निडर युवाओं से भरा है जो मानवता को कुछ नया दे रहे हैं। इस वर्ष का भारती पुरस्कार जानेमाने लेखक सीनी विश्वनाथन को दिया गया है। उन्होंने भारती के संदेश को फैलाने में वनविल संस्कृति केंद्र के योगदान की प्रशंसा की और विश्वास व्यक्त किया कि इस महोत्सव में रचनात्मक विचार-विमर्श होगा जो भारत का एक नया भविष्य बनाने में मदद करेगा।

# माता-पिता के संग रहना हर बच्चे का अधिकारः हाईकोर्ट

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने मंगलवार को एक फैसले में कहा कि माता-पिता के संग रहना, हर बच्चे का अधिकार है और माता-पिता ही एक बच्चे की दुनिया हैं।ऐसे मामलों में जहां एक दूसरे से अलग हुए माता-पिता अपने बच्चे का लालन पालन करने के लिए लड़ते हैं वहां यदि एक व्यक्ति को बच्चे का संरक्षण सौंपा जाता है तो दूसरे व्यक्ति को उस बच्चे से मिलने का अधिकार अवश्य दिया जाना चाहिए ताकि वह उससे मिल सके।

न्यायमूर्ति जेजे मुनीर ने एक महिला की एक रिट याचिका पर यह आदेश पारित किया। याचिका में महिला ने अपने चार साल के बेटे को अपने संरक्षण में देने का अनुरोध किया था। उसका आरोप है कि बच्चे का पिता उसे जबरदस्ती अपने साथ ले गया।अदालत ने कहा कि बच्चे के संरक्षण से जुड़े मुद्दों को केवल मौद्रिक कारकों के आधार पर तय नहीं किया जा सकता, बल्कि बच्चे के सही लालन पालन के लिए बौद्धिक मार्गदर्शन और नैतिक प्रशिक्षण जैसे अन्य कारक कहीं अधिक महत्वपूर्ण हैं और बच्चे के संरक्षण के मुद्दे पर निर्णय करते समय इन पर ध्यान दिया जाना आवश्यक है।याचिकाकर्ता के मुताबिक इस महिला का 20 अप्रैल, 2014 को एक किसान से विवाह हुआ था और 20 सितंबर, 2016 को उसने एक लड़के को जन्म दिया।

चूंकि उसका पति दहेज के लिए उसका उत्पीड़न किया करता था, जून, 2018 में वह अपने बेटे के साथ मायके चली आई। याचिकाकर्ता ने दलील दी कि छह अप्रैल, 2019 को उसका पति उसके बेटे को जबरदस्ती अपने साथ ले गया। इसलिए उसने बच्चे को अपने संरक्षण में लेने के लिए याचिका दायर की। वहीं लड़के के पिता ने दलील दी कि वह एक किसान है और वह सालाना करीब डेढ़ लाख रुपए कमाता है। लेकिन उसकी पत्नी के पास आय का कोई निजी स्रोत नहीं है और वह आय के लिए पूरी तरह से अपनी पुश्तैनी कृषि भूमि पर निर्भर है। अदालत ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कहा, यह महिला शिक्षित है और स्नातकोत्तर है। वह शिक्षा के मामले में बच्चे के पिता से कहीं बेहतर है। बच्चे का कल्याण केवल मौद्रिक संसाधनों पर निर्भर नहीं है।

# निकाय चुनाव में रिकार्ड 79.57 प्रतिशत मतदान

भाषा। जयपुर

**राजस्थान** में 12 जिलों के 50 नगर निकायों में सदस्य यानी पार्षद पद के लिए शुक्रवार को मतदान हुआ जहां शाम पांच बजे तक रिकार्ड 79.57 फीसदी मतदाताओं ने वोट डाले। राज्य निर्वाचन आयोग के प्रवक्ता ने बताया कि 12 जिलों के 50 निकायों के लिए हो रहे चुनाव में शाम पांच बजे तक रिकॉर्ड 79.57 प्रतिशत मतदान हुआ। मतदान का अंतिम आंकड़ा अभी आना बाकी है। इन चुनाव में 14 लाख से ज्यादा मतदाता 7249 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे। इन 43 नगरपालिका और सात नगर परिषदों में 1775 वार्ड हैं। यहां 2622 मतदान केंद्रों पर कुल 14 लाख 32,233 मतदाता हैं। पार्षदी के लिए कुल 7249 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। इन निकायों में अध्यक्ष या सभापति पद के लिए 14 दिसंबर को लोक सूचना जारी होगी। अध्यक्ष के लिए मतदान 20 दिसंबर को और उपाध्यक्ष के लिए निर्वाचन 21 दिसंबर को होगा।

# आलाकमान कहे तो एक मिनट में दे दूं इस्तीफाः बघेल

भाषा। रायपुर

**छत्तीसगढ़** में मुख्यमंत्री पद के ढाई-ढाई साल के कथित फॉर्मूले को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि आलाकमान के निर्देश पर वह तत्काल इस्तीफा दे देंगे। बघेल ने शुक्रवार को सरगुजा क्षेत्र के दौरे से पहले संवाददाताओं के सवाल के जवाब पर कहा, अभी मैं आपसे बात कर रहा हूं और आलाकमान का निर्देश आता है कि इस्तीफा दे दो तो मै इस्तीफा दे दूंगा। (पार्टी) हाईकमान के निर्देश पर यह जिम्मेदारी मैने ली है।

हाईकमान बोले तो मै तत्काल इस्तीफा दे दूंगा। उन्होंने दावा किया कि उन्हें इस पद का मोह नहीं है। उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है उस पद का वह निर्वहन कर रहे हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि इस प्रकार से गलतफहमी पैदा करने वाले लोग प्रदेश का हित नहीं कर रहे हैं। बघेल ने कहा कि जिन लोगों को छत्तीसगढ़ का विकास होते हुए देखने में तकलीफ हो रही है, वह लोग इस प्रकार की बातें कह रहे हैं। छत्तीसगढ़ में वर्ष 2018 में हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को बहुमत मिलने के बाद कांग्रेस ने तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष भूपेश बघेल को मुख्यमंत्री पद का



दायित्व सौंपा था। बघेल ने 17 दिसंबर वर्ष 2018 को मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। इस दौरान वरिष्ठ नेता टीएस सिंहदेव और सांसद ताम्रध्वज साहू ने भी मंत्री पद की शपथ ली थी।

बघेल के मुख्यमंत्री नियुक्त होने के बाद ऐसे दावे भी सामने आए थे कि कांग्रेस आलाकमान ने बघेल और सिंहदेव को ढाईढाई वर्ष के लिए मुख्यमंत्री नियुक्त करने का फैसला किया है। हालांकि कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने इसकी पुष्टि नहीं की थी। राज्य में अब कांग्रेस के शासन को दो वर्ष पूरे होने वाले हैं ऐसे में एक बार फिर ढाई वर्ष में नेतृत्व परिवर्तन को लेकर चर्चा शुरू हो गई है। मुख्यमंत्री बघेल के इस बयान के बाद राज्य के स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव से ढाई वर्ष के फॉर्मूले के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि पार्टी हाईकमान के साथ जो बात होती है उसकी एक गरिमा है, मर्यादा है। उन्होंने कहा, हम लोग उसके बारे में सार्वजनिक बात नहीं करते हैं।

# गैंगस्टर अधिनियम के तहत पूर्व विधायक की करोड़ों की संपत्ति जब्त

**बलरामपुर ( उप्र )।** बलरामपुर जिले के उतरौला क्षेत्र के पूर्व विधायक आरिफ अनवर हाशमी की चार लग्जरी गाड़ियों सहित करीब 50 करोड़ रूपए से अधिक की चल-अचल सम्पत्ति गैंगस्टर अधिनियम के तहत शुक्रवार को जब्त किया गया। पुलिस अधीक्षक हेमंत कुटियाल ने शुक्रवार को बताया कि गैंगस्टर अधिनियम के तहत आरिफ अनवर हाशमी की करीब 50 करोड़ की चल-अचल सम्पत्तियो को जब्त करने की कार्वाई की गई। उन्होने बताया कि जब्त की गई सम्पत्तियों में एजी हाशमी डिग्री कॉलेज (उतरौला), नेशनल महाविद्यालय (रेहरा बाजार), नेशनल मार्डन इंटर कालेज, एजी हाशमी इंटर कॉलेज सादुल्ला नगर की संपत्ति शामिल हैं, जिनकी कीमत करीब 50 करोड़ रूपए से अधिक है। कुटियाल ने बताया कि इस दौरान चार लग्जरी गाड़ियों को भी जब्त किया गया है जिसकी कीमत 65 लाख से अधिक है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आरिफ अनवर हाशमी पर बीस आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं जिनमें सरकारी और अन्य व्यक्तियों की ज़मीन कब्ज़ा करने का आरोप शामिल है। उन्होंने बताया कि इसी वर्ष हाशमी के पुराने अपराधों की फाइल खोली गई, इसके अतिरिक्त गैंगेस्टर अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है जिसके तहत जिलाधिकारी ने चिह्नित संपत्तियों को जब्त करने की कार्वाई का आदेश दिया है। उन्होंने बताया कि आरिफ अनवर हाशमी की अवैध तरीके से अर्जित संपत्तियों के आंशिक हिस्से को जब्त किया गया है जिन्हें चिह्नित किया गया था और आगे भी पुलिस और प्रशासन सख्त कार्वाई करेगी। उल्लेखनीय है कि गैंगस्टर अधिनियम के तहत अवैध संपत्तियों को जब्त करने का अधिकार जिलाधिकारी को है। उतरौला विधानसभा क्षेत्र से लगातार दो बार विधायक रह चुके आरिफ अनवर हाशमी पिछले कई महीनों से जिला कारागार मे बंद हैं।

# पेज 1 का शेष

## उत्तर प्रदेश...

सचिव-प्रमुख सचिव की निगरानी में निदेशालय चलेगा। निदेशालय में निदेशक के अलावा 2 संयुक्त निदेशक, एक लेखाधिकारी, 2 कार्यालय अधीक्षक, 3 स्टेनो-आशुलिपिक, 2 स्थापना सहायक, 2 कम्पूयटर सहायक, 3 वाहन चालक और 3 अनुदेशक तैनात होंगे। इस निदेशालय का उप कार्यालय गाजियाबाद स्थित मानसरोवर भवन में होगा। अभी तक धर्मार्थ कार्य विभाग में विभागीय मंत्री के अलावा अपर मुख्य सचिव, विशेष सचिव, अनुसचिव और अनुभाग अधिकारी ही होते थे। पहले इस विभाग का बजट महज 17 हजार रुपये का होता था। मगर अब 500 करोड़ रूपये से अधिक का है। उत्तर प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के अनुरूप पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सांस्कृतिक, आध्यात्मिक, पौराणिक और स्थापत्य सम्बंधी कार्य धर्मार्थ कार्य विभाग की निगरानी में विभिन्न योजनाओं व कार्यक्रमों के जरिये संचालित किये जा रहे हैं। इनमें श्री काशी विश्वनाथ मंदिर अधिनियम के तहत संचालन व प्रबंधनए काशी विश्वनाथ विशिष्ट क्षेत्र विकास परिषद का गठन व संचालन, चित्रकूट परिक्रमा स्थल एवं भजन संध्या स्थल का निर्माण, कैलाश मानसरोवर भवन गाजियाबाद का निर्माण व प्रबंधन, अयोध्या भजन संध्या स्थल का निर्माण व प्रबंधन, वैदिक विज्ञान केन्द्र बीएचयू वाराणसी, कैलाश मानसरोवर तीर्थ यात्रा अनुदान, सिंधु दर्शन यात्रा अनुदान, राज गोपाल ट्रस्ट लखीमपुर खीरी-अयोध्या का प्रबंधन, मौनी बाबा मेला जिला बांदा का प्रबंधन, गोपाल मंदिर जिला बांदा चरखारी मंदिर का प्रबंधन आदि कार्य प्रमुख हैं।

## गृह मंत्रालय...

राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति पर स्पष्टीकरण देने को कहा जा सकता है तथा राजनीतिक हिंसा और अन्य अपराधों को रोकने के लिए उठाए गए कदमों के बारे में सवाल किया जा सकता है। केंद्रीय गृह मंत्रालय को अभी पश्चिम बंगाल में नड्डा के दौरे के दौरान गंभीर सुरक्षा खामियों पर ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार से रिपोर्ट नहीं मिली है। अधिकारियों ने कहा कि बनर्जी के भतीजे अभिषेक के लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र डायमंड हार्बर में हिंसा के बाद राज्यपाल की रिपोर्ट में पश्चिम बंगाल में कानून व्यवस्था की स्थिति तथा राजनीतिक हिंसा और अन्य अपराधों पर राज्य सरकार की प्रतिक्रिया के बारे में विस्तृत विवरण दिया गया है।

## दोनों अफसरों...

रिपोर्ट के बाद राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति पर स्पष्टीकरण के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय ने बंदोपाध्याय और डीजीपी वीरेंद्र को 14 दिसंबर को तलब किया है। नड्डा के काफिले की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा उठाए गए विभिन्न कदमों का जिक्र करते हुए दो पन्ने के अपने पत्र में बंदोपाध्याय ने कहा कि राज्य पूरी गंभीरता के साथ मुद्दे का समाधान कर रहा है। उन्होंने लिखा है कि पश्चिम बंगाल पुलिस ने जेपी नड्डा को एक बुलेटप्रूफ कार और एक पायलट वाहन मुहैया कराया था।

## मुख्तार के...

दिसंबर 2020 को आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया गया। आईजी एसटीएफ अमिताभ यश के अनुसार विवेचना के दौरान यह प्रमाणित हुआ कि अभियुक्त अब्बास अंसारी द्वारा भारतीय दण्ड संहिता के साथ साथ आयुध नियमों का भी उल्लघंन किया गया जो आयुध अधिनियम के अर्न्तगत दण्डनीय अपराध है। अभियुक्त अब्बास अंसारी द्वारा विख्यात निशानेबाज के हैसियत से अनुमन्य 7 शस्त्रों की सीमा से अधिक 8 शस्त्रों के लाइसेन्स प्राप्त कर लिए। जिला मजिस्ट्रेट लखनऊ द्वारा स्वीकृत शस्त्र लाइसेंस को पता परिवर्तन के आधार पर नई दिल्ली पंजीकृत करा लिया। जिसके सम्बन्ध में जिला मजिस्ट्रेट लखनऊ को सूचित भी नहीं किया। अधिकृत बोर से बड़े बोर के तथा निषिद्ध एवं घातक किस्म की रायफल व पिस्टल तथा उनसे संबंधित कारतूस खरीदे। शूटिंग हेतु निषिद्ध बोर की कारतूस जिनके बुलेट कठोर धातु, जैकेटेड एवं हालो पॉइंट किस्म की थी, प्रयोग किये। घातक किस्म की होने के कारण इण्टरनेशनल शूटिंग स्पोर्टस फेडरेशन द्वारा ऐसे कारतूस शूटिंग हेतु प्रतिबन्धित किए गए हैं । गन के लाइसेंस को पिस्टल-रिवाल्वर की श्रेणी के लाइसेंस में कन्वर्जन कराया। लाइसेसिंग प्राधिकारी को धोखे में रखकर प्राधिकृत शस्त्र डीलर के प्रमाण पत्र के बिना शस्त्र में तकनीकी खराबी दिखाकर विक्रय हेतु अनुमति लिया। भारतीय राष्ट्रीय रायफल संघ के प्रमाण पत्र के बिना पर्सनल बैगेज के तौर पर विदेशों से भारी मात्रा में शस्त्र, कारतूस आयात किया। क्रय कारतूसों का उपभोग सम्बंधी विवरण प्रस्तुत नहीं किया। लाइसेंसिंग प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत आवेदन पत्रों में अपना स्थायी पता कई बार परिवर्तित किया । दिल्ली स्थित अपने अस्थायी पते को स्थायी पता दर्शाते हुए मुख्तार अंसारी को अपना नामनी बताते हुए उक्त पते पर रहना दर्शाया गया जबकि वह विगत कई वर्षो से जेल में निरूद्ध है। शस्त्र लाइसेंस में अंकित एवं बरामद किए गए कारतूसों में भारी भिन्नता पायी गयी। बरामद किए गए शस्त्र कारतूस मानक के अनुरूप नहीं मिले। इण्टरनेशनल शूटिगं स्पोर्ट फेडरेशन तथा नेशनल रायफल एसोसियशन ऑफ इण्डिया के प्रचलित नियमों का उल्लधंन किया गया। उल्लेखनीय है कि अभियुक्त अब्बास अंसारी का पिता मुख्तार अंसारी थाना मोहम्मदाबाद जनपद गाजीपुर का हिस्ट्रीशीटर, पंजीकृत अन्तर्राज्यीय गैंग का सरगना एवं कुख्यात माफिया है। जिसके विरुद्ध विभिन्न जनपदों में 45 से अधिक अभियोग पंजीकृत है तथा विगत 15 वर्षों से जेल में निरूद्ध है।

## किसान आंदोलन...

अंदोलन को भटकाव की ओर ले जा रही है। यह वे लोग है जिन्होंने हमेशा किसानों को ठगा है। योगी ने कहा कि पीएम मोदी नरेंन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार कृषि क्षेत्र में उन्नयन का काम रही है। जो 60 साल में किसानों हित में नहीं हुआए उसे 6 साल में करके दिखाया है। लेकिन कुछ लोगों को किसानों की आर्थिक उन्नति पसंद नहीं आ रही है। पीएम मोदी ने बिचौलियों को खत्म किया और किसानों को सीधे उनके खाते में पैसे भेजने का काम किया। किसानों को प्रधानमंत्री पर पूरा भरोसा है। मैनपुरी के एक किसान ने अपनी 12 बीघा जमीन प्रधानमंत्री के नाम लिख दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों की उन्नति के लिए लगातार काम कर रही है। यूपी का किसान जानता है कि उनका सच्चा हितैषी कौन है। राज्य सरकार ने 1977 से लंबित बाण सागर परियोजना को पूरा किया। इसके बाद मध्य गंगा परियोजना, सरयू नहर राष्ट्रीय परियोजना और अर्जुन सहायक परियोजना 2021 तक पूरी हो जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत बंदी के दौरान समाजवादी पार्टी ने उत्तर प्रदेश बंद की घोषणा की थी। किसानों के समर्थन में सपा और कांग्रेस के बंद का एलान फ्लाप शो साबित हुआ है। यहां एक भी दुकान बंद नहीं हुई। यूपी का किसान जानता है कि उनका हितैषी कौन है। राज्य सरकार ने एक लाख बारह हजार करोड़ रुपये गन्ना किसानों का भुगतान किया हैए जो बहुत से राज्यों का बजट नहीं है। सीएम योगी ने कहा कि बिहार का चुनाव हो या फिर यूपी का उपचुनावए देश की जनता ने प्रधानमंत्री पर भरोसा दिखाया है। इसके लिए राहुल गांधी जैसे फ्लाप नेता के सर्टिफिकेट की जरूरत नहीं है। 2014 और 2019 के चुनाव परिणामों ने दिखा दिया कि देश का भविष्य कौन है।

## कृषि कानूनों...

आयोजन करेंगे जहां पर किसानों को यह बताया जाएगा कि नए कृषि कानून उन्हें अनुबंध खेती के जरिये अपनी फसलों को बेचने की 'पूरी आजादी' और अपनी आय 'बढ़ाने' का जरिया देते हैं। नए केंद्रीय कानून इस साल संसद में पारित हुए थे। ये कृषि उत्पादों के व्यापार और अनुबंध की अनुमति देते हैं। इनके साथ ही अनिवार्य वस्तु अधिनियम में संशोधन के कारण भंडारण पर लगी रोक भी हटा दी गई है। किसान इन कानूनों को वापस लेने की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि इससे वे कारपोरेट व्यापारियों की अनुकंपा पर निर्भर हो जाएंगे। भाजपा नेताओं के मुताबिक कोरोना वायरस महामारी के चलते उनका जागरूकता अभियान (कृषि कानूनों पर) प्रभावी ढंग से चल नहीं पाया।

## किसान संगठन...

यूनियन (भानु) के मथुरा निवासी अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने द्रमुक सांसद तिरूचि शिवा की याचिका में पक्षकार बनने के लिए यह आवेदन दायर किया है। प्रधान न्यायाधीश एसए बोबड़े, न्यायमूर्ति एएस बोपन्ना और न्यायमूर्ति वी रामासुब्रमणियन की पीठ ने 12 अक्टूबर को तीन कृषि कानूनों की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली राजद सांसद मनोज झा, द्रमुक सांसद तिरूचि शिवा और छत्तीसगढ़ किसान कांग्रेस के राकेश वैष्णव की याचिकाओं पर केन्द्र को नोटिस जारी किए थे। केन्द्र को चार सप्ताह के भीतर नोटिस का जवाब देना था।

## किसानों की...

ट्वीट कर कहा, किसानों की आड़ में असामाजिक तत्व उनके आंदोलन का माहौल बिगाड़ने की साजिश कर रहे हैं। मेरी किसान भाइयों से अपील है कि वे सजग रहें एवं ऐसे असामाजिक तत्वों को अपना मंच प्रदान न करें। गौरतलब है कि केंद्र के तीन कृषि कानूनों के खिलाफ हजारों किसान पिछले कई दिनों से दिल्ली की विभिन्न सीमाओं पर प्रदर्शन कर रहे हैं। वे नए कृषि कानूनों को वापस लेने और फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रणाली को बनाए रखने की मांग कर रहे हैं। तोमर ने ट्वीट के साथ एक मीडिया रिपोर्ट भी साझा की जिसमें राजधानी के टिकरी बॉर्डर स्थित किसानों के एक प्रदर्शन स्थल पर दिल्ली दंगों के आरोप में गिरफ्तार कुछ कार्यकर्ताओं की रिहाई की मांग वाले पोस्टरों का जिक्र है। इन मांगों वाले पोस्टर लिए किसानों की तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद किसान नेताओं ने स्पष्ट किया कि उनका आंदोलन गैरराजनीतिक है। सिंघू बार्डर पर संवाददाताओं को संबोधित करते हुए किसान नेताओं ने कहा कि उन्होंने कई नेताओं को अपने मंच का इस्तेमाल करने से मना कर दिया है। टिकरी बॉर्डर पर प्रदर्शन के दौरान कई आरोपों में गिरफ्तार उमर खालिद और सुधा भारद्वाज सहित कुछ लेखकों व बुद्धिजीवियों की रिहाई की मांग वाले पोस्टरों के सामने आने के बारे में पूछे जाने ने किसान नेताओं ने कहा कि उन्हें इस बारे में ठोस जानकारी नहीं है कि टिकरी बॉर्डर पर क्या हुआ।

# बुमराह बल्ले से चमके, भारत अच्छी स्थिति में

## तीन दिवसीय अभ्यास मैच

### बुमराह के शॉट से ग्रीन के सिर पर लगी गेंद

भाषा। सिडनी



श्रेय बुमराह की नाबाद 55 रन की पारी को जाता है जिसमें छह चौके और दो छक्के शामिल हैं। उन्होंने मोहम्मद सिराज (22) के साथ दसवें विकेट के लिए 71 रन की साझेदारी की।

**जसप्रीत** बुमराह के करियर के पहले अर्धशतक के बाद भारतीय तेज गेंदबाजों ने कहर बरपाकर दूधिया रोशनी में खेले जा रहे दूसरे अभ्यास टेस्ट क्रिकेट मैच के बारिश से प्रभावित पहले दिन शुक्रवार को यहां सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर विकेटों के पतझड़ के बीच आस्ट्रेलिया ए के खिलाफ मेहमानों का पलड़ा भारी रखा। बुमराह ने उस पिच पर अपने करियर का पहला अर्धशतक जमाया जिस पर भारत और आस्ट्रेलिया ए के बल्लेबाज रन बनाने के लिए जूझते नजर आए। भारत ने कप्तान विराट कोहली और टेस्ट विशेषज्ञ चेतेश्वर पुजारा को इस दिन-रात्रि मैच में विश्राम दिया लेकिन उसके अन्य प्रमुख बल्लेबाज नहीं चल पाए। कोहली और पुजारा की अनुपस्थिति में भारतीय मध्यक्रम लड़खड़ा गया और उसने 21 रन के अंदर सात विकेट गंवाए जिससे उसका स्कोर दो विकेट 102 रन से नौ विकेट पर 123 रन हो गया था। टास जीतकर पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी भारतीय टीम अगर 194 रन तक पहुंची तो इसका श्रेय बुमराह की नाबाद 55 रन की पारी को जाता है जिसमें छह चौके और दो छक्के शामिल हैं। उन्होंने मोहम्मद सिराज (22) के साथ दसवें विकेट के लिए 71 रन की साझेदारी की। इसके बाद मोहम्मद शमी ने आस्ट्रेलिया ए के शीर्ष क्रम को लड़खड़ा दिया और आस्ट्रेलिया ए की पूरी टीम को 108 रन पर समेटने में अहम भूमिका निभाई। भारत ने इस तरह से पहली पारी में 86 रन की बढ़त हासिल की है। शमी ने 29 रन देकर तीन विकेट लिए। बुमराह (33 रन देकर दो) ने अपेक्षानुरूप गेंदबाजी में भी जलवा बिखेरा जबकि नवदीप सैनी (19 रन देकर तीन) और सिराज (26 रन देकर एक) ने टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण का दावा मजबूत किया।

भारतीय पारी अगर 48.3 ओवर तक चली तो आस्ट्रेलिया ए की टीम 32.2 ओवर तक ही टिक पाई। भारत ने मयंक अग्रवाल (दो) का विकेट जल्दी गंवा दिया जिन्होंने सीन एबट की गेंद पर ढीला शॉट खेलकर अपना विकेट इनाम में दिया। पृथ्वी सॉव (40) और शुभमन गिल (43) दोनों अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पाए। दोनों एडीलेड में 17 दिसंबर से शुरू होने पहले दिन रात्रि टेस्ट मैच में अग्रवाल का सलामी जोड़ीदार बनने के दावेदार हैं लेकिन उन्होंने सीमित ओवरों के मूड में बल्लेबाजी की। अग्रवाल के साथ पारी का आगाज करने वाले सॉव को आलराउंडर विल सदरलैंड ने उनके बल्ले और पैड के बीच से गेंद निकालकर बोल्ड किया जिससे गिल के साथ उनकी दूसरे विकेट के लिए 63 रन की साझेदारी का भी अंत हुआ। अब निगाहें हनुमा विहारी पर टिकी थी जो पहले अभ्यास मैच में भी 15 और 28 रन ही बना पाए थे। यह टेस्ट विशेषज्ञ हालांकि इस बार भी 15 रन से आगे नहीं बढ़ पाया और मध्यम गति के गेंदबाज जैक विल्डरमठ की गेंद पर बोल्ड हो गया। यहीं से भारतीय पारी पतन शुरू हुआ। गिल अगले ओवर में पवेलियन लौटे जबकि पहले अभ्यास मैच में शतक जड़ने कप्तान अंजिक्य रहाणे केवल चार रन बनाकर विकेट के पीछे कैच दे बैठे। भारत ने इस मैच में ऋषभ पंत को विकेटकीपर और ऋद्धिमान साहा को विशेषज्ञ बल्लेबाज के रूप में अंतिम एकादश में रखा था लेकिन दोनों नहीं चल पाए। पंत पहले बल्लेबाजी के लिए उतरे लेकिन केवल पांच रन बना पाए जबकि साहा 22 गेंदों का सामना करने के बावजूद खाता नहीं खोल सके। जब लग रहा था कि भारत सस्ते में पवेलियन लौट जाएगा तब बुमराह ने लंबे शॉट खेलने के अपना कौशल दिखाया अपने प्रथम श्रेणी करियर का पहला अर्धशतक जमाया। इससे पहले उनका सर्वोच्च स्कोर 16 रन था। उनका एक शॉट आलराउंडर कैमरन ग्रीन के सिर पर लगा जिससे उन्हें मैदान छोड़ना पड़ा। बुमराह ने 57 गेंदों का सामना किया तथा सदरलैंड की गेंद पर छक्के से अर्धशतक पूरा किया। सिराज ने अपनी पारी में दो चौके और एक छक्का लगाया। आस्ट्रेलिया ए की तरफ से एबट और विल्डरमठ ने तीन तीन विकेट लिए।

# रोहित शर्मा फिटनेस टेस्ट में पास 14 को ऑस्ट्रेलिया रवाना होंगे

### पहले दो टेस्ट के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे

भाषा। नई दिल्ली



**भारतीय** टीम के सीनियर बल्लेबाज रोहित शर्मा ने 17 दिसंबर से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू होने वाली चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला से पहले शुक्रवार को बेंगलुरू स्थित राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में फिटनेस टेस्ट पास कर लिया और वह 14 दिसंबर को ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना होंगे। इंडियन प्रीमियर लीग के दौरान रोहित के मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था जिससे वह ऑस्ट्रेलिया दौरे पर सीमित ओवरों की टीम का हिस्सा नहीं बना सके थे।

कोरोना वायरस महामारी के कारण ऑस्ट्रेलिया में पृथकवास नियमों के चलते वह हालांकि पहले दो टेस्ट के लिए उपलब्ध नहीं हो सकेंगे लेकिन आखिरी दो टेस्ट में वह टीम का हिस्सा बनेंगे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक वरिष्ठ सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर कहा कि रोहित ने फिटनेस टेस्ट पास कर लिया है और वह जल्द ही ऑस्ट्रेलिया के लिए उड़ान भरेंगे। रोहित का फिटनेस टेस्ट एनसीए के निदेशक राहुल द्रविड़ की देखरेख में हुआ। द्रविड को उन्हें फिटनेस प्रमाणपत्र देने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। ऑस्ट्रेलियाई सरकार के नियमों के तहत वह सिडनी (सात से 11 जनवरी) और ब्रिसबेन (15 जनवरी से 19 जनवरी) में होने वाले आखिरी दो टेस्ट के लिए अभ्यास करने से पहले 14 दिनों तक वहां पृथकवास में रहेंगे। वह सिडनी के लिए उड़ान भरेंगे और वही एक सप्ताह तक अभ्यास करेंगे। पिछले कुछ सप्ताह से रोहित के चोट को लेकर भ्रम की स्थिति थी। कप्तान विराट कोहली ने इस मुद्दे पर स्पष्टता की कमी की बात कही थी। आईपीएल में मुंबई इंडियंस के लिए खेलते हुए लीग मैच के दौरान रोहित को बाईं हैमस्ट्रिंग में चोट लगी थी। इस चोट के कारण वह आईपीएल के चार मैचों से बाहर रहे जिससे चयनकर्ताओं ने ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए उनके नाम पर विचार नहीं किया।

## राष्ट्रीय भारोत्तोलन शिविर मुंबई स्थानांतरित

**नई दिल्ली**। भारतीय भारोत्तोलन महासंघ (आईडब्ल्यूएलएफ) ने 21 दिसंबर से शुरू होने वाले राष्ट्रीय शिविर को दो महीने के लिए पटियाला से मुंबई स्थानांतरित करने का फैसला किया है जिससे तोक्यो ओलंपिक की तैयारी कर रहे भारोत्तोलक अधिक तापमान वाली जगह पर अभ्यास कर सकें। मुंबई में रेलवे के महालक्ष्मी स्टेडियम में आयोजित होने वाले दो महीने के शिविर में आठ भारोत्तोलक हिस्सा होंगे। पटियाला में गर्मी में तापमान अधिक रहता है लेकिन साल के इस समय वहां काफी ठंड का मौसम होता है। आईडब्ल्यूएलएफ के महासचिव सहदेव यादव ने कहा कि हमने पटियाला में ठंड के मौसम के कारण शिविर को मुंबई स्थानांतरित करने का फैसला किया है। यादव ने कहा कि टोक्यो में ओलंपिक के दौरान काफी गर्मी होगी। इसलिए हम चाहते है कि भारोत्तोलक वैसे मौसम में ही अभ्यास करे। वे दो महीने तक मुंबई में अभ्यास करेंगे उसके बाद हम आगे का फैसला करेंगे।

## एमएलएस के 20 फीसदी खिलाड़ी को कोरोना

**वाशिंगटन**। मेजर लीग फुटबॉल प्लेयर्स एसोसिएशन (एमएलएस) ने कहा है कि इस सत्र के दौरान उसके करीब 20 प्रतिशत खिलाड़ी कोरोना वायरस जांच में पॉजिटिव पाए गए। संघ के कार्यकारी निदेशक बॉब फूसे ने गुरूवार को एक कांफ्रेंस कॉल में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ऐसे में जबकि अधिकांश लोग घरों से काम कर रहे हैं, हमारे खिलाड़ी रोज काम पर बाहर जा रहे हैं। लीग के करीब 20 प्रतिशत खिलाड़ी कोरोना संक्रमण का शिकार हुए। लीग के प्रोटोकॉल के तहत कई दौर के टेस्ट कराए गए। कुछ खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय मैचों के बाद पॉजिटिव पाए गए। मार्च में सत्र निलंबित होने से पहले एमएलएस टीमों ने दो ही मैच खेले थे। इसके बाद फ्लोरिडा में बायो बबल में लीग के मैच बहाल हुए।

## कोरोना संक्रमण से उबरे लुईस हैमिल्टन

यास आइलैंड (**अबुधाबी**)। फार्मूला वन चैम्पियन लुईस हैमिल्टन कोरोना संक्रमण से उबर चुके हैं और इस सप्ताह के आखिर में सत्र की अंतिम अबुधाबी ग्रांप्री में भाग लेंगे। हैमिल्टन की वापसी के मायने हैं कि जॉर्ज रसेल फिर विलियम्स टीम में लौटेंगे। सात बार के विश्व चैम्पियन हैमिल्टन 29 नवंबर को बहरीन ग्रांप्री जीतने के एक दिन बाद कोरोना वायरस जांच में पॉजिटिव पाए गए थे। वह साखिर ग्रांप्री में भाग नहीं ले सके थे। मर्सीडीज ने एक बयान में कहा कि लुईस की बुधवार को कोरोना जांच रिपोर्ट नेगेटिव आई है। वह पृथकवास में था लेकिन अब अबुधाबी ग्रांप्री में भाग लेगा। यहां पहुंचने पर भी उसकी जांच रिपोर्ट नेगेटिव आई है। हैमिल्टन के विकल्प के तौर पर रसेल विलियम्स से मर्सीडीज में आए थे।

## विम्बलडन चैम्पियन रहे ओलमेडो का निधन

सांटा मोनिका (**अमेरिका**)। अंतरराष्ट्रीय टेनिस हॉल आफ फेम में शामिल 1959 के विम्बलडन और आस्ट्रेलियाई ओपन चैम्पियन एलेक्स ओलमेडो का निधन हो गया। वह 84 वर्ष के थे। ओलमेडो के बेटे अलेजांद्रो जूनियर ने कहा कि उनका बुधवार को दिमाग के कैंसर के कारण निधन हुआ। ओलमेडो का जन्म 1936 में पेरू में हुआ था लेकिन बाद में वह अमेरिका बस गए। उन्होंने 1958 में अमेरिका के लिए डेविस कप खेला और खिताब जीता। उन्होंने हैम रिचर्डसन के साथ अमेरिकी राष्ट्रीय चैम्पियनशिप भी जीती जिसे अब अमेरिकी ओपन कहते हैं।

## अमनदीप आठवें दौर की चैम्पियन बनीं

**गुरुग्राम**। अमनदीप द्राल ने आखिरी के चार होल में दो बर्डी लगाकर हीरो महिला पेशेवर गोल्फ टूर के आठवें चरण में शुक्रवार को यहां तीन शॉट की बढ़त के साथ जीत दर्ज की। उन्होंने तीसरे और आखिरी दौर में एक ओवर 73 का कार्ड खेलकर तीन अंडर 213 के स्कोर किया। सहर अटवाल (71) 216 के पार स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर रही। मौजूदा सत्र में यह उनकी दूसरी जीत है। वह चौथे चरण की विजेता रही थी जबकि सातवें चरण में वह शीर्ष पेशेवर खिलाड़ी थी।जाह्नवी बख्शी ने तीसरे दिन तीन अंडर 69 का सर्वश्रेष्ठ कार्ड खेला। वह दूसरे दौर के बाद नौवें स्थान पर थी लेकिन तीसरे दौर के बाद तीसरे स्थान पर पहुंच गई। एमेच्योर कृति चौहान (74) सात ओवर 223 के स्कोर के साथ चौथे जबकि त्वेसा मलिक (75) और प्राणवी उर्स (79) आठ ओवर 224 के स्कोर के साथ पांचवें पायदान पर रही।

## डिकॉक द. अफ्रीका के टेस्ट कप्तान नियुक्त

**जोहानिसबर्ग**। विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक को श्रीलंका के खिलाफ आगामी दो मैचों की श्रृंखला के लिए दक्षिण अफ्रीका की टेस्ट टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है। इस श्रृंखला के लिए चुनी गई 16 सदस्यीय टीम में सलामी बल्लेबाज सारेल इर्वी, विकेटकीपर बल्लेबाज काइल वेरन और मध्यम गति के गेंदबाज ग्लेनटन स्टुअरमैन के रूप में नए चेहरे भी शामिल किए गए हैं। श्रीलंका के खिलाफ दोनों टेस्ट आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा है। पहला टेस्ट मैच बॉक्सिंग डे (26 से 30 दिसंबर) और दूसरा टेस्ट नए साल (तीन से सात जनवरी) पर खेला जाएगा। **टीम** : क्विटंन डिकॉक (कप्तान एवं विकेटकीपर), तेम्बा बावुमा, एडेन मार्कराम, फाफ डु प्लेसिस, बेयूरन हेंड्रिक, डीन एल्गर, केशव महाराज, लुंगी एनगिडी, रासी वैन डेर डूसन, सेरेल इर्वी, एरिक नॉर्टजे, ग्लेनटन स्टुअरमैन, वियान मुल्डर, कीगन पीटरसेन, काइल वेरन।

## प्रियम गर्ग बने उत्तर प्रदेश के कप्तान

**लखनऊ**। बल्लेबाज प्रियम गर्ग को सैयद मुश्ताक अली टी-20 क्रिकेट चैंपियनशिप के लिए उत्तर प्रदेश का कप्तान नियुक्त किया गया है। उत्तर प्रदेश क्रिकेट संघ के मुख्य परिचालन अधिकारी दीपक शर्मा ने शुक्रवार को बताया कि चयन समिति ने 20 साल के बल्लेबाज प्रियम गर्ग को आगामी सैयद मुश्ताक अली टी-20 चैंपियनशिप के लिए उत्तर प्रदेश सीनियर टीम का कप्तान चुना है। उन्होंने बताया कि लेग स्पिनर करण शर्मा को उप कप्तान बनाया गया है। हालांकि बीसीसीआई ने अभी सैयद मुश्ताक अली टी-20 चैंपियनशिप का कोई कार्यक्रम घोषित नहीं किया है।

# कोहली के बिना मुश्किल में होगा भारत

### भारत को पहला टेस्ट जीतना ही होगा: कुंबले

भाषा। नई दिल्ली



**पूर्व** राष्ट्रीय कोच अनिल कुंबले को लगता है कि अगर भारत ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरूआती दिन-रात्रि टेस्ट में जीत हासिल नहीं की तो करिश्माई कप्तान विराट कोहली की अनुपस्थिति में मेहमानों के लिए काफी मुश्किल हो जाएगी।

भारत 17 दिसंबर से एडीलेड में दिन-रात्रि टेस्ट के साथ बार्डर-गावस्कर टेस्ट श्रृंखला की शुरूआत करेगा और कुंबले को लगता है कि यह मैच भारत के लिए बड़ी चुनौती होगी। कप्तान कोहली शुरूआती टेस्ट के बाद अपने पहले बच्चे के जन्म के लिए स्वदेश लौट आएंगे। इस महान स्पिनर ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि अगर हम पहले टेस्ट मैच में जीत हासिल करके आगे हो जाते हैं तो भारत के पास पिछले आस्ट्रेलिया दौरे की उपलब्धि को दोहराने का बढ़िया मौका होगा।

उन्होंने कहा कि हालांकि स्टीव स्मिथ और डेविड वार्नर टीम में वापसी कर रहे हैं और फिर विराट भी तीन टेस्ट मैचों में नहीं खेल पाएगा तो यह निश्चित रूप से भारत के लिए बड़ा कारण बन जाएगा। लेकिन यह कहने के बावजूद टीम में काफी काबिलियत मौजूद हैं, भले ही वो बल्लेबाजी हो या फिर गेंदबाजी। भारतीय खिलाड़ियों के पास शीर्ष स्तर के क्रिकेट में गुलाबी गेंद से खेलने का ज्यादा अनुभव नहीं हैं और टीम ने केवल एक ही मैच गुलाबी गेंद से खेला है जो पिछले साल बांग्लादेश के खिलाफ था जिसमें उसने पारी और 46 रन के अंतर से जीत हासिल की थी। वहीं आस्ट्रेलियाई टीम ने पिछले कुछ वर्षों में काफी दिन-रात्रि मैच खेले हैं।

कुंबले को लगता है कि भारत का तेज गेंदबाजी आक्रमण आस्ट्रेलिया के बराबर ही है जबकि मेहमान बल्लेबाजी में मेजबानों से आगे हैं लेकिन यह सब पहले टेस्ट के नतीजे पर निर्भर करेगा। उन्होंने कहा कि अगर हम गुलाबी गेंद के टेस्ट में जीत हासिल कर बढ़त हासिल कर लेते हैं, जिसमें आस्ट्रेलिया निश्चित रूप से मजबूत है और उन्होंने एडीलेड में जब भी गुलाबी गेंद से मैच खेले हैं तो काफी अच्छा प्रदर्शन किया है।

## एससी ईस्ट बंगाल ने खराब रैफरिंग की शिकायत की

**पणजी**। मौजूदा इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) में रैफरिंग के निराशाजनक स्तर से नाराज रॉबी फाउलर की कोचिंग वाली एससी ईस्ट बंगाल ने शुक्रवार को अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के समक्ष शिकायत दर्ज की। उसने पिछले कुछ मैचों में कुछ बड़ी गलतियों की शिकायत की जिससे उससे काफी नुकसान हुआ।

आईएसएल के इस सत्र में सबसे अंत में प्रवेश करने वाली एससी बंगाल को लगातार तीन मैचों में हार का सामना करना पड़ा और उसने चार मैचों में अभी तक एक भी गोल नहीं किया है। अंतिम स्थान पर चल रही ईस्ट बंगाल ने आखिरकार गुरूवार को जमशेदपुर एफसी के खिलाफ ड्रा मुकाबले में अपना खाता खोला जिसमें यूजेनसन लिंगदोह को दूसरा पीला कार्ड दिखाया गया और यह फैसला संदेहास्पद लगा।

# लिएंडर पेस की निगाह रिकार्ड आठवें ओलंपिक खेलों पर



भाषा। कोलकाता

**भारतीय** टेनिस स्टार लिएंडर पेस ने शुक्रवार को कहा कि वह रिकार्ड आठवें ओलंपिक खेलों में भाग लेना चाहते हैं और अगले साल टोक्यो में होने वाले खेलों में हिस्सा लेने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। पिछले साल क्रिसमस पर पेस ने कहा था कि 2020 उनका अंतिम सत्र होगा जिसमें तोक्यो ओलंपिक का आयोजन भी शामिल था। पेस ने यहां एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि तब किसी ने भी नहीं सोचा था कि हमें इतनी बड़ी महामारी का सामना करना होगा। इससे हम सभी को आत्ममंथन करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि लेकिन इस लंबे विश्राम के बाद मैं अच्छा महसूस कर रहा है। मेरे मन में कोई संदेह नहीं है कि मैं शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक तौर पर तैयार रहूंगा। मेरे लिए यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि भारत का नाम इतिहास की पुस्तकों में बना रहे और यही कारण है कि मैं 30 वर्षों से खेल रहा हूं। पेस अगले साल 23 जुलाई से शुरू होने वाले टोक्यो ओलंपिक तक 48 साल के हो जाएंगे लेकिन उन्होंने कहा कि उम्र केवल एक संख्या है। उन्होंने कहा कि मेरे नाम पर पहले ही सात ओलंपिक में खेलने का रिकार्ड और मेरी प्रेरणा है कि क्या मैं इसे आठ ओलंपिक तक ले जा सकता हूं। मेरा विश्वास है कि टेनिस में सर्वाधिक ओलंपिक में खेलने के रिकार्ड में भारत का नाम हमेशा दर्ज रहेगा। अटलांटा ओलंपिक 1996 में एकल में कांस्य पदक जीतने वाले पेस ने कहा कि वह एक और पदक जीतने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

## भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला हो सकती है आक्रामक: कमिंस

**एडीलेड**। आस्ट्रेलिया के शीर्ष तेज गेंदबाज पैट कमिंस ने शुक्रवार को कहा कि भारत के खिलाफ आगामी टेस्ट श्रृंखला थोड़ी आक्रामक हो सकती है हालांकि सीमित ओवरों की श्रृंखला में भी दोनों टीमों के खिलाड़ियों के बीच दोस्ताना छींटाकशी ही देखी गई। चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला 17 दिसंबर से शुरू होगी। कमिंस ने एक वर्चुअल प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि छींटकाशी के मामले में अभी तक यह दौरा दोस्ताना रहा है। मैदान पर सभी मुस्कुराते नजर आए। लेकिन टेस्ट क्रिकेट की बात अलग है जिसमें पांच दिन तक खेलना होता है।

इसमें इतनी दोस्ती नहीं दिखेगी क्योंकि काफी प्रतिस्पर्धी और चुनौतीपूर्ण होगी। उन्होंने कहा कि उन्हें विराट कोहली को गेंदबाजी करने का इंतजार है। कमिंस ने कहा कि मुझे खुशी है कि स्टीव स्मिथ को गेंदबाजी नहीं करनी पड़ती। मैने पिछले सप्ताह केन विलियमसन का दोहरा शतक देखा।

# ग्रेग चैपल ने विराट कोहली की आक्रामक शैली की तारीफ की

भाषा। एडीलेड

**महान** बल्लेबाल और भारतीय टीम के पूर्व कोच ग्रेग चैपल ने गैर-ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटरों में विराट कोहली के अंदाज को ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटरों वाला करार देते हुए पूरी आक्रामकता के साथ टेस्ट क्रिकेट खेलने की उनकी शैली की तारीफ की। चैपल ने भारत के पूर्व क्रिकेटरों की तुलना महात्मा गांधी के आदर्शों से करते हुए कहा कि कोहली की आक्रमकता के कारण भारतीय क्रिकेट के रूख में काफी बदलाव आया है। चैपल ने एक अखबार में लिखा कि पहले के कई भारतीय क्रिकेट विरोधियों के खिलाफ आक्रामक रूख अपनाने से बचते थे, शायद वह गांधी जी के सिद्धांत के मुताबिक था। सौरव गांगुली उस दृष्टिकोण को बदलने की कोशिश करने वाले पहले भारतीय कप्तान थे। इससे भारत में एक हद तक सफलता मिली लेकिन विदेशों में यह उतना असरदार नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि विराट कोहली शांति से जवाब देने में विश्वास नहीं करते। वह आक्रामक शैली के समर्थक है। उनकी कोशिश विपक्ष पर हावी होने की रहती है। चैपल ने कहा कि कोहली गैर-ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटरों में सबसे ज्यादा ऑस्ट्रेलियाई है। वह नए भारत का प्रतीक है। क्रिकेट के ताकतवर देश के कप्तान के तौर पर वह इस खेल को बढ़ावा देने की जिम्मेदारी को अच्छे से समझते है। भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार मैचों की टेस्ट श्रृंखला का पहला मुकाबला 17 दिसंबर से यहां खेलेगी। इस दिन-रात्रि टेस्ट के बाद कोहली अपने पहले बच्चे के जन्म के लिए पितृत्व अवकाश पर भारत लौट जाएंगे। चैपल ने कहा कि जब टेस्ट प्रारूप खतरे में है तब यह तथ्य है कि कोहली की तरह का चैंपियन क्रिकेटर होना बड़ी सकारात्मक बात है। उन्होने कहा कि टेस्ट क्रिकेट हमेशा उनके लिए प्राथमिकता रही है और इसने उन्हें खुद को फिट और मजबूत रखने की प्रेरणा मिलती है। यही कारण है कि वह टीम से भी ऐसा ही चाहते है।

# निशोल्स के शतक से दूसरे टेस्ट में न्यूजीलैंड की स्थिति मजबूत

एपी। वेलिंगटन



**हेनरी** निशोल्स के शतक की मदद से न्यूजीलैंड ने बेसिन रिजर्व की कठिन पिच पर वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन शुक्रवार को छह विकेट पर 294 रन बना लिए। निशोल्स ने अपना छठा टेस्ट शतक पूरा करते हुए 117 रन बनाए। इस पिच पर बल्लेबाजी करना आसान नहीं था और रन लेने में काफी दिक्कतें आ रही थी।

लगातार बारिश के कारण कई दिन से पिच पर कवर डला हुआ था। कवर हटने के बाद पिच काफी हरी भरी दिख रही थी लेकिन घास के नीचे काफी कठोर थी। यह स्पष्ट था कि टॉस हारने पर बल्लेबाजी की चुनौती ही मिलेगी। इसके साथ ही तेज हवाओं ने चुनौती और कठिन कर दी। वेस्टइंडीज के कप्तान जैसन होल्डर ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया और शेनोन गैब्रियल को तेज हवाओं से पूरी मदद मिली। लंच तक न्यूजीलैंड के तीन बल्लेबाज पवेलियन लौट चुके थे। बाद में हालात ठीक हुए और चमकती धूप से घास की हरियाली कुछ कम हुई। निशोल्स को अपनी पारी में तीन जीवनदान मिला। उन्होंने 14 टेस्ट पारियों में पहला अर्धशतक पूरा किया। आखिरी बार उन्होंने पिछले साल अगस्त में 50 रन बनाए थे। गैब्रियल की गेंद पर पहली स्लिप में डेरेन ब्रावो ने उनका कैच छोड़ा जब वह 47 रन पर थे। उसी स्कोर पर चेमार होल्डर ने भी उनका कैच छोड़ा। चाय के बाद कप्तान होल्डर ने दूसरी स्लिप में विल यंग का शानदार कैच लपका। यह गैब्रियल का 150वां टेस्ट विकेट था। यंग 43 रन बनाकर आउट हुए। गैब्रियल ने टॉम ब्लंडेल और रोस टेलर को पहले सत्र में ही पवेलियन भेज दिया था।

चेमार होल्डर ने न्यूजीलैंड के कप्तान टाम लाथम को आउट किया। केन विलियमसन की गैर मौजूदगी में लाथम कप्तानी कर रहे हैं। पहले टेस्ट में विलियमसन के 251 रन की मदद से न्यूजीलैंड ने एक पारी और 134 रन से जीत दर्ज की थी। निशोल्स ने यंग के साथ 70 और बी जे वाटलिंग के साथ 83 रन की साझेदारी की।

# शेयर बाजारों ने कारोबार के दौरान सर्वकालिक उच्च स्तर को छुआ

भाषा। मुंबई

**विदेशी** निवेशकों की ओर से घरेलू बाजार में पूंजी निवेश का प्रवाह लगातार बने रहने के बीच शुक्रवार को शेयर बाजारों में तेजी एक दिन बाद ही लौट आई। एफएमसीजी, बैंक और ऊर्जा क्षेत्र की कंपनियों के बेहतर प्रदर्शन के चलते दिन में कारोबार के दौरान सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ने नई ऊंचाइयां तय कीं। विशेषज्ञों के मुताबिक वैश्विक शेयर बाजारों में नरमी रुख और रुपए की दर में स्थिरता के चलते स्थानीय शेयर बाजार की तेजी कुछ थम गई। बीएसई का 30 सेंसेक्स दिन में 46,309.63 अंक के सर्वकालिक उच्च स्तर तक पहुंच गया। अंत में 139.13 अंक यानी 0.30 प्रतिशत की बढ़त के साथ 46,099.01 अंक पर बंद हआ। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 35.55 अंक यानी 0.26 प्रतिशत की तेजी के साथ 13,513.85 अंक पर रहा। कारोबार के दौरान इसने 13,579.35 अंक के उच्च स्तर को छुआ। सेंसेक्स में शामिल ओएनजीसी सबसे अधिक लाभ में रही। इसका शेयर 5.68 प्रतिशत तक चढ़ा। इसके बाद एनटीपीसी, टाटा स्टील, आईसीआईसीआई बैंक, आईटीसी, टाइटन और बजाज ऑटो के शेयर में भी बढ़त रही। वहीं दूसरी तरफ एक्सिस बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टेक महिंद्रा, एशियन पेंट्स, इंफोसिस, एचसीएल और बजाज फिनजर्व के शेयर में 2.19 प्रतिशत तक की गिरावट रही। सप्ताह के दौरान सेंसेक्स में 1,019.46 अंक यानी 2.26 प्रतिशत और निफ्टी में 255.30 अंक यानी 1.92 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई।

## गूगल व अमेजन पर फ्रांस में 16.3 करोड़ डॉलर का जुर्माना

**पेरिस**। फ्रांस में डेटा निजता की निगरानी करने वाली इकाई सीएनआईएल ने गूगल पर 10 करोड़ यूरो (12.1 करोड़ डॉलर) और अमेजन पर 3.5 करोड़ यूरो (4.2 करोड़ डॉलर) का जुर्माना लगाया है। दोनों पर जुर्माना देश के विज्ञापन कुकीज नियमों का उल्लंघन करने के लिए लगाया गया है। नेशनल कमीशन ऑन इंफोर्मेटिक्स एंड लिबर्टी (सीएनआईएल) ने एक बयान में कहा कि दोनों कंपनियों की फ्रांसीसी वेबसाइट ने इंटरनेट उपयोक्ताओं से विज्ञापन उद्देश्यों के लिए ट्रैकर्स और कुकीज को पढ़ने की पूर्वानुमति नहीं ली।

कुकीज और ट्रैकर्स व्यक्ति के कंप्यूटर में खुदबखुद सहेज ली जाती हैं। बयान में कहा गया है कि गूगल और अमेजन उपयोक्ताओं को यह बताने में भी विफल रहीं कि वे इस काम के लिए इन कुकीज का उपयोग करेंगी।

# वेतन कम होने से बढ़ रहा कंपनियों का मुनाफा: रोबिनी

भाषा। मुंबई

**सकल** घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में कमी आने के बावजूद सितंबर तिमाही में कंपनियों के मुनाफा में 25 प्रतिशत की जोरदार वृद्धि के पीछे की वजह वेतन में कमी आना है। इससे भारत में असमानता बढ़ेगी। जाने माने अर्थशास्त्री नौरिएल रोबिनी ने बृहस्पतिवार को यह कहा। न्यूयार्क के स्टर्न स्कूल आफ बिजनेस में अर्थशास्त्र के प्रोफेसर रोबिनी ने कहा कि इस तरह की बढ़ती असमानता राजनीतिक और सामाजिक रूप से खतरनाक है। क्योंकि इससे अर्थव्यवस्था में केवल कुछ ही लोगों को फायदा होगा। रोबिनी ने कहा कि सितंबर तिमाही में सूचीबद्ध कंपनियों की आय में 25 प्रतिशत वृद्धि हुई है। इसका अर्थ है कि वेतन और आय यदि पूरी तरह धराशाई नहीं हुए हैं तो इनमें कमी आई है। इसे दबाया गया है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में प्रोफेसर ने कहा, बेरोजगार और आंशिक तौर पर बेरोजगार लोगों की संख्या बढ़ रही है, दूसरी तरफ जीडीपी (वस्तुओं और सेवाओं का सकल उत्पाद) जब कम हो रहा है तो कंपनियों का मुनाफा बढ़ रहा है। इस तरह यह आय में असमानता बढ़ रही है। इस तरह की असमानता ज्यादा नहीं चल सकती, सामाजिक और राजनीतिक दृष्टि से असमानता खतरनाक होती है। उन्होंने यह भी कहा कि मुद्रास्फीति ने रिजर्व बैंक के हाथ बांध दिए हैं। उन्होंने प्रभावितों की मदद के लिए राजकोषीय नीति के मोर्चे पर मजबूत कदम उठाए जाने की वकालत की। रोबिनी ने यह भी कहा कि भारत को मौजूदा स्थिति में आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए भारत को ढांचागत क्षेत्र में व्यय बढ़ाना चाहिए लेकिन उसे बैंकों से इसके वित्तपोषण पर निर्भरता को कम करना चाहिए, जैसा कि उसने किया है।

## आवासीय कीमतों में बढ़ोतरी के लिहाज से भारत का दर्जा गिरा

भाषा। नई दिल्ली

**प्रॉपर्टी** सलाहकार नाइट फ्रैंक के मुताबिक आवासीय परिसंपत्तियों की कीमतों में बढ़ोतरी के लिहाज से भारत जुलाई-सितंबर तिमाही के दौरान सात पायदान गिरकर 54वें स्थान पर आ गया है। सलाहकार फर्म के मुताबिक इस दौरान भारत में पिछले साल के मुकाबले कीमतों में 2.4 प्रतिशत की कमी हुई।

सलाहकार फर्म ने अपनी ताजा शोध रिपोर्ट ग्लोबल हाउस प्राइज इंडेक्स तीसरी तिमाही 2020 में कहा है कि वैश्विक स्तर पर आवासीय परिसंपत्तियों की कीमत के लिहाज से भारत सात पायदान नीचे आया है। इस तरह भारत का स्थान 2020 की तीसरी तिमाही में 47वें से घटकर 54वां हो गया। रिपोर्ट में कहा गया कि यदि जून तिमाही से तुलना की जाए तो भारत के दर्जे में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

सेना प्रमुख पहुंचे संयुक्त अरब अमीरात

# लैंड फोर्सेज कमांडर से रक्षा सहयोग पर चर्चा

● संयुक्त अरब अमीरात व सऊदी अरब की छह दिवसीय यात्रा पर जनरल नरवाणे

●रणनीति रूप से खास दो खाड़ी देशों के साथ किसी भारतीय सेना प्रमुख की पहली यात्रा

भाषा। दुबई





**सेना** प्रमुख जनरल एम एम नरवणे ने संयुक्त अरब अमीरात के लैंड फोर्सेज एंड स्टाफ के कमांडर मेजर जनरल सालेह मोहम्मद सालेह अल अमीरी से मुलाकात की और आपसी हितों और रक्षा सहयोग के मुख्य मुद्दों पर चर्चा की। भारतीय सेना ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

जनरल नरवणे संयुक्त अरब अमीरात और सऊद्दी अरब की छह दिवसीय यात्रा पर हैं। रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण दो खाड़ी देशों की यह किसी भी भारतीय सेना प्रमुख की पहली यात्रा है। भारतीय सेना के अनुसार जनरल नरवणे को संयुक्त अरब अमीरात के लैंड फोर्सेज के मुख्यालय में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया और उन्होंने मार्टियर्स प्वाइंट पर पुष्पचक्र अर्पित किया।

भारतीय सेना के अतिरिक्त सार्वजनिक सूचना महानिदेशालय ने शुक्रवार को एक ट्वीट में बताया कि सेना प्रमुख ने लैंड फोर्सेज एंड स्टाफ के कमांडर मेजर जनरल सालेह मोहम्मद सालेह अल अमीरी से मुलाकात की और आपसी हितों और सुरक्षा सहयोग के मुद्दों पर चर्चा की।

बयान में बताया गया कि जनरल नरवणे ने लैंड फोर्सेज इंस्टीट्यूट, इनफैंट्री स्कूल एंड आर्मर स्कूल का भी बृहस्पतिवार को दौरा किया। सेना प्रमुख की संयुक्त अरब अमीरात की यात्रा का मकसद द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को और मजबूत करना है। उनकी यह यात्रा दोनों देशों के बीच प्रगाढ़ हो रहे संबंधों को दिखाती है और ऐसी अपेक्षाएं हैं कि इससे रक्षा और सुरक्षा क्षेत्र में सहयोग के नए आयाम खुलेंगे।

जनरल नरवणे की यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब खाड़ी क्षेत्र में तेजी से घटनाक्रम बदल रहे हैं और इन घटनाक्रमों में कई अरब देशों का इजरायल के साथ संबंधों का सामान्य होना है। वहीं यह यात्रा ईरान के शीर्ष परमाणु हथियार वैज्ञानिक मोहसिन फाखरिजादेह की हत्या के बाद पैदा हुई स्थितियों के बीच हो रही है।

आधिकारिक समय-सारिणी के अनुसार सेना प्रमुख 13-14 दिसंबर को सऊद्दी अरब की यात्रा पर होंगे। जनरल नरवणे की खाड़ी क्षेत्र की यात्रा से कुछ दिन पहले ही विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बहरीन और संयुक्त अरब अमीरात की यात्रा की है।



होंडुरास में प्रवासियों के एक पुलिस चौकी के समीप कागजात चेकिंग के लिए कतारबद्ध लोग।

# यूरोपीय यूनियन ने तुर्की पर नए प्रतिबंध लगाने की योजना बनाई

एपी। ब्रसेल्स

**यूरोपीय** संघ के नेताओं ने शुक्रवार सुबह भूमध्यसागर में गैस भंडार से के उत्खनन को लेकर तुर्की के खिलाफ प्रतिबंधों के विस्तार की मंजूरी दे दी। यूरोपीय संघ के सदस्य देशों यूनान और साइप्रस ने इस भंडार पर दावा जताया है।

यूरोपीय संघ के नेताओं ने ब्रसेल्स में आयोजित अपने शिखर सम्मेलन में एक बयान में कहा अफसोस की बात है कि तुर्की एकतरफा कार्वाई और उकसावे में लगा हुआ है और यूरोपीय संघ, यूरोपीय संघ के सदस्य देशों और यूरोपीय संघ के नेताओं के खिलाफ अपनी बयानबाजी तेज कर दी है।

अक्टूबर में अपने अंतिम शिखर सम्मेलन में नेताओं ने तुर्की को एक सकारात्मक राजनीतिक ईयू-तुर्की एजेंडौ की पेशकश की थी। इसमें यह कहा गया था कि अगर वह पूर्वी भूमध्य सागर में अपनी अवैध गतिविधियों को रोक देता है, तो उसे व्यापार और सीमा शुल्क में लाभ होगा और सीरियाई शरणार्थियों को प्रबंधित करने में मदद करने के लिए उसे अधिक धन दिया जा सकता है।

नेताओं ने कहा कि यदि तुर्की सच्ची साझेदारी में शामिल होने और यूरोपीय संघ के साथ एक वास्तविक बातचीत शुरू करने के लिए तैयार है और अगर अंकारा संवाद के माध्यम से और अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुसार समस्याओं को सुलझाने की इच्छा दिखाता है, तो यह प्रस्ताव अभी भी उसके लिए मौजूद है।अब तक तुर्की की ओर से इसपर कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। इसे देखते हुए इन नेताओं ने पूर्वी भूमध्य सागर में तुर्की की अनधिकृत उत्खनन गतिविधियों के मद्देनजर प्रतिबंधात्मक उपायों के तहत उस पर और प्रतिबंध लगाने के लिए 27 देशों के इस संघ के मंत्रियों को आमंत्रित किया है।

# क्यूबा में खत्म होगी दोहरी मुद्रा प्रणाली

**हवाना।** क्यूबा के राष्ट्रपति मिगेल डियाज कनेल ने बृहस्पतिवार को घोषणा की है कि एक जनवरी से क्यूबा अपनी मुद्रा नीति में एकरूपता लाएगी। देश में पिछले 25 वर्षों से ज्यादा समय से दो मुद्राएं चलन में हैं।

डियाज कनेल ने एक राष्ट्रीय रेडियो और टेलिविजन प्रसारण में कहा कि देश फिर से सिर्फ अपने पेसो का इस्तेमाल करेगा। आधिकारिक तौर पर एक अमेरिकी डॉलर के बदले इसकी मुद्रा विनिमय दर 24 है। देश में दोहरी मुद्रा से कन्वर्टिबल पेसो को हटाया जाएगा, इसका मूल्य एक अमेरिकी डॉलर के बराबर है।

सरकारी अधिकारी वर्षों से यह कहते आए हैं कि दो मुद्रा रहने और दोनों की विनिमय दर अलग-अलग होने से समस्याएं आती हैं लेकिन इस स्थिति से निपटने के लिए अब तक कोई कदम नहीं उठाया गया था। इसके पीछे ए चिंताएं भी थीं कि ऐसा करने पर नकारात्मक प्रभाव होगा और मंहगाई बढ़ेगी।

# अफगानिस्तान पर पारगमन की रोक हटनी चाहिए: भारत

● संयुक्त राष्ट्र में भारत के उप स्थाई प्रतिनिधि नागराज नायडू ने रखे विचार

●आतंकवाद के खिलाफ फिर दोहराया भारत का सख्त रुख

भाषा। संयुक्त राष्ट्र

**भारत** ने संयुक्त राष्ट्र में कहा कि विश्व समुदाय को अफगानिस्तान पर थोपे गए सभी पारगमन अवरोधक हटाने के लिए काम करना चाहिए और सुनिश्चित करना चाहिए कि युद्ध से जर्जर यह देश द्विपक्षीय और बहुपक्षीय समझौतों के तहत अपने अधिकार इस्तेमाल कर सके।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के उप स्थाई प्रतिनिधि नागराज नायडू ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में अफगानिस्तान को लेकर पेश प्रस्ताव का समर्थन करते हुए कहा कि अफगानिस्तान की समृद्ध भविष्य के लिए जरूरी है कि उसकी पहुंच समुद्र मार्ग तक हो। नायडू ने बृहस्पतिवार को कहा, अंतरराष्ट्रीय समुदाय को अफगानिस्तान पर लगाए गए कृत्रिम पारगमन अवरोधकों को हटाने के लिए काम करना चाहिए और द्विपक्षीय और बहुपक्षीय समझौतों के तहत अफगानिस्तान को मिले पारगमन अधिकार की गारंटी को सुनिश्चित करना चाहिए। हम प्रसन्न हैं कि जो प्रस्ताव हमारे समक्ष पेश किया गया है उसमें ऐसा करने की बात कही गई है।

उन्होंने जोर देकर कहा कि आतंकवाद के सभी रूपों के किसी भी तरह बर्दाश्त नहीं करने की नीति अपनाने की जरूरत है।

नायडू ने कहा कि यह सुनिश्चित करना अहम है कि आतंकवादी समूह अफगानिस्तान का इस्तेमाल दूसरे देशों पर हमले या धमकी देने के लिए नहीं करें। अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए यह सुनिश्चित करना भी अहम कि सभी देश आतंकवादी समूहों को पनाहगाह और उन्हें अपनी गतिविधियां करने की इजाजत नहीं दें। उन्हें आतंकवादियों की भर्ती करने से रोकें और वित्त पोषण, सामग्री या राजनीतिक समर्थन रोकें और जो ऐसा करते हैं उन्हें जिम्मेदार ठहराए।

उल्लेखनीय है कि 193 सदस्ईय संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 130 से अफगानिस्तान में स्थिति नाम के प्रस्ताव को स्वीकार किया। इस प्रस्ताव के विरोध में रूस ने मतदान किया जबकि बेलारूस, चीन और पाकिस्तान अनुपस्थित रहे। भारत इस प्रस्ताव का सह प्रायोजक था।भारत ने अफगानिस्तान में बड़े पैमाने पर हिंसा पर चिंता जताई और इन घटनाओं की कड़ी निंदा की। नायडू ने कहा, यह महत्वपूर्ण है कि तालिबान और अन्य आतंकवादी समूहों की हिंसा से अफगानिस्तान की सुरक्षा और स्थिरता को उत्पन्न हो रहे खतरे का सामना किया जाए। शांति प्रक्रिया और हिंसा साथ-साथ नहीं चल सकती और हम तुंरत विस्तृत संघर्ष विराम का आह्वान करते हैं।

## संयुक्त राष्ट्र ने प्रस्ताव में अफगान शांति वार्ता का समर्थन किया

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासभा ने बृहस्पतिवार को एक प्रस्ताव को मंजूर कर लिया जिसमें अफगानिस्तान सरकार और तालिबान के बीच शांति वार्ता में प्रगति की सराहना की गई है। इसके साथ ही, तालिबान, अलकायदा, इस्लामिक स्टेट और उससे संबद्ध समूहों द्वारा आतंकवादी हमलों को रोकने के लिए प्रयास तेज करने का भी आग्रह किया गया है। महासभा के 193 सदस्य हैं। प्रस्ताव के पक्ष में कुल 130 वोट पड़े जबकि 59 सदस्य देशों ने इसमें हिस्सा नहीं लिया। रूस ने इस प्रस्ताव का विरोध किया जबकि चीन पाकिस्तान और बेलारूस अनुपस्थित रहे।अफगानिस्तान में हालात शीर्षक वाले 15 पन्ने के प्रस्ताव में शांति और सुलह-सफाई, लोकतंत्र, कानून का शासन, सुशासन, मानवाधिकार, मादक पदार्थ पर नियंत्रण के लिए कार्वाई, सामाजिक और आर्थिक विकास और क्षेत्रीय सहयोग के विषय को शामिल किया गया है। वार्ता के लिए नियम कायदे को लेकर दो दिसंबर को हुए समझौते समेत अफगान वार्ता में प्रगति का स्वागत करते हुए प्रस्ताव में क्षेत्र में लगातार जारी हिंसा की निंदा भी की गई है। संयुक्त राष्ट्र में अफगानिस्तान की राजदूत आदिला राज ने अफसोस जताया कि प्रस्ताव के लिए उनकी सरकार के मजबूत समर्थन के बावजूद सर्वसम्मति से इसे लागू नहीं किया गया। राज ने कहा कि सरकार, अफगानिस्तान के पड़ोसियों और महासभा का लक्ष्य तालिबान को राजनीतिक दल के तौर पर चिह्नित करना है। उन्होंने कहा, अफगानिस्तान में शांति और समृद्धि के लिए हमारा लक्ष्य तालिबान को देश में एक राजनीतिक दल के तौर पर देखने का है।


बाकू में तुर्की सेना की कमांडो ब्रिगेड की परेड।

# हांगकांग के मीडिया दिग्गज पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत लगे आरोप

**हांगकांग।** हांगकांग में लोकतंत्र समर्थक कार्यकर्ता और मीडिया दिग्गज जिम्मी लाई पर नए सुरक्षा कानून के तहत आरोप लगाए गए हैं।

स्थानीय प्रसारक टीवीबी की शुक्रवार की खबर के मुताबिक लाई एप्पल डेली टैब्लॉयड के संस्थापक हैं और उन पर विदेशी शक्तियों के साथ गठबंधन के संदेह और राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डालने के आरोप हैं। जून में नए कानून के लागू होने के बाद से लाई इस कानून के तहत आरोपी बनने वाले सबसे प्रमुख व्यक्ति हैं।

पुलिस ने एक बयान में बताया कि उन्होंने 73 वर्षीय एक व्यक्ति को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत गिरफ्तार किया गया है लेकिन उसका नाम जाहिर नहीं किया है। लाई को अगस्त में राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत गिरफ्तार किया गया था। उन्हें इस महीने की शुरुआत में जमानत देने से इनकार कर दिया गया।

# पाक प्रधानमंत्री ने अदालत के आदेश के बाद कैबिनेट में फेरबदल किया

● टीम इमरान में चौथा बदलाव

भाषा। इस्लामाबाद



**पाकिस्तान** के प्रधानमंत्री इमरान खान को एक अदालत के फैसले के बाद शुक्रवार को अपनी कैबिनेट में फेरबदल करना पड़ा।

खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) 2018 में सत्ता में आई थी और उसके बाद से यह चौथा कैबिनेट फेरबदल है। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने हाल में फैसला दिया है कि अनिर्वाचित और विशेष सहायक कैबिनेट समितियों की अगुवाई नहीं कर सकते हैं।

खान ने शेख रशीद अहमद को गृह मंत्री और डॉ अब्दुल हफीज शेख को वित्त मंत्री नियुक्त किया है। सरकारी रेडियो पाकिस्तान की खबर के मुताबिक, अहमद पहले से ही कैबिनेट का हिस्सा हैं और रेल मंत्रालय का जिम्मा संभाल रहे थे जबकि हफीज शेख वित्त और राजस्व पर सलाहकार के तौर पर सेवा दे रहे थे।

वह निर्वाचित सदस्य नहीं हैं और वह कई समितियों की अगुवाई नहीं कर सकते हैं। हफीज शेख को संविधान के अनुच्छेद 91 (9) के तहत मंत्री नियुक्त किया गया है। वह छह महीने तक मंत्री के पद पर रह सकते हैं। उन्हें उसके बाद कौमी (राष्ट्रीय) असंबेली या सीनेट के लिए निर्वाचित होना होगा।

गृह मंत्रालय का जिम्मा संभाल रहे ब्रिगेडियर (सेवानिवृत्त) एजाज़ अहमद शाह को स्वापक नियंत्रण मंत्री बनाया गया है जबकि आज़म खान स्वाती को रेल मंत्रालय की जिम्मेदारी दी गई है।

माना जाता है कि हफीज़ शेख को मार्च में सीनेट का सदस्य बनाया जाएगा, तब उच्च सदन के लिए चुनाव होंगे। नए कैबिनेट में सबसे अहम बदलाव अहमद के मंत्रालय में किया गया है। रेलवे के कामकाज में सुधार करने में नाकाम रहने के बावजूद उन्हें गृह मंत्रालय का जिम्मा सौंपा गया है।

# बाइडन और कमला हैरिस पर्सन ऑफ द ईयर चुने गए

● टाइम्स पत्रिका ने वर्ष 2020 के लिए चुना अमेरिका के राष्ट्रपति व उप राष्ट्रपति को

भाषा। न्यूयॉर्क



**अमेरिका** के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन और उप-राष्ट्रपति कमला हैरिस को प्रतिष्ठित टाइम पत्रिका ने अमेरिकी परिदृश्य को बदलने के लिए 2020 पर्सन ऑफ द ईयर चुना है।

पत्रिका ने अपने वार्षिक प्रतिष्ठित सम्मान के लिए इन दोनों डेमोक्रेटिक नेताओं को चुना है। उसने अन्य अंतिम चरण के अन्य दावेदारों-अग्रिम मोर्चे पर काम करने वाले स्वास्थ्यकर्मियों और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एलर्जी एंड इंफेक्शियस डिजीज के निदेशक डॉ. एंथनी फौसी, मूवमेंट फॉर रेसियल जस्टिस और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के ऊपर इन दोनों को तरजीह दी।पत्रिका ने बृहस्पतिवार को कहा, अमेरिकी कहानी को बदलने के लिए, यह दिखाने के लिए कि सहानुभूति की ताकत विभाजन की उग्रता से अधिक है, एक पीड़ति दुनिया को ठीक करने की दृष्टि साझा करने के लिए जो बाइडन और कमला हैरिस को टाइम का 2020 पर्सन ऑफ द ईयर चुना गया है।

टाइम ने फौसी, स्वास्थ्य कर्मियों और मूवमेंट फॉर रेसियल जस्टिस के आयोजकों को 2020 गार्जियंस ऑफ द ईयर नामित किया हैं, जो लोकतंत्र के पवित्र आदर्शों की रक्षा के लिए खुद आगे डटे रहे। कॉन्फ्रेंसिंग प्लेटफॉर्म जूम के सीईओ एरिक युआन को टाइम के बिजनेसपर्सन ऑफ द ईयर के रूप में नामित किया गया है। दक्षिण कोरियाई बॉय बैंड बीटीएस को एंटरटेनर ऑफ द ईयर और अमेरिकी बास्केटबॉल खिलाड़ी लेब्रोन जेम्स को एथलीट ऑफ द ईयर नामित किया गया।

टाइम ने कहा कि यह उल्लेखनीयै है कि पिछले साल स्वीडिश जलवायु संरक्षण कार्यकर्ता ग्रेटा थनबर्ग को पर्सन ऑफ द ईयर के रूप में नामित किया गया था जो यह सम्मान पाने वाली सबसे कम उम्र की शख्स थीं। इसके एक साल बाद, इस सम्मान के लिए 78 वर्षीय बाइडन को चुना गया, इस सम्मान के लिए चुने गए सबसे बुजुर्ग व्यक्तियों में से एक हैं। टाइम ने कहा, बाइडन खुद को नई पीढ़ी के नेताओं के लिए एक पुल बताते हैं। उन्होंने 56 वर्षीय कमला हैरिस को उप राष्ट्रपति की उम्मीदवार के रूप में चुनने में एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। हैरिस उप राष्ट्रपति पद के लिए निर्वाचित होने वाली पहली महिला हैं, जो जमैका के रहने वाले पिता और एक भारतीय माँ की बेटी हैं। टाइम ने कहा कि फ्रेंकलिन डेलानो रूजवेल्ट के बाद से हर निर्वाचित राष्ट्रपति को उनके कार्यकाल के किसी वर्ष में पर्सन ऑफ द ईयर चुना जाता रहा है, उनमें से लगभग एक दर्जन को यह सम्मान राष्ट्रपति चुनाव वाले वर्ष में दिया गया है। टाइम ने कहा, यह पहली बार है जब हमने एक उपराष्ट्रपति को शामिल किया है। नस्लीय न्याय के लिए चले एक बहुत बड़े संघर्ष के बाद और इतिहास के सबसे महत्त्वपूर्ण चुनावों में से एक में जीत हासिल कर बाइडन-हैरिस की जोड़ी ने एक मजबूत संदेश दिया है।


ब्यूनस आयर्स में निचले सदन से गर्भपात कानून को मंजूरी मिलने के बाद जश्न मनाते लोग



# मिलिये तिवारी जी के लकी कबूतर से

**एंड** टीवी पर चलने वाले लोकप्रिय हास्य धारावाहिक 'भाबी जी घर पर हैं' में एक बार पुनः विभूति नारायण मिश्रा (आसिफ शेख) अपने पड़ोसी तिवारी जी (रोहितास्व गौर) को मूर्ख बनाने के क्रम में लकी कबूतर बाबा बन जाते हैं। क्या विभूति का भाग्य उसका साथ देगा या फिर तिवारी की चतुराई के कारण वो किसी कठिन परिस्थिति में फंस जाते हैं। विभूति और अनीता भाबी (सौम्या टंडन) में किसी बात पर अनबन के बाद वो कोई भी खर्च देने से मना कर देती है बल्कि विभूति द्वारा कार्ड से किये गए सभी भुगतान रोक देती है। ऐसे में विभूति अपने पड़ोसी तिवारी जी की शरण लेते हैं। लेकिन वो भी उनकी कोई मदद करने से मना कर देते हैं।

लेकिन विभूति को किसी प्रकार से ये पता लगता है कि तिवारी जी एक गारमेंट स्टोर खोलने वाले हैं और किसी शुभ लगन की प्रतीक्षा में हैं लेकिन उनके गुरू बाबा रामपाल गंभीर रूप से बीमार हैं। इस स्थ्ति का लाभ उठाने के क्रम में विभूति लकी कबूतर बाबा बनकर तिवारी जी को विश्वास दिलाने में सफल हो जाते हैं कि केवल लकी कबूतर ही उनके सभी कार्य पूरे करा सकता है।तिवारी अपने आंगन में चने रख देते हैं और विभूति इस प्रकार से तिवारी का लकी कबूतर बन जाता है। आसिफ शेख का मानना है कि 'तिवारी जी को एक बार पुनः मूर्ख बनाने के प्रयास में विभूति स्वयं एक अप्रत्याशित परिस्थिति में फंस जाता है। मुझे रोहिताश्व जी के साथ शूटिंग करने में विशेष आनंद प्राप्त होता है। परदे पर और परदे से अलग वास्तविक जीवन में मेरी और रोहिताश्व की केमिस्ट्री के कारण ये सीरीज़ मनोरंजक बन जाती है। ये वास्तव में हंसी की जबर्दस्त डोज़ है जिसमें आपको तिवारी जी तथा विभूति के बीच की नोंकझोंक का पूरा आनंद मिलने वाला है।'तो क्या तिवारी को मूर्ख बनाने में विभूति सफल होगा या फिर वो स्वयं ही अपनी चतुराई के जाल में फंस जाएगा। एंड टीवी पर चलने वाले इस शो के नए एपिसोड को आप देखने के बाद ही आप इस वास्तविकता को जान सकेंगे।

# टीवी पर दीपानिता की वापसी



**फिल्मों** और टीवी पर धमाकेदार परफॉर्मेंस देने के बाद प्रतिभाशाली अभिनेत्री दीपानिता शर्मा पुनः एक बार टीवी पर वापसी करने जा रही हैं। उनका प्रिय जॉनर थ्रिलर है और इस बार भी वो इसी जॉनर पर बनी स्टारप्लस की सीमित एपिसोड वाली सीरीज़ 'रुद्रकाल' में डीसीपी की पत्नी गायत्री का चरित्र निभा रही हैं। अपराध की जांच से जुड़ी थ्रिलर ड्रामा सीरीज़ में काम करने को लेकर गायत्री काफी उत्साहित लग रही थीं। उन्होंने बताया, 'अपराध की जांच से जुड़ी थ्रिलर ड्रामा सीरीज़ में काम करना उनके लिए सदा से रोचर्क कार्य रहा है। यही कारण है कि रुद्रकाल में काम करने पर मैं बहुत उत्साहित दिख रही थी। पिछले कई साल से मैं इसी जॉनर की फिल्में करती आ रही थी। और इनमें काम करना अब मेरा मजबूत पक्ष बन गया है। कहने की बात नहीं कि मुझे ऐसी सीरीज़ में काम करना बहुत भाता है।'

आगे बताते हुए उनक कहना था, 'अपने कॅरियर में मैंने कभी किसी सीमित एपिसोड वाले शो में यदि काम कर रही हूं तो वो रुद्रकाल ही होगा जो मैं करने जा रही हूं। ये मेरा सौभाग्य ही है कि लॉकडाउन के बाद मुझे एक ऐसे शो और जॉनर में काम करने को मिल रहा है जो मेरी व्यक्तिगत पसंद है। इस शो की पूरी संकल्पना ही अनूठी है।'

दशमी प्रोडक्शन द्वारा निर्मित रुद्रकाल वास्तव में एक सच्चे आईपीएस अधिकारी रंजन की कहानी है। डीसीपी रंजन को उनके ही गुरु की हत्या की जांच के लिए लगाया जाता है लेकिन बाद में उन्हें एक बड़े षडयंत्र का पता लगता है और फिर परिस्थितियां काफी रोचक हो जाती हैं। शो में दीपानिता के अलावा भानु उदय गोस्वामी को डीसीपी रंजन और रुद्राक्ष जायसवाल को अंशुमान के चरित्र में रखा गया है जो रंजन और गायत्री के पुत्र का चरित्र निभा रहे हैं।

# लॉर्ड ऑफ द रिंग्स में नए कलाकार



**अमेजॉन** स्टूडियो ने 3 दिसंबर को 20 अतिरिक्त कलाकारों को लेने की घोषणा की। ऐसा उन्होंने अपनी अमेजॉन ऑरिजिनल सीरीज़ जो जेआआर टोल्कीन के उपन्यास 'द लॉर्ड ऑफ द रिंग्स' पर आधारित है। न्यूजीलैंड में चल रही शूटिंग में ये नए कलाकार हिस्सा लेंगे।

नए कलाकारों में सिंथिया अडाइ-रॉबिंसन, मैक्सिम बाल्ड्री, इयान ब्लैकबर्न, किप चैपमैन, एंथनी क्रम, मैक्सीन कनलिफ, ट्रिस्टन ग्रेवेल, सर लेनरी हेनरी, थुसिता जयासुंदरा, फैबियन मैकुलम, सिमॉन मेरेल्स, जियॉफ मोरेल, पीटर मुलन, लॉएड ओवेन, अगस्टस प्रू, पीटर टेट, एलेक्स टारंट, लियॉन वाधम, बेंजामिन वॉकर तथा सारा ज्वानगोबानी हैं।

शो के निर्माता और संचालक जेडी पेन एंड पैट्रिक मैके ने बताया, 'जो दुनिया जेआरआर टोल्कीन ने बनाई थी वो भव्य और भावनापूर्ण थी। अब इन प्रतिभाशाली कलाकारों, जो दुनिया के विभिन्न स्थानों से आए हैं, हमारे लिए एक निधि के समान हैं हमनें इन्हें तलाशने में काफी समय लगाया है। ये ही अब टोल्कीन की दुनिया के वो चरित्र हैं जिनकी उन्होंने कल्पना की थी। ये एक परिवार जैसा है और इसमें हम इन सभी कलाकारों का हृदय से स्वागत करते हैं।

# सलमान और सनी हिंदुस्तानी की जोड़ी की जुगलबंदी

**इस** सप्ताहांत में दर्शकों को लुभाने के लिए भारत के सबसे बड़े रियलिटी शो 'इंडियन आइडल 2020' के बारहवें एपिसोड में सलमान अली तथा सनी हिंदुस्तानी एक बार पुनः दिखाई देंगे। वे यहां इस बार के उदीयमान प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करने के लिए उपस्थित रहेंगे। इंडियन आइडल के अपने अनुभव भी वो नए प्रतिभागियों से साझा करेंगे। उन्होंने शो में आकर एक हिट गाने 'दमादम मस्त कलंदर' गाया और दर्शकों तथा प्रतिभागियों को दांतों तले उंगलियां दबाने को विवश कर दिया।

इंडियन आइडल के सीजन 11 के विजेता सनी हिंदुस्तानी का कहना है, 'इस साल की प्रतिभा स्वाभाविक है। वे अच्छा गाते हैं क्योकि वे देश के विविध कोनों से यहां पधारे हैं उनकी संस्कृति अलग अलग है इस मंच, जिसे हर कलकार के लिए सपनों का मंच कहा जाता है, पर एकसाथ आने से उनके अनुभव में



आशातीत वृद्धि देखने को मिल सकती है। ये तय है कि इंडियन आइडल अपके सपनों को पूरा करेगा जैसा कि मेरे साथ किया भी है।

सीज़न 10 के इंडियन आइडल विनर सलमान अली ने कहा, 'इस सीज़न में सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाएं सहभागी बनी हैं। इसका कारण ये है कि इस बार के ऑडिशन ऑनलाइन हुए हैं और यही कारण है कि देश भर के गायकों को अपने वीडियो साझा करने और 12वें सीज़न में प्रतिभागी बनने का अवसर मिला। हर गायक के लिए सबसे महत्वपूर्ण बात ये होती है कि उसे अपनी प्रतिभा के साथ साथ अपने विश्वास को भी बनाए रखना होगा ताकि अंतिम समय में उसमें विश्वास की कमी न रहे। मैं सनी हिंदुस्तानी के साथ परफॉर्म करके बहुत ही प्रसन्न अनुभव कर रहा हूं। दमादम मस्त कलंदर तथा अन्य गाने उनके साथ गाकर मैं बहुत उत्साहित हूं।'

# अभिनेत्री शिखा मल्होत्रा पक्षाघात के बाद अस्पताल में हुईं भर्ती

**मुंबई।** अभिनेत्री शिखा मल्होत्रा को पक्षाघात के बाद शहर के एक अस्पताल में भर्ती किया गया है। उनके प्रबंधक ने यह जानकारी दी। अभिनेत्री के पीआर प्रबंधक अश्विनी शुक्ला ने बताया कि 26 साल की मल्होत्रा ने बृहस्पतिवार देर रात शरीर के दाएं हिस्से में दर्द की शिकायत की। उन्हें जुहू के कूपर अस्पताल में भर्ती किया गया। शुक्ला ने बताया, वह दिवाली पर दिल्ली स्थित अपने घर गई थीं और वहां से वापसी के बाद से ही वह परेशानी की शिकायत कर रही थीं। कल रात करीब साढे दस बजे उनके शरीर के दाएं हिस्से में दर्द शुरू हुआ। हम पहले उन्हें कोकिलाबेन अस्पताल ले गए और फिर बाद में कूपर अस्पताल में भर्ती किया। शुक्ला ने बताया कि डॉक्टरों ने उनका सीटी स्कैन किया है और कहा है कि वह आठ से 10 दिन में स्वस्थ हो जाएंगी। अभिनेत्री ने तापसी पन्नू की फिल्म रनिंग शादी और कांचली में काम किया है और वह महामारी के दौरान नर्स के रूप में काम करने की वजह से सुर्खियों में आई थीं। शुक्ला ने बताया कि वह कुछ महीने पहले खुद संक्रमित हो गई थीं और उन्हें 22 अक्टूबर को अस्पताल से छुट्टी मिली लेकिन उनमें शर्करा का स्तर लगातार कम है इसलिए वह नर्स की ड्यूटी पर वापस नहीं लौटी हैं।



# फिल्मकार-कोरियोग्राफर रेमो डिसूजा को अस्पताल में भर्ती कराया गया



**मुम्बई।** फिल्मकार-कोरियोग्राफर रेमो डिसूजा को शुक्रवार को दिल का दौरा पड़ने के बाद यहां एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। परिवार के करीबी सूत्रों ने बताया कि 46 वर्षीय निर्देशक कोकिलाबेन अस्पताल के सघन चिकित्सा कक्ष में भर्ती हैं। सूत्रों ने कहा, उन्हें दिल का दौरा पड़ा। उनके हृदय में रूकावट है। फिलहाल डॉक्टरों ने एंजियोग्राफी की है और वह आईसीयू में हैं। अस्पताल के सूत्रों ने बताया कि रेस 3 के निर्देशक को आज दोपहर भर्ती कराया गया। सूत्रों ने कहा, उनकी स्थिति स्थिर है और वह (डॉक्टरों की) निगरानी में हैं। डिसूजा बॉलीवुड के जाने माने कोरियोग्राफरों में एक हैं। वह तुम बिन, कांटे, रॉक ऑन और ए जवानी है दिवानी जैसी फिल्मों के लिए काम कर चुके हैं। बतौर निर्देशक उन्होंने एफ.ए.एल.टी.यू, एबीसीडी, ए फ्लाईंग जट, रेस थ्री और हाल ही में स्ट्रीट डांसर का निर्देशन किया है।

## अपने पापा को मम्मा के पास वापस लाने का ऋषि और रोली का मासूम प्रयास

# छेड़ देगा आपके दिलों के तार!

**पेश** है दो प्यारे बच्चों की दिल छू लेने वाली कहानी जो अपने मां.बाप को दोबारा मिलाने के सफर पर चल पड़े हैं, क्यूं रिश्तों में कट्टी बट्टी शुरू हो रहा है 14 दिसंबर से हर सोमवार से शनिवार रात 10 बजे सिर्फ ज़ी टीवी पर

त्यौहारों के पिछले दो महीनों में ज़ी टीवी की एंटरटेनमेंट एक्सप्रेस ने दर्शकों के लिए मनोरंजन के ढेर सारे विकल्प उपलब्ध कराएए जिसने उन्हें चार अनोखी कहानियों के साथ भारत के चार अलग.अलग हिस्सों का सफर कराया। इन कहानियों ने भारतीय मध्यम वर्ग की नब्ज़ थाम ली हैए जिनमें देश के आधुनिक समाज के बदलते रिश्तों का आईना है। जहां ये चारों कहानियां दर्शकों की उत्सुकता बढ़ा रही हैंए वहीं ज़ी टीवी अपने नए शो क्यूं रिश्तों में कट्टी बट्टी के साथ एक और दिल छू लेने वाली कहानी लेकर आ रहा है। अरविंद बब्बल प्रोडक्शन्स के निर्माण में बना यह शो दो नन्हें और प्यारे बच्चों की मासूम दुनिया दिखाता है, जो अपने पैरेंट्स के बीच खोया प्यार लौटाने के मिशन पर हैं और अपनी हैप्पी फैमिली पूरी करने की उम्मीद लिए अपने पापा को अपनी मम्मा से दोबारा मिलाने की कोशिश करते हैं। 14 दिसंबर 2020 से शुरू हो रहा यह शो हर सोमवार से शनिवार रात 10 बजे सिर्फ ज़ी टीवी पर प्रसारित किया जाएगा।



पुणे की पृष्ठभूमि पर आधारित जिंदगी से भरा यह ड्रामा ऋषि और रोली की प्यारी कहानी दिखाता हैए जिनके रोल क्रमशः यंग एक्टर्स प्रत्यक्ष पनवर और मन्नत मुरगई निभा रहे हैं। दोनों मिलकर अपने पैरेंट्स शुभ्रा और कुलदीप के रिश्तों में आई दरार भरने की कोशिश करते हैं। टेलीविजन एक्ट्रेस नेहा मार्दाए शुभ्रा का रोल निभा रही हैं जो एक विवाहित औरत हैं और दो बच्चों की मां हैं। वो पुणे के एक प्रतिष्ठित महाराष्ट्रीयन ब्राह्मण परिवार से हैं। अपनी पूरी जिंदगी अनुशासन में रहीं शुभ्रा अपने परिवार की इच्छा के खिलाफ जाकर एक पंजाबी लड़के कुलदीप से शादी कर लेती हैंए जिसका रोल पॉपुलर टेलीविजन एक्टर सिद्धांत वीर सूर्यवंशी निभा रहे हैं। कुलदीप चड्ढा एक पढ़े.लिखे महत्वाकांक्षी लेकिन तुनकमिजाज इंसान हैंए जिन्होंने शुभ्रा से शादी करने के लिए अपनी पोस्ट ग्रेजुएशन की पढ़ाई बीच में ही छोड़ दी थी। हालांकि अपनी शादी के 10 साल बाद कुलदीप और शुभ्रा के रिश्तों में खटास आनी शुरू हो जाती है। अपने निजी मतभेदों के चलते उनके बीच बहस और लड़ाइयां होने लगती हैं। शुभ्रा एक इमोशनल इंसान हैं और उन्हें कुलदीप के मिजाज से डील करने में दिक्कत होती हैए जबकि कुलदीप को लगता है कि परिवार की जिम्मेदारियों के कारण वो अपने असली सपनों और महत्वाकांक्षाओं से दूर हो गए हैं। वो अब मुंबई या दिल्ली जैसे किसी बड़े शहर में जाकर एक सफल करियर बनाना चाहते हैं और अपनी पत्नी से यह बात छुपाने लगते हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि शायद वो उन्हें सपोर्ट ना करे। इसी मोड़ पर ऋषि और रोली को यह एहसास होता है कि वे अपने मां.बाप के बीच वो खोया हुआ प्यार लौटा सकते हैं। दोनों मासूमों को यह उम्मीद होती है कि जल्द ही सबकुछ ठीक हो जाएगा। बड़ों की दुनिया की उलझनों से अलग वो अपना एक मास्टर प्लान बनाते हैं ताकि उनके डैडी उनकी मॉम से दूर न जाएं और उनकी हैप्पी फैमिली पूरी हो जाए।

# करन को देखिये एक नए लुक में



**अभिनेता** करण पाहवा को पिछली बार उनके स्टारप्लस के शो 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' में अनमोल की भूमिका निभाते देखा गया था। इसमें अनमोल की लुक बहुत ही चॉकलेटी थी। इससे पहले उन्हें लोगों ने उनके शो बालिका वधू में कुंदन के रूप में देखा था तब वो उसमें गंजे लुक में थे।

जबकि हर कलाकार ने इस बार के लॉकडाउन के कालखंड में अपने स्वास्थ्य का पूरा ध्यान रखने का प्रयास किया है लेकिन करन ने कुछ विशेष करने की ठीनी थी और उन्होंने अपना भार 15 किलो बढ़ाने के साथ ही अपने भीतर कई दूसरे परिवर्तन भी किये हैं। करन ने बताया, 'टीवी इंडस्ट्री में मैं अपनी विविधता के लिए जाना जाता हूं। अब चूंकि अधिकांश कास्टिंग निर्देशक मुझे जानते हैं तो मैं उन्हें दिखाना चाहता हूं कि मैं ऐस चरित्र भी निभा सकता हूं। सच कहूं तो सभी सैलन बंद थे और मैंने अनुभव किया कि धीरे धीरे मेरी मूंछ और दाढ़ी बढ़ गई है जो मुझे पंजाबी और इस्लामी लुक दे रही थी। फिर मैंने अपना भार 15 किलो बढ़ाया और फिर मैंने सोशल मीडिया से भी संपर्क काट लिया ताकि किसी को मेरी लुक के बारे में पता ही चले।'

उन्होंने बताया कि लोगों ने उनके इस प्रयास को सराहा ही है, 'ये यात्रा आसान नहीं थी क्योंकि सही मात्रा में दाढ़ी-मूंछ बढ़ाना कोई सरल कार्य नहीं होता है। शूटिंग के लिए सही लोकेशन तथा कॉस्ट्यूम का चयन भी महत्वपूर्ण था। विशेष बात ये कि ये सब मैंने अपने प्रयोग के चलते किया। मुझे कोई रोल नहीं मिला था। यदि भविष्य में मुझे ऐसा रोल मिले तो मैं चरित्र के साथ पूरा न्याय करने का प्रयास अवश्य करूंगा।

अन्तिम यात्रा में उमड़ा हुजूम, गोपाल घाट में ज्येष्ठ पुत्र रमेश राही ने दी मुखाग्नि...

# अनंत में विलीन हुए राजनीति के ज्योतिपुंज 'रामलाल राही'

● विधायक, अफसरों व समाजसेवियों ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

संवाददाता। सीतापुर

**राजनीति के** राही राम लाल राही की अंतिम यात्रा में लोगों का भारी हुजूम उमड़ा। इससे उनकी लोकप्रियता का अंदाजा लगाया जा सकता था, वो जनता में कितना लोकप्रिय थे। ये तब था, जब कोरोना ने उनके चहेते नेता को छीन लिया था, राजनीतिक सफर उन्होंने अपना कद तो बढ़ाया है, सीतापुर को भी देश-विदेश में पहचान दिलाई। शहर के जेलरोड स्थित उनके निज निवास से अंतिम यात्रा गोपालघाट के लिए रवाना हुई। बेटों रमेश राही और सुरेश राही के साथ ही बिसवां से विधायक महेंद्र सिंह यादव ने कंधा देकर फूलों से सजी गाड़ी तक पार्थिव शरीर को पहुंचाया। बड़े बेटे रमेश राही ने गोपालघाट पर उन्हें मुखाग्नि दी। पूर्व केन्द्रीय मंत्री राम लाल राही का राजकीय सम्मान से अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान कमोवेश सभी राजनीतिक दल के नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे। भाजपा जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, विधायक रामकृष्ण भार्गव, सुनील वर्मा, ज्ञान तिवारी, शशांक त्रिवेदी, पूर्व एमएलसी राकेश सिंह, शिवेन्द्र प्रताप सिंह, योगेन्द्र सिंह, हरिनाम बाबू मिश्रा, सपा जिलाध्यक्ष छत्रपाल सिंह यादव, जयसिंह, पूर्व विधायक मनीष रावत व राधेश्याम जायसवाल कांग्रेस जिलाध्यक्ष उत्कर्ष अवस्थी, संतोष भार्गव, एमसी भार्गव, सुरेन्द्र राजवंशी, प्रवीण राजवंशी, रामचन्द्र राजवंशी आदि ने नम आंखों से विदाई दी। इससे पहले डीएम विशाल भारद्वाज, एडीएम विनय कुमार पाठक व एसडीएम अमित भट्ट ने उनके आवास पर पहुंचकर श्रद्धांजलि दी।

**महाराजा छीतापासी ट्रस्ट ने की शोकसभा:** पूर्व केन्द्रीय मंत्री रामलाल राही के निधन पर महाराजा छीतापासी ट्रस्ट महामंत्री एमसी भार्गव, सुरेन्द्र राजवंशी, अनिल भार्गव, निर्मला भार्गव, अनुराग भार्गव, प्रवीण कुमार, आशीष, अमित, अखिलेश, राममिलन सहित आदि ने शोक व्यक्त किया।



सीतापुर-पूर्व केन्द्रीय मंत्री की अन्तिम यात्रा में शामिल लोग


सीतापुर-पार्थिव शरीर को कांधा देते बड़े बेटे रमेश राही, छोटे सुरेश राही, बिसंवा विधायक महेन्द्र यादव व अन्य

## पूर्व केंद्रीय मंत्री रामलाल राही के निधन पर भाजपा कार्यालय पर हुई शोकसभा

**पूर्व केंद्रीय** गृह राज्य मंत्री व हरगांव विधायक सुरेश राही के पिता रामलाल राही के आकस्मिक निधन पर भाजपा जिलाध्यक्ष, सांसदों, विधायको व कार्यकर्ताओं ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए इसे राजनीतिक क्षेत्र की अपूरणीय क्षति बताया। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद राजेश वर्मा ने रामलाल राही के निधन पर गहरा शोक व्यक्त कर श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि गरीबों ,वंचितों की आवाज बन कर लंबे समय तक क्षेत्र की सेवा करने वाले रामलाल राही का निधन राजनीति क्षेत्र की बहुत बड़ी क्षति है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व सांसद रेखा वर्मा, अशोक रावत, विधायक ज्ञान तिवारी, महेंद्र यादव, सुनील वर्मा, रामकृष्ण भार्गव, शशांक त्रिवेदी,क्षेत्रीय महामंत्री श्रीमती नीरज वर्मा, पूर्वमंत्री राम हेत भारती, पूर्व एमएलसी राकेश सिंह, भरत त्रिपाठी, पूनम मिश्रा, दिनेश शर्मा, पूर्व विधायक अजीत मेहरोत्रा, रोहित भारती, विश्राम सागर राठौर, आनंद दीक्षित, राजेश्वर रस्तोगी, पूर्व जिलाध्यक्ष उमाकांत मिश्रा, राकेश त्रिपाठी, संजय मिश्रा ,करुणा शंकर त्रिपाठी, रोहित सिंह, अजय भार्गव, राजेश शुक्ला, इंदू सिंह चौहान आशा मौर्य, नीरज वर्मा झल्लर, जया सिंह, सुनील मिश्रा, सुधीर सिंह, उदित बाजपेई, कंचन पांडे आदि ने पूर्व केन्द्रीय ग्रहराज्य मंत्री रामलाल रही के निधन पर गहरा शोक व्यक्त कर श्रद्धांजलि दी है।

## गोवंश का शिकार करने वाला जानवर आखिर कौन?

**संदना सीतापुर।** विकास खंड संदना इलाके के गांव रामपुर खेउटा में एकबार फिर किसी जंगली जानवर ने गोवंश को अपना निवाला बना लिया। हाल ही गांव में हुआ यह दूसरा वाक्या है इससे पहले भी जंगली जानवर गांव के ही सर्वेश के बछड़े को अपना शिकार बना चुका है। गांव के लोगों में बीते दिनों इलाके में हुए तेंदुए के हमले की आशंका को लेकर दहसत का माहौल व्याप्त है। इन सबके बावजूद वन विभाग के जिम्मेदार जंगली जानवर के सियार होने या लकड़बग्घा होने में कन्फ्यूज है। आपको बता दें गोमती नदी की तलहटी होने के कारण इलाके में जंगली जानवरों का खतरा आए दिन बना रहता है। वह अक्सर नीलगाय को अपना शिकार बनाते हैं और जब नीलगाय हाथ नहीं लग रही है तो वह गांव में पालतू पशुओं को अपना शिकार बना रहा। इससे पहले भी जंगली जानवर करीब एक दर्जन मवेशियों को अपना शिकार बना।

## दया फाउंडेशन ने लगाया रक्तदान शिविर



सीतापुर-रक्तदान शिविर में मौजूद जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा

● भाजपा जिलाध्यक्ष ने फीता काटकर किया शुभारंभ

संवाददाता। सीतापुर

"**दया फाउंडेशन**" के तत्वाधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा एवं विशिष्ट अतिथि एस.डीएम अमित भट्ट द्वारा किया गया। अजय मिश्रा दया ने अपने जन्म दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया एवं उनके सभी साथियों ने मानवता के हित में रक्तदान शिविर में बढ़-चढ़कर अपना योगदान दिया जिसमे 35 यूनिट ब्लड जिला अस्पताल की ब्लड बैंक मे डोनेट किया गया। इस अवसर पर विजय मिश्र, शिवम् त्रिवेदी, भोलू, शिवा गोस्वामी, सत्यम सिंह, शुभम, विहान सक्सेना, विजय मिश्रा, शिव शंकर, शोएब अंसारी,शशांक, विभुं शुक्ला, अरिंदम दास, तुसार गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

मीडिया से बोले शादी समारोह में आए सपा प्रदेश अध्यक्ष...

## सपा हमेशा किसानों के साथ रहेगी: नरेश उत्तम पटेल

संवाददाता। रेउसा सीतापुर

**सपा प्रदेशाध्यक्ष** नरेश उत्तम पटेल ने तंबौर कस्बे में स्थित सपा नेता ज्ञानेंद्र वर्मा के आवास पर पत्रकारों से मुखातिब होते हुए कही। वह यहां ज्ञानेंद्र वर्मा व उनकी बहन की शादी में शिरकत करने आये थे। सपा हमेशा किसानों के साथ है और रहेगी। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि किसानों को धान का मूल्य भी नहीं मिल पा रहा है। कृषि बिल लाकर किसान विरोधी होने का सुबूत दे दिया। उन्होंने कहा कि कोरोना में मदद में लिए करोड़ों रुपये का चंदा लिया गया। किसी के पास जवाब नहीं है, पैसा कहां है। सरकार बेरोजगारी और भूखमरी पर कभी बात नहीं करती है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि सपा किसानों के साथ पूरी तरीके से खड़ी है। किसान आंदोलन में पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा लोकतांत्रिक तरीके से विरोध किया जा रहा है। इस दौरान पूर्व मंत्री नरेंद्र वर्मा, अफजाल कौंसर, झीन बाबू, विजय सिंह,अनिल वर्मा, क्षत्रपाल यादव, विवेक वर्मा तुलसी, आलोक सिंह, अनुराग कपूर आदि मौजूद रहे। सपा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम के तंबौर आगमन पर सपा नेता जहीर अब्बास की अगुवाई में सपाइयों ने रेउसा तिराहे पर स्वागत किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष क्षत्रपाल यादव, अफजाल कौंसर, नसीम नेता, मुन्ना मुजम्मिल, राजू गिरी, निर्मल वर्मा, रिजवान, कामरान खां, जावेद, इस्लाम, रोहित रत्नाकर, कुल्लन, गुड्डा, रियाजुद्दीन आदि कार्यकर्ताओ ने फूल मालाओं के साथ स्वागत किया।


सपा कार्यकर्ताओं के साथ मौजूद प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल

### क्विक न्यूज



## मशरूम उत्पादन कर युवाओं को दे रहे प्रेरणा

**सीतापुर।** कृषि गत कार्यों में कुछ नई फसलों को जोड़ कर कृषि विस्तार में युवा दे रहे हैं बड़ा योगदान।' आकाश शुक्ला, गाँव-सेमरी, निकट झरेखापुर, सीतापुर नें जुलाई 2020 में कृषि विज्ञान केन्द्र, कटिया से मशरुम उत्पाद का प्रशिक्षण प्राप्त कर सितम्बर माह में लगभग 20 कुन्तल कंपोस्ट के साथ मशरुम उत्पादन का कार्य प्रारम्भ किया जिसमें उन्हें बड़ी सफलता मिली। आकाश बताते हैं कि उनके गाँव में यह कार्य पहली बार हुआ है जो कि गाँव वालों व मित्रों के लिए आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है, शादी व्याह के इस मौसम में उनके पास एडवांस में ऑर्डर लगे हुए हैं जिससे अच्छे मुनाफे की उम्मीद है। अगले वर्ष से उम्मीद है कि इसका बड़ा क्षेत्र विस्तार होगा।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कैंप लगाकर हुई नसबंदी

**मछरेहटा सीतापुर।** मछरेहटा सामुदायिक परिसर में कैंप लगाकर महिलाओं की नसबंदी की गई अधीक्षक डॉ कमलेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि 15 महिलाओं की नसबंदी की गई है जिले महिला चिकित्सालय से आई महिला डॉक्टर कमलेश कुमारी ने सभी महिलाओं की नसबंदी की वहीं प्रत्येक सप्ताह में एक बार कैंप लगाकर महिलाओं की सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर नसबंदी की जाती है वहीं पुरुषों की नसबंदी के लिए लोगों को प्रेरित भी किया जा रहा है और प्रयास है पुरुषों की भी बिना चीरा बिना टांका पुरषों के आगे से नसबंदी कराने का प्रयास किया जाएगा इस मौके पर डॉ अमित श्रीवास्तव स्टाफ नर्स नीलम देवी फार्मासिस्ट अनिल कुमार एल टी सर्वेश कुमार आई यू रमेश गुप्ता कामता प्रसाद आदि स्टाफ उपस्थित रहे।

## दो पक्षों में मारपीट, बांका लगने से एक गंभीर

**हरगांव सीतापुर।** दो लोगों में बांका चला जिसमें एक के सिर में बांका लगने से उसकी हालत गम्भीर बनी हुई है। ग्राम मीरपुर क्योंटी थाना हरगॉव निवासी मुकेश पुत्र लक्ष्मण,व रामकृष्ण उर्फ संजय पुत्र राजाराम दोनों ही मीरपुर गाँव के निवासी थे आज सुबह लगभग साढ़े ग्यारह बजे किसी बात को लेकर दोनों में विवाद हो गया व आपस मे गाली देने लगें विवाद बढता देख गाँव के लोगों ने बीच बराव किया लेकिन तभी गांव में खोखे पर पेट्रोल डलवाते समय मुकेश ने रामकृष्ण उर्फ संजय के ऊपर बांके से प्रहार कर दिया।जो रामकृष्ण उर्फ संजय की पीठ पर लगा वही बांका रामकृष्ण उर्फ संजय ने छीन कर मुकेश के सिर पर प्रहार कर दिया ।जिससे मुकेश बेहोश होकर गिर गया।परिजन लेकर सी एच सी हरगांव पँहुचे।जहां से डॉक्टरों ने जिला अस्पताल सीतापुर भेजा। पुलिस सूत्रों के अनुसार जिला अस्पताल से मुकेश को लखनऊ रेफर किया गया है। वही सजय को भी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हरगॉव मे भर्ती किया गया जहाँ से जिला अस्पताल सीतापुर भेजा गया। मुकेश के भाई अजय कुमार पुत्र लक्ष्मण ने रामकृष्ण उर्फ संजय पुत्र राजाराम के विरुद्ध थाने में तहरीर दी। जबकि रामकृष्ण उर्फसंजय पुत्र राजाराम ने मुकेश के विरुद्ध तहरीर दी। पुलिस ने मुकेश के भाई अजय कुमार की तहरीर पर 323,504,506,324,308 अपराध संख्या 605 20 की धाराओं में केस दर्ज कर लिया।जबकि रामकृष्ण उर्फ संजय की तहरीर पर मुकदमा अपराध संख्या 606/20,324,506 की धाराओं में मुकदमा लिखा गया।

## महोली तहसील का हुआ अपना मकां...


सीतापुर-सपा सरकार में बनकर तैयार हुआ महोली तहसील का अपना आशियाना तीन साल बाद उसे मिलने जा रहा है, स्थानीय जनप्रतिनिधियों में मनमुटाव के चलते अब एमपी-एमएलए के बजाए खुद सीएम नवनिर्मित भवन का वर्चुअल उद्घाटन करेंगे। 14 करोड़ की लागत से बनकर तैयार हुआ यह भवन बीते तीन बरस से उद्घाटन की राह तक रहा था। (फोटो-विपिन राजवंशी)

मिक्सोपैथी के विरोध में आईएमए ने भेजा पीएम को ज्ञापन...

## डॉक्टरों का कार्य बहिष्कार, मरीज बेहाल



सीतापुर-कार्यबहिष्कार के दौरान मौजूद आईएमए के पदाधिकारी

● जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर पीएम को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा

**सीतापुर।** केंद्र सरकार के मिक्सोपैथी नीति की विरोध में सीतापुर में शुक्रवार को प्राइवेट चिकित्सकों ने कार्य बहिष्कार किया। इस अवधि में किसी ने भी मरीजों को हाथ तक नहीं लगाया, इससे मरीज और तीमारदार परेशान दिखे। निजी क्लीनिकों एवं चिकित्सालयों पर ताले लटकते रहे और मरीज भटकते रहे। प्राइवेट चिकित्सकों का सरकारी चिकित्सकों ने भी नैतिक समर्थन किया। आईएमए की पुरुष और महिला विंग ने प्रधानमंत्री को संबोधित अपनी मांगों का ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर दिया। आईएमए के अध्यक्ष डॉ. जेसी गुप्ता, महिला सभा की अध्यक्ष डॉ. शालू कपूर, डॉ. राज कुमार श्रीवास्तव ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर डॉ. वीके सिंह, अजय मेहरोत्रा, डॉ. केडी जोशी, जीपी गुप्ता, अनुराग गोयल, राजीव कपूर, तरूण सैगल, सुनील वैश्य आदि चिकित्सक मौजूद थे। ज्ञापन देने वाले डॉक्टर आई इंडिया से बोले, आयुर्वेद व होम्योपैथ के चिकित्सकों की करते हैं इज्जत, पर इस तरह से उन्हें सर्जरी करने का अधिकार नहीं देना चाहिए। कोरोना काल में पहले से इलाज कराना मरीजों को कितना मुश्किल हो रहा था, निजी चिकित्सकों के कार्य बहिष्कार से मरीज और बेहाल हो उठे। डॉक्टर यह तो कहते रहे, कि इमरजेंसी सेवाएं बहाल हैं, लेकिन उनके क्लीनिकों के मुख्य द्वार पर ताले लटकते रहे, आप भी देखे, कैसे परेशान हुए मरीज।

## कोविड अस्पताल में अव्यवस्थाओं की भरमार

● मरीजों को दिया जा रहा गुणवत्ताविहीन भोजन

संवाददाता। सीतापुर


एल-2 में मरीजों को देते यही खाना

**कोविड एल-टू** अस्पताल में तैनाती पाए स्वास्थ्य कर्मियों को न तो समय से लंच मिलता है और न ही भोजन। सरकारी मेन्यू तो दूर की बात। उनके खाने के लिए जो भी भोजन आता है, उसकी क्वालिटी भी एकदम घटिया है। ये हाल तब है जब शासन स्तर से प्रति व्यक्ति भोजन के लिए पांच सौ रुपये रोज दिए जाते हैं। गुणवत्ताविहीन भोजन परोसे जाने से उसे आसानी से मुंह में लगाया नहीं जा सकता है। मजबूरन अपने पैसे से अपना पेट भरते हैं। ठंड से बचाव की भी कोई व्यवस्था नहीं है। यही नहीं उन्हें विभाग से वेतन भी नहीं मिला है। शुक्रवार को जिला अस्पताल परिसर में बने कोविड-19 एल-टू अस्पताल में नियुक्त स्वास्थ्य कर्मचारियों ने ये आरोप लगाकर स्वास्थ्य महकमे को कटघरे में खड़ा कर दिया। उनका कहना है कि सुबह आठ बजे नाश्ता मिलना चाहिए, पर 11 बजे आता है, वो रायता और पराठा, रायता भी पानी जैसा, सरकारी मेन्यु भी नदारद है। ठंड से बचाव के लिए रजाई और गद्दा की भी व्यवस्था नहीं है। इसे लेकर उनके द्वारा जिलाधिकारी से लेकर स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक उनकी समस्या का समाधान नहीं किया गया, केवल आश्वासन दिए जा रहे हैं।

**ना इलाज ना ही समय पर भोजन:** कोविड-19 एल-टू अस्पताल की सूरत बदरंग है। यहां पर संक्रमित मरीजों को न तो समय पर इलाज मिल रहा है और न ही भोजन। मरीजों को समय पर भोजन मिलना चाहिए मगर यहां पर मरीजों के लिए दोपहर का भोजन तीन बजे से साढ़े तीन बजे तक आता है, वो भी गुणवत्तापरक नहीं। अगर कोई स्वस्थ व्यक्ति उसे खा ले तो वो भी बीमार हो जाएगा। यहां पर भर्ती मरीज मजबूरन अपने घरों से खाना मंगाकर खाने को विवश हो रहे हैं। रोजाना वार्ड की सफाई भी नहीं होती है। कोविड वार्ड में सिक्योरिटी के भी कोई इंतजाम नहीं है। जिसका जब मन हो आए और चला जाए। संक्रमित मरीज भी वार्ड के रूकने के बजाए अस्पताल में टहला करते हैं। सीएमएस ए.के. अग्रवाल ने बताया कि यहां पर चिकित्सीय सेवाएं पर्याप्त है। भोजन की व्यवस्था सीएमओ साहब की तरह से, भोजन एक रेस्टोरेंट से आता है।

डीएम ने बांटे जरूरतमंदों को कंबल...

## खबर की चिंगारी से जल उठे अलाव

● शहर में चौराहों पर जले अलाव

संवाददाता। सीतापुर

**ठिठुरती सर्द** रातों में चौराहों पर बेवसी के आलम को उजागर करती नाइट रिपोर्टिंग की खबर को प्रशासन ने संज्ञान लिय। जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने जिले भर में अलाव जलाने के निर्देश दिए और शहर समेत विभिन्न तहसीलों में सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलवाए गए। गुरुवार की रात शहर स्थित लालबाग, बसस्टैंड, जिला चिकित्सालय, जिला महिला चिकित्सालय आदि स्थलों का भ्रमण कर जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए है और उपजिलाधिकारियों एवं सम्बंधित अधिकारियों को आश्रय स्थलों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का औचक निरीक्षण किये जाने के निर्देश भी दिए हैं। बता दे गुरूवार को 'पायनियर' ने अब तो अलाव जलवा दीजिए डीएम साहब शीर्षक से खबर प्रकाशित की थी। शहर के रोडवेज चौराहा, हरदोई चुंगी, कजियारा चौराहा, आंख अस्पताल, लालबाग, महिला अस्पताल, गैस एजेन्सी मिश्रिख, नहर चौराहा मिश्रिख, बड़ा चौराहा, रेलवे स्टेशन, नगर पंचायत, हरगांव थाने के सामने, मेन चौराहा हरगांव आदि में अलाव जलने से लोगो ने राहत की सांस ली है।

पायनियर खबर का असर



सीतापुर-शहर में जले अलाव

# गलत डाटा व देरी करने वाले कालेजों पर होगी कार्रवाई

● छात्रवृत्ति आनलाइन व डाटा प्रेषण की तारीख निर्धारित

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी

**जिला पिछड़ा** वर्ग कल्याण अधिकारी वीरपाल ने बताया कि पिछड़ी जाति पूर्व दशम छात्रवृत्ति, दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं अन्य दशमोत्तर कक्षाओं के लिए संशोधित समय सारणी निर्गत की गई है। आनलाइन आवेदन भरने, संस्था द्वारा छात्रों से प्राप्त आवेदन पत्रों को अग्रसारित करने तिथियां निर्धारित की गई।

उन्होंने बताया कि पूर्व दशम छात्रवृत्ति योजना के तहत संस्था द्वारा छात्रों से प्राप्त ऑनलाइन आवेदन पत्रों को अग्रसारित करने की अंतिम तिथि 14 दिसंबर व दशमोत्तर की अंतिम तिथि 15 दिसंबर निर्धारित की गई है। ऑनलाइन आवेदन को संस्था में सबमिट करने की अंतिम तिथि 22 दिसंबर एवं संस्था द्वारा छात्रों से प्राप्त ऑनलाइन आवेदन पत्रों को अग्रसारित करने की अंतिम तिथि 29 दिसंबर है।

पूर्वदशम छात्रवृत्ति योजना में 16560 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें 9421 आवेदन पत्र अग्रसारित किए गए। वहीं 7139 आवेदन पत्र संस्थाओं के स्तर पर लंबित हैं। इसी तरह दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना के तहत कुल 21172 आवेदन पत्र प्राप्त हुए जिसमें 5366 आवेदन पत्र अग्रसारित किए गए। 15806 आवेदन पत्र संस्थाओं के स्तर पर लंबित हैं। पूर्व दशम छात्रवृत्ति में कालेजों द्वारा अग्रसारित किए जाने की अंतिम तिथि 14 दिसंबर एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति में कालेजों व शैक्षिक संस्थाओं द्वारा आवेदनों को अग्रसारित करने की अंतिम तिथि 29 दिसंबर नियत है। उन्होंने समस्त शैक्षिक संस्थाओं एवं कालेजों को सूचित करते हुए बताया कि वह निर्धारित समय तक छात्र-छात्राओं के लंबित डाटा को अग्रसारित करें। निर्धारित समय तक अग्रसारित न करने व गलत डाटा को अग्रसारित करने पर कालेजों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। कालेजों व संस्थाओं का उत्तरदायित्व भी सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2020.21 में पिछड़े वर्ग के दशमोत्तर कक्षाओं के नवीन/नवीनीकरण के जिन छात्र-छात्राओं द्वारा अपने आधार कार्ड में नाम संशोधन किया जाना है। उन छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति वेबसाइट स्कॉलरशिप पर अपने नवीनीकृत आवेदन में नाम संशोधन आधार की प्रविष्टि के उपरांत छात्रवृत्ति आवेदन की प्रतिए हाई स्कूल प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड की छायाप्रति विद्यालय व संस्था द्वारा प्रमाणित कराकर आवेदन सहित 15 दिसंबर तक जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कार्यालय विकास भवन लखीमपुर खीरी में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें एवं नवीनीकरण के जिन छात्र व छात्राओं द्वारा अपने आधार कार्ड में नाम संशोधन किया गया है छात्र व छात्राओं को छात्रवृत्ति वेबसाइट स्कॉलरशिप डॉट यूपी डॉट जीओवी डॉट इन पर अपने नवीनीकृत आवेदन में नाम संशोधन आधार की प्रविष्टि के उपरांत छात्रवृत्ति आवेदन की प्रति हाई स्कूल प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड की छाया प्रति विद्यालय व संस्था द्वारा प्रमाणित कराकर आवेदन सहित 15 दिसंबर 2020 तक जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। ताकि कार्यालय स्तर से आधार प्रमाणीकरण हेतु ऑनलाइन छात्रवृत्ति आवेदन पत्र वेरीफाई होने के उपरांत छात्र व छात्राओं को पोर्टल पर आवेदन पत्र भरने की सुविधा उपलब्ध हो सके।

# जनजाति के लोगों को वितरित किए गए चूजे



**सिंगाही-खीरी।** राष्ट्रीय पक्षी अनुसंधान केंद्र आईवीआरआई इज़्ज़तनगर बरेली एवम पशुपालन विभाग द्वारा बेलपरसुआ के जनजाति के लोगों को चूजे वितरित किए गए। एनआरएलएम के माध्यम से चालीस लाभार्थियों को बीस बीस चूजे निरूशुल्क दिए गए। जनजाति उपयोजना कुटकुट केंद्रीय पंछी अनुसंधान द्वारा लाभार्थियों का चयन करके मुर्गी पालन के लिए निरूशुल्क चूजों का वितरण किया गया। डा. साकेत यादव पशु चिकित्साधिकारी ने बताया कि इस योजना के तहत प्रत्येक लाभार्थी को 20-20 चूजे एवं एक माह का राशन का निशुल्क वितरण किया जाएगा। कैरी के वैज्ञानिकों, पशु चिकित्साधिकारी, ग्राम पंचायत सेक्रेटरी एवं ग्राम प्रधान बेला परसुवा द्वारा किया गया। विगत वर्ष में भी उसमें यह देख गया था कि लाभार्थी की आर्थिक हालत कमजोर होने के साथ ही उसके पास चूजों का पालन करने के लिए घर में ही थोड़ा स्थान हो। डा. अवधेश पटेल ने बताया कि इस योजना के तहत बेलपरसुआ में लगभग चालीस लाभार्थियों का चयन किया गया था। जिसको लेकर चूजों का वितरण किया गया। इस योजना का मुख्य लक्ष्य उन गरीब परिवारों से है जो मुर्गी पालन करके अपनी आजीविका चलाना चाहते हैं लेकिन धन राशि के अभाव में ऐसा नहीं कर पाते हैं। योजना के तहत चूजे लेने के लिए आए लाभार्थी नि:शुल्क चूजे पाकर काफी खुश नजर आए।

# लगातार पड़ रहे घने कोहरे से किसानों के चेहरे पर छाई चिंता

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी

**चार दिनों** से लगातार पड़ रहे कोहरे से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें दिखने लगी है। कोहरे का सबसे अधिक प्रभाव आलू की फसल पर पड़ता दिख रहा है। यदि लंबे समय तक यही हाल रहा और कोहरे के कारण सूरज की किरणें दिखाई न दीं तो आलू की फसल में झुलसा रोग लगने की संभावना बन गई है। सर्दी के मौसम में कोहरा वाकई में नुकसान पहुंचाता है। इन दिनों खेतों में सेम, गोभी, आलू व मटर, लहसुन और बैंगन की फसलें खड़ी हैं। कृषि वैज्ञानिक डा. मोहम्मद सुहैल ने बताया कि आलू और गेहूं की फसल पर कोहरे के प्रभाव को रोकने के लिए सबसे ज्यादा जरूरी है कि किसान समय-समय पर हल्की सिंचाई करते रहे। मटर और लाही की बात करें तो इन फसलों में भी कोहरा बहुत नुकसान देता है। लाही का फूल झड़ जाता है जिससे पैदावार घट जाती है। लाही की फसल के लिए जरूरी है कि किसान ठीक समय पर इसकी बुवाई करें ताकि कोहरा आने से पहले ही लाही पर फूल आ जाए। समय निकलने के बाद जो फसल बोई जाती है उसमें कोहरा पड़ने के समय फूल आता है जो लाही को बहुत नुकसान देता है। ऐसे में किसानों को फसलों की चिंता भी होने लगी है।

## नामावली संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम कल

लखीमपुर-खीरी। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अहर्ता तिथि 01 जनवरी 2021 के आधार पर जनपद में व्यवस्थित आठों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलिओं का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम में समस्त बूथ लेवल अधिकारियों एवं पदाभिहित अधिकारियों द्वारा पदाभिहित स्थानों व मतदेय स्थलों पर दावे व आपत्तियां प्राप्त करने हेतु 13 दिसंबर दिन रविवार को विशेष अभियान का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने जनसाधारण से अपील करते हुए कहा कि उक्त विशेष अभियान दिवस पर अपने पदाभिहित स्थल व मतदेय स्थल पर उपस्थित होकर फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली को त्रुटि रहित बनाने हेतु अपना अपेक्षित सहयोग प्रदान करें।

# किस रेट पर बिका गन्ना, किसानों को नहीं पता

● महीना भर मिल चलने के बाद भी नहीं मिला पेमेंट, जनप्रतिनिधि नहीं उठा रहे गन्ना किसानों की आवाज

संवाददाता। औरंगाबाद-खीरी



**सरकार** किसानों के प्रति कितनी जागरूक है। इसका अनुमान ऐसे लगाया जा सकता है कि गन्ना मिलों को चलते हुए एक महीना पूरा हो रहा है। लेकिन अभी तक गन्ने के मूल्य का निर्धारण नहीं हो पाया है। जिससे किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें दिखाई दे रही हैं।

लखीमपुर जिले के अजवापुर चीनी मिल को गन्ना आपूर्ति कहने वाले किसान एक महीने से गन्ना आपूर्ति कर रहे । लेकिन अभी तक किसानों को यह पता नहीं है कि उनका गन्ना अजवापुर चीनी मिल को किस मूल्य पर बेंचा जा रहा है। लखीमपुर खीरी जिले को चीनी का कटोरा कहा जाता है। उसका मुख्य कारण जिले में स्थापित 8 चीनी मिलें और गन्ना उत्पादन में प्रथम स्थान है। लेकिन उसके बाद भी गन्ना किसानो की बात खीरी जिले के जनप्रतिनिधियों द्वारा भी नहीं उठाया जा रहा है।

औरंगाबाद के किसान कल्बे हसन ने बताया कि सरकार द्वारा किसानों के गन्ने का मूल्य निर्धारण न करना यह किसानों की अनदेखी है। हमने राज्य परामर्शित गन्ना मूल्य निर्धारण समिति बैठक में गन्ने का मूल्य 400 की मांग की थी। इसी तरह किसान जसपाल सिंह ने बताया कि गन्ने का रेट कम से कम 400 रुपये होना चाहिए। सरकार द्वारा गन्ने का रेट बढ़ाया जाना चाहिए। भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं धौरहरा सांसद रेखा अरुण वर्मा ने कहा कि गन्ना किसानों के लिए सरकार और हम भी प्रयासरत है। गन्ने का मूल्य गन्ना किसानों को ध्यान में रखकर जल्द ही निर्धारित किया जाएगा। हमारी अजवापुर चीनी मिल ने पूरा भुगतान कर दिया है।

## ट्रक की टक्कर से पत्नी की मौत, पति सकुशल

**फतेहपुर।** औंग थाना क्षेत्र के अन्तर्गत एनएच-2 में शुक्रवार की दोपहर बेकाबू ट्रक की चपेट में आ जाने से बाइक सवार 45 वर्षीय एक महिला की मौत हो गयी। वहीं पति हादसे में बाल-बाल बच गया। पुलिस ने चालक को ट्रक सहित हिरासत में ले लिया है। जानकारी के अनुसार कानपुर नगर के थाना नौबस्ता मुहल्ला राजीव नगर निवासी अशोक कुमार की पत्नी नलनेश कुमारी आज दोपहर अपने पति के साथ भांजी की शादी में शामिल होने के लिए औंग आ रही थी। बताते हैं कि बाइक जैसे ही थाने के समीप एनएच-2 पर पहुंची तभी पीछे से तेज रफ्तार आ रहे ट्रक नं0 यूपी-71टी/7193 ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे महिला की ट्रक की चपेट में आ जाने से मौके पर ही मौत हो गयी। उधर पुलिस ने ट्रक चालक मेराज को हिरासत में लेते हुए ट्रक को कब्जे में ले लिया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

## दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना 15 दिसंबर तक कर सकते हैं ऑनलाइन

**फतेहपुर।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी मुदित श्रीवास्तव ने बताया कि समस्त शिक्षण संस्थाओं को सूचित किया है कि वित्तीय वर्ष/शैक्षिक सत्र 2020-21 में राज्य सरकार द्वारा संचालित दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना अंतर्गत आनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 दिसंबर निर्धारित कि है। छात्र-छात्राओं के आनलाइन आवेदन हेतु निर्धारित समय अवधि में मात्र 4 दिन ही शेष रह गए हैं, इसके अतिरिक्त ऐसे छात्र-छात्राएं जिनके आनलाइन आवेदन करने में आधार प्रमाणीकरण न होने की दशा में उनके द्वारा आवेदन को अंतिम रूप से सबमिट करने में कठिनाई उत्पन्न हो रही है, ऐसे छात्र-छात्राओं के अभिलेख प्रमाणित करते हुए जिला पिछड़ा वर्ग कार्यालय में निर्धारित समय अवधि के अंदर संस्था अथवा छात्र-छात्राएं स्वयं साक्ष्य उपलब्ध करा सकते हैं। जिससे कि उनके आधार संबंधी समस्या का निराकरण किया जा सके, जिससे शासन की मंशा के अनुरूप पात्र छात्र-छात्राओं छात्रवृत्ति से वंचित न रह पाए।

# खाद्यान्न आवंटन तहसील स्तर पर एसडीएम करेंगेः डीएम

संवाददाता। शाहजहांपुर



**जिला स्तरीय** सतर्कता समिति की बैठक कलेक्ट्रेट कार्यालय कक्ष में जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने सार्वजननिक राषन वितरण प्रणाली एवं एमडीएम तथा आईसीडीएस खाद्यान वितरण की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने कहा है कि ग्राम, ब्लाक स्तर पर प्रत्येक माह सतर्कता समिति की बैठक आयोजित की जाए। बैठक की कार्यवाही जिला स्तरीय सतर्कता समिति को उपलब्ध कराया जाना सुनिष्चि किया जाए। उन्होंने कहा है कि ब्लाक स्तर पर सतर्कता समिति की बैठक उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में की जाए। खाद्यान आवंटन तहसील स्तर पर उपजिलाधिकारी द्वारा किया जाएगा। उन्होंने कहा है कि आईसीडीएस खाद्यान वितरण की जांच कर ली जाए। पर्यवेक्षण अधिकारी उचित दर दुकानों की जांच कर उनके विरूद्ध कार्यवाही करें। जिलाधिकारी ने सैमध्मैम बच्चों को चिन्हित कर मिलान करने के निर्देष सीएमओ एवं डीपीओ को दिये है। उन्होंने कहा है कि मिलान में किसी प्रकार की गडबडी मिलती है तो सम्बन्धित अधिकारी का उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए विधिक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा है कि राष्ट्रीय खाद्यान सुरक्षा पीडीएस के लिए नहीं है कच्चा, पक्का सामाग्री देखेंगे। राषन गोदाम के बीच में पहुंचने वालें राषन का औचक निरीक्षण करना हैं। कार्यक्षेत्र समिति पूरा राषन पहुंचा अथवा नहीं का निरीक्षण गोपनीय तरीके से करेगी। श्री सिंह ने कहा है कि जब कभी घटतौली अथवा राषन वितरण में अनियमितता की षिकायत आती है तो सम्बन्धित का बयान का लिया जाए तथा राषन वितरण के समय कौन अधिकारी उपस्थित थें की कार्यवाही कर ली जाए। वितरण होने वाला राषन लाभार्थी को मिला है अथवा नहीं का सत्यापन कर लिया जाए। उसके उपरान्त सम्बन्धित का उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए विधिक कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा है कि षिकायत का निवारण अधिकारी अपर जिलाधिकारी वि0ध्रा0 को नामित किया गया है। बैठक में जिला पूर्ति अधिकारी पूरन सिंह चौहान, जिला कृषि अधिकारी सतीष पाठक, जिला बेसिक षिक्षा अधिकारी राकेष कुमार आदि अधिकारी उपस्थित रहें।

# दुर्घटना में दम तोड़ने वाले आरक्षी के अन्तिम संस्कार में निकले लोगों के आंसू

संवाददाता। फतेहपुर



**धाता थाना** क्षेत्र के अहमदपुर कुसुम्भा गांव के रहने वाले एवं जालौन जनपद में आरक्षी के पद पर तैनात गिरजाशंकर की सड़क हादसे में घायल होने के बाद गुरूवार को इलाज के दौरान निधन हो जाने के बाद उनका अन्तिम संस्कार पैतृक गांव में शुक्रवार को पुलिस सम्मान के साथ किया गया। अन्तिम शव यात्रा में उमड़े लोगों की नम आंखों से आंसू निकल रहे थे। क्योंकि माटी के इस लाल का गांव में व्यवहार बहुत अच्छा था। मालूम रहे कि अहमदपुर कुसुम्भा गांव निवासी रामस्वरूप सिंह के पुत्र गिरजाशंकर उरई जालौन में आरक्षी के पद पर तैनात थे। वह 25 नवम्बर को सरकार कागज लेकर अदालत जा रहे थे। तभी एक वाहन से टक्कर हो जाने के फ्लस्वरूप घायल हो गये थे। जिनका उपचार कानपुर में चल रहा था। वृहस्पतिवार को इलाज के दौरान उनका निधन हो गया था। उनका पार्थिव शव गांव लाया गया। जहां पर पुलिस सम्मान के साथ उनका अन्तिम संस्कार किया गया। आरक्षी के घर वालों का रो-रोकर बुरा हाल रहा। लोगों ने ढांढस बंधाया। लेकिन बेटे के गम में मां व बाप के आंसू थमने का नाम नही ले रहे थे।

# किसान के पक्ष में कांग्रेस का क्रमिक अनशन जारी



**शाहजहाँपुर।** शुक्रवार को राजीव भवन जिला कांग्रेस कमेटी ने किसान के देशव्यापी आंदोलन के समर्थन में क्रमिक अनशन पर बैठे अनशन कारियों को सेवादल कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अश्वनी द्विवेदी ने कांग्रेस की पट्टिका पहना कर उनका उत्साह वर्धन किया। जिलाध्यक्ष रजनीश कुमार गुप्ता मुन्ना की घोषणा के अनुरूप दलित प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव प्रशांत कठेरिया,जिलाध्यक्ष अनिल कुमार कठेरिया, जिला उपाध्यक्षध् संगठन प्रभारी अतित कुमार बागी,महानगर महिला कांग्रेस अध्यक्ष सुनीता सिंह,जिला सचिव इकबाल मंसूरी,महानगर सचिव फैज राजा,सैय्यद रहमान। इस दौरान मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष रजनीश कुमार गुप्ता मुन्ना, महानगर अध्यक्ष श्री तकवीम हसन खां, अतीउल्ला अंसारी,वरिष्ठ नेता श्री पवन सिंह, श्री कृष्ण विनोद मिश्रा , तस्लीम अली,फुरकान अहमद कुरैशी,इरफान हसन,दिनेश अवस्थी,आमिर अली, कामरान,शावेज,फरमान,सहित कई सम्मानित कांग्रेस जन मौजूद रहे, और सभी का उत्साहवर्धन कर किसान आंदोलन को गति देने के लिए धरना स्थल पर उनके समर्थन में बैठे।

# पांचवें दिन भी सपाई हुए गिरफ्तार, देर शाम हुई रिहाई

● भाजपाकी दमनकारी नीति से किसान बेहालः तनवीर

संवाददाता। शाहजहांपुर



**समाजवादी पार्टी** के जिला अध्यक्ष तनवीर खान के नेतृत्व में अल्लाहगंज में किसान यात्रा निकलने की कोशिश की ,यात्रा कुछ दूरी तक निकली इसकी भनक पुलिस को लगी भरी मात्रा में पुलिस ने किसान यात्रा को रोकना का प्रयास किया इस बीच सपा नेताओं व पुलिस के बीच जमकर नोकझोक भी हुई। पुलिस ने सभी नेताओं को गिरफ्तार कर लिया

राष्ट्रीय नेतृत्व के आवाहन पर 7 दिसम्बर से निकाली जा रही सपा की किसान यात्रा शुक्रवार को जलालाबाद विधानसभा के रघुनाथपुर से निकलना था। इससे पहले ही पुलिस ने जलालाबाद विधायक शरदवीर सिंह को उनके आवास पर नजर बंद कर दिया था। इस बीच सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खां, निवर्तमान प्रदेश सचिव उपेन्द्र पाल सिंह, रणंजय यादव, कमलेश यादव, रामवीर सिंह सोमवंशी समेत दर्जनों नेता व कार्यकर्ता विधायक के आवास पर पहुंच गए। सपाई किसान यात्रा निकलने पर अड़ गए मगर पुलिस किसी भी सूरत में मानने को तैयार नही हुई। सपाइयों ने जबरन चलने का प्रयास किया तो पुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर गाड़ियों और बस में बैठा लिया। रास्ते में एक बार फिर से सपाई गाड़ियों से उतरकर सड़क पर बैठ गए और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करने लगे। इस दौरान पुलिस से भी खूब नोकझोक हुई। इस मौके पर जिलाध्यक्ष तनवीर खां ने कहा कि भाजपा सरकार की यह दमनकारी नीति है जिसमे किसानों की आवाज तक को दबाया जा रहा है। पिछले पांच दिनों से सपा किसानों के लिए आवाज उठाने का प्रयास कर रही है, मगर भाजपा की तानाशाह सरकार की शह पर पुलिस के बल पर उन्हें रोक दिया जा रहा है। सपा नेता उपेन्द्र पाल सिंह ने कहा कि भाजपा पूंजीपतियों के लिए सरकार चलाती है इन्हें खेत, खलिहान और किसानों से कोई मतलब नही है। पीएम मोदी ने किसानों को पूंजीपतियों के हाथों गिरवी रख दिया है। यह कानून किसानों के लिए डैथ वारंट साबित होगा। इस मौके पर सैयद रिजवान अहमद, अख्तर खान, हफीज अंसारी, संदीप यादव, फेनी गुप्ता, भीरम कुमार दीक्षित, मुकेश यादव, नरेंद्र भोजवाल, अतुल शर्मा, सरताज खान आदि मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### नुक्कड़ नाटक के जरिए किया गया जागरुक

**सिंगाही-खीरी।** नगर पंचायत के सौजन्य से नगर पंचायत के समस्त वार्डों में कोविड-19 कोरोना स्वच्छता खुले में शौच कूड़ेदान का प्रयोग कूड़े का प्रथकीकरण, मिशन शक्ति बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पालीथिन पर प्रतिबंध के प्रति जन-जागरूकता हेतु प्रयास संस्था के कलाकारों द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। कस्बे के सभी वार्डों में आनंद अग्निहोत्री द्वारा निर्देशित नुक्कड़ नाटक होशियारी की प्रस्तुति में महेंद्र कुमार छाया पांडे उदय भान गुप्ता शकुंतला देवी विकास मिश्रा कौशल शुक्ला मां के गायन अभिनय तथा राहुल शर्मा के ढोलक की थाप ने मनोरंजन पूर्ण तरीके से मास्क का प्रयोग 2 गज दूरी, बार-बार 20 सेकंड तक साबुन से हाथ धो कर कोरोना जैसी बीमारी से बचाने, स्वच्छता मिशन शक्तिए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की जानकारी दी। इस अवसर पर चेयरमैन उत्तम मिश्रा, अधिशासी अधिकारी अवधेश मिश्रा, सभासद माडवी शाक्य, जोगेन्द्र शाक्य, लिपिक अखिलेश अवस्थी, सुरेंद्र पाल सिंह, भजन गायक संतोष शास्त्री सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### मैगलगंज कस्बे में चोरों के हौसले बुलंद

**लखीमपुर-खीरी।** कोतवाली मैगलगंज में आये दिन चोरी की कई घटनाएं होती रहती हैं। आपराधिक ग्राफ-बढ़ता जा रहा है। लेकिन कस्बे की पुलिस उन पर शिकंजा कसने में नाकाम है। जिससे चोरों और अपराधियों के हौसले बुलंद है। मैगलगंज थाना क्षेत्र में अपराध को रोकने के प्रयास से प्रभारी निरीक्षक चंद्रकांत सिंह ने अलग-अलग कई जगहों पर पुलिस बूथ बनाए लेकिन उसका कोई मतलब नहीं निकला। बताते चलें कि कोहरे का फायदा उठाकर चोरों ने कस्बे में 2 जगह अपने हाथ साफ किये और मैगलगंज पुलिस गश्त ही करती रह गई। कस्बा के बड़े कपड़ा व्यापारी के दुकानों में चोरों ने किया हाथ साफ लाखो की चोरी की वहीं चौखड़िया रोड पर एक घर का ताला तोड़ कीमती समान को भी उड़ाया। धीरे-धीरे आम जनता को पुलिस की इस निष्क्रियता के कारण भरोसा ही उठा जा रहा है।

### नगर निगम के अधिकारियों ने शुरू की स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 की तैयारी



**शाहजहांपुर।** नागरिको को सफाई व्यवस्था के प्रति जागरूक करने के लिए नगर आयुक्त संतोष शर्मा ने सदर चौराहे व आस-पास के क्षेत्रो का पैदल मार्च कर स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम चलाया। स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 में नागरिको की भागीदारी बढ़ाने एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक किये जाने के लिए नगर निगम के अधिकारियो ने रोस्टर के अनुसार मुख्य मार्गो पर पैदल मार्च निर्धारित किया गया है। मार्च के समय स्वास्थ्य विभाग,जलकल विभाग,निर्माण विभाग,कर विभाग एवं पथ प्रकाष एवं प्रर्वतन दल की एक-एक टीम आवष्यक उपकरणो के साथ उपस्थित रहकर जागरूकता अभियान के दौरान संज्ञान में आयी समस्याओ का तत्काल निस्तारण कराया गया। सदर बाजार की दोनो तरफ की नालियो के ऊपर किये गये अतिक्रमण को मौके पर हटवाकर नालियो की साफसफाई कराई गई एवं गन्दगी मिलने पर जुर्माना भी लगाया गया। इसके साथ ही सभी दुकानदारो से अतिक्रमण न करने एवं साफसफाई रखने की अपील गई। पैदल मार्च के समय ध्वनि विस्तारक यंत्र के माध्यम से नागरिको को स्वचछता के प्रति सतर्कता एवं जागरूकता कोविड-19 के दृष्टिगत किया गया। नगर आयुक्त ने जनसामान्य से अपील की गई कि स्वच्छता अभियान के सर्वेक्षण में अपनी पूरी-पूरी सहभागिता करें। पैदल मार्च में नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा के साथ उपनगर आयुक्त आशुतोष कुमार दुबे, सहायक नगर आयुक्त श्रीमती रश्मि भारती, समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षक मौजूद रहे।

### बरेली की क्राइम ब्रांच ने मारा छापा

**शाहजहांपुर।** डेढ़ वर्ष पूर्व सपा नेता व जिला पंचायत सदस्य के पुत्र की हत्या के मामले में बरेली की क्राइम ब्रांच व जलालाबाद पुलिस ने एक घर पर धावा मारा। मुख्य आरोपी मौका देकर फरार हो गया, जब का उसका एक साथी गिरफ्तार हो गया है। ज्ञात रहे कि 5 जून 2019 को सपा नेता जिला पंचायत सदस्य विजेंद्र यादव के पुत्र विपिन यादव का शव कस्बे से कुछ दूर मजरा कटरिया के पास सुनसान इलाके में मिला था, जिसकी गला दबाकर हत्या की गई थी। बताया जाता है कि घटना के दिन पप्पू यादव ने फोन कर कर उसे बुलाया था बाद में राजू मिश्रा उर्फअनुराग मिश्रा व अजीत मिश्रा ने उसे शराब पिलाई और बाद में गला दबाकर हत्या कर दी थी। इसका मामला थाने में दर्ज हुआ था। पिता की तहरीर पर पुलिस ने धारा 302,320 व 120 बी के अंतर्गत मामला दर्ज किया था, लेकिन जलालाबाद पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। एक वर्ष पूर्व मृतक विपिन के पिता ने इस मुकदमे को बरेली ट्रांसफर करा दिया था। बरेली की क्राइम ब्रांच मामले की जांच कर रही थी देर रात बरेली क्राइम ब्रांच व जलालाबाद पुलिस ने हत्यारों की तलाश में दबिश दी, लेकिन मुख्य अभियुक्त राजू मिश्रा उर्फअनुराग मिश्रा मौका देकर फरार हो गया जबकि उसका साथी अजीत मिश्रा गिरफ्तार कर लिया गया है।

### फसल को बीमित न करने वाले किसानों को बैंक को सूचित करना होगाः जिलाधिकारी

**शाहजहांपुर।** जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की समीक्षा बैठक के दौरान कहा कि अगर कृषक अपनी फसल को बीमित नही करवाना चाहते है, तो दिनांक 24.12 तक बैंक को लिखित में सूचित करना होगा। श्री सिंह ने कहा है कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना तथा पुनर्गठित मौसम आधरित फसल बीमा योजना के अंतर्गत रबी सीजन 2020 की बीमा हेतु अधिसूचित फसल गेंहूं, मसूर, लाही, सरसों एवं आलू में किसानो की भागादारी की अन्तिम तिथि 31 दिसम्बर 2020 निर्धारित की गयी है। योजना के नए प्रावधान के अनुसार फसली ऋण लेने वाले किसान योजना के अंतर्गत यदि भाग नही लेना चाहते तो वह अपने संबंधित बैंक शाखा को जहां से किसान का ''किसान क्रेडिट कार्ड'' बना हो व ऋण लिया गया है, वहां 24 दिसम्बर 2020 तक लिखित रूप से अवगत करा दें कि वह फसल बीमा योजना में शामिल नही होना चाहते, जिससे उनका बीमा प्रीमियम की कटौती न हो। बैंक को 24 दिसम्बर तक फसल बीमा का लाभ न लेने की सूचना न देने पर माना जाएगा कि किसान फसल बीमा कराना चाहता है और बैंक शाखा द्वारा ऋणी किसान के खाते से प्रीमियम धनराषि की कटौती कर ली जाएगी तथा जनपद हेतु अनुबंधित बीमा कम्पनी को प्रेषित कर दी जायेगी। अतः फसल बीमा योजना में यदि भाग नही लेना है तो कृषक बंधु अपनी बैंक को 24 दिसम्बर तक अवष्य सूचित कर दें। किसानो ने जिस फसल का बीमा लिया है, उसी फसल की बुवाई करें, अन्य फसल की बुवाई करने पर बीमा कम्पनी द्वारा क्षतिपूर्ति दावो का अस्वीकृत कर दिया जाता है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, उपनिदेषक कृषि, जिला कृषि अधिकारी, बैंक प्रतिनिधि आदि उपस्थित रहें।

### सीएमओ कार्यालय के दो लिपिक निलम्बित

**फतेहपुर।** सीएमओ ऑफिस में तैनात वरिष्ठ सहायक व कनिष्ठ सहायक के खिलाफनिलंबन की कार्यवाई के लिए डीएम ने शासन को पत्र लिखा है। मामला जीपीएफक्लेम से जुड़ा हुआ है, जहाँ फार्मासिस्ट के मौत के तीन साल बाद भी उसकी पत्नी को जीपीएफक्लेम नही मिला है। जानकारी के मुताबिक 2 जून 2017 को अस्पताल जाते समय फार्मासिस्ट दिलीप सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। फार्मासिस्ट के मौत के बाद उसकी पत्नी सरोज देवी जीपीएफ क्लेम के लिए पिछले तीन सालों से सीएमओ ऑफिस का चक्कर काट रही है, लेकिन उसे आज तक क्लेम नही मिला। आरोप है कि कार्यालय में तैनात वरिष्ठ सहायक आनंद मिश्रा व कनिष्ठ सहायक अजय मिश्रा ने जीपीएफ क्लेम की फाइल पास करने के लिए मृतक फार्मासिस्ट की पत्नी से एक लाख रुपये रिश्वत मांगी। जब मृतक की पत्नी ने रुपये देने से मना कर दिया तो सारे प्रपत्र जमा होने के बाद भी जीपीएफक्लेम की फाइल को लंबित रखा गया। जिसके बाद 23 नवंबर को मृतक फार्मासिस्ट की पत्नी ने डीएम को शिकायती पत्र देकर कार्यवाई की गुहार लगाई। डीएम ने मामले में सीएमओ और सीडीओ से जांच कराई तो वरिष्ठ सहायक आनंद मिश्रा व कनिष्ठ सहायक अजय कुमार मिश्रा जांच में दोषी पाए गए।

### बार चुनाव के लिए घोषित अलग-अलग संगठनों के अध्यक्ष व मंत्री ने शुरू किया जनसम्पर्क

**फतेहपुर।** डिस्ट्रीक बार एसोसिएशन के प्रस्तावित चुनाव को लेकर अधिवक्ताओं में जहां गुटबंदी तेज हो गयी है। वहीं जनसम्पर्क अभियान को भी गति दी जा रही है। सर्वसमाज अधिवक्ता संगठन व आदर्श अधिवक्ता संगठन ने जहां अध्यक्ष व मंत्री पद के उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया है। वहीं शेष पदाधिकारियों की घोषणा को लेकर भी समीकरण साधने का प्रयास चरम पर है। इसके अलावा तीसरा मोर्चा भी चार-चार हांथ करने की मुहिम में जुटते हुए प्रत्याशी चयन के साथ-साथ कैबिनेट घोषित करने पर मंथन कर रहा है। बताते चलें कि वर्तमान बार अध्यक्ष सुशील मिश्रा व मंत्री विजय कुमार सिंह के साथ ही पूरी कार्यकारिणी का कार्यकाल समाप्त हो रहा है। ऐसे में इल्डर्स कमेटियों ने अपने-अपने संगठनों के अध्यक्ष व मंत्री पद के उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। सर्व समाज अधिवक्ता संगठन के अध्यक्ष केपी सिंह ने वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश वर्मा को अध्यक्ष तथा अमित तिवारी को मंत्री पद पर नामित किया है। जबकि शेष पदाधिकारियों के चयन को लेकर मंथन चल रहा है। इसके अलावा आदर्श अधिवक्ता संगठन ने भी चुनाव के लिए अध्यक्ष पद पर जगदीश सिंह उर्फजालिम सिंह तथा मंत्री पद पर आशीष गौड़ को उम्मीदवार घोषित कर दिया है। अब आदर्श अधिवक्ता संगठन शेष उम्मीदवारों के चयन पर विचार विमर्श कर रहा है। घोषित दोनो संगठनों के उम्मीदवारों ने दीवानी व कलेक्टेऊट के अलावा सदर तहसील के अधिवक्ताओं से सम्पर्क शुरू कर दिया है। इन दिनों कचेहरी में सिर्फचुनाव को लेकर वकीलों के बस्तों पर जहां चर्चा हो रही है। वहीं इस चुनाव को लेकर आम बुद्धजीवी भी नजर रखे हुए हैं।

पायनियर
लखनऊ, शनिवार, 12 दिसंबर 2020



# अधिकारियों के समझाने के बाद हुआ अंतिम संस्कार

## बबलू उर्फ आनंद की हत्या का मामला



**संवाददाता।** इटावा

**बकेवर** थाना क्षेत्र के अन्तर्गत बुधवार को शादी समारोह में शामिल होने गये बबलू उर्फआनंद की गांव के बाहर एक अध बने मकान के कमरे में हत्या कर दी गयी थी शव को पुलिस सुरक्षा के बीच कस्बा बकेवर के मोहल्ला किदवई नगर लाया गया था। वहीं परिजनों ने दिन गुरुवार को शव का अतिम संस्कार करने से साफमना कर दिया था वहीं दिन शुक्रवार को नगर के संभ्रांत नागरिकों व उपजिलाधिकारी भरथना व क्षेत्राधिकारी भरथना द्वारा मृतक की पत्नी व परिवार के अन्य लोगों को समझा बुझाकर मृतक के शव का अतिंम संस्कार भारी पुलिस सुरक्षा के बीच किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कस्बा बकेवर के मोहल्ला किद ?व ?ई नगर निवासी बबलू उर्फ आंनद पुत्र अमर सिंह जो दिन बुधवार को अपने मौसीया सुसर की लड़की के शादी समारोह में गया हुआ था रात्रि में शराब को लेकर श्याम पाल व बबलू में विवाद होने से युवक के सिर पर ईट से प्रहार करने के चलते युवक की मौत हो गयी थी। वहीं पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया था। पोस्टमार्टम के बाद शव को कड़ी सुरक्षा के बीच घर पहुंचाया गया था वहीं परिजनों ने मृतक के शव का अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया था। वहीं दि ?न शुक्रवार को उपजिलाधिकारी भरथना नम्रता सिंह व क्षेत्राधिकारी भरथना ने मृतक की पत्नी सुनीता देवी व मृतक के ससुर को भरोसा दिलाया कि मामले की निष्पक्ष जांच की जायेगी व सरकार द्वारा गरीब परिवार को आर्थिक मदद भी दिलायी जायेगी। जिसके बाद परिवरिजनों ने मृतक बब ?लू उर्फ आंनद पाल का अंतिम संस्कार किया गया। वहीं अतिंम संस्कार के दौरान बकेवर थाना प्रभारी अंजन कुमार सिंह लवेदी थाना प्रभारी सुरेश चन्द्र भरथना थाने के कोतवाल अनिल कुमार महेवा चौकी प्रभारी नितेश कुमार वशिष्ठ उपनिरीक्षक प्रियाजंली सिंह कस्बा इंचार्ज बकेवर विश्वनाथ सिंह लखना चौकी प्रभारी प्रशान्त द्विवेदी बराउख चौकी प्रभारी जगमोहन सिंह सहित भारी पुलिस बल अतिंम संस्कार के दौरान मौजूद रहा।

## डीएम ने किया कोविड-19 अस्पताल का निरीक्षण

**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह ने कोविड-19 एल-2 अस्पताल फ्तेहगढ़ का निरीक्षण कर जायजा लिया।जिलाधिकारी ने सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से वार्डों में सफाई व्यवस्था का लिया जायजा। एल 2 अस्पताल फ्तेहगढ़ में भर्ती मरीज श्रीमती राजीव से बात कर स्वास्थ्य, उपचार एवं भोजन गुणवत्ता की ली जानकारी। राजीव ने बताया कि कान में इन्फेक्शन, उसकी दवा नहीं मिली। सीएमओ को तत्काल दवा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।एल-2 अस्पताल में भर्ती मरीजों को काढ़ा, गर्म पानी, समय पर भोजन एवं दवाईयां,प्रत्येक मरीज को 02 कम्बल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को संक्रामित क्षेत्रों की स्वयं मॉनीटरिंग कर अधिक से अधिक सैम्पल कराने के निर्देश दिए। संक्रमित क्षेत्रों कोरोना रोकथाम हेतु किये जाए बेहतर प्रयास, जनसामान्य को कोरोना महामारी से बचने हेतु जागरूक किया जाए।

# बेसिक स्कूलों के 15 हजार बच्चों को बांटने के लिए स्वेटर आए

**संवाददाता।** जसवंतनगर इटावा



**ब्लाक** क्षेत्र के सभी परिषदीय प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में पढ़ रहे साढ़े चौदह हजार से अधिक बच्चों को इन सर्दियों में नए स्वेटर उपलब्ध कराने के लिए स्वेटरों का लॉट यहां की बीआरसी पर आ गया है। एसडीएम जसवंतनगर ज्योत्स्ना बन्धु द्वारा इनकी क्वालिटी और क्वांटिटी का गुरुवार को सत्यापन कर किया गया और वितरण की हरी झंडी दे दी। अब इनका छात्र.छात्राओं में वितरण आरम्भ हो रहा है और 15 दिसंबर तक बेसिक स्कूलों के बच्चों के पास नया स्वेटर होगा। खंड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार चौधरी के बताया है कि बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा जसवंतनगर ब्लाक में संचालित 181 परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले 15 हजार 390 छात्र.छात्राओं के हाथों में जल्द ही नया स्वेटर होगा। फ्लिहाल जो 14 हजार 547 स्वेटर आये हैं एक्रमशः 26 28 30 32 34 नम्बर यानी पांच साइज में हैं। सभी मैहरून रंग के है। बकाया की भी शीघ्र आपूर्ति होगी।

उन्होंने बताया कि ब्लाक क्षेत्र के प्राइमरी 11 हजार 950 और जूनियर के 3 हजार 440 छात्र.छात्राओं के बीच इन उपलब्ध कराये गए स्वेटरों को वितरण होगा। सम्बंधित विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए स्वेटरों का उपजिलाधिकारी ज्योत्स्ना बंधु ने स्वयं बारीकी से सत्यापन किया है। परिषदीय विद्यालयों की प्रति छात्र.छात्राओं व उनके अभिभावकों का आकर्षण बढ़ाने के लिए केंद्र व प्रदेश सरकार लगातार विभिन्न प्रकार की योजनाओं का संचालन कर रहा है। निरूशुल्क पुस्तकए जूता.मोजा व स्कूली बैग के साथ ड्रेस का वितरण किया जाता है। ठंड से बचने के लिए प्रत्येक वर्ष नया स्वेटर भी बच्चों को दिया जाता है।

# गोद में बच्ची लिए भटक रही महिला

**संवाददाता।** कायमगंज/फर्रुखाबाद

**जनपद** के थाना मेरापुर के गांव रामापुर दबीर निवासी प्रदीप यादव तथा जनपद एटा थाना अलीगंज के गांव मिहुता निवासी सीमा दोनों ने लगभग 2 वर्ष पूर्व आपसी सहमति से प्रेम विवाह कर लिया था। बीते दिवस सीमा 9 माह की बच्ची को गोद में लिए भटकती हुई।

कायमगंज नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची। यहां खड़ी महिला उदास मन से रो रही थी। अस्पताल परिसर में मौजूद मरीजों के तीमारदारों व कुछ अन्य लोगों ने उससे पूछा तो उसने बताया कि शादी के बाद कुछ महीने तक तो सब कुछ ठीक-ठाक चलता रहा। किंतु इसके बाद उसका पति प्रदीप उसे आए दिन प्रताड़ित कर बेरहमी से मारपीट करने लगा। आज भी कुछ ऐसा ही हुआ सीमा के अनुसार उसके पति ने उसे बहुत मारा और धक्के देकर घर से भगा दिया। भटकती हुई मैं यहां आ गई। उसकी परेशानी देख और भूखी प्यासी होने पर तीमारदारों ने महिला को ढाढस बंधाया साथ ही उसे भोजन भी कराया। महिला ने बताया कि वह अलीगंज के गांव मिहुता निवासी रामकिशन की बेटी है। मेरी मां का नाम नन्ही देवी है। पति द्वारा प्रताड़ित किए जाने की शिकायत लेकर मैं कई बार थाना मेरापुर तथा संबंधित पुलिस चौकी अचरा गई। जहां मैंने अपनी पीड़ा बता कर न्याय की गुहार लगाई। किंतु आज तक उसकी किसी ने फरियाद तक नहीं सुनी। जब उससे यह पूछा कि अब वह न्याय पाने के लिए क्या करेगी, तो उसका गला रुँध गया और मुंह से कोई शब्द नहीं निकल सका बल्कि बेचारी सिसकियां भरकर रोने लगी।

## डीएम के निर्देश पर 941 गोल्डन कार्ड बनाये गये

**कानपुर देहात।** आयुष्मान भारत योजनाए भारत सरकार की एक स्वास्थ्य योजना है। इस योजना के अन्तर्गत आने वाले प्रत्येक पात्र परिवार को पाँच लाख रूपये तक का कैश रहित स्वास्थ्यबीमा उपलब्ध कराया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत गोल्डेन कार्ड धारक व्यक्ति पाँच लाख रूपये तक का अपना मुफ्त इलाज चुने गये सरकारीध्प्राइवेट अस्पताल में करा सकता है। जनपद में गोल्डेन कार्ड बनाये जाने में की जा रही शिथिलताध्धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र ने विशेष अभियान चलाकर गुणात्मक प्रगतिलाने के निर्देश दिये गये। जिसके क्रम में आज 941 गोल्डेनकाडे बनाये गये हैसउक्त प्रगति जिलाधिकारीके निर्देश के क्रम में उप जिलाधिकारीए तहसीलदारए खण्ड विकास अधिकारी व स्वास्थ्यविभाग की टीमों के संयुक्त प्रयास से विशेष अभियान चलाकर किया गया है।

# सामान्य ट्रेनों का संचालन जल्द शुरू होगा: डीआरएम

**संवाददाता।** फर्रूखाबाद



**पूर्वोत्तर** रेलवे इज्जतनगर मण्डल रेल प्रबंधक आशुतोष पंत ने कहा कि रेलवे बोर्ड के निर्देश पर, ''जीरो-वे वर्किंग टाइम टेबिल'' की प्रक्रिया पूरे होने पर ही सामान्य ट्रेनों का धीरे-धीरे संचालन सम्भवतया शुरू होगा।

श्री पंत ने पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर मण्डल के कासगंज-फर्रूखाबाद रेल खण्ड के विभिन्न स्टेशनों तथा ट्रैक लाइन का अपने अधिकारियों के साथ विण्डो निरीक्षण करने के बाद शुक्रवार को दोपहर करीब 12:20 बजे फर्रूखाबाद जंक्शन स्टेशन का निरीक्षण करने के दौरान पत्रकारों से बातचीत की। डीआरएम ने महाप्रबंधक के आगामी माह मार्च 2021 में फर्रूखाबाद जंक्शन स्टेशन के सम्भावित निरीक्षण को लेकर स्वच्छ सफाई को ध्यान में रखकर प्रथम श्रेणी व सामान्य शौचालय की अव्यवस्थाओं के साथ ही आईओडब्लू से पेयजल की निर्माणाधीन पानी टंकी का कार्य आगामी दो माह में पूर्ण कर लिये जाने के निर्देश दिये। इसके बाद डीआरएम फर्रूखाबाद-रावतपुर (कानपुर) रेल खण्ड का अपनी स्पेशल ट्रेन से विण्डो निरीक्षण करने के लिये रवाना हो गए। उन्होने बताया कि रेलवे बोर्ड से ट्रेनों का संचालन निर्णय होने पर ही धीरे-धीरे गाड़ियों की संख्या बढ़ रही है। जिनमें निजीकरण वाली गाड़िया अलग से संचालित हो रही हैं। कोरोना संक्रमण के समय सामान्य रूप से ट्रेनों का संचालन बन्द हुआ। इस दौरान रेलयात्रियों की समस्या हम सबकी समस्या बन गई। इसके बाद भी रेलवे बोर्ड के निर्देश पर ट्रेनों के संचालन की संख्या धीरे-धीरे बढ़ाई जा रही है। मण्डल रेलप्रबंधक श्री पंत ने कहा कि सामान्य रूप से लोकल ट्रेनों के बन्द रहने पर रेलयात्रियों को काफी परेशानियां हैं लेकिन कोरोना संक्रमण के बचाव में अचानक सभी ट्रेनें नहीं चल सकती और रेलवे बोर्ड के निर्देश पर, ''जीरो-वे वर्किंग टाइम टेबिल'' की प्रक्रिया पूरे होने पर ही सामान्य ट्रेनों का धीरे-धीरे संचालन सम्भवतया शुरू होगा और इस टाइम-टेबिल की हम सभी प्रतीक्षा कर रहे हैं। रावतपुर (कानपुर)-मथुरा के बीच पिछले वर्ष मेमो ट्रेन चलाये जाने के प्रश्न पर उन्होने कहा कि भारत में कोरोना के आने से सामान्य रूप से ट्रेनें बन्द हुईं लेकिन रेलवे बोर्ड के नए निर्देश मिलने के बाद ट्रेनों के संचालन में धीरे-धीरे वृद्धि हो रही है। पूर्वोत्तर रेलवे महाप्रबंधक का वार्षिक निरीक्षण कब होगा के प्रश्न पर डीआरएम श्री पंत ने कहा कि फर्रूखाबाद जंक्शन स्टेशन का डवलम्पमेंट यहां के कर्मठ सांसद ने काफी हद तक कराया है और छोटी-मोटी जो भी खामियां हैं। उन्हे दूर करने के लिये हम प्रयासरत है। महाप्रबंधक का वार्षिक निरीक्षण आगामी आगामी मार्च 2021 तक होने की सम्भावना है। मण्डल के विभिन्न स्टेशनों पर अनारक्षित टिकट बुकिंग विण्डो से जनरल रेलयात्रियों को टिकट उपलब्ध कराने के प्रश्न पर उन्होने बताया कि रेलवे बोर्ड एवं जोन के उच्चाधिकारियों के निर्देश मिलते ही इस व्यवस्था पर विचार होगा।

## दबंगों ने दी धमकी फेंके ईंट पत्थर मामला दर्ज

**इटावा।** बकेवर थाना क्षेत्र के ग्राम कुनैठा निवासी पुत्र रमेश प्रसाद नी बकेवर थाने में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि गांव के ही कुछ दबंग बिना मास्क लगाए ईट पत्थर फैकते हुए जान से मारने की धमकी दी थाना पुलिस ने दंबगों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया। पीड़ित रमेश चंद्र पुत्र माधुरी प्रसाद ग्राम पुनेठा ने थाने में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि ग्राम पुनेठा की कुछ दबंग राम किशोर पुत्र माधुरी प्रसाद रजनीश कुमार पुत्र रामकिशोर मुलायम सिंह पुत्र माधुरी प्रसाद उदल पुत्र माधुरी प्रसाद बिना मास्क लगाये आये और ईट पथर फैकने लगे तथा जान से मारने की धमकी दी। वहीं पुलिस ने पीड़ित के प्रार्थना पत्र लेकर उक्त दंबगों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं तथा माहमारी अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया।

# क्षतिग्रस्त ट्रांसफार्मरों का रास्ते में तेल हो रहा चोरी



**संवाददाता।** फरुर्खाबाद

**शहरी** व ग्रामीण क्षेत्र में लगे ट्रांसफार्मर फुंकने के बाद वर्कशाप में मरम्मत के लिए लाए जाते हैं। कई ट्रांसफार्मरों में रास्ते में तेल चोरी की घटना सामने आई है। इस पर कानपुर मंडल में तैनात अधिशासी अभियंता ने वर्कशाप पहुंचकर मरम्मत किए गए ट्रांसफार्मरों के अभिलेख खंगाले। तैयार किए गए ट्रांसफार्मरों की किट खुलवाकर उनमें लगी क्वायल की तौल कराई। खामियां मिलने पर वरिष्ठ अधिकारियों से रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया है।कानपुर मंडल में तैनात अधिशासी अभियंता वर्कशाप समरनाथ ने शुक्रवार को वर्कशाप का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ट्रांसफार्मर की मरम्मत कर रहे कर्मचारियों से तकनीकी जानकारी ली। कर्मचारियों द्वारा तैयार किए गए ट्रांसफार्मर की किट खुलवाकर इलेक्ट्रानिक कांटे पर क्वायल की तौल कराई। अधिशासी अभियंता ने बताया कि ट्रांसफार्मर फुंकने की अधिक शिकायतें मिल रही थीं। इसी के चलते जांच की गई है। उन्होंने बताया कि वर्कशाप में क्षेत्र से आए क्षतिग्रस्त ट्रांसफार्मर को खुलवाया गया तो उसमें तेल कम निकला। ट्रांसफार्मर का तेल पूर्व में गायब हुआ होता तो अंदर लगे उपकरण पूरी तरह फुंके होते, लेकिन ट्रांसफार्मर में उपकरण जले नहीं पाए गए। इससे मालूम होता है कि क्षतिग्रस्त ट्रांसफार्मर को लाने के दौरान रास्ते में तेल चोरी किया गया है। उन्होंने बताया कि ऐसे कई ट्रांसफार्मर पूर्व में भी आए हैं। पूरा विवरण तैयार कराया जा रहा है। इस संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों को रिपोर्ट सौंपी जाएगी।

### कर्मचारियों पर हो सकती कार्रवाई

**अधिशासी अभियंता** ने बताया कि एक वर्ष में मरम्मत किए गए ट्रांसफार्मरों में कितना तेल निकला, इसकी जांच कराई जा रही है। जिन ट्रांसफार्मरों में तेल कम निकला है, उनकी सूची तैयार कराई जाएगी। ट्रांसफार्मरों को लाने वाले कर्मचारी भी चिह्नित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि ट्रांसफार्मर लाने व ले जाने के लिए वर्कशाप की ओर से टेंडर किए जाते हैं। ट्रांसफार्मर पहुंचाने की जिम्मेदारी ठेकेदारों की होती है। इस मामले में विभागीय कर्मचारी शामिल हैं तो उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। ठेकेदार की मिलीभगत सामने आती है तो उन्हें ब्लैक लिस्टेड करने की कार्रवाई की जाएगी। एक वर्ष में कई हजार लीटर तेल अधिक खर्च हुआ है, इसी के चलते वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर जांच की गई।

## सेवानिवृति के बाद भी रहती है जिम्मेदारी



**दिबियापुरऔरैया ।** स्थानीय राणानगर स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में शुक्रवार को प्रधानाध्यापक महेन्द्र सिहं गौर के सेवानिवृति होने पर उन्हें समारोह पूर्वक विदाई दी गयी। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष अरविन्द पोरवाल ने नगर के एकमात्र राजकीय जूनियर विद्यालय की सराहना करते हुये कहा कि विद्यालय में कार्यरत शिक्षकों की लगन और मेहनत से गरीब परिवार के बच्चे भी अच्छी और संस्कारित शिक्षा गृहण कर रहे हैं।उन्होंने मौजूद स्कूली बच्चों से अनुशासित रहकर मनलगाकर पढ़ने की सीख दी।अपनी विदाई से भावुक होकर प्रधानाध्यापक श्री गौर ने कहा कि उन्हें विघालय परिवार का भरपूर सहयोग मिला। उन्होंने कहा कि सेवाकाल के बाद भी समाज की जिम्मेदारी है कि वह जरुरतमंद के लिये मददगार बने।उन्होनें बताया कि उनके पिता फूल सिहं ने भी इसी विद्यालय में अध्यापन कार्य किया अब दूसरी पीढ़ी के रुप में स्वयं अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूँ। इससे पूर्व प्रधानाध्यापक शकील अफ्रोजए पूनम पुरवारए लक्ष्मी वर्माए नीलम पाठकए पूजा गुप्ता एअनीता यादवएयोगेश गुप्ताएआशारामए संजय तिवारीएगीता दुबे एंव रविन्द दुवे आदि विद्यालय परिवार ने सेवानिवृति प्रधानाध्यापक को स्मृति चिन्ह देकर तथा शाल ओढ़ाकर सम्मानित किपा।इस मौके पर बीआरसी के पूर्व सह समन्वयक लोकेश शुक्लाए वरिष्ठ लिपिक नरेन्द्र सिहं राजावत एवं लखनापुर के प्रधानाध्यापक नरेन्द्र कुमार गुप्ता आदि मौपूद रहे।

# लाभार्थियों को यथाशीघ्र किसान क्रेडिट कार्ड दिये जायें: डीएम

**संवाददाता।** कानपुर देहात

**जिलाधिकारी** ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की समीक्षा कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में की। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारी, उप कृषि निदेषक, अग्रणी जिला प्रबन्धक, समस्त शाखा प्रबन्धक समस्त व्यवसायिक बैंक को जनपद में प्रधानमन्त्री किसान सम्मान निधि (पीएम किसान) योजना के समस्त लाभार्थियों को किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) से आच्छादित करने हेतु तैयार एप्लीकेशन सोफ्टवेयर के क्रियान्वयन कराये जाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि पीएम किसान योजना के लाभार्थियों को किसान क्रेडिट कार्ड हेतु ऑनलाइन आवेदन करने तथा उसके निस्तारण की प्रगति के अनुश्रवण हेतु कृषि विभाग के पारदर्षी किसान सेवा पोर्टल पर एक एप्लीकेशन सोफ्टवेयर विकशित कराया गया है जिस पर किसानों के आवेदन पत्र प्राप्त करने तथा उनके प्रगति के अनुश्रवण की प्रक्रिया निर्धारित किये जाने के तहत कृषि विभाग के पारदर्शी किसान सेवा पोर्टल के मुख्य पृष्ठ पर किसान क्रेडिट कार्ड हेतु आवेदन लिंक उपलब्ध है जिस पर क्लिक करके किसान पी0एम0 किसान की अपनी आई0डी0 अथवा आधार संख्या फीड करते हुए किसान क्रेडिट कार्ड ;के0सी0सी0द्ध हेतु ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैए आवेदन की स्थिति ज्ञात कर सकता है अथवा पूर्व में किसान क्रेडिट कार्ड ;के0सी0 सी0द्ध उपलब्ध होने पर पषु पालक या मत्स्य पालक होने पर किसान क्रेडिट कार्ड ;के0सी0सी0द्ध की वित्तीय सीमा बढाने हेतु आवेदन कर सकता है। नये आवेदन करने के लिए पारदर्शी किसान सेवा पोर्टल पर ड्राप डाउन में अपने जनपद में नाम चयन करने के पष्चात अपनी आधार संख्या अथवा पी0एम0 किसान पंजीकरण संख्या अंकित कर क्लिक करना होगा।

# पत्नी से विवाद के बाद युवक ने किया आत्महत्या का प्रयास

**संवाददाता।** कमालगंज/फर्रुखाबाद

**पत्नी** से विवाद होने पर ससुरालीजन ने युवक को मुख्य मार्ग पर पीटकर घायल कर दिया। सरेराह अपमान होने से क्षुब्ध युवक ने घर के कमरे में फंदा लगाकर खुदकुशी की कोशिश की। स्वजन के देख लेने पर दरवाजे तोड़कर युवक को बाहर निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया गया।

कस्बे के मोहल्ला किदवई नगर निवासी राजाराम के 24 वर्षीय पुत्र अरुण कुमार की शादी 28 जून को थाना गुरसहायगंज के गांव अनीभोज के मजरा लालपुर में कविता से हुई थी। शुक्रवार को अरुण का पत्नी से विवाद हो गया। पत्नी ने अपने मायके सूचना दे दी। मायके से सास मनोरमा, मौसी सास व मौसिया ससुर ने घर आकर युवक को जमकर खरी-खोटी सुनाई तथा कविता को ले जाने लगे। अरुण ने विकास खंड कार्यालय के पास इन लोगों को रोकने का प्रयास किया। जिस पर ससुरालीजन ने अरुण को सड़क पर लात घूंसों से पीट दिया। पिटाई से क्षुब्ध अरुण ने दोपहर करीब एक बजे घर के ऊपर कमरे में जाकर दरवाजा बंद कर लिया और दुपट्टे से गले में फंदा लगा लिया। उसी दौरान ताऊ के बेटे अरविद ने अरुण को फंदे पर लटका देख शोर मचाना शुरू कर दिया। मौके पर स्वजन व मोहल्ले के लोग एकत्र हो गए तथा दरवाजा तोड़कर युवक को बेहोशी की हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। यहां चिकित्सकों ने युवक का इलाज शुरू किया। युवक की मां धनदेवी ने बताया कि उनका पुत्र बीए में पढ़ रहा है। पत्नी से आए दिन विवाद होता है। शुक्रवार को किसी बात को लेकर बहू से कहासुनी हो गई थी। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. सोमेश अग्निहोत्री ने बताया कि युवक की हालत खतरे से बाहर है, इलाज किया जा रहा है।

## तीन घायल

**ताखा।** थाना ऊसराहार क्षेत्र के अंतर्गत भाउपुरा खरगुआ के बीच चैनल नंबर 124 के आसपास आगरा से लखनऊ जा रही आरजे 18 पी ए 8044 नंबर की बस जोकि आगरा से लखनऊ की तरफ जा रही थी ट्रक से बढ़ गई और उसमें बैठे तीन सवारियां घायल हो गई। थाना अध्यक्ष गगन कुमार गौड़ ने बताया कोहरा अधिक होने के कारण आगे जा रहे ट्रक में टच हो गई जिससे उसके आगे का हिस्सा टूट गया। फ्रि गाड़ी अनियंत्रित हो गई और डिवाइडर से टकरा गई जिसमें तीन सवारी गंभीर रूप से घायल हो गई ।थाना पुलिस को जैसे ही सूचना मिली पुलिस ने मौके पर जाकर घायलों को सैफई मेडिकल कॉलेज भेज दिया है। जहां इलाज हो रहा है।

## डीएम ने किया निरीक्षण

**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के कोल्ड चेन का किया निरीक्षण। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया गया कि शासन से वैक्सीन रखने हेतु दो आईएलआर फ्रीज एवं चार कोल्ड बॉक्स प्राप्त करा दिए गए है।

# किसान आंदोलन के मद्देनजर पुलिस अलर्ट

**संवाददाता।** कानपुर देहात

### एसपी ने दिए निर्देश

**जिलाधिकारी** डॉ दिनेश चंद्र व पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी ने टोल प्लाजा व अन्य राजमार्ग पर किसानों के विभिन्न संघों द्वारा आंदोलन कर परिवहन को बाधित किए जाने के तहत स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आंदोलन राष्ट्रीय अध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन राकेश टिकैत के निर्देश पर दिनांक 12 दिसंबर को टोल फ्री कराने के लिए जनपद में बारा टोल प्लाजा थाना क्षेत्र अकबरपुर का किसानों द्वारा धरना प्रदर्शन करते हुए वाहनों को टोल मुक्त किए जाने की मांग की जाएगी तथा इसी क्रम में धरना प्रदर्शन पुनः किए जाने की घोषणा के तहत जनपद के जिलाध्यक्ष विपिन तिवारी मंडल अध्यक्ष रमेश सिंह यादव सहित लगभग 30 . 40 किसान यूपी बोर्ड दिल्ली में आंदोलनरत हैं ।

उत्तर प्रदेश शासन द्वारा प्राप्त निर्देश के अनुपालन में टोल प्लाजा व अन्य राज्य मार्गों पर किसानों के विभिन्न संघों द्वारा आंदोलन कर परिवहन को बाधित किए जाने की संभावना के दृष्टिगत रखते हुए टोल प्लाजा बारा व राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात बाधित न हो एवं किसान संघो द्वारा किसी प्रकार का अवरोध उत्पन्न न किया जाए इसके लिए जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत तीन पारियों में 8 .8 घंटे की मजिस्ट्रेट ड्यूटी लगा दी गई है। निर्देशित किया गया है कि टोल प्लाजा व अन्य राजमार्ग में भ्रमण रहते हुए शांति व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे जिससे किसी प्रकार का यातायात बाधित न हो ।इस मौके पर उप जिलाधिकारी अकबरपुर आनंद कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना अकबरपुर चौकी इंचार्ज रनिया बारा आदि उपस्थित रहेस

# पुलिस की सरपरस्ती में चल रहा डग्गामार वाहनों का धंधा

**संवाददाता।** घाटमपुर



**अन्य** रोडों की अपेक्षा मूसानगर रोड अति ब्यस्तम रोड मानी जाती है। तथा अतिक्रमण का मकड़ जाल भी ज्यादा है, जिसके चलते राहगीर बिशेष कर महिलायें व स्कूली बच्चे जान जोखिम में डाल कर निकलते हैं। जबकि इसी सड़क से जुम्मेदारों का रोजाना आना-जाना बना रहता है। लोगों का आरोप है कि वो भी इस ओर ऑखें फेरे हुए हैं। चौराहे से लेकर सामुदायिक स्वास्थ केंद्र तक वनवे सड़क है, सड़क चौड़ी करण के दौरान कार्यदायी कंम्पनी ने सड़क के दोनों ओर पक्के नाला बनवा कर राहगीरों के निकलने के लिए नाले के ऊपर पटियां रखवा दी थी, तथा राहगीर सुरक्षित चल सकें इसके लिये लोहें की जालियां भी लगवायी गयीं थी। बर्तमान में लोहे की जालियां उंखाड़ कर गायब कर दी गयीं हैं और नाले के उपर तक दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण कर रखा गया है। उधर दोनों ओर सड़क पर ही मूसानगर, गजनेर, रेवना, कोटरा-मकरंदपुर चंवर स्योढ़ारी और गजनेर-बांबुराहा आदि मार्गो पर चलने बाले डग्गामार वाहन खड़े होकर सवारियां बैठाते-उतारते रहते है, इसके अलावा अगर कहीं थोड़ी सी जगह खाली दिखी तो लोग मोटर साइकिल व निजी चौपहिया वाहन खड़ा करने से नही चूकते हैं।मूसानगर रोड पर ही सिविल जज न्यायालय के साथ-साथ थाना, तहसील, दूर संचार केंद्र, सीएचसी, जीवन बीमा कार्यालय, पालिका कार्यालय, दो महाविद्यायलय, और आधा दर्जन से अधिक इंटर कालेज व प्राथमिक विद्यालयों के अलावा कई कोचिंग सेंटर, नर्सिंग होम भी संचालित हैं जिसके चलते दिन भर भीड़ बनी रहती है। तथा लोगों के साथ छात्र-छात्राओं का आना जाना लगा रहता है और जरा सी चूक होने पर जान खतरे में पड़ जाती है। नगर के लोंगों का कहना है कि न तो यहॉ के प्रशासनिक अधिकारियों और न ही जनप्रतिनिधियों ने नगर की इस जान लेवा समस्या के निदान के लिए कभी गम्भीरता से सोचा है।

# गरीब परिवारों के लिए वरदान है मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनाः चन्द्रिका प्रसाद

● सामूहिक विवाह बंधन में बंधी कन्यायें जिलाधिकारी की बेटियां हैः डीएम

संवाददाता। चित्रकूट


सामूहिक विवाह समारोह में वर-वधू को आर्शीवाद देते मंत्री, सांसद और डीएम

**मुख्यमंत्री** सामूहिक विवाह योजना के तहत शुक्रवार को जिले के सभी विकास खंडों में वैदिक रीति-रिवाज के साथ 65 जोडों की शादियां कराई गई। उप्र सरकार के लोक निर्माण राज्यमंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय,बांदा-चित्रकूट सांसद आरके सिंह पटेल एवं डीएम ने कार्यक्रम में उपस्थित रहकर वर-वधु का आर्शीवाद देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। डीएम शेषमणि पांडेय ने सभी वरों का आगाह करते हुए कहा कि विवाह के बंधन में बंधी सभी कन्याएं जिलाधिकारी की बेटियां हैं। इनके मान-सम्मान पर सुरक्षा का हर हाल में ख्याल रखा जाना चाहिए।

गरीबी किसी बेटी के विवाह में बाधक न बने इस संकल्प को साकार करने के उददेश्य से उप्र के मुखिया योगी द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की शुरूआत की गई थी। शासन की यह महत्वाकांक्षी योजना आज गरीब परिवारों में खुशियां बिखेरने का काम कर रहीं है। गुरूवार को चित्रकूट जिले के कर्वी,पहाडी, मऊ, मानिकपुर और रामनगर सभी विकास खंडों में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंदाकिनी अतिथि गृह में आयोजित उत्तर प्रदेश सरकार के लोक निर्माण राज्यमंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय, बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल एवं डीएम ने सभी नवदम्पतियों को आर्शीवाद देकर उनके सुखमय जीवन की कामना की। सामूहिक विवाह में एक दूसरे का हाथ थामने वाले नव युगल को जनप्रतिनिधियों से लेकर अधिकारियों तक ने दिल खोल कर उपहार दिये। राज्यमंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय ने कहा कि आज यह बड़े सौभाग्य का विषय है कि हमारे जनपद के साथ-साथ पूरे प्रदेश में सामूहिक विवाह का आयोजन हो रहा है।

# सामूहिक विवाह कार्यक्रम में छह जोड़े विवाह बंधन में बंधे


सामूहिक विवाह के दौरान जोडे

**मौदहा ( हमीरपुर )।** नगर के खंड विकास परिसर में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम के दौरान आधा दर्जन जोड़ों ने विवाह के बंधन में बंध जीवन भर एक दूसरे का साथ निभाने की कसमें खायीं। इस मौके पर मुख्य अतिथि व खंड विकास अधिकारी समेंत भाजपा नेताओं ने उन्हें खुशहाल जीवन के लिए आशीर्वाद प्रदान किया।

इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख मंजू देवी रही। इस मौके पर ज्योति पुत्री भूरा निवासी नारायच व जय किशन पुत्र चुनु बाद निवासी बजेहटा, सरिता पुत्री राजा बाबू निवासी गहरौली व संतोष कुमार पुत्र रामबाबू निवासी कुंडौरा, प्रियंका पुत्री अनिल निवासी खैरी व सुमित पुत्र दाता दीन निवासी कुरारा, कमला व विमला पुत्रीगण वरदानी निवासी पिपरौंदा व संतोष व लक्ष्मी पुत्र गण रामपाल निवासी कुसमरा तथा सपना पुत्री राम प्रकाश निवासी बछरौली व आशीष पुत्र विजय नारायण निवासी गिरसी कानपुर ने विवाह के बंधन में बंध जीवन भर एक दूसरे का साथ निभाने का की कसमें खायी।

इस मौके पर प्रत्येक जोड़े को कपड़े, पायल, बिछिया सात बर्तन व एक बक्सा देकर उन्हें विदा किया गया। सभी नव विवाहित जोड़ों ने ब्लाक प्रमुख मंजू देवी, खंड विकास अधिकारी रत्नेश सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष बृज किशोर गुप्ता व वरिष्ठ भाजपा नेता रामदेव सिंह के अलावा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि लाला राम निषाद ने आशीर्वाद देकर खंड विकास परिसर से विदा किया इस मौके पर प्रशासन ने वहां मौजूद जोड़ों के परिजनों व अन्य लोगों के लिए जलपान वह लंच पैकेट की व्यवस्था की।

# शादी के एक दिन पहले हादसे में हुई युवक की मौत

**बांदा।** कार की टक्कर से बाइक सवार दो लोग नहर में जा गिरे। अन्य साथियों के शोर मचाने पर ग्रामीणों ने दोनों को बाहर निकाला। तब तक युवक ने दाम तोड़ दिया। स्वजन ने बताया कि एक दिन बाद ही युवक की शादी थी।

कालिजर थाना क्षेत्र के नीवी गांव के मजरा चुनकाई पुरवा निवासी रामगोपाल के बड़े बेटे 20 वर्षीय संतोष कुमार की शुक्रवार को गोखियां गांव बरात जानी थी। गुरुवार की रात वह बिना जानकारी दिए गांव के ही रामराज के 16 वर्षीय बेटे विनोद उर्फ नन्ना राजपूत के साथ बरछा गांव चला गया। देर रात लौटते समय घर से करीब ढाई किमीण् पहले भिठौरा और गुढ़ा गांव के बीच मुख्य मार्ग पर सामने से आ रही तेज रफ्तार कार की बाइक में टक्कर लग गई। टक्कर लगते ही संतोष बाइक समेत नहर में जा गिरा जबकि नन्ना उछलकर गिरने से जख्मी हो गया। नन्ना के शोर मचाने पर आसपास के ग्रामीण दौड़े और उसे बाहर निकाला। स्वजन को सूचना देने के साथ सीएचसी ले जाया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। स्वजन अस्पताल ला रहे थे तभी रास्ते में दम तोड़ दिया।

ढोलक की थाप के बीच मंगलगीत गा रही महिलाओं के बीच जैसे ही खबर पहुंची चीख.पुकार मच गई। मां रामलली पछाड़ खाकर गिर गईं दो छोटे भाइयों का हाल बेहाल हो गया। संतोष खुद का ट्रैक्टर चलाने के साथ सात बीघा खेती में पिता का हाथ बंटाता था। नाते.रिश्तेदारों से भरे घर में सुबह बरात जाने की तैयारी थी वहीं अर्थी उठाने की तैयारी होने लगी। सुबह मजमा लग गया किसी की समझ में नहीं आ रहा था कि कैसे घर वालों को सांत्वना दें। नरैनी सीओ सियाराम ने बताया कि स्वजन की ओर से किसी प्रकार की तहरीर नहीं दी गई है। कागजी कार्रवाई की गई है।

## बांदा में बस से कुचलकर बाइक सवार युवक की मौत भाई रेफर

**बांदा।** बरात में जा रही बस से कुचलकर बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हादसे में उसका चचेरा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल से कानपुर रेफर कर दिया गया। शहर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पड़ुई निवासी 24 वर्षीय निर्भय शहर से बाइक पर अपने चचेरे भाई 25 वर्षीय छोटेलाल के साथ घर जा रहा था। तिदवारा गांव नहर के पास पीछे से जा रही तेज रफ्तार बस ने उन्हें कुचल दिया। इससे बाइक सवार युवक निर्भय की मौके पर मौत हो गई। उसका भाई छोटेलाल गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर 112 यूपी पुलिस कर्मियों के वाहन से दोनों को जिला अस्पताल ले जाया गया है। जहां से चिकित्सकों ने गंभीर रूप से घायल छोटेलाल को प्राथमिक उपचार के बाद हालत ठीक न देखकर कानपुर भेजा है। हादसे से मृतक के स्वजन बेहाल हैं। फरार आरोपित बस चालक का पता किया जा रहा है। उसे शीघ्र गिरफ्तार किया जाएगा।

# लाइसेंसी बंदूक अवैध तमंचा व गांजा समेत आठ लोग गिरफ्तार

**बांदा।** गुटखा की दुकान बंद मिलने पर नशे में धुत युवक ने अपने पिता की लाइसेंसी बंदूक से दो राउंड हवाई फायरिग कर दी। इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने दो आरोपितों को लाइसेंसी बंदूक के साथ गिरफ्तार कर लिया। एक अन्य जगह पुलिस ने छह आरोपितों को तमंचे व गांजे के साथ पकड़ लिया। इसमें तीन आरोपित थाने के हिस्ट्रीशीटर हैं। एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना के निर्देश पर जनपद की पुलिस अपराधियों के विरुद्ध धरपकड़ अभियान चला रही है। बिसंडा थाना क्षेत्र में रात को एसआइ हरिश्चंद्र व बलवेंद्र सिंह समेत कांस्टेबल मुलायम यादव गश्त कर रहे थे। मिलाथू ग्रामीण बैंक के पास उन्हें नजदीक के ग्राम बड़ागांव से बंदूक से फायर होने की दो आवाज आई। कुछ लोगों के चिल्लाने का शोर भी सुनाई पड़ा। पुलिस टीम बड़ा गांव तालाब के पास गई तो दो व्यक्ति जाते हुए दिखाई दिए। वाहन की रोशनी में एक के हाथ में दोनाली बंदूक थी। इस पर उन्होंने दोनों को आवाज देकर रुकने को कहा। दोनों आरोपित गांव की ओर खड़ंजा मार्ग में भागने का प्रयास करने लगे। पुलिस टीम ने दौड़ाकर तालाब किनारे से दोनों आरोपित श्यामदीन पटेल व रमेश कुमार निवासी बड़ागांव को पकड़ लिया। उनके पास से दो खोखे व लाइसेंसी बंदूक बरामद की गई है। थाना निरीक्षक नरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि आरोपित श्यामदीन अपने पिता की लाइसेंसी बंदूक लेकर साथी के साथ नशे की हालत में गांव की दुकान गुटखा लेने गया था। दुकान बंद होने से लौटते समय उसने हवाई फायरिग की है। दोनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। इसी क्षेत्र में एसआइ सत्यवेंद्र सिंह व कांस्टेबल ऋषि कुमार अजीतपारा गांव में गश्त कर रहे थे। आरोपित सत्यदेव धांधू व कृष्णपाल समेत छह आरोपितों को अवैध तमंचा व एक किलो चार सौ ग्राम सूखे गांजे के साथ पकड़ लिया।

## मालगाड़ी आते देख पटरी पर रखा सिर, मौत

**बांदा।** बेटियों की शादी की चिता और खाली जेब का तनाव नहीं झेल पाने के बाद अधेड़ ने जीवनलीला खत्म कर ली। खुरहंड स्टेशन के पास मालगाड़ी आते देख पटरी पर सिर रख दिया और देखते ही देखते शरीर दो हिस्सों में बंट गया। ट्रेन को हरी झंडी दिखा रहे स्टेशन अधीक्षक ने घटना देखी और जीआरपी को सूचना दी। जेब में मिले आधार कार्ड से शिनाख्त के बाद स्वजन पहुंचे। बिसंडा थाना क्षेत्र के ग्राम मंझिवासानी निवासी 55 वर्षीय शिवदत्त अग्निहोत्री बुधवार को घर से बिना बताए निकल गए थे। रात में स्वजन उनकी तलाश करते रहे। गुरुवार की दोपहर करीब साढ़े तीन बजे खुरहंड रेलवे स्टेशन के पास जाकर खड़े हो गए। प्रत्यक्षदर्शी बताते हैं कि इसी बीच कर्वी से बांदा की तरफ मालगाड़ी गुजर रही थी। नजदीक आते ही वह पटरी पर सिर रख लेट गए और सिर धड़ से अलग हो गया।

# अलग-अलग दो दुर्घटनाओं में नौ घायल, अस्पताल मे भर्ती

**बिवाँर( हमीरपुर )।** आज क्षेत्र में हुई दो अलग-अलग बाइक व ई रिक्शा की भिड़ंत में दुर्घटनाओं में नौ लोग घायल हो गए,जिन्हे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पहली घटना थाना क्षेत्र के बाँधुर बुजुर्ग गाँव में हुई। जिसमें बाँधुर गांव का बलदाऊ अपनी ढाई साल की पुत्री तपस्या को बाइक में लेकर मुख्यमार्ग पर जैसे ही चढ़ा उसी दौरान सरीला की ओर से आ रही बाइक ने पीछे से टक्कर मार दी।जिसमें तीन लोग रविकुमार पुत्र महेश कुमार निवासी रमेडी डाँड़ा (हमीरपुर), राजेश निवासी भरखरी व श्रीराम निवासी उमरी सवार थे। दुर्घटना में पाँचो लोग घायल हो गए जिन्हें बिवाँर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के बाद एम्बुलेंस द्वारा छानी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया गया।वहीं दूसरी घटना में इमिलिया से आ रहे ई रिक्शा में बिवाँर की ओर से जा रही बाइक ने सामने -सामने ठोंक दिया, जिसमें बाइक सवार छोटेलाल पुत्र चुनूबाद निवासी उमरी गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि ई रिक्शा में सवार मुन्ना पुत्र लल्लू, लवली पुत्री वीरपाल व रिक्शा चालक मूलचंद पुत्र आशाराम निवासी गण इमिलिया गम्भीर रूप से घायल हो गए। कुन्हेटा चौकी इंचार्ज रोशनलाल ने बताया कि वे थाना बिवाँर आ रहे थे तो उन्हें बिवाँर उमरी मार्ग में नृपत कुआँ के पास सभी लोग घायल अवस्था मे पड़े मिले। एसआई ने फोन कर एम्बुलेंस बुलाई और सभी इलाज के लिए भेज दिया।

**नेहरू युवा केंद्र का हाल बेहाल**

# कागजों तक सीमित है सरकार की योजनाओं के जन जन तक पहुंचाने का काम

**हमीरपुर।** केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को जन जन तक पहुचाने के लिये स्थापित किया गया नेहरु युवा केंद्र का अस्तित्व धीरे धीरे समाप्त होता जा रहा है। गांवों मे गठित युवा मंडलों को विभाग की तरफसे कोई काम न मिलने व काम के बदले उनको रत्ती भर मानदेय न मिलने के कारण संगठन में रहने के लिये हां नही करते है। जानकारी के मुताबिक नेहरु युवा केंद्र द्वारा प्रत्येक गांव में युवा मंडल का गठन कर ग्रामीण क्षेत्रों में सरकार की योजनाओं को लोगो तक पहुचाने के बाद उनको लाभ दिलाना था, इसके लिये हरेक ब्लाक में हर माह पांच हजार रुपये मानदेय में एक एनएसवी की नियुक्ति की गयी है, जो ब्लाक की योजनाओं को युवा मंडल तक पहुचाने व गांवों के लोगों को सक्रिय करने का काम करता है। गांव में एक युवा मंडल में तेरह सदस्य होते है जिनका मुख्य काम गांव को विकास की ओर ले जाना होता है यदि गांव में कोई भी काम अनुचित होता है तो उसे ब्लाक लेविल व जिला स्तरीय अधिकारियों को जानकारी देना होता है, मगर इसके बदले उनको कोई मानदेय नही मिलता है न ही उनको प्रशासन की तरफ से कोई महत्व दिया जाता है शासन ने युवा मंडलों को तालाबों की खुदायी, चेकडैमों के निर्माण, फसल बीमा, खेलकूद, जल संचयन, कृषि कार्य, कालेजो विद्यालयों की सफाई, शौचालय निर्माण, जंगली घास उन्मूलन, स्वास्थ्य संबंधी योजाए को क्रियान्यव कराना, टीकाकरण, बच्चों का नामांकन कराने का काम युवा मंडल के सदस्य ही करते थे मगर धीरे धीरे प्रशासन की तरफसे इस मामले पर कोई ध्यान नही दिया गया है जिससे युवा मंडल निष्क्रिय हो गये जिले में 349 युवा मंडल बताये जाते है जिसमे अब निष्क्रिय युवा मंडलो की छटनी की जा रही है जिले में अब केवल 150 युवा मंडल रखे जायेगे और उनसे काम लिया जायेगा। नेहरु युवा केंद्र के युवा समन्यवक विष्णु प्रिया का कहना है कि युवा मंडल कोरोना काल में जागरुक कराने का काम करते रहे है मगर सरकार की तरफसे कोई सहायता न मिलने से युवा मंडल के सदस्य का में रुचि नही ले रहे है इस बात की जानकारी उच्चाधिकारियों को कई मर्तवा दी जा चुकी है। मगर कोई ध्यान नही दिया जा रहा है।

# कृषकों के आर्थिक सुरक्षा के लिए फसल बीमा कराना आवश्यकः टीपी शाही

**चित्रकूट।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनार्न्तगत फसल बीमा मित्रों, सीएससी संचालकों एंव प्रगतशील कृषकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम कृषि भवन सभागार में सम्पन्न हुआ। उप कृषि निदेशक टीपी शाही ने बताया कि कृषकों के आर्थिक सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए फसल बीमा आवश्यक है। क्योकि प्रतिकूल मौसमीय परिस्थितिओं/प्रक्रतिक आपदाओं की स्थिति में कृषकों द्वारा फसलोत्पादन में किये गये निवेष यथा- बीज, खाद, श्रम इत्यादि के खर्च की वापसी तथा आय के रूप में उत्पादन न मिलने पर परिवार पर आर्थिक संकट की स्थिति रहती है। जिसके लिए वहन कृषि निवेश के साथ फसल बीमा प्रीमियम जमा कर अधिसूचित फसलों को केसीसी धारक बैंक सें 31 दिसम्बर तक बीमित करा सकते है।

उप कृषि निदेशक शाही ने बताया कि रबी फसलों हेतु मात्र 1.5 प्रतिशत प्रीमियम कृषक अंश देय है शेष राज्य व केन्द्र सरकार द्वारा देय है। फसल बीमा के लिए जनपद के समान्त सीएससी को पोर्टल पर बीमा कराने हेतु प्रशिक्षित किया जा चुका है, इसलिये सभी संचालक कृषकों को सरल सुलभता के साथ फसल बीमा प्रक्रिया पूर्ण कराते हुए अधिकाधिक कृषकों को बीमित करायें।

डॉ जितेन्द्र सिंह प्रोफेसर/कृषि वैज्ञानिक चन्द्रशेखर आजाद, कृषि विवि कानपुर द्वारा नवीनतम फार्मिंग सिस्टम/क्रॉपिंग सिस्टम के बारे मे चर्चा करते हुए कृषकों की आय दुगुनी करने एवं वर्ष भर आय प्राप्त करने हेतु आधुनिक तकनीकी द्वारा फसलोत्पादन के साथ पशुपालन, मुर्गी पालन, मत्स्य पालन, टिम्बरट्री नर्सरी, सागसब्जी, फल, वृक्ष एवं जल संरक्षण के मॉडूल पर विस्तृत जानकारी देने के साथ बताया कि प्रगतिशील कृषक को कृषि विवि में भ्रमण कर, देखकर फार्म पद्धति समझकर जनपद के अन्य कृषकों को भी प्रेरित करने की आवष्यकता है।

## विवक न्यूज

### तलवार से वार कर घायल किया, पुलिस से शिकायत

**मौदहा (हमीरपुर)।** कस्बे के नेशनल चौराहे पर बीती रात दो युवकों ने एक युवक को गाली गलौज कर तलवार से हमला कर घायल कर दिया है जिसकी सूचना पर कोतवाली पुलिस ने मारपीट का मामला दर्ज किया है। कस्बे के नेशनल चौराहा निवासी गोविंद गुप्ता ने पुलिस को बताया कि की मोहल्ले के ही जुगुल किशोर व श्याम पुत्रगण ओम प्रकाश शिवहरे ने बीती रात उसके कियोस्टर जो सब्जी विक्रेता है उसके साथ मारपीट कर उसका सब्जी का ठेला पलटा दिया उसकी आवाज सुनकर जब गोविंद घर से बाहर आकर उसे मारपीट करने से मना किया तो दोनों भाइयों ने उसे भी गालीगलौज किया तभी जुगुल किशोर जो हाथ में तलवार लिए था उससे वार कर दिया जिससे उसके हाथ व सर पर गंभीर चोटें आई है। घायल का मेडिकल परीक्षण कराकर धारा 504, 523 व 427 के तहत मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### पत्नी से विवाद होने पर पति ने हंसिया मारकर किया घायल

**राठ(हमीरपुर)।** चारा काटने जा रहे एक अधेड़ ने धारदार हसिया मार घायल हो गया। परिजन इलाज के लिये सीएचसी में भर्ती कराया है। जानकारी के अनुसार मझगवां थाना क्षेत्र के ग्राम मल्हेटा निवासी इंद्रपाल पुत्र कुंजबिहारी का पत्नी से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। जिस पर इंद्रपाल ने चारा काटने के दौरान हाथ में लिये हंसिया को कमर पर मार ली। जिससे उसके कमर में गंभीर चोटें आई है। डा.भरत राजपूत ने बताया कि अधेड़ को गंभीर चोट आई है। हालत गंभीर होने पर उसे मेडिकल कॉलेज उरई रिफर कर दिया है। इसी प्रकार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सैदपुर निवासी रिंकी पत्नी राजेंद्र कुमार ने पारिवारिक कलह चलते जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजन आनन फानन में इलाज के लिये सीएचसी ले गये। जहां चिकित्सक उसे मेडिकल कॉलेज उरई रिफर कर दिया।

### मार्ग दुर्घटनाओं में आधा दर्जन घायल

**राठ(हमीरपुर)।** क्षेत्र के अलग अलग स्थानों पर हुई मार्ग दुर्घटनाओं में आधा दर्जन लोग गिरकर घायल हो गये। कस्बे के पठानपुरा मोहल्ला निवासी यशवंत पुत्र वीरेंद्र कुमार अपनी पत्नी संगीता को बाइक में बैठाकर एक शादी समारोह में सम्मलित होकर लौट रहा था। तभी रास्ते में एक वाहन ने उसकी बाइक में कट मार दिया। जिससे बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई और दोनों लोग घायल हो गए। वहीं पठानपुरा मोहल्ला निवासी सरोज गुप्ता पत्नी राम कुंवर, लुधियांतपुरा निवासी पुष्पेंद्र कुमार सैनी, गायत्री नगर पठानपुरा मोहल्ला निवासी वीरेंद्र, बहर गांव निवासी सत्यम पुत्र इंद्रपाल व उसका मित्र संजय पुत्र शिवराम मार्ग दुर्घटना में गिरकर घायल हो गये। घायलों को इलाज के लिये सीएचसी ले जाया गया।

### किराना संघ अध्यक्ष की मृत्यु

**राठ (हमीरपुर)।** किराना संघ के अध्यक्ष किराना व्यापारी की बीती रात अचानक तबियत खराब हो गई। परिजन उन्हें लेकर सीएचसी पहुंचे। जहां से उन्हें हैलट अस्पताल कानपुर रेफर कर दिया। कानपुर में अध्यक्ष ने दम तोड़ दिया। उप्र उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष केजी अग्रवाल के छोटे भाई नीरज अग्रवाल किराना संघ के अध्यक्ष है। गुरूवार की शाम अचानक नीरज अग्रवाल के पेट में दर्द उठा। केजी अग्रवाल ने बताया कि दर्द होने पर उन्हें हैलट अस्पताल ले गए। जहां उनका निधन हो गया। किराना व्यापारी के निधन की खबर सुन व्यापारियों और दुकानदारों में शोक व्याप्त हो गया। शुक्रवार की सुबह उनके आवास पर सांत्वना देने वालों की भीड़ लग गई। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीनिवास बुधौलिया, पूर्व विधायक डा.अम्बेश कुमारी सहित सैकड़ों लोग उनके अंतिम दर्शन के लिए पहुंचे।

### गाली गलौच कर मारा पीटा, पुलिस से शिकायत

**कुरारा (हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के पतारा ग्राम के मजरा हरेहटा गांव निवासी महिला ने महिला के साथ मारपीट किया गया। वहीं महिला की तहरीर पर एक के खिलाफमुकदमा दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के हरेहटा गांव निवासी मीरा निषाद पत्नी श्याम सुन्दर ने थाने में बताया कि गांव के अशोक निषाद ने दरवाजे में आकर गाली गलौच किया। मना करने पर उसने घर में घुसकर मारापीटा। जिससे पेट में चोट आई है। जान से मारने की धमकी दे रहा है।

### विद्यालय की खिड़की तोड़ने की शिकायत पुलिस से

**कुरारा(हमीरपुर)।** कुरारा कस्बा के प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने विद्यालय के दरवाजे खिड़की तोड़ कर कमरे में गंदगी फैलाने की लिखित शिकायत पुलिस से की है। कस्बे के वार्ड एक के प्रा. विद्यालय प्रधानाध्यक अशोक कुमार ने पुलिस को बताया कि अराजकतत्वों द्वारा कमरे की खिड़कियों को तोडकर कमरें में गंदगी फेंककर गन्दा किया जा रहा है। प्रधानाध्यक ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही किये जाने की मांग की है।

### सड़क दुर्घटना में चार घायल

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** राष्ट्रीय राजमार्ग में सुमेरपुर इंगोहटा के बीच दो बाइकों की भिड़ंत में दो लड़कियों सहित दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए सभी को जिला अस्पताल रेफर किया गया है ष्टुबताया जाता है कि सड़ाई में आमने सामने से आ रही दो बाइक आपस में टकरा गई हादिसमें सवार संजना निवासी त्रिकहा, रेशमा निवासी हमीरपुर तथा संतोष कुमार निवासी हमीरपुर तथा रामप्रसाद निवासी बीबौर चार लोग घायल हो गए ष्टुसूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने चारों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा वहां पर प्राथमिक उपचार होने के बाद सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है द्य राम प्रसाद व संतोष की हालत नाजुक बताई जा रही है ष्ट्

### छह लोग मिले कोरोना संक्रमित

**हमीरपुर।** जनपद में आधा दर्जन कोरोना पॉजिटिव मरीज मिले हैं। तीन मरीजों को डिस्चार्ज किया गया है। जिन लोगों में कोरोना की पुष्टि हुई है उनमें पंधरी गांव की 26 वर्षीय युवती, मिश्राना मोहल्ला हमीरपुर का 50 वर्षीय अधेड़, इसी के परिवार की 12 साल की बच्ची, नदेहरा गांव की 26 वर्षीय युवती, रमेड़ी मोहल्ले की 20 वर्षीय युवती, हमीरपुर के 56 वर्षीय वृद्ध में कोरोना की पुष्टि हुई है। तीन मरीजों को कोरोना से ठीक होने पर डिस्चार्ज किया गया है। मेडिकल कॉलेज कानपुर से दो मरीज और कुरारा सीएचसी से एक मरीज की छुट्टी की गई है। न्यायिक अधिकारी के कोरोना ग्रसित होने की वजह से आज जजी परिसर को सैनेटाइज कराया गया।

### युवती का आपत्तिजनक फोटो वायरल करने का मामला दर्ज

**कन्नौज।** नगर क्षेत्र के अंतर्गत एक किशोरी की आपत्तिजनक फोटो वायरल करने के मामले में पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है। एसपी के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपियों के खिलाफकानूनी कार्रवाई शुरू कर दी। शक्रवार को शहर के मोहल्ला निवासी महिला ने पुलिस अधीक्षक से प्रार्थना पत्र देते हुए कहा की मोहल्ला सराय बहादुर निवासी गौतम पुत्र केशव एवं उसके रिश्तेदार संतु पुत्र राजू निवासी सोनी खेड़ा थाना बेला जिला औरैया ने मिलकर पीड़िता की पुत्री की आपत्तिजनक फोटो खींच ली और उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया शिकायत करने पर उक्त दोनों आरोपी मारपीट पर आमादा हो गए। पीड़िता के पुत्र ने विगत तीन नवंबर को एसपी कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई थी एसपी के आदेश पर कोतवाल ने उक्त आरोपियों को पकड़ लिया लेकिन एक घंटे बाद उन्हें छोड़ दिया गया।

# डीएम ने खतौनियों में दर्ज करायी वरासत, बांटे कंबल


पूमावि कालूपुर मे गरीब महिला को कंबल देते डीएम।

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शेषमणि पांडेय ने शुक्रवार को पूर्व माध्यमिक विद्यालय कालूपुर में निर्विवाद उत्तराधिकार को खतौनियों में दर्ज कराए जाने संबंधी सत्यापन कार्यक्रम का आयोजन किया। शुक्रवार को जिलाधिकारी ने कहा कि शासन के द्वारा यह कार्यक्रम 10 दिसंबर से शुरू करा कर 10 फरवरी 2021 तक 2 माह के लिए राजस्व विभाग द्वारा प्रदेश के सभी जनपदों पर अविवादित वरासत को दर्ज करने का अभियान चलाया जा रहा है इसी क्रम में आज इस ग्राम पंचायत से शुरुआत की गई है मृतक के परिवार का नाम खतौनी में दर्ज किया जाए गांव में सत्यापन किया जाएगा कि क्या किसी का नाम खतौनी में दर्ज होने से रह तो नहीं गया है लेखपाल गांव में खतौनी पढ़कर सुनाएंगे जिसमें जिनकी मृत्यु हुई है तो उनके परिवार के लोगों का नाम दर्ज कर खतौनी देंगे उन्होंने गांव के लोगों से अभी हाल ही में मृत्यु कौन-कौन लोग हुए हैं इसकी भी जानकारी की।

कानूनगो गोकुलेश कुमार ओझा ने बताया कि इस गांव में 7 लोगों की वरासत की गई है तथा आज दो मृतक की और सूचना मिली है जिसे खतौनी में दर्ज करा कर तत्काल खतौनी दी जाएगी। जिलाधिकारी ने लेखपाल से गांव के व्यक्तियों के समक्ष खतौनी भी पढ़ाई। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारियों से कहा कि लेखपालों से प्रमाण पत्र लेकर दें कि गांव में किसी की वरासत नहीं बची है सभी के नाम चढ़ाकर खतौनी दी गई है। उन्होंने प्रधानाध्यापक से कहा कि स्कूल के बच्चों को स्वेटर तत्काल वितरण कराएं तथा शिक्षा के स्तर को बढ़ाया जाए उन्होंने बच्चों से पठन-पाठन के बारे में भी जानकारी की और अभिभावकों से कहा कि अपने बच्चों को समय देकर पढ़ाएं कहा कि जनपद में पढ़े बेटियां बढ़े बेटियां अभियान चलाया जा रहा है बेटियों को अच्छी शिक्षा दें तभी वह तरक्की करेंगी। गांव के असहाय एवं निराश्रित लोगों के मध्य डीएम ने कंबल बांटे।

## गलत इलाज से महिला की मौत

संवाददाता। चित्रकूट

**राजापुर** में लूपलाइन चौराहे के पास स्थित सिद्धिविनायक अस्पताल में उपचार दौरान एक महिला की मौत हो गई। सीएमओ डॉ विनोद यादव ने बताया कि अस्पताल पर कोई पंजीकरण नहीं है। शुक्रवार को सिद्धिविनायक अस्पताल राजापुर में बिना पंजीयन के सात साल से अस्पताल चल रहा है। मौत के इस स्कूल में अनगिनत मरीजों ने अन्तिम सांस ली है। कलवलिया गांव के रामसेवक दर्जी ने आरोप लगाया कि उसकी पत्नी संतरा देवी की मृत्यु सिद्धिविनायक अस्पताल के डॉ अनिल जायसवाल के गलत इलाज से हुई है। मृत महिला संतरा देवी (60) के पति रामसेवक ने बताया कि सवेरे पत्नी खुद चलकर पैरों से आई थी। सवेरे आठ बजे सिद्धिविनायक अस्पताल में इलाज के लिए आया तो डॉ जायसवाल ने कहा कि खून की कमी है, सब सही हो जायेगा। मृतक महिला के पति रामसेवक ने आरोप लगाया कि गलत उपचार व गलत इंजेक्शन लगाने से पत्नी की मौत हुई है।

# सभी विभाग अपने कार्यालय में रोजगार हेल्प डेस्क स्थापित करेंः डीएम

● मिशन रोजगार अभियान के संबंध में अधिकारियों से बैठक कर दिये निर्देश

**कन्नौज।** समस्त विभाग मिशन रोजगार हेतु अपने कार्यालयों में हेल्प डेस्क स्थापित करें। समस्त विभाग रोजगार व स्वरोजगार हेतु सृजित मानव दिवसों को दो दिवसों में ऑनलाइन फीड कराएं। जनपद में श्रम व सेवायोजन विभाग में पंजीकृत श्रमिकों, प्रवासियों व अन्य बेरोजगारों को वरीयता के क्रम में रोजगार सृजित किये जायें एवं फीडिंग भी सुनिश्चित की जाए।

उक्त निर्देश आज जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्रा ने कलेक्ट्रेट सभागार में प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मिशन रोजगार अभियान के संबंध में विभागीय अधिकारियों से बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए। उन्होंने जनपद में पंजीकृत कुल 20839 प्रवासी श्रमिकों में से अभी तक मात्र 529 श्रमिकों का श्रम विभाग द्वारा सेवायोजन पोर्टल पर मानवदिवस सृजित किये जाने की धीमी गति पर कड़ा रोष व्यक्त करते हुए जनपद में प्रवासीय श्रमिकों एवं विभिन्न विभागों, संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं, प्रदेश सरकार के विभिन्न स्थानीय निकायों के माध्यम से उनमें कार्यरत कर्मचारियों जिनको आउटसोर्सिंग, स्वरोजगार, रोजगार, कौशल प्रशिक्षण, तथा अप्रेंटिसशिप, भूमि आवंटन, विभिन्न प्रकार के लाइसेंसों व अनुमतियों आदि के माध्यम से रोजगार, स्वरोजगार का अवसर प्रदान किया गया है, जिलाधिकारी ने अतिरिक्त ऊर्जा विभाग, कृषि विभाग, पशुधन, दुग्ध विकास, मत्स्य विभाग, टेक्सटाइल, हॉर्टिकल्चर, खाद्य प्रसंस्करण, डूडा, सूचना एवं प्रौद्योगिकी, खादी ग्रामोद्योग, लघु उद्योग, चिकित्सा स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा, पंचायतीराज विभाग, ग्राम विकास, समाज कल्याण, शहरी विकास, महिला कल्याण, बाल विकास, क्रीड़ा, युवा कल्याण, बेसिक शिक्षा, लोक निर्माण आदि विभागों से मिशन रोजगार को दृष्टिगत रखते हुए हेल्प डेस्क स्थापित किये जाने के निर्देश देते हुए कहा कि तैयार कार्ययोजना के अनुसार आंकड़े एकत्रित करते हुए वर्तमान वित्तीय वर्ष में प्रस्तावित नियुक्तियों, प्रशिक्षणों, अनुमतियों, आवंटन आदि के माध्यम से रोजगार से अधिक से अधिक मात्रा में युवाओं को जोड़े जाने के निर्देश दिए। कहा कि एक पंजिका भी बनाई जाए जिसमें प्रत्येक ऐसे व्यक्ति जो कि राज्य सरकार के द्वारा अथवा केंद्र सरकार के द्वारा पोषित परंतु राज्य सरकार द्वारा संचालित रोजगार स्वरोजगार आदि हेतु सक्षम बनाने वाले कार्यक्रम का लाभ उठाकर रोजगार पाने का इच्छुक का विवरण रखा जाएगा तथा पात्रता के आधार पर संबंधित कार्यक्रमों में चयनित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिन विभागों द्वारा नियमित रूप से रोजगार स्वरोजगार कौशल प्रशिक्षण तथा अप्रेंटिसशिप की योजनाएं ऑनलाइन चलाई जा रही हैं उनको भी रोजगार हेल्प डेस्क के माध्यम से संबंधित पंजिका में अंकित व्यक्तियों को ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन हेतु प्रेरित कर डाटाबेस तैयार किया जाए एवं तैयार डेटाबेस को प्रत्येक 15 दिनों के अंतराल पर इस हेतु तैयार किये जाने वाले पोर्टल पर भी अपलोड की जाएगी।


अधिकारियों की बैठक लेते जिलाधिकारी।

उन्होंने निर्देश दिए कि विभिन्न विभागों द्वारा जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित कराये जाएं जिनमें स्थानीय प्रतिनिधियों, मा. विधायक, मा. सांसद एवं जनपद के प्रभारी मंत्री को भी आमंत्रित किया जाए एवं उनको नियुक्ति पत्र आदि वितरित किये जायें। बैठक के दौरान परियोजना निदेशक, उपनिदेशक कृषि, जिला सेवायोजन अधिकारी, जिला श्रम प्रवर्तन अधिकारी, उपायुक्त मनरेगा एवं एनआरएलएम आदि संबंधित विभागाध्यक्ष उपस्थित थे।

# झोलाछाप डॉक्टर ने मरीज को मारी कैंची

संवाददाता। बछरावां रायबरेली



**जहां** एक तरफडॉक्टर को भगवान का दर्जा दिया गया है और वहीं दूसरी तरफयह झोलाछाप डॉक्टरों की काली करतूतें सामने आ रही हैं मामला बताते चलें कि झोलाछाप अवैध तरीके से बने डॉक्टर का कुछ पैसों के लेनदेन था जिसकी दवा झोलाछाप डॉक्टर ने कुछ दिनों पहले की थी दवा के पैसे बकाया मांगे जाने पर बात बिगड़ गई और मारपीट दोनों पक्षों ने कर डाला और दोनों पक्ष लहूलुहान हो गए मामले की सूचना पाकर डायल 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंचकर दोनों लोगों को लेकर सीएससी बछरावां पहुँची जहां पर डॉक्टरों द्वारा इलाज किया गया और तीनों लोगों को रायबरेली रेफ्र कर दिया गया जिसमें अवैध झोलाछाप डॉक्टर आशीष कुमार पुत्र राम कुमार और दूसरा पक्ष नीतू पत्नी अनिल कुमार व अनिल कुमार एक ही एंबुलेंस में मौजूद थे अवैध झोलाछाप डॉक्टर आशीष कुमार के पास एक कैची भी थी उसी कैची से अनिल कुमार के गले पर आशीष कुमार ने प्राणघातक हमला कर दिया एंबुलेंस ड्राइवर ने मौके पर ही दोनों लोगों को उचित दूरी बनाकर पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने झोलाछाप डॉक्टर आशीष कुमार को हिरासत में लेकर थाने ले आई और अनिल कुमार व उनकी पत्नी को पुलिस द्वारा जिला अस्पताल पहुंचाया गया थाना अध्यक्ष राकेश सिंह ने बताया है कि आरोपी आशीष कुमार को हिरासत में ले लिया गया है तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# मुठभेड़ में दो इनामी लुटेरे गिरफ्तार



संवाददाता। सुलतानपुर

**मुठभेड़** में स्वाट और कादीपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने लूट की योजना बना रहे दो शातिर लुटेरों को धर दबोचा। बदमाशों के पास से पुलिस ने लूट का दो लाख 78 हजार रुपये बरामद किया। इनके ऊपर 25 हजार रुपये का इनाम भी घोषित था। लुटेरों का लंबा-चौड़ा आपराधिक इतिहास है। इनके खिलाफकई थानों में संगीन धाराओं में मुकदमे भी दर्ज हैं। पुलिस ने तमंचा और कारतूस भी बरामद किया है।

पुलिस अधीक्षक शिवहरि मीणा के निर्देश पर जिले के सभी थाना क्षेत्रों में बदमाशों के खिलाफ पुलिस का धर पकड़ अभियान जारी है। शुक्रवार को अन्तर्राज्यीय लूट व चोरी करने वाले गिरोह के दो लुटेरों को स्वाट और कादीपुर पुलिस ने राईबीगो स्थित जूनियर हाईस्कूल के पास बनी मजार से पकड़ लिया। पुलिस के मुताबिक बदमाश किसी घटना को अंजाम देने की फ्रिाक में थे। पकड़े गए बदमाशों की पहचान मधुर सिंह उर्फ कृष्ण मोहन सिंह पुत्र रामसूरत सिंह निवासी-कटसारी, थाना-कादीपुर तथा संतोष हरिजन उर्फ भगत पुत्र सुक्खू निवासी-डिहुआ, थाना-करौदीकला के रूप में हुई। तलाशी में पुलिस ने इनके कब्जे से लूट का दो लाख 78 हजार रुपया भी बरामद किया। बदमाशों के ऊपर 25 हजार रुपये का इनाम भी घोषित था। जिनकी पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही थी। घटना का खुलासा करते हुए पुलिस अधीक्षक शिवहरि मीणा ने बताया कि लुटेरों के खिलाफ जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस इनकी तलाश में जुटी है। इनके अन्य फ्ररार चार साथियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगा दी गई है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में कादीपुर प्रभारी निरीक्षक कृष्णकुमार मिश्र, स्वाट टीम प्रभारी अजय प्रताप समेत अन्य पुलिस कर्मी शामिल रहे।

# धान क्रय केंद्र के निरीक्षण के दौरान खुली पोल

संवाददाता। सुलतानपुर


**बीजेपी** धान क्रय केन्द्र के जिला मानिटरिंग प्रमुख एवं जिला उपाध्यक्ष रामभवन मिश्रा ने अपनी टीम के साथ बल्दीराय तहसील व सदर तहसील अंतर्गत तीन धान क्रय केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया और धान क्रय की जमीनी हकीकत से रूबरू हुए। भाजपा प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी ने जानकारी दी कि धान क्रय केन्द्र के जिला मानिटरिंग प्रमुख रामभवन मिश्रा अपनी टीम के साथ देहली बाजार, मीरपुर दौलतपुर एवं कुड़वार धान क्रय केन्द्र का औचक निरीक्षण किया तब पाया कि देहली बाजार धान क्रय केन्द्र के पास धान तौल करने के लिए कांटा बांट नही है। प्राइवेट कांटा बांट लाकर किसानों का धान तौल किया जा रहा है। अब तक 569 कुन्तल धान की खरीद की गयी है। वही मीरपुर दौलतपुर धान क्रय केन्द्र पर 4 बजे ताला लगा मिला। जब श्री मिश्रा ने मीरपुर के सेंटर प्रभारी से दूरभाष पर बात की तो बताया कि डाटा फीडिंग के लिए आया हूँ और अब तक मेरे सेंटर पर 771.6 कुन्तल धान खरीदा गया है। भाजपा धान क्रय केन्द्र की जिला मानिटरिंग टीम जब कुड़वार स्थित विपरण शाखा के धान क्रय केन्द्र का औचक निरीक्षण किया तब पाया कि केन्द्र इंचार्ज छुट्टी पर है। सहायक खरीदारी का लेखा जोखा नही बता पाया। जब श्री मिश्रा ने बोरी की तौल करायी तो बोरी की तौल मानक से अधिक मिली। यहा पर किसानों का धान खरीदने में आनाकानी करने की शिकायत मिली। रामभवन मिश्रा ने धान क्रय केन्द्रो पर मिली अव्यवस्था को लेकर जिला अधिकारी व अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमाकांत त्रिपाठी को दूरभाष पर वार्ता कर अवगत कराया। श्री मिश्रा ने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व से उत्तर प्रदेश सरकार की धान क्रय करने की नीतियों का पालन करते हुए प्रत्येक किसान का धान खरीदने एवं 72 घंटे के अन्दर किसान का भुगतान कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमाकांत त्रिपाठी ने आश्वस्त किया कि तीनों सेंटर की जांच कराकर उचित कार्रवाई की जाएगी।तय सीमा में किसानों का भुगतान सुनिश्चित किया गया है। इस दौरान जर्नादन द्विवेदी, अभिषेक शुक्ला, चन्दन सिंह ,ओम नारायन शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# नीति आयोग द्वारा आशा बहुओं को बांटे गए मास्क



**श्रावस्ती।** गिलौला सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गिलौला पर पिरामल स्वास्थ्य.नीति आयोग द्वारा आशा बहुओ को छ.95 मास्क चिकित्सा अधीक्षक राजेश पटेल की अध्यक्षता में वितरित किया गया। चिकित्सा अधीक्षक द्वारा बताया गया कि आशा बहू अपने कार्य के दौरान क्षेत्र में कयी परिवारों के बीच मे जाती है जिससे उनके संक्रमित होने की काफी सम्भावना रहती है ऐसी स्थिति में उनको यह मास्क कोबिड 19 के खतरे से बचाने में उनकी मदद करेगा। इस माास्क वितरण कार्यक्रम के दौरान धर्मेन्द्र सिंह बीण्टीण्ओ पिरामल स्वास्थ्य.नीति आयोग बी सी पी एम अजीत यादव बीण्यम सी धीरज सौम्या टी एस यू विष्णु देव शुक्ला नेत्र परीक्षण अधिकारी संगिनी किरन कुसमा नीलम आदि उपस्थित रहे।

# बाग में फंदे से लटकती मिली युवक की लाश



संवाददाता। श्रावस्ती

**सिरसिया** थाना सिरसिया अंतर्गत ग्राम शंकरपुर मे 35 वर्सिये युवक बब्लू पुत्र राम चन्दर की गाँव के निकट स्थित एक आम के बाग् मे संदिग्ध परिस्थितियों में लाश को ग्रामीणों ने लटकते हुये देख इसकी सूचना परिजनों को दी। घटना सिरसिया के ग्राम पंचायत शंकरपुर की है जहाँ गांव के ही 35 वर्सिये व्यक्ति बब्लू का शव गांव के पूर्व में स्थित आम के बाग में फंदे से लटकता मिला जिसे उधर से गुजरते हुए किसी ग्रामीण ने देख इस बात की सूचना मृतक के परिजनों को दी जिसपर उन्होंने ने इलाकाई पुलिस को इसकी सूचना दी मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष सिरसिया राम समुझ प्रभाकर ने शव को फंदे से उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। ग्रामीणों का कहना है की कुछ लोगो ने शुबह मृतक बब्लू को शौच के लिए जाते समय देखा था। बाद में किसी ने उसका शव पेड़ पर लटकते हुये देख इसकी सूचना उसके परिजनों को दी जिसपर परिजनों ने इसकी सूचना सिरसिया पुलिस को दी। मौके पर पहुचे थानाध्यक्ष ने बताया मामला प्रथम दृष्टया आत्महत्या का लग रहा है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

# मतदान केंद्रों का आयुक्त ने किया निरीक्षण

संवाददाता। गोंडा



**देवीपाटन** मंडल के आयुक्त एसवीएस रंगाराव ने शुक्रवार को जनपद गोंडा में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अहर्ता तिथि 1 जनवरी 2021 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण व मतदाता पंजीकरण कार्यक्रम के अनुसार किए जा रहे कार्यों तथा मतदान केंद्रों पर पंजीकरण हेतु विशेष अभियान दिवस 13 दिसंबर 2020 के संबंध में तहसील सदर के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र कटरा बाजार के मतदान केंद्रों-प्राथमिक विद्यालय खिरौरा मोहन, प्राथमिक विद्यालय मुंडेरवा कला तथा प्राथमिक विद्यालय रामापुर तथा तहसील करनैलगंज के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र कर्नलगंज के मतदान केंद्र कंपोजिट विद्यालय करनैलगंज का आकस्मिक निरीक्षण किया।

आयुक्त ने निरीक्षण के दौरान निर्वाचक नामावली में नाम को सम्मिलित करने के लिए फार्म- 6 तथा निर्वाचन नियमावली से अपना नाम विलोपित कराने के लिए फार्म- 7 के संबंध में संबधित बीएलओ से गहन पूछताछ की तथा अभिलेखों का अवलोकन किया। उन्होंने मतदान केंद्र-प्राथमिक विद्यालय मुंडेरवा कला पर बीएलओ के अनुपस्थित रहने तथा प्राथमिक विद्यालय खिरौरा मोहन के उपस्थित बीएलओ द्वारा पूछताछ के दौरान अपेक्षित अभिलेख व जानकारी न उपलब्ध कराए जाने पर उप जिलाधिकारी सदर व तहसीलदार सदर से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने मौके पर उपस्थित तहसीलदार सदर को निर्देशित किया कि वह बीएलओ को ठीक प्रकार से प्रशिक्षण कराएं तथा आगामी 13 दिसंबर 2020 के विशेष अभियान दिवस को रात - दिन लग कर सफल बनाए। आयुक्त ने यह भी निर्देश दिए हैं कि शीघ्रातिशीघ्र मतदाता सूची में नाम जुड़वाने एवं संशोधन इत्यादि से संबंधित सूचनाओं को अपलोड कराना सुनिश्चित किया जाए।

# ई-लर्निंग से उज्ज्वल होगा छात्रों का भविष्यः उमेश शाह

संवाददाता। गोंडा



**श्री** लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज में विद्यार्थियों को ऑनलाइन अध्ययन कराने के लिए सभी विद्यार्थियों से राष्ट्रीय पुस्तकालय और सूचना सेवा में पंजीकृत होने के लिए कहा गया है।

उक्त जानकारी देते हुए कॉलेज के मुख्य नियन्ता डॉ0 जितेंद्र सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय पुस्तकालय और सूचना सेवा छात्रों एवं शिक्षकों के शैक्षिक विकास के लिए बौद्धिक सामग्री (एन-लिस्ट) है। इसके द्वारा विश्वविद्यालयों एवं कॉलेजों के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को चयनित ई-संसाधनों तक पहुंच संभव हो पाती है। एन-लिस्ट परियोजना इन्फ्लिबनेट सेंटर में स्थापित सर्वर (एस) के माध्यम से कॉलेजों और अन्य लाभार्थी संस्थानों से छात्रों, शोधकर्ताओं और प्राध्यापकों को ई-संसाधनों तक पहुंच प्रदान करती है। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय प्रबंध समिति के सचिव उमेश शाह की प्रगतिशील सोच के कारण पदसिपइदमज सेंटर महाविद्यालय में स्थापित हुआ है। इसके माध्यम से विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को 6000 से अधिक जर्नल और लाखों ई-बुक अध्ययन और अनुसंधान के लिए प्राप्त हो सकेंगे। यह मुख्यालय पर स्थित लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज की प्रगति का एक महत्वपूर्ण सोपान है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ0 वंदना सारस्वत द्वारा यह सूचना प्रसारित की गई है कि विद्यार्थी पुस्तकालय में जाकर एन-लिस्ट में पंजीकरण करा लें, जिससे जर्नल्स और ई-बुक का अध्ययन कर सकें।

# बीज निबंधन प्रमाण पत्र के बिना नहीं बिकेंगे बीजः डीएम

**गोंडा।** जिलाधिकारी डॉ. नितिन बंसल ने बताया कि रबी-2020 में बीज वितरण का कार्य चल रहा है। जिसे देखते हुए उन्होंने जनपद में बीज का व्यवसाय करने वाली समस्त बीज आपूर्तिकर्ता कंपनियों/सहकारी एवं निजी बीज विक्रेताओं को सचेत करते हुए निर्देशित किया है कि सभी विक्रेता न तो स्वयं बिना बीज निबंधन प्रमाण पत्र प्राप्त किये बीजों का व्यापार करेंगे और न ही ऐसे विक्रेताओं को बीज की आपूर्ति करेंगे। जिनका बीज निबंधन प्रमाण पत्र नहीं बना है, वे तत्काल ऑनलाइन प्रणाली पर आवेदन करते हुए लाइसेन्स प्राप्त कर लें। जनपद के बाहर से ऐसे विक्रेताओं से बीज नही प्राप्त करेंगे जिनके पास एक जिले से दूसरे जिले में व्यापार हेतु कृषि निदेशालय स्तर से निर्गत बीज लाइसेंस नहीं है।

## विधायक और डीएम ने किया चीनी मिल का शुभारम्भ

**सुलतानपुर।** विधायक सुलतानपुर सूर्यभान सिंह, विधायक देवमणि द्विवेदी व जिलाधिकारी रवीश गुप्ता द्वारा शुक्रवार को संयुक्त रूप से किसान सहकारी चीनी मिल के पेराई सत्र 2020-21 का वैदिक मंत्रोचारण व धार्मिक अनुष्ठान के साथ प्रतीकात्मक एक गन्ने की ट्राली के साथ स्विच दबाकर शुभारम्भ किया गया। चीनी मिल के अध्यक्ष जिलाधिकारी, विधायक सुलतानपुर व विधायक लम्भुआ ने चीनी मिल पहुंचकर विधिवत पूजन, अर्चन, हवन आदि किया और गन्ने की ट्राली पर फूल माला चढ़ाकर गन्ना किसान का माल्यार्पण कर पूजा करने के पश्चात नारियल तोड़ा गया। तत्पश्चात डोंगा में गन्ना डालकर पेराई सत्र का शुभारम्भ किया। जिलाधिकारी ने कहा कि इस चीनी मिल के शुभारम्भ हो जाने से गन्ना किसानों को इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा, बल्कि उन्हें अपने गन्ना का उपज का लाभ मिल सकेगा। इस अवसर पर चीनी मिल सचिव व प्रधान प्रबन्धक प्रताप नरायण ने बताया कि गन्ना किसानों की समस्याओं के दृष्टिगत पुरानी चीनी मिलों का मरम्मत किया जा रहा है। शीघ्र ही इस चीनी मिल के मरम्मत कार्य पूर्ण कराकर गन्ने की पेराई शुरू करा दी जायेगी। शुभारम्भ के अवसर पर अपर जिलाधिकारी (प्रशा0) हर्ष देव पाण्डेय, प्रधान प्रबन्धक चीनी मिल्स लि0 प्रताप नरायण, जिला गन्ना अधिकारी सुनील कुमार सहित अन्य अधिकारी, चीनी मिल स्टाफ व किसान आदि उपस्थित रहे।

## किसानों ने निकाली ट्रैक्टर यात्रा

**सुल्तानपुर।** विधानसभा कादीपुर ब्लॉक दोस्तपुर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर किसान टैऊक्टर यात्रा शुभारंभ सपा जिलाध्यक्ष पृथ्वीपाल यादव के नेतृत्व में संपन्न हुआ। ओमप्रकाश सिंह जिला सचिव, विधानसभा अध्यक्ष सीताराम यादव, अलीम राइन महासचिव, अरविंद यादव, ब्लॉक अध्यक्ष दोस्तपुर सलमानी,भैया राम मौर्या, राम बहाल यादव, श्रीमती उषा यादव, आदि रहे। किसान यात्रा में धार देने के लिए सपा जिला अध्यक्ष पृथ्वीपाल यादव पहुंचे और किसान यात्रा का शुभारंभ किया। किसान यात्रा में हल, कुदाल के साथ सैकड़ों टैऊक्टर पर बैठकर सपाइयों ने किसान बिल का विरोध किया।

## अशोक सिंह कोरोना पॉजिटिव, भर्ती

**लालगंज रायबरेली।** तहसील क्षेत्र के रामपुर कलां गांव निवासी राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष अशोक सिंह लगभग दो सप्ताह से कोरोना पाजिटिव होने के कारण संजय गाधी आयुर्विज्ञान संस्थान में भर्ती है। जिनके स्वास्थ्य में अब पर्याप्त सुधार हो गया है तथा दो एक दिन में वह सम्भवत: डिस्चार्ज हो जायेगे। उल्लेखनीय है कि बिहार विधानसभा के चुनाव में प्रचार के दौरान वहां से लौटने पर उन्होने अपना कोरोना टेस्ट कराया तो पाजिटिव रिपोर्ट आई जिससे उन्होने तत्काल मेयो प्राईवेट अस्पताल में इलाज हेतु भर्ती हो गये किंतु वहां हालत ठीक न होने पर लखनऊ के जिलाधिकारी ने तत्काल उन्हे एसजीपीजीआई में भर्ती कराया जहां पर उन्हे सांस लेने की गंभीर शिकायत होने पर उन्हे आईसीयू में भी रखना पडा। यह जानकारी होने पर क्षेत्रवासियों ने अनेक धार्मिक अनुष्ठान करायें। अंतिम समाचार लिखे जाने तक वह शीघ्र ही संस्थान से डिस्चार्ज होकर लखनऊ स्थित अपने घर पहुंचेगे।

# सरकारी जमीन पर कब्जा करने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाईः डीएम



संवाददाता। रायबरेली

**जिलाधिकारी** वैभव श्रीवास्तव ने ब्लाक राही की ग्राम पंचायत राघनपुर में पंचायत भवन न बनाये जाने व गलत रिपोर्ट दिये जाने पर ग्राम प्रधान सहित विकास खण्ड अधिकारी जैनितकांत आदि सम्बन्धित अधिकारियों को कड़ी फ्टकार लगाते हुए निर्देश दिये कि यदि यह जमीन किसी कारणवंश पंचायत भवन के लिए अनुकूल नही है या कोई विवाद है उसकी जानकारी उच्चाधिकारियों को दी जानी चाहिए परन्तु गलत रिपार्ट व पंचायत भवन निर्माण की नीव तक होने पर शासकीय कार्यो की अवहेलना है। उन्होंने खण्ड विकास अधिकारी को प्रतिकूल प्रविष्टि व ग्राम प्रधान के वित्तीय अधिकार सीज क्यो न कर दिये जाने स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिये है।

जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने एसडीएम सदर अंशिका दीक्षित को बुलवाकर पंचायत भवन निर्माण कार्य करवाने के लिए जानकारी ली तथा निर्माण कराये जाने के राघनपुर स्थित अन्य जमीन को देखा। निरीक्षण के दौरान सरकारी जमीनों पर अवैध रूप से दो व्यक्तियों द्वारा फ्सल बोई गई है। जिसमें एक गांव के व्यक्ति द्वारा गेहूँ व दूसरे व्यक्ति द्वारा मटर बोई गई थी। जिस पर जिलाधिकारी ने लेखापाल को कड़ी फ्टकार लगाते हुए एसडीएम को निर्देश दिये कि जमीन में जो फ्सल तैयार करके काटी जा चुकी है। फ्सल के लागत के अनुसार लेखापाल से वसूल की जाए साथ ही निलम्बन की कार्यवाही की क्यो न किये जाए।

इस मौके पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) राम अभिलाष, उपनिदेशक सूचना प्रमोद कुमार, एसडीएम सदर अंशिका दीक्षित, खण्ड विकास अधिकारी जैनितकांत, डीपीआरओ उपेन्द्र सिंह, ग्राम प्रधान सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।

## क्विक न्यूज

### एनटीपीसी कर्मी व उनकी पत्नी कोरोना पॉजिटिव

**ऊंचाहार।** ऊंचाहार एनटीपीसी कर्मचारी व उसकी पत्नी की रिपोर्ट कोरोना पाजटिव आने पर दोनो को होम आइसोलेशन मे रखा गया है।जिनको कोविड-19 के अनुपालन करने के हिदायतें दिया गया है।जिसको लेकर सीएचसी की टीम एनटीपीसी मे थर्मल स्कैनिंग व जांच हेतु सैंपल शुक्रवार के दिन किया है।सीएचसी अधीक्षक ने बताया कि जांच हेतु टीम लगा दिया गया है कोरोना पाजटिव मरीजो को होमआइसोलेशन मे भेजा गया है।

### एसडीएम के आदेश पर मुकदमा दर्ज

**ऊंचाहार।** ऊंचाहार कोतवाली के गांव पूरे रूपऊ मजरे मोखरा निवासी लल्लू पुत्र दशरथ यादव के द्वारा चारागाह की भूमि गाटा संख्या 187ध1.144 हेक्टेअर पर अवैध निर्माण लेखपाल की शिकायत कोतवाली मे करने के बावजूद कर लेने पर एसडीएम के आदेश पर कोतवाली निरीक्षक ने क्षेत्रीय लेखपाल अभिषेक की तहरीर पर लल्लू यादव के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### दुर्घटना में दो घायल

**लालगंज,रायबरेली।** रेलकोच की तरफसे घर लौट रहे ईरिक्शा सवार दो लोगों को ट्रक ने टक्कर मार दी। जिसमें दोनो गंभीर रूप से घायल हो गए।घोसियाना मोहल्ला निवासी राजशुक्ला व अंशू तिवारी एक ही ईरिक्से से लौटकर घर आ रहे थे। रेलकोच से लालगंज आते समय ट्रक ने टक्कर मार दी। जिसमें दोनो घायल हो गए। अंशू ईरिक्सा चला रहा था। दोनो घायलों को उपचार के लिए सीएचसी लालगंज ले जाया गया। जहां उनका इलाज कराया गया है। अंशू तिवारी को गंभीर दशा में जिला अस्पताल रेफ्र किया गया है।

### मारपीट मे दो घायल, केस दर्ज

**ऊंचाहार।** ऊंचाहार कोतवाली के गांव खुर्रमपुर मे भूमि विवाद मे हुए मारपीट में लाठी डंडा व लोहे की राड चलने पर गांव खुर्रमपुर निवासी मिथलेश शुक्ला 20वर्ष पुत्र राजदेव शुक्ला व राजदेव शुक्ला 75वर्ष पुत्र गयाप्रसाद शुक्ला निवासी खुर्रमपुर घायल हुए जिनको सीएचसी मे पुलिस ने भर्ती करवाया।कोतवाली निरीक्षक ने बताया कि घायल की ओर से राजदेव की तहरीर पर गांव खुर्रमपुर निवासी राजेन्द्र शुक्लायबीरेन्द्रयधीरेन्द्र आदि के खिलाफ मारपीटयगालीगलौज व जान से मारने की धाराओ मे मुकदमा दर्ज किया गया है।वहीं एक अन्य मारपीट मे गांव अरखा निवासिनी साधना देवी 25वर्ष पत्नी आशीष सरोज को डंडो से पिटाई कर देने पर घायल होने पर भर्ती करवाया गया है।

### तहसील प्रशासन ने जलवाए अलाव

**बल्दीराय, सुल्तानपुर।** जारी भीषण ठंड से व शीतलहर के चलते लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। इसे देखते हुए बल्दीराय तहसील प्रशासन ने कई बाजारों में अलाव जलावाया। इससे राहगीरों को थोड़ी राहत मिली है। एसडीएम बल्दीराय राजेश कुमार सिंह के निर्देश पर तहसील क्षेत्र के दर्जन भर स्थानों पर अलाव की व्यवस्था की गई है। तहसीलदार शैलेंद्र चौधरी ने बताया कि तहसील क्षेत्र के पारा बाजार चौराहा,देहली बाजार,बल्दीराय,बहुरावा,वलीपुर व शंकरगढ़ आदि स्थानों पर अलाव जलवाया गया है।

### जयंती पर याद किए गए भारत रत्न प्रणब मुखर्जी

**सुल्तानपुर।** देश के पूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न प्रणव मुखर्जी की जयंती जिला कांग्रेस कमेटी में शिद्दत से मनाई गयी। शुक्रवार को जिला प्रवक्ता नफीस फारूकी के संयोजन में जिला कमेटी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यहाँ स्व मुखर्जी के व्यक्तित्व पर विचार व्यक्त करते हुए जिला महासचिव ओम प्रकाश त्रिपाठी चौटाला ने कहा प्रणव मुखर्जी को प्रणब दा के नाम से जाना जाता है। इनका राजनैतिक जीवन हमेशा देश को एकजुट बनाए रखने, सांप्रदायिक शक्तियों से लड़ते हुए व्यतीत हुआ। कांग्रेस की केंद्र सरकार में विभिन्न विभागों के मंत्री रहते हुए अपने कार्य को बखूबी अंजाम दिया और देश को मजबूत बनाने के संकल्प को हमेशा दोहराते रहे । आस्था के सवाल पर इन्होंने हमेशा ही दुर्गा अष्टमी अपने पैतृक गांव में मनाई जो कि जमीन से जुड़ने की इनकी बात की पुष्टि करती है। गोष्ठी में प्रमुख रूप से पवन मिश्र नन्हे, हौसिला भीम, सभासद राजदेव शुक्ला, सुहेल सिद्दीकी, जाकिर हसन, कपिल देव निषाद, पंडित राम नाथ तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष शक्ति प्रसाद तिवारी, सुरेंद्र मिश्रा केवटली, जनेश्वर उपाध्याय, डॉक्टर देवेंद्र तिवारी, निजाम फौजी, वसीम घोसी, काली प्रसाद उपाध्याय, शीतला प्रसाद साहू, शहर अध्यक्ष नौशाद हुसैन खान, सभासद अमोल बाजपेई समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

### फांसी लगाकर की आत्महत्या

**लालगंज,रायबरेली।** फंसी के फंदे पर एक युवक का शव लटका मिला। परिजनों की माने तो उसने आत्महत्या की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गोविंदपुर कठोइया निवासी रोहन 21 पुत्र रामदीन का शव गुरूवार की देर शाम गांव के बाहर लोहड़ा बजरंग चौराहे के निकट सड़क किनारे पेंड़ से लटकता मिला। नित्यक्रिया के लिए खेतों की तरफ जा रही महिला ने शव लटका देखा तो ग्रामीणों को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों नें शव की शिनाख्त रोहन के रूप में की। मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई। मृतक चार भाई व एक बहन में सबसे बड़ा था। वह गैर प्रांत में भट्ठे पर मजदूरी करता था। बुधवार को वह घर लौटा था।

### दबंगों की दबंगई से पूरी ग्रामसभा कर रही त्राहि-त्राहि

**बछरावां रायबरेली** सभी राजनीतिक पार्टियां आए दिन दलितों के हितों के बारे में बयानबाजी किया करती हैं और अगर कोई गैर दलित मजबूर होकर प्रतिरोध पर आमादा हो जाता है तो चारों तरफ दलित उत्पीड़न की आवाज गूंजने लगती है इन आवाजों को लगाने वाले कभी हकीकत जानने का प्रयास नहीं करते हैं कि आखिर घटना का कारण क्या है ऐसा ही एक अत्याचार ग्राम शेखपुर समोदा के लोग मौजूदा समय में भुगत रहे है इस ग्राम सभा के मजरे रामपुर निवासी बुद्धू पासी द्वारा सूअर पाल रखे गए हैं पालने के लिए कोई भी समुचित व्यवस्था नहीं है चौबीसों घंटे यह सूअर ग्राम सभा के अंदर घूम घूम कर चारो तरफ गंदगी फैलाते हैं लोगों के घरों के अंदर तक चले जाते हैं इतना ही नहीं खेती को भी नष्ट करने में यह सूअर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं इसी गांव के निवासी सर्वेश मिश्राने बताया कि यह छुट्टा घूम रहे सूअर रात में होटल के अंदर रखा एक बार आलू खा गए जो नहीं खा पाए उसे बर्बाद कर दिया इसी गांव के रहने वाले राजेंद्र अवस्थी ने बताया कि इन छुट्टा घूम रहे सूअरों ने उनके सात विश् वा आलू रात में नष्ट कर दिया यह तो एक बानगी है इन आवारा घूम रहे स्वरों से पूरी ग्राम सभा के लोग परेशान है यह सूअर किसी के घर में घुसकर खाना खा जाते हैं तो किसी के घर में अनाज को नुकसान पहुंचाते है अगर कोई व्यक्ति बुद्धू से शिकायत करता है तो वह लड़ाई झगड़े पर आमादा हो जाता है साथ ही यह भी नहीं कहना भूलता कि मैं दलित हूं अगर मुझसे ज्यादा बात करोगे तो मुकदमा लिखा दूंगा मौजूदा सरकार के द्वारा लाए गए दलित कानून के डर से कोई बोल नहीं पा रहा है थक हार कर ग्रामीणों द्वारा थाना अध्यक्ष बछरावां को प्रार्थना पत्र देकर इस उत्पीड़न से निजात दिलाने की मांग की गई है!

### बछड़े को पहनाया अंगवस्त्र

**सुलतानपुर।** जिलाधिकारी रवीश गुप्ता द्वारा शुक्रवार को अपरान्ह में अस्थायी गोवंश आश्रय स्थल तवक्कलपुर नगरा, विकास खण्ड कादीपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय कुल 201 गोवंश संरक्षित पाये गये, जिसमें 112 नर एवं 89 मादा हैं। सभी गोवंश स्वस्थ पाये गये तथा साफ-सफाई एवं खान-पान की व्यवस्था संतोष जनक मिला। सभी गोवंश का टीकाकरण, टैगिंग कराया जा चुका है। जिलाधिकारी श्री गुप्ता व मुख्य विकास अधिकारी अतुल वत्स इस गोवंश आश्रय स्थल पर एक बछड़े को जूट का अंगवस्त्र पहनाया गया। डीएम द्वारा निर्देश दिये गये कि संरक्षित गोवंश की संख्या के दृष्टिगत निर्माणाधीन शेड का निर्माण शीघ्र पूर्ण कराया जाय। उन्होंने संरक्षित गोवंश के गोबर को वर्मी कम्पोस्ट बनाकर जैविक खाद तैयार कराकर गोशाला को स्वावलम्बी बनाने का निर्देश दिया।

# गौआश्रय स्थलों की रिपोर्ट में अंतर सत्यापन कर दें सही संख्याः डीएम

● जिलाधिकारी ने सभी बीडीओ को दिया निर्देश

संवाददाता। बस्ती



**गौ आश्रय** स्थलों और सीवीओ की रिपोर्ट में काफी अंतर है। डीएम आशुतोष निरंजन ने इसे गंभीरता से लेते हुए सभी गौ आश्रय स्थलों का सत्यापन कराकर पशुओं की सही संख्या की रिपोर्ट देने का सभी बीडीओ को निर्देश दिया है। विकास भवन सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में पाया कि मुख्य पशु चिकित्साधिकारी द्वारा उपलब्ध कराई गई रिपोर्ट में पशुओं की संख्या में काफी अंतर है। निर्देश दिया कि एक सप्ताह के भीतर धारण क्षमता के अनुसार प्रत्येक गो आश्रय स्थल में गोवंश के पशु का संरक्षण सुनिश्चित कराएं। ईयर टैगिंग कर कृषकों को गोवंश के पशु संरक्षण में देने की कार्रवाई में तेजी लाएं।

बताया कि 23 दिसंबर को किसान दिवस, महिला सशक्तिकरण एवं उत्थान को ध्यान में रखते हुए महिला किसान दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इसके लिए उपनिदेशक कृषि, उपायुक्त राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार मिशन को आवश्यक तैयारी करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर विभागों द्वारा प्रदर्शनी लगाकर, कार्यषाला आयोजित कर योजनाओं के बारे में जानकारी दी जाएगी और जागरूक किया जाएगा। महिला किसानों को सम्मानित किया जाएगा। निर्देश दिया कि जिला कोऑपरेटिव बैंक, भूमि विकास बैंक से जिन कर्मचारियों ने लोन लिया है उसकी अदायगी के लिए उनके विभागीय अधिकारियों को सूचित कर कार्यवाही की जाय। विशेष रूप से ऐसे कर्मचारी जो आगामी छह माह के भीतर सेवानिवृत्त होने वाले हैं। समीक्षा में पाया कि सहकारिता क्षेत्र में ऐसे ऋण ले लिए जाते हैं और कर्मचारियों द्वारा अदायगी नहीं की जाती है। उनके रिटायर होने के बाद इस सम्बन्ध में कोई कार्यवाही नहीं की जाती। श्रम अधिकारी को निर्देश दिया है कि वे प्रत्येक तहसील दिवस पर चारों तहसील में कैंप लगाकर मजदूरों का पंजीकरण कराने, नवीनीकरण कराने, विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभ के लिए उनका फार्म भरवाए। दिसंबर माह में मजदूरों के पंजीकरण का लक्ष्य पूरा करने का निर्देश दिया। कहा कि कार्यदायी संस्थाओं द्वारा बांड भरने के दिन ही श्रम विभाग को उसकी प्रति उपलब्ध करा दें, एक प्रतिशत की धनराशि श्रम विभाग के खाते में जमा करवा दें। बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित सभी प्राथमिक, उच्च प्राथमिक विद्यालयों, कस्तूरबा बालिका विद्यालय की छतों की सफाई का अभियान संचालित करने का बीएसए को निर्देश दिया है। कहा कि सभी स्कूलों में रैंप एवं उसकी रेलिंग बनवाई जाए। पूर्व में विद्यालय परिसर में निर्माणाधीन सामुदायिक शौचालय का निर्माण पूरा कराया जाए। कहा कि अधिकांश हैंड वॉश यूनिट का कार्य अधूरा है इसे भी समय से पूरा कराया जाए। स्कूलों में खराब हैंडपंप ठीक कराए जाएं, जो हैंडपंप खराब पानी दे रहे हैं उनके स्थान पर री बोरिंग कराई जाए। उद्योग, खादी ग्रामोद्योग, पेंशन योजनाओं, कन्या सुमंगला योजना, आईसीडीएस, गन्ना, कोटे की दुकानों का चयन, मत्स्य, उद्यान, एमएसडीपी, आदि योजनाओं की भी समीक्षा किया। बैठक में सीडीओ सरनीत कौर ब्रोका, सीएमओ डा0 एके गुप्ता, डीडीओ अजीत श्रीवास्तव, डीडी कृषि डॉ0 संजय त्रिपाठी, अर्थ एवं संख्या अधिकारी टीपी गुप्ता, अधिशासी अभियंता राकेश कुमार गौतम, उपायुक्त मनरेगा इंद्रपाल सिंह, खंड विकास अधिकारी, विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## निलम्बित सिपाही ने सोशल मीडिया पर डाला धमकी भरा पोस्ट

**बस्ती।** अनुशासनहीनता के आरोप में निलम्बित सिपाही का सोशल मीडिया पर एसपी को धमकी भरा पोस्ट डालने से पुलिस महकमा सकते में आ गया। कप्तानगंज थाने के निलम्बित सिपाही दिग्विजय राय का एसपी को धमकी देने का पोस्ट वायरल होने के बाद उसे बर्खास्त करने की कार्रवाई की गई है। बताया जाता है कि सिपाही दिग्विजय राय कई बार पुलिस महकमें में भ्रष्टाचार को लेकर आवाज उठा चुका है। पिछले दिनो उसने एसओ समेत कुछ अन्य पुलिसकर्मियों को पोस्ट डालकर कटघरें में खड़ा किया था। इसके बाद अनुषासनहीनता मानते हुए उसे निलम्बित कर दिया गया था। निलम्बन के बाद उसने अपने ऊपर लगाए गए आरोपों की निष्पक्ष जांच कराने की आवाज उठाई। निष्पक्ष जांच न होने की दषा में एसपी तक को धमकी दे डाली। धमकी भरा पोस्ट वायरल होने के बाद पुलिस महकमा सकते में आ गया। हालांकि सोषल मीडिया पर डाली गई पोस्ट सिपाही द्वारा बाद में डिलीट कर दी गई। एएसपी ने बताया कि सोषल मीडिया पर पोस्ट डालने के मामले में सिपाही को बर्खास्त करने की कार्रवाई की गई है।

# शिक्षा क्षेत्र में बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए है पूरा प्रयास : डॉ. उदय

● सूर्या एकेडमी में सामाजिक विषयों पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन, बच्चे हुए पुरस्कृत



संवाददाता। संतकबीरनगर

**सूर्या इण्टरनेशनल** सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल में कोरोना वायरस को लेकर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 09वीं से 12वीं कक्षा के छात्र/छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतिभागियों ने कोरोना से उत्पन्न आर्थिक व सामाजिक चुनौतियां पर अपना-अपना भाषण दिया। इस प्रतियोगिता में सूर्या एकेडमी की कुल चार टीम ने प्रतिभाग किया था जिसमें ब्लू हाउस के हर्षित सिंह व खुश्बू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि येलो हाउस की बबिता बारी व कृष्णा यादव ने द्वितीय स्थान, ग्रीन हाउस की अनुष्का पाण्डेय व रिद्धि मिश्रा ने तृतीय स्थान तथा रेड हाउस की आंचल पाण्डेय व सूरज चौरसिया ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल की भूमिका में प्रबंध निदेशक डॉ0 उदय प्रताप चतुर्वेदी, प्रबंध निदेशिका श्रीमती सविता चतुर्वेदी व प्रधानाचार्य रविनेश श्रीवास्तव रहे।

प्रबंधक डॉ0 उदय प्रताप चतुर्वेदी ने बच्चों के प्रदर्शन को सराहा है और उन्हें पुरस्कृत करके उनके हौसलों को बढ़ाया। उन्होंने उत्कृष्ट स्थान अर्जित करने वाले सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते हुए कहा कि कोरोना वायरस संक्रमण के खिलाफ जंग में भारत देश का मानव बचाओ का प्रयास सभी देशों से अव्वल रहा है। इस प्रतियोगिता में बच्चों ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री के द्वारा जनहित में मानव कल्याण को लिए किया गया लॉकडाउन सराहनीय पहल रहा है। प्रबंध निदेशिका श्रीमती सविता चतुर्वेदी ने प्रतियोगिता में बच्चों के सराहनीय प्रदर्शन का प्रशंसा कर बच्चों को शुभकामनाएं दी और उम्मीद जताया है कि बच्चे आने वाले भविष्य में और भी बेहतर प्रदर्शन करेंगे। इस मौके पर प्रधानाचार्य रविनेश श्रीवास्तव, उप प्रधानाचार्य शरद त्रिपाठी, वरिष्ठ शिक्षिक नितेश द्विवेदी, पवन मिश्रा, संजय जायसवाल, राजकुमार गौड़, अर्चना त्रिपाठी, अशोक चौबे, आशुतोष त्रिपाठी समेत अन्य शिक्षक व शिक्षिकाएं उपस्थित रही।

# एनटीपीसी रिहंद स्टेशन में विशेष सुरक्षा संवाद का हुआ आयोजन

संवाददाता। बीजपुर/सोनभद्र




**एनटीपीसी** रिहंद स्टेशन में एक विशेष सुरक्षा संवाद का आयोजन किया गया। आयोजन में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित कार्यकारी निदेशक बालाजी आयंगर ने उपस्थित टीमों को संबोधित करते हुए कहा कि सुरक्षा हमारी प्रथम द्वितीय तृतीय अर्थात सर्वोच्च प्राथमिकता है। यह हमारी सामूहिक ज़िम्मेदारी है कि संस्थान के लिए काम करने वाले प्रत्येक कर्मी की परिसर में प्रवेश लेने चेहरे पर मुस्कान और संतोष के साथ उसकी सुरक्षित वापसी सुनिश्चित की जाए। उन्होने नियमित रूप से पेपटॉक और टूल बॉक्स टॉक को महत्वपूर्ण बताते हुए इसे नियमित रूप से आयोजित करने पर ज़ोर दिया। इसके अलावा हर कर्मी को समय समय पर उसके कार्यानुरूप प्रशिक्षण और कार्य दिशानिर्देश उसके समझ योग्य एवं आसान भाषा में दिया जाना भी सुनिश्चित करने की आवश्यकता है। उन्होने वाहन चलाते समय मोबाइल के उपयोग को खतरनाक बताते हुए तत्काल प्रभाव से ऐसा न करने का आह्वान किया। इसके पूर्व कार्यकारी निदेशक श्री आयंगर ने अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक एनटीपीसी लिमिटेड द्वारा लॉन्च किए गए नए सुरक्षा एप 2.0 के बारे में विस्तार से बात करते हुए सभी से जल्द से जल्द इसे अपने मोबाइल फोन में लोड करने और इस्तेमाल करने का आग्रह किया। विषय पर बात करते हुए उन्होने कहा कि हम जितना अधिक से अधिक असुरक्षित गतिविधियों अवस्थाओं और नियमित श्रेणी की घटनाओं को दर्जकर उनपर समय रहते कार्यवाही करेंगे उतना ही तेजी से हम एक बेहतर एवं सुरक्षित कार्य संस्कृति की ओर कदम बढ़ाएंगे। एप की विशेषताओं के बारे में आगे बताते हुए कहा कि एनटीपीसी में यह कंपनी का एक प्रणाली दिशा में एक अच्छा कदम है। कार्यक्रम का संचालन कर रहे प्रबन्धक मुकेश कुमार ने सभी से आग्रह करते हुए कहा कि सुरक्षा हमारी मूल मान्यताओं में शामिल है और हमें पूर्ण दृढ़ता और विश्वास के साथ इस दिशा में आगे बढ़ना है। कार्यक्रम में महाप्रबंधक एस श्रीकृष्णा महाप्रबंधक असेश कुमार चट्टोपाध्याय महाप्रबंधक कैलाश चंद्र त्रिपाठी विभागाध्यक्षगण और एनटीपीसी कर्मी उपस्थित रहें। श्री कुमार के धन्यवाद ज्ञापन द्वारा कार्यक्रम का समापन किया गया ।

# बाहर की दवा लिखने पर मंडल के 444 डाक्टरों को चेतावनी पत्र

**बस्ती।** रोक के बावजूद सरकारी अस्पतालों में बाहर की दवा लिखी जा रही है। मण्डल के सभी जिलों में यही हाल है। सरकारी अस्पतालों में बाहर की दवा लिखे जाने पर कमिष्नर अनिल कुमार सागर ने असंतोष व्यक्त किया है। बाहर की दवा लिखने के मामले में मण्डल के 444 डाक्टरों को चेतावनी पत्र जारी करने का अपर निदेशक स्वास्थ्य को निर्देश दिया है। वहीं टेर्ग्निंग के बावजूद नसबन्दी का आपरेशन न करने पर सिद्धार्थनगर जिले के उस्का बाजार एवं मिठवल के डाक्टर को निलम्बित करने का निर्देश दिया है। आयुक्त सभागार में मण्डलीय समीक्षा बैठक के दौरान स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग की कार्य प्रणाली पर असंतोष व्यक्त करते हुए विभागीय निर्देशानुसार भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्य पूरा करने का निर्देश दिया। कहा कि अवशेष 147 करोड़ रूपये अगले तीन माह में व्यय करने की कार्य योजना उपलब्ध कराएं। फर्स्ट रेफरल यूनिट खलीलाबाद एवं उस्का बाजार जिला मुख्यालय पर स्थापित होने के कारण दूर के सीएचसी पर एफआरयू बनाने का निर्देश दिया। कहा कि जिला मुख्यालय पर जिला अस्पताल होने के कारण इनकी कोई उपयोगिता नही है। परिवार नियोजन की प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया। आयुष्मान भारत योजना में गोल्डन कार्ड बनाने की प्रगति का प्रतिदिन रिपोर्ट देने के लिए अपर निदेशक को निर्देश दिया। कहा कि 12 दिसम्बर से शासन से गोल्डन कार्ड बनाने के लिए अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान में कर्मचारीवार लक्ष्य निर्धारित करें। सीएमओ प्रतिदिन समीक्षा कर रिपोर्ट दें।

# कोरोना का खतरा टला नहीं संक्रमण से बचाव करते हुए करें कार्यः मोहम्मद मुस्तफा

संवाददाता। सोनभद्र



**शासन** द्वारा नामित सोनभद्र जिले के नोडल अधिकारी उत्तर प्रदेश के श्रम आयुक्त मोहम्मद मुस्तफा ने सोनभद्र जिले के दौरा किया। उन्होंने विकास कार्यक्रमों जनकल्याणकारी योजनाओं व लाभार्थीपरक कार्यों की कलेक्ट्रेट मीटिंग हाल में विस्तार से समीक्षा की नोडल अधिकारी सोनभद्र मोहम्मद मुस्तफा श्रम आयुक्त उत्तर प्रदेश ने कहा कि अभी कोरोना का संक्रमण टला नहीं है लिहाजा पूरी होशियारी के साथ संक्रमण से बचाव करते हुए कार्य करें। उन्होंने कहा कि सामाजिक दूरी फेसकवर मास्क का प्रयोग व बार बार साबुन पानी से हाथ धोने की अपील करते हुए कहा कि संक्रमण से बचाव होशियारी है लिहाजा बचाव करते हुए आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जाय। उन्होंने प्रधान मंत्री आवास योजना ग्रामीण मुख्य मंत्री आवास योजना महात्मा गॉधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना की प्रगति मानव दिवस का सृजन भुगतान की स्थिति विकास खण्डवार व ग्राम पंचायतवार स्थानीय स्तर पर मनरेगा से दिये गये रोजगार व उनके भुगतान की स्थिति मनरेगा के तहत एक गांव-एक बाग की विकास खण्डवार व ग्राम पंचायत वार बागवानी के लिए कराये गये कार्यों की स्थिति मनरेगा के लम्बित भुगतान मे तेजी लाये जाने के सम्बन्ध में समीक्षा ईज ऑफ लेविग सर्वे की प्रगति की समीक्षा जिले में राज्य राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल व अन्य कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा, पं0 दीनदयाल अन्त्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, सोनभद्र के उत्पादों की स्थिति सक्रिय स्वयं सहायता समूहों की स्थिति बेहतर उत्पादों को मार्केटिंग मुहैया कराने की स्थिति स्वयं सहायता समूह से जुड़े परिवारों की स्थिति, रिवाल्विंग फण्ड प्राप्त, स्वयं सहायता समूहों की स्थिति सामुदायिक निवेश निधि प्राप्त स्वयं सहायता समूहों की स्थिति, सीसीएल हुए स्वयं सहायता समूहों की स्थिति गठित ग्राम संगठनों की स्थिति, फार्म मशीनरी बैंकों की स्थिति, कस्टम हायरिंग सेन्टर आजीविका ग्रामीण एक्सप्रेस योजना जन शिकायतों का निस्तारण कानून व्यवस्था आदि की तफ्सील से समीक्षा की और सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए समयबद्ध तरीके से योजनाओं को पूरा करते हुए जिले को पिछड़ेपन की श्रेणी से बाहर लाने के निर्देश दियें। समीक्षा बैठक में नोडल अधिकारी मोहम्मद मुस्तफा के अलावा मुख्य विकास अधिकारी डा0 अमित पाल शर्मा, अपर जिलाधिकारीयोगेन्द्र बहादुर सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक,मुख्य चिकित्साधिकारी डा. एसके उपाध्याय मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. पीबी गौतम, उप जिलाधिकारी सदर डा. कृपा शंकर पाण्डेय, अपर श्रमायुक्त सरजूराम जिला विकास अधिकारी रामबाबू त्रिपाठी, डीसी मनरेगा टीबी सिंह, परियोजना निदेशक आरएस मौर्य, डीसी एनआरएलएम एके जौहरी, जिला अर्थ एवं सख्या अधिकारी ओपी यादव सम्बन्धित अधिकारीगण मौजूद रहे।

## स्वीपर बस्ती का किया निरीक्षण

**नोडल अधिकारी** सोनभद्र मोहम्मद मुस्तफा श्रम आयुक्त उत्तर प्रदेश ने नगर पालिका परिषद राबर्ट्सगंज के वार्ड नम्बर 07 हमीद नगर स्वीपर बस्ती का निरीक्षण किया और बेहतर साफसफाई बनाये रखने के निर्देश दियें।उन्होंने कहा कि सभी आवश्यक सुविधाएं नागरिकों को मुहैया करायी जाय और कोरोना संक्रमण से बचने के लिए जन जागरूकता शहरी क्षेत्र के साथ ही गांव देहात मजरों यानी घर-घर तक जन जागरूकता फैलायी जाय। स्थलीय निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 अमित पाल शर्मा अपर जिलाधिकारी योगेन्द्र बहादुर सिंह, उप जिलाधिकारी सदर डॉ0 कृपा शंकर पाण्डेय, जिला विकास अधिकारी रामबाबू त्रिपाठी परियोजना निदेशक आर0एस0 मौर्या, डी0सी0 एनआरएलएम ए0के0 जौहरी, अधिशासी अधिकारी प्रदीप गिरि उप श्रमायुक्त पिपरी श्री सरजू प्रसाद सम्बन्धित अधिकारीगण आदि मौजूद रहें।

## गुणवत्ता चक्र सम्मेलन में एनटीपीसी रिहंद स्टेशन का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**बीजपुर/सोनभद्र।** वैश्विक महामारी कोविड-19 के कारण वर्ष 2020 के उत्तरी क्षेत्र गुणवत्ता चक्र सम्मेलन का आयोजन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से गुरुवार को आयोजित किया गया। उत्तरी क्षेत्र मुख्यालय एनटीपीसी लखनऊ के तत्वावधान में आयोजित 22वें क्षेत्रीय गुणवत्ता चक्र सम्मेलन 2020 में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कुल 18 टीमों ने अपनी प्रतिभागिता दर्ज करा कर प्रदर्शन किया ह्यजिसमे एनटीपीसी रिहंद स्टेशन का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। इस उपलब्धि पर कार्यकारी निदेशक बालाजी आयंगर ने टीम लीडर व अन्य सदस्यों को बधाइयाँ देते हुये प्रशन्नता जाहीर की। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले 18 टीमों में एनटीपीसी रिहंद स्टेशन की कुल 3 टीमों ने भाग लिया थाह्य जिसमे निर्णायक मंडली के मूल्यांकन के आधार पर सी एच पी विभाग की ब्लैक डायमंड टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुये इस सम्मेलन मे दूसरे स्थान पर कब्जा जमाने में कामयाब रही।

## क्विक न्यूज

### पंखे की चपेट में आने से दो वर्षीय बालक की मौत

**मिर्जापुर।** हलिया थाना क्षेत्र के लालापुर गांव में गुरुवार शाम चार बजे के लगभग धान की ओसाई करते समय पंखे की चपेट में आने से पंचलाल के दो वर्षीय पुत्र पीयूष की दर्दनाक मौत हो गई।इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है।जानकारी के अनुसार पीयूष की मां प्रियंका ट्रैक्टर में लगे पंखे से परिजनों के साथ धान ओसाई कर रही थी उसी दौरान खेलते हुए पंखे की चपेट में आने से पीयूष गंभीर रूप से घायल हो गया जब तक परिजन उपचार के लिए ले जाते गंभीर रूप से जख्मी बालक ने घटना स्थल पर ही दम तोड़ दिया। परिजन बिना पुलिस को सूचना दिए ही मृत बालक को सेवटी नदी के किनारे दफन कर दिए। इस संबंध में चौकी प्रभारी ड्रमंडगंज योगेन्द्र पांडेय ने घटना से अनभिज्ञता जताई है।

### कोहरे से ठंड बढ़ा, घरों में दुबके लोग

**सेमरियावां (संतकबीरनगर)।** दिसंबर माह में शुरू होते ही घने कोहरे के बीच कप- कपाती ठंड से जहां लोग घरो में ठिठुरे रहकर अलाव का सहारा लिये तो वहीं पूरे दिन घने कोहरे के बीच आवागमन में लोगो को दुश्वारियों का सामना करना पड़ा। तो वहीं कड़कड़ाती में ठंड में विभिन्न चौराहे पर प्रशासन द्वारा अभी त अलाव की व्यवस्था नहीं होने से लोगो को परेशानियों सामना करना पड़ रहा हैं। दिसंबर माह के शुरू होते ही कड़कड़ाती ठंड ने जहां दस्तक दी और घने कोहरे से लगातार बढ़ रही गलन ने जीवन अस्त-व्यस्त कर दिया ज्यादातर लोग घरों में दुबक कर अलाव का सहारा लेते रहे। तो वहीं क्षेत्र के लोहरौली दुधारा, सेमरियावां, उसराशहीद, बाघनगर, पैड़ी आदि चौराहो पर घने कोहरे के कारण आवागमन में लोगो को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा और दिन में लोग अपने वाहनों की लाइटो को जलाकर चलते नजर आये। क्षेत्रीय जागरूक नागरिक युवा संघर्ष समिति के संयोजक रिजवान मुनीर, तनवीर चौधरी, अदील अहमद आदि लोगो ने प्रशासन से क्षेत्र के विभिन्न चौराहो पर अलाव जलाने की मांग की हैं।

### रविवार को होगा मतदाता पंजीकरण

**संतकबीरनगर।** अर्हता तिथि 01 जनवरी 2021 के आधार पर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचन नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के आधार पर सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदाताओं के पंजीकरण हेतु विशेष अभियान दिवस दिनांक 13 दिसम्बर 2020 (रविवार) को अर्हता मतदाताओं के पंजीकरण के साथ-साथ महिला एवं 18-19 वर्ष आयु वर्ग के मतदाताओं के पंजीकरण हेतु विशेष अभियान दिवस के रूप में मतदाताओं का पंजीकरण किया जाना उपादेय होगां जिससे आयोग की मंशा के अनुरूप महिला एवं 18-19 वर्ष आयु वर्ग के मतदाताओं के पंजीकरण का लक्ष्य प्राप्त किये जाने हेतु ज्यादा से ज्यादा पंजीकरण कराया जा सकें।

### वित्तीय वर्ष 2020-21 में मिर्जापुर के विकास हेतु 45400 लाख का परिव्यय निर्धारित

**मिर्जापुर।** प्रदेश के माननीय मंत्री बन पर्यावरण एवं जंतु उद्यान/जनपद के प्रभारी मंत्री दारा सिंह चौहान की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में वार्षिक जिला योजना 2020-21 के अनुमोदन हेतु वर्चुअल बैठक संपन्न हुई। प्रभारी मंत्री लखनऊ से वर्चुअल के माध्यम से प्रत्येक विभाग वार जिला योजना की प्रगति व निर्धारित परि व्यय के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर एनआईसी में माननीय ऊर्जा राज्य मंत्री रमाशंकर सिंह पटेल, विधायक नगर रत्नाकर मिश्र एवं सांसद प्रतिनिधि उदय पटेल के अलावा जिलाधिकारी सुशील कुमार पटेल व मुख्य विकास अधिकारी से अविनाश सिंह उपस्थित रहे।जिलाधिकारी सुशील कुमार पटेल के द्वारा वार्षिक जिला योजना 2020-21 के बारे में विभाग वार विस्तृत जानकारी दी गई। जिलाधिकारी बैठक का संचालन करते हुए बताया कि जिला योजना वार्षिक 2020-21 के अंतर्गत शासन द्वारा जनपद हेतु 45400 लाख का परि व्यय निर्धारित किया गया है, जनपद के संबंधित विभागों से प्राप्त प्रस्तावों को सम्मिलित करते हुए विभाग वार जिलाधिकारी द्वारा प्रस्तुतीकरण किया गया। जिलाधिकारी सुशील कुमार पटेल ने विभाग वार जानकारी देते हुए बताया कि कृषि विभाग के विभिन्न योजनाओं के विकास हेतु राष्ट्रीय खाद सुरक्षा मिशन के अंतर्गत 31 लाख का प्रयोग प्रस्तावित है जिसके अंतर्गत किसानों को प्रमाणित बीजों के 200 कुंतल का वितरणए 200 हेक्टेयर पर खंड प्रदर्शनए 10 बखारी का वितरणए 20 कृषि रक्षा उपकरणों का वितरण, 10000 मीटर एचडीपीई पाइप का वितरण, 20 डीजल पंप सेट, एक किसान मेला का आयोजन के आयोजन के साथ ही 12 कृषि प्रशिक्षण कार्य कराए जाने हुए लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं। राजकीय नलकूप योजना अंतर्गत 743091 लाख प्रस्तावित किया गया है जिसके अंतर्गत 17 नए नलकूपों का निर्माण एवं 100 नलकूपों के आधुनिकीकरण के कार्य कराए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। नगर विकास नगरीय पेयजल योजना अंतर्गत 378.21 लाख धनराशि प्रस्तावित है जिसके अंतर्गत नगरीय क्षेत्र में 110 नग नये हैंडपंपों का अधिष्ठापन, 80 नग हैंडपंपों का रिबोर, दो नए नलकूपों का निर्माण तथा 8 नलकूपों के रिबोर कार्य कराया जाना प्रस्तावित है।

# ठप रही निजी अस्पतालों में चिकित्सा सेवाएं,सौंपा ज्ञापन

● एलोपैथी में अन्य चिकित्सापैथी को शामिल करने पर जताया विरोध

● अन्य पैथी को आपरेशन की अनुमति देना जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ः आईएमए

संवाददाता। बस्ती



**एलोपैथी** में दूसरी पैथी को शामिल करने और उन्हे सर्जरी की अनुमति देने के विरोध में इण्डियन मेडिकल एसोसिएषन ने आपातकालीन गंभीर मरीजो के लिए अपनी सेवा जारी रखी। इसके अलावा अन्य मरीजों के लिए सेवाएं पूरी तरह ठप रही। एलोपैथी चिकित्सा के साथ आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी चिकित्सा षिक्षा को मिश्रित करने के विरोध में निजी अस्पताल, क्लीनिक, डायग्नोस्टिक सेंटर में नियमित जांच और उपचार ठप रहा। निजी अस्पतालों और क्लीनिक की ओपीडी भी बंद रही। मिश्रित पैथी के विरोध में आईएमए के सदस्यों ने प्रधानमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से प्रेषित किया। आईएमए के जिला सचिव डा0 नवीन कुमार ने बताया कि विरोध का यह सिलसिला 12 दिसम्बर को प्रात: तक जारी रहेगा। आईएमए जिला अध्यक्ष डा0 अनिल श्रीवास्तव,सचिव डा0 नवीन कुमार ने कहा कि वे किसी पैथी का विरोध नहीं करते बल्कि मिश्रित पैथी का विरोध किया जा रहा है। एलोपैथी चिकित्सा षिक्षा में खिचड़ी तंत्र लाने से विषेषज्ञ चिकित्सकों की संख्या में कमी आएगी। आयुष चिकित्सकों को 58 प्रकार की आपरेषन की अनुमति दिया जाना आम जनता के साथ मात्र धोखा के अलावा कुछ नहीं है। क्योंकि जिस षिक्षा को आयुष चिकित्सकों ने पढ़ा ही नहीं उन्हे आपरेषन करने की अनुमति देना जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने जैसा होगा। कहा कि सरकार आयुर्वेदिक डाक्टरों को सर्जरी की अनुमति दे रही है जबकि सर्जरी सिर्फ सर्जन ही कर सकता है। आयुष चिकित्सक सर्जरी करेंगे तो इसका दुष्परिणाम जनता के साथ ही एलोपैथ के चिकित्सकों को भी भुगतना पड़ेगा। अगर आयुष चिकित्सक की लापरवाही के कारण मरीज गंभीर हुआ तो अंततः वह एलोपैथ के चिकित्सक के पास ही आएगा। ज्ञापन प्रेषित करने के दौरान आईएमए अध्यक्ष, सचिव के अलावा डा0 पीके श्रीवास्तव, डा0 अभिजात कुमार, डा0 राषिद खान मौजूद रहे।

# कोरोना योद्धाओं के प्रति भारत के लोग हमेशा ऋणी रहेंगेः अमित यादव

संवाददाता। मिर्जापुर

**मानवाधिकार** हर व्यक्ति का नैसर्गिक व प्राकृतिक अधिकार है। इसके दायरे में जीवन आजादी, बराबरी और सम्मान का अधिकार आता है। मानव अधिकार से अभिप्राय व्यक्ति के जन मौलिक अधिकारों एवं आजादी से है, जिसका हर मानव हकदार है। कोरोना वैश्विक महामारी में लगाये गये लाकलाउन में पूरे ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ मानवीय सेवा करने वाले महान योद्धाओं के त्याग और बलिदान को सदैव पूरा भारत वर्ष सम्मान के साथ याद करके उनका ऋणी रहेगा । उक्त उद्गार मीरजापुर जनपद के सिविल जज सीनियर डिवीजन श्री अमित यादव ने अन्तर्राष्ट्रीय न्यायिक मानवाधिकार संरक्षण इकाई मीरजापुर द्वारा मीरजापुर के द्वारा जिला पंचायत सभागार में आयोजित कोरोना विशिष्ट सेवा योद्धा सम्मान समारोह 2020 को बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किया । कार्यक्रम का प्रारम्भ मों विन्ध्यावासिनी देवी एवं भारत माता के चित्र पर मायापण करके एवं दीप प्रज्जालन करके मुख्य अतिथि श्री अमित यादव सिविल जज सीनियर डिवीजन एवं श्री संजय वर्मा अपर पुलिस अधीक्षक मीरजापुर तथा श्री श्याम नारायण सिंह उर्फ विनीत सिंह पूर्व सदस्य विधान परिषद उ 0 प्र 0 द्वारा संयुक्त रूप से किया गया । कोविड-19 के दृष्टिगत चरणबद्ध तरीके कोरोना योद्धाओं का सम्मान अन्तर्राष्ट्रीय न्यायिक मानवाधिकार संरक्षण द्वारा कराया गया जिसमें चिकित्सा के क्षेत्र में श्री वीरेन्द्र प्रताप मित्र वरिष्ठ सहायक मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय मीरजापुर एवं श्री विनोद मौर्या पापुलर हास्पीटल मीरजापुर समाजसेवा के क्षेत्र से श्री श्याम चानू प्रजापति, विभूति कुमार मिश्रा, श्री शुभम गुप्ता, पुलिस सेवा से थानाध्यक्षा देहात अभय कुमार सिंह एवं श्री रमेश यादव थानाध्यक्षा कटरा कोतवाली ए मेडिकल सेवा से श्री प्रमोद कुमार द्विवेदी अध्यक्ष दवा विक्रेता समिति एवं पंकज केशरी महासचिव दवा विकेता समिति मीरजापुर ए सफाई सेवा से श्रीमती दुर्गा देवी सफाईकर्मी एवं महेश सोनकर सफाई नायक नगरपालिका परिषद ए मीरजापुर ए व्यापारिक सेवा से श्री शिव मुदडा महामंत्री ए उ 0 प्र 0 उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल ए जनसेवा से श्रीमती सन्ध्या गुप्ता श्री रत्लेश श्रीवास्तव ए श्री सुरेश कोल ए कु 0 सुहानी एवं प्रशासनिक सेवा श्री रजनीश कुमार जिला समन्वयक डूडा ए मीरजापुर का कोरोना विशिष्ट सेवा योद्धा सम्मान पत्र एवं स्मृति चिन्ह तथा माल्यार्पण करके स्वागत करते हुए सम्मानित किया गया। इसके अलावा मीरजापुर सोनभद्र व मदोही जनपद से 48 समाजसेवियों एवं संरक्षण के पदाधिकारियों को विशिष्ट सेवा योद्धा सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया ।

# निजी अस्पतालों में ओपीडी सेवा ठप रही

## हड़ताल के दौरान जिला अस्पताल के भरोसे रही चिकित्सकीय व्यवस्था

### कोहरे व ठंड के बावजूद 250 से अधिक मरीजों की हुई ओपीडी

संवाददाता। मऊ



**इंडियन** मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के आहवान पर शुक्रवार को हड़ताल को देखते हुए जिले की पूरी चिकित्सा व्यवस्था जिला अस्पताल के ही भरोसे रही। पूरे दिन सरकारी चिकित्सकों ने चिकित्सा व्यवस्था की बागडोर संभाले रहा। कोहरे व ठंड के बावजूद 250 से अधिक मरीजों की ओपीडी किया गया। साथ ही काफी संख्या में मरीज चिकित्सकों के कक्षों के सामने उपचार कराने के लिए जुटे दिखाई दिए। जिला अस्पताल में वर्तमान समय में कुल 16 चिकित्सकों की तैनाती है। इसमें दंत चिकित्सक के रुप में डॉ. सीपी आर्या समेत अन्य चिकित्सक मरीजों को देखने में व्यस्त रहे। ओपीडी, सिटी स्कैन, दवा वितरण कक्ष, पंजीकरण कक्ष, पैथोलाजी में काफी संख्या में मरीजों की भीड़ देखा गया। पैथोलाजी में दरोगा सिंह, अनिल गुप्ता, विनीत यादव, संतोष कुमार, सुनील यादव, मनोज कुमार आदि लड की जांच करते देखे गए। उधर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के आहवान पर शुक्रवार को निजी अस्पतालों में ओपीडी सेवा पूरी तरह से ठप रहा। इस दौरान आईएमए चिकित्सकों की हुंकार पर सभी निजी अस्पतालों के चिकित्सकों ने अपनी एकजुटता का प्रदर्शन करते हुए जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर प्रधानमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा।

हड़ताल के दौरान मुख्य रुप से इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ब्रांच के जिलाध्यक्ष डॉ. पीएल गुप्ता, डॉ. सीएस साहनी, डॉ. जयनाथ सिंह, डॉ एसएन प्रसाद, डॉ रितेश अग्रवाल, डॉ. अनिल कुमार डा. ज्ञानेंद्र सिंह, डॉ. अरुण कुमार गुप्ता, डॉ. राशिद निसार, डॉ. नवीन चंद्र अग्रवाल, डॉ. राजकुमार सिंह, डॉ.ओपी सिंह, डॉ. एसएन राय, डॉ.कुसुम वर्मा, डॉ. आशीष वर्मा आदि शामिल रहे।

# किसानों के लिए मीठा जहर साबित होगा कानून: अनुज यादव

**चित्रकूट**। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर सपा जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव ने पांचवे दिन किसान पद यात्रा एवं किसान चौपाल में अगरहुण्डा, नहरा, रमपुरवा व बसहर तथा पिलखिनी गांव में बैलगाडी से दौरा कर सरकार के किसानों के विरोध में बनाये कानूनों की हकीकत बताई।

शुक्रवार को सपा जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव ने किसानों से कहा कि कृषक उत्पाद व्यापार एवं वाणिज्य अधिनियम 2020 किसानों के लिए आगामी कालखण्ड में मीठा जहर साबित होगा। ये कानून उद्योगपतियों के लिए किसानों के शोषण के द्वार खोलने वाला है। एपीएनसी मंडियों को खत्म कर देगा। बाजार का कंट्रोल पूरी तरह चन्द उद्योगपतियों के हाथ में होगा। आवश्यक वस्तु अधिनियम से महंगाई बढेगी। जमाखोरी करने का लाइसेंस उद्योगपतियों को मिल जायेगा।

# छात्रवृत्ति के लिए जरूरी कागजों का सत्यापन जिम्मदारी से करें : डीएम

### इंस्टीटयूट नोडल अधिकारी की गतिविधियों के प्रभावी पर्यवेक्षण को संस्था के प्रधानाचार्य व प्रबंधक को उत्तरदायी बनाया गया

संवाददाता। देवरिया

**जिलाधिकारी** अमित किशोर ने बताया है कि केन्द्र सरकार द्वारा संचालित नेशनल स्कालरशिप पोर्टल पर प्री-मैट्रिक, पोस्ट मैट्रिक मेरिट कम-मीन्स छात्रवृत्ति वर्ष 2020-21 के क्रियान्वयन हेतु दिशा निर्देश निर्गत किये गये है। इस पोर्टल पर स्टैन्डर्ड आपरेटिंग प्रोसीजर के अन्तर्गत पोर्टल के इस्टीटयूट नोडल अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई किये जाने के भी निर्देश दिये गये हैं।

जिलाधिकारी ने बताया कि इस्टीटयूट नोडल अधिकारी स्तर-1 के सत्यापन का उत्तरदायित्व होगा कि आनलाइन आवेदनपत्रों के साथ आय प्रमाणपत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति, बोनाफाइड सर्टिफिकेट, बैंक पासबुक की छायाप्रति संलग्न कर सुरक्षित करेगें। सत्यापित हार्डकापी को विद्यालय के प्रधानाचार्य भी प्रमाणित करेगें। प्रमाणित सूची एवं आवेदन की हार्डकापी जनपदीय नोडल अधिकारी के सम्मुख प्रस्तुत की जाएगी।

आनलाइन आवेदनों को नवीन एवं नवीनीकरण श्रेणी की हार्डकापी अलग-अलग करते हुए पांच वर्षो तक अपने विद्यालयों में सुरक्षित रखगें तथा इंस्टीटयूट नोडल अधिकारी की गतिविधियों के प्रभावी प्रर्यवेक्षण के लिये संस्था के प्रधाचार्य, प्रबंधक को उत्तरदायी बनाया गया है। पोर्टल के माध्यम से पहचाने संदीग्ध आवेदनो को पुन: सत्यापन के लिये वापस किया जायेगा। हास्टल के छात्र-छात्राओं को हास्टल की सुविधा तभी प्रदान की जाये जब संस्थाओं में हास्टल की सम्पूर्ण व्यवस्था लागू हो। छात्रों द्वारा किये गये आनलाईन आवेदनो को इस्टीटयूट नोडल अधिकारी द्वारा संस्था के मूल अभिलेखों से पूर्णत: मिलान करने के बाद ही स्तर-1 से अग्रसारित किया जायेगाए जिसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही होगी।

प्री-मैट्रिक, पोस्ट मैट्रिक मेरिट कम- मीन्स छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत पोर्टल पर आनलाइन किये जाने वाले छात्र-छात्राओं के आवेदन पत्रों को प्रधानाचार्य व इंस्टीटयूट नोडल अधिकारी अपनी लागिन आईडी पासवर्ड से अग्रसारित करेंगें।

# दीवानी न्यायालय के परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन का लिया जायजा

### तैयारियां पूरी



**देवरिया।** शुक्रवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवरिया के तत्वावधान में दीवानी न्यायालय देवरिया के परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का भव्य आयोजन किया जायेगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के सचिव न्यायाधीश शिवेन्द्र कुमार मिश्र ने कहा कि लोक अदालत में समस्त वादों के निस्तारण हेतु सभी विभागों के विभागवार कैम्पों को लगाकर वादों का निस्तारण किया जायेगा। किसी भी पीड़ित व्यक्ति का मामला जो कि बैंक ऋणए दुर्घटना बीमाए श्रम विभागए विद्युत विभागए राजस्व विभाग परिवारिक मामलें या अन्य कोई भी सुलहनीय मामला हो प्रार्थना पत्र लेकर राष्ट्रीय लोक अदालत में गठित पीठों द्वारा निस्तारण कराया जायेगा एवं समस्त विभाग जिनमें जनपद से सम्बंधित समस्त उपजिलाधिकारीए तहसीलदारए प्रभागीय वनाधिकारीए वाटमाप निरीक्षकए उप संभागीय परिवहन अधिकारीए सहायक सूचना निदेशकए अधिशासी अभियंता जल निगमए श्रम सहायक आयुक्तए अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खण्डए दूर संचार जिला प्रबन्धक ;बी0एस0एन0एल0द्धए अधिशासी अधिकारी नगर पालिका व जिला आबकारी अधिकारीए बैंकों के वरिष्ठ शाखा प्रबंधकए शाखा प्रबंधकए ऋण प्रबंधक एवं दुर्घटना बीमा से संबंधित मामलों के निस्तारण के लिए समस्त बीमा कंपनी के मण्डलीय प्रबंधक व शाखा प्रबंधक के माध्यम से अपने स्टाल को लगाकर वादों को निस्तारित किया जायेगा। उन्होंने समस्त न्यायिक अधिकारियोंए अधिवक्ताओंए जिले के समस्त विभागों के अधिकारियोंए समस्त बैंकों एवं बीमा कंपनियों के वरिष्ठ शाखा प्रबंधकोंए शाखा प्रबंधकों एवं ऋण प्रबंधकों को इस राष्ट्रीय लोक अदालत को वृहद् लोक अदालत में अपनी महती भूमिका निभाने का आह्वान किया। वैश्विक महामारी कोरोना (कोविड.19) से बच.बचाव हेतु मास्कए साबुन एवं सेनेटाईजर का व्यापक स्तर पर लोक अदालत में वितरण किया जायेगा।

# एसडीएम ने सीएचसी का निरीक्षण कर जानी हकीकत जानी

संवाददाता। सरीला (हमीरपुर)

**एसडीएम** ने सीएससी का औचक निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिये है। एसडीएम जुबैर बेग ने बताया कि चिकित्साधिकारी द्वारा डॉ कमलेंद्र का परिवार नियोजन के प्रशिक्षण में जिला अस्पताल झांसी तथा मजीद अहमद का एग्रीकल्चर डेवलपमेंट राठ कार्यालय में सरकारी कार से जाना बताया। जबकि घनश्याम छुट्टी पर होने की जानकारी दी गई है। एसडीएम ने ओपीडी, प्रसव कक्ष व स्टोर रूम का भी निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने साफ सफाई चुस्त-दुरुस्त रखने के निर्देश चिकित्सा अधिकारी आरपी वर्मा को दिए हैं। निरीक्षण के दौरान सीएससी में अफरा-तफरी का माहौल रहा। इसके बाद एसडीएम ने नगर पंचायत की सीमा में सरीला ममना सड़क किनारे लगाई जा रही इंटरलॉकिंग के कार्य का भी निरीक्षण किया तथा ग्राम न्यायालय के लिए अधिकृत भवन के मरम्मत के काम को भी देखा।

# बांदा के किसान बोले-आंदोलन करें या बच्चों के पेट भरें

### किसान खेतों में बुआई व सिंचाई में व्यस्त

संवाददाता। बांदा

**जिले** के किसान खेतों में सिंचाई करने के साथ-साथ रबी की बोआई में तल्लीन हैं। किसान आंदोलन से दूर-दूर तक वास्ता नहीं है। पैलानी के श्यामाचरण मिश्रा हों या किसान दादू बोले आंदोलन के चक्कर मा पड़िबै तो पैदावार कैसे होई। वैसे भी सरकार किसान बिल से हालत सुधारै मां लगी है। प्रधानमंत्री आय बढ़ावै के जतन करि रहे हैं। दोनों कहते हैं हमारे पास बेवजह बातों का समय ही नहीं है। अभी पहले बोई गेहूं की फसल में पानी मिलना आवश्यक है। किसान आंदोलन की चर्चा छेड़ते किसान रामनारायण सोनकर कहते हैं कि खेतों में रखवाली करन कि किसान आंदोलन में भाग ल्यान। वे सवाल दागते हैं बाल बच्चन का कैसे जियावन आंदोलन वाले हमार बाल बच्चन का थोड़ा खवा दैहैं।

मोदीजी ने यह कानून अगर किसान हित का बनाओ है तो जरूर हमें आगे लाभ हुई श्। उनका कहना है कि हमें मोदी पर ही भरोसा है। प्रदेश में योगी जी मुख्यमंत्री हैं। किसान के लिए छह हजार रुपये खाते में भेज रहे हैं। अब आप बताओ कि हम किस हक से आंदोलन करें। रामनारायण बोले श्योगी बाबा (मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ) बुंदेलखंड का भरपूर बिजली भी दे रहे हैं। बिजली य समय आवत है 25 नवंबर के पहले जो ख्यात के बुवाई हुई गए उन खयातन मा पहल पानी हम न लगइबे तो बाल
किसान रामदास द्विवेदी कहते हैं कि हमें खेत में पानी लगाने से फुर्सत नहीं है कौन आंदोलन करे। आंदोलन के चक्कर में हमार खया तन का फसल भी उजड़ जाई तव क्या आंदोलनकारी हमार ख्यात बचा लैहैं। परसौड़ा गांव के किसान श्यामाचरण मिश्रा का कहना है कि अगर हम आंदोलन के चक्कर में पड़ गए तो जरूर हमारे खेतों की हालत खराब हो जाएगी। फसल ज्यादा पैदा न हुई तो जो रकम खेत में लगाई है वह क्या आंदोलन से निकल आएगी।

# वोटर महा अभियान के तहत अधिक से अधिक नये बोटर बनवाएं: जिलाध्यक्ष

### भाजपा पदाधिकारियों ने की बैठक

संवाददाता। कन्नौज

**भारतीय** जनता पार्टी जिला कार्यालय पर विधानसभा कन्नौज की एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष नरेंद्र राजपूत ने और संचालन जिला महामंत्री रामवीर कठेरिया ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में श्री राजेन्द्र सिंह चौहान मौजूद रहे। मुख्य अतिथि राजेन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि, पिछले विधानसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की हारी हुई सीटों पर एक एक प्रभारी संगठन के द्वारा नियुक्त किये गए हैं। इन सभी प्रभारियों को विधानसभा चुनाव तक संगठन के द्वारा प्रस्तावित कार्यों को आवंटित विधानसभाओं में पार्टी के कार्यक्रमों को सुचारू रूप से सफल बनाने का काम करना है।

इसी क्रम में मुझे विधानसभा कन्नौज का प्रभारी बनाया गया है। अभी मतदाता पुनरीक्षण अभियान 15 दिसम्बर तक चलना है, आप सभी जिला पदाधिकारी और मण्डल अध्यक्ष सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को इस अभियान से अवगत कराएं और 13 दिसंबर वोटर महाअभियान के तहत ज्यादा से ज्यादा संख्या में नए वोटरों के फार्म भरवाने का कार्य करें। ये सबसे महत्वपूर्ण कार्य है किसी भी चुनाव की रणनीति का। इसलिए अभी इस कार्य को गति प्रदान करते हुए नए वोट बनवाने का काम प्राथमिकता पर करना है। बैठक में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक बनवारी लाल दोहरे, अजय बर्मा ब्लॉक प्रमुख, सौरभ कटियार, राम शंकर सिंह लोधी, विजय मिश्रा, रामजीवन राजपूत, दीपक कटियार, अजय बर्मा, अवनीश कटियार, मनीष दुबे, आशू दुबे, रजनीश राजपूत, रामबाबू कटियार, लोकेंद्र सिंह, प्रदीप कटियार, अंगद कटियार आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# कोहरा शुरू होते ही विद्युत आपूर्ति व्यवस्था चरमराई

सकलडीहा (चन्दौली)। इसे विडम्बना कहे या विद्युत विभाग की घोर लापरवाही। बीते तीन साल कोहरा शुरू होते ही तहसील मुख्यालय फीडर से जुड़ी दर्जनों गांव की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था चरमरा जाती है। विभागीय अधिकारी हर साल व्यवस्था को ठीक कराने का दावा किया जाता है, लेकिन ठेकेदार और अधिकारियों की खोखला वादा के कारण उपभोक्ताओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके बाद भी विभागीय अधिकारी चुप्पी नही तोड़ रहे है।

तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के कार्यकाल में प्रत्येक तहसील मुख्यालय पर करोड़ों की लागत से विद्युत उपकेन्द्र खोला गया था। जिससे तहसील मुख्यालय के आसपास गांव को सुचारू रूप से बिजली मिल सके।

# समाज की उन्नति के लिए सेवा भाव की आवश्यकता: अनिल राजभर

### कैबिनेट मंत्री ने किया दंत हॉस्पिटल का शुभारम्भ

संवाददाता। मुगलसराय (चन्दौली)



**स्थानीय** नगर के बेचूपुर नई बस्ती स्थित मल्टी स्पेशियालिटी अदित्री बाल व दंत हास्पिटल का शुक्रवार को कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर व जिले के प्रभारी मंत्री रमाशंकर पटेल ने शुभारम्भ किया। हास्पिटल प्रभारी डा. निधि सिंह ने बताया कि उक्त अस्पताल को दंत रोग और बच्चों के विभिन्न रोगों हेतु आवश्यक सुविधाओं से सुसज्जित कर स्पेशलिस्ट चिकित्सकों द्वारा इलाज की व्यवस्था की गयी है। एनआईसीयू सहित टीकाकरण वेंटिलेटर फोटो थेरेपी वार्मर आक्सीजन आदि की सुविधाएं मौजूद हैं। प्रभारी मंत्री व उर्जा राज्य मंत्री रमाशंकर पटेल ने कहा कि समाज के उनन्यन विकास हेतु सेवा भाव की आवश्यकता होती है। सेवा मे ईश्वर का वास होता है इसलिए हमारी सेवा भावना से समाज का उन्नयन विकास होगा। अनिल राजभर ने कहा कि सबके सुख दुख की चिंता करने वाला ही ईश्वर है। सकारात्मक सोच से कुछ नया करने वाले हमेशा पटल पर रहे हैं। चन्दौली के लिए उक्त अस्पताल बहुत बड़ी उपलब्धि है। विश्वास और यकीन के पेशे मे आप व्यावहारिकता दिखाएं। सेवा से जनता को सतुष्ट करना ही सबसे बड़ा मूलमंत्र होना चाहिए। इस मौके डा. आर सिंह, राणा प्रताप सिंह, ओमप्रकाश सिंह, अनिल गुप्ता, राजकिशोर सिंह, डा. निलिमा सिंह, डा. आरके सिंह आदि मौजूद रहे।

# बंगाल अराजकता के युग मे जा चुका है: पवन

**देवरिया**। भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यसमिति सदस्य पवन कुमार मिश्र ने बंगाल में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय और भाजपा युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या सहित भाजपा नेताओं के ऊपर हमले की निंदा करते हुए कहा कि बंगाल में टीएमसी के कार्यकर्ताओं ने अराजकता की हद कर दी है। टीएमसी कार्यकर्ता अपने मुखिया ममता बनर्जी के इशारे पर भाजपा कार्यकर्ताओ और नेताओं पर लगातार हमले कर रहे है। टीएमसी के कार्यकर्ता गुंडई के बल पर बंगाल की संस्कृति और संस्कार का अपमान कर रहे है। तृणमूल शासन में बंगाल अत्याचारए अराजकता और अंधकार के युग में जा चुका है। ममता बनर्जी बंगाल में प्रजातंत्र का गला दबाने का कार्य कर रही हैए टीएमसी कार्यकर्ताओं की गुंडागर्दी ज्यादा दिन नही चलेगी।

# डीआरएम ने रेलवे स्टेशन का निरीक्षण कर परखी हकीकत

संवाददाता। गुरसहायगंज (कन्नौज)

**डीआरएम** ने स्पेशल ट्रेन द्वारा स्थानीय रेलवे स्टेशन पहुंचकर निरीक्षण करनें के उपरान्त नागरिकों की समस्याए सुनी। इस दौरान नगर विकास मंच के पदाधिकारियों ने कोरोना संक्रमण काल से बंद चल रही ट्रेनों के संचालन व टिकट वितरण की मांग की है। जिस पर डीआरएम ने नागरिकों की समस्याओं के निस्तारण का भरोसा दिलाया। शुक्रवार को स्थानीय रेलवे स्टेशन पर डीआरएम आशुतोष पंत की स्पेशल ट्रेन रेलवे स्टेशन पहुंची जिससे रेलवे कर्मियों में हड़कंप मच गया।

इस दौरान उन्होने स्टेशन के कार्यालयों सहित कन्ट्रोल रुम, प्रतीक्षालय, शौचालय व परिसर में साफ सफाई व्यवस्था का जायजा लेनें के उपरान्त नागरिकों की समस्याएं सुनी। इस दौरान नगर विकास मंच के अध्यक्ष हरिओम गुप्ता ने सौपे गए ज्ञापन में कहा है कि इस रूट पर डेली चलने वाली पैसेंजर व एक्सप्रेस ट्रेनों का संचालन बंद होने से नागरिकों सहित व्यापारियों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। तथा जानकारी के अभाव में नागरिक कालिंद्री एक्सप्रेस ट्रेन यात्रा नहीं कर पा रहे हैं। यात्रियों के लिये कालिंद्री एक्सप्रेस की जनरल टिकट प्रक्रिया शुरू की जाए। रेलवे स्टेशन पर ओवरब्रिज का निर्माण कार्य कराया जाए तथा स्टेशन परिसर में जीआरपी चौकी की स्थापना की जाए। जिससे यात्रियों को आपातकाल में सहायता मिल सके। डीआरएम आशुतोष पंत ने हरिओम गुप्ता सहित नागरिकों की समस्याओं का निस्तारण कराए जाने का आश्वासन दिया।

# विद्यार्थी परिषद ने सामाजिक समरसता कार्यक्रम मनाया

संवाददाता। मौदहा (हमीरपुर)

**अखिल** भारतीय विद्यार्थी परिषद हमीरपुर की मौदहा नगर ईकाई से सामाजिक समरसता कार्यक्रम मनाया कस्बे के सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज मे संविधान निर्माता डा. (बाबा साहब)' की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य मे विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं एव विद्यालय के आचार्यो द्वारा छात्र-छात्राओं को बाबा साहब की जीवन शैली और उनके सामजिक कार्यो को बताया।तहसील संयोजक अर्पित पाठक व आचार्य अशोक ने समरसता के विषय मे प्रकाश डाला।वही आज के कार्यक्रम मे कार्यक्रम संचालक राघवेंद्र आचार्य रामनरेश,अशोक,बाल गोविंद तथा विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता आशीष कुमार, हृदयान्श , हृदयेश एव कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# माध्यमिक शिक्षकों की समस्याओं को लेकर डीआईओएस को दिया ज्ञापन

संवाददाता। देवरिया



**अटेवा** देवरिया का एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेश संगठन मंत्री राजीव यादव तथा जिला अध्यक्ष जयप्रकाश कुशवाहा के नेतृत्व में माध्यमिक शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं को लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक देवरिया से मिला प्रतिनिधिमंडल ने नव युक्त शिक्षकों के चार महीनों से वेतन ना मिलने की समस्याओं से अवगत कराया तथा कहा कि शिक्षकों को वेतन न मिलने के कारण आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है इसे तत्काल हल कर वेतन का भुगतान सुनिश्चित करें प्रतिनिधिमंडल ने वेतन से एमपीएस कटौती का धर्म दिसंबर 2019 से अब तक शिक्षकों के एनपीएस खाते में ना भेजे जाने के बारे में भी अवगत कराया गया तथा कहा गया कि इसे तत्काल संज्ञान में लेकर कटौती के धन को शिक्षकों के एनपीएस खाते में भेजना सुनिश्चित कराया जाए यदि समस्या का समाधान नहीं किया गया तो अटेवा देवरिया आगे की रणनीति पर विचार कर आर-पार की लड़ाई लड़ेगी । प्रतिनिधिमंडल में संगठन मंत्री मदन सिंह पटेल, जिला उपाध्यक्ष कन्हैया सिंह यादव, देवेंद्र कुमार सिंह, डॉ राजेश कुमार सिंह, करुणेश सिंह , बृजेश कुमार यादव, बृजेश कुमार मौर्या, गोपाल सिंह, जितेंद्र कुमार यादव, संदीप यादव, उमेश यादव , शैलेंद्र कुमार, प्रमोद कुमार, अभय कुमार, जितेंद्र कुमार विश्वकर्मा, गोविंद, व्यास यादव, शिवम पटेल, अजयवीर सिंह, सोनू कुमार, नीरज कुमार श्रीवास्तव, संतराम, अमित कुमार, संजय कुमार सिंह, प्रतिभा श्रीवास्तव आदि सम्मिलित रहे ।

# सेंध मारकर कपड़े की दुकान से लाखों की चोरी

धानापुर (चन्दौली)। थाना से महज कुछ फासले पर स्थित एक कपड़े की दुकान में हौसला बुलंद चोरों ने दुकान के पीछे से सेंध मारकर उसमें से लगभग लाख रुपये के कीमती कपड़े पर हाथ साफकर दिया। बताया जाता है कि थाना से लगभग 20 मीटर की दूरी पर श्यामू यादव की कपड़े की दुकान है जो प्रतिदिन की भांति गुरुवार की देर शाम बंद करके अपने घर नरौली चला गया। तभी रात में चोरों ने पीछे से सेंध मारकर दुकान में रखे 100 कीमती साड़ी एवं नगदी सहित ने कीमती कपड़े उठा ले गये। चोरी के जानकारी प्रात: नौ बजे हुई जब श्यामू यादव दुकान प्रतिदिन की तरह खोलने पहुंचे। बिखरा सामान देखर वह सन्न हो गए। भुक्तभोगी ने बताया कि दो दिन पहले ही लगभग एक लाख का सामान लाया था जनजोने स्थानीय थाने में तहरीर दे दी है। पुलिस जांच में जुट गई है। थाने के पास चोरी होने से व्यापारियों में काफी दहशत देखी जा रही है।

# बाबा राघव दास की जयंती से पूर्व किया गया दीपदान

संवाददाता। देवरिया



**अखिल** भारतीय विद्यार्थी परिषद बरहज नगर इकाई द्वारा राघवदास जी के जंयती के पूर्व संध्या पर बरहज के बाबा राघवदास पार्क स्थित पार्क की साफसफाई व बाबा राघवदास जी की प्रतिमा की सफाई किया गया व माल्यार्पण कर दीपदान किया गया। जिसमे प्रान्त उपाध्यक्ष डा. विनय तिवारी जी उपस्थित रहे जिन्होंने प्रतिमा पर माल्यार्पण किया कहा कि राघवदास जी स्वच्छता सेवा के प्रतिमूर्ति है समाज के प्रत्येक व्यक्ति को इनके जीवन से शिक्षा लेते हुए समाज की सेवा एवं स्वच्छता का अलख जागये रखना चाहिये यही राघवदास के सपने को साकार करेगाए जिला संयोजक शिवम निषाद के कहा कि राघवदास शिक्षा के विकास एवं महिला शशक्तिकरण के लिए सदैव संघर्ष किये जिनके नाते समाज सदैव उन्हें याद करता है कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रान्त कार्यकारणी सदस्य शुभम निषाद, नगर अध्यक्ष खड्ग बहादूर यादव, संघ के नगर बौद्धिक प्रमुख संतोष मद्धेशिया, प्रदीप मिश्रा, सुनील दीक्षित, नगर मंत्री प्रीति चौहान, सोनाली सोनकर, छात्रा सहप्रमुख मुस्कान गुप्ता, पंकज शर्मा, आकांक्षा गुप्ता, आंचल गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, श्रद्धानंद तिवारी, आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# कार-बाइक टक्कर में वृद्ध महिला की मौत तीन घायल

चकिया (चंदौली)। स्थानीय क्षेत्र के बनरसिया माइनर के पास सुबह बाइक व कार में टक्कर होने से चार लोग घायल हो गए, जिसमें एक महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार बताया गया कि इलिया थाना क्षेत्र के डेहरी खुर्द गांव निवासी जितेंद्र चौहान (30 वर्ष) अपनी सास भाग्यवंती देवी (56 वर्ष) के साथ अन्य दो बच्चों को लेकर नौगढ़ थाना क्षेत्र के अमृतपुर गांव जाते समय बनरसिया माइनर के समीप एक अनियंत्रित कार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे एक ही बाइक पर सवार चारों लोग गिरकर बुरी तरह घायल हो गए। घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से जिला संयुक्त चिकित्सालय इलाज के लिए भेजा गया,जहां इलाज के दौरान भगवंती देवी ने दम तोड़ दिया। जबकि घायल जितेंद्र, खुशबू व रितेश घायल हो गए। सूचना पर पुलिस ने वहीं से कार सहित चालक को अपने हिरासत में ले लिया।

पायनियर
लखनऊ, शनिवार, 12 दिसंबर 2020



# जेपी नड्डा के काफिले पर हमला कायराना हरकतः हरिओम मिश्र

● भाजपा जिलाध्यक्ष ने उठाई जांच की मांग

संवाददाता। प्रतापगढ़



**पश्चिम बंगाल** में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के काफिले पर हुए हमले की भाजपा जिला अध्यक्ष हरिओम मिश्र ने कड़े शब्दों में निंदा करते हुए घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। उन्होंने कहा कि भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के काफिले पर हमला अत्यंत कायराना हरकत है। इसकी जितने भी कड़े शब्दों में निंदा की जाए, कम है। उन्होंने कहा कि विरोध के स्वर सुनना ही लोकतंत्र है, लेकिन बंगाल की सरकार हर हाल में विपक्ष की आवाज दबाना चाहती है। लोकतंत्र में ऐसी घटना के लिए कोई स्थान नहीं है। इसका बंगाल की जनता बखूबी जवाब देगी। उन्होंने कहा कि घटना की उच्च स्तरीय जांच और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। श्री मिश्र ने कहा की लोकतंत्र में विरोध जायज है, लेकिन सुनियोजित साजिश के तहत जिस तरह घटना को अंजाम दिया गया, उसे कतई स्वीकार नहीं किया जा सकता।

पश्चिम बंगाल में पहले भी टीएमसी के इशारे पर भाजपा कार्यकर्त्ताओं और राष्ट्रवादी व्यक्तियों पर हमले किए गए और बड़ी संख्या में उनकी हत्याएं की जा रही हैं। इस घटना से पूरे देश में आक्रोश है। ममता बनर्जी के इशारों पर पश्चिम बंगाल पुलिस भाजपा और आरएसएस कार्यकर्त्ताओं का उत्पीड़न कर रही है। इसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसी क्रम में भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राघवेंद्र नाथ शुक्ल ने घटना की निंदा करते हुए कहा कि बंगाल में भाजपा के बढ़ते जनाधार को देखकर ममता बनर्जी बौखला गई हैं। इसीलिए इस तरह की घटनाओं को टीएमसी सरकार अंजाम दे रही है। वहीं दूसरी ओर सदर विधायक राजकुमार पाल ने घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि यह घटना वर्तमान राजनीतिक दलों का रवैया उनके दोहरे चरित्र को प्रदर्शित करता है। जिसकी जितनी भर्त्सना की जाए वह कम है उन्होंने घटना की जांच कराकर कार्यवाही की मांग की।

# भाजपा के सच्चे सिपाही थे स्व. केदार बक्श सिंहः स्वतंत्र देव सिंह



**बाराबंकी।** वयोवृद्ध भाजपा नेता स्वर्गीय केदार बक्श सिंह के जलालपुर स्थित आवास पर शुक्रवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह पहुचें और उनकों श्रद्धाजंलि अर्पित करते हुए नमन किया। उनको याद करते हुए सिंह ने कहा कि जिले में भाजपा के स्थापना से लेकर वर्तमान तक पार्टी के लिए सदैव समर्पित रहे। उन्होने ने कहा कि बाबू केदार बक्श जी के निधन से पार्टी को अपूर्णनीय क्षति हुई है, उन्होनें हमेंशा पार्टी की सच्ची लगन से सेवा की है और उनके जाने के उपरान्त हमेशा उनकी कमी महसूस होती रहेगी। अभी एक दिसम्बर को आदरणीय केदार बाबू एमएलसी चुनाव में मतदान करने पहुचें थे। उनके परिवार के प्रति हमारी संवेदना हमेशा रहेगी। उनके पुत्र वरिष्ठ भाजपा नेता अजीत प्रताप सिंह बीजेपी के सच्चे सिपाही के रुप में कार्य किया है और करते रहेंगें। उक्त मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष विजय बहादुर पाठक, सांसद उपेन्द्र सिंह रावत, जिलाध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव, युवामोर्चा जिलाध्यक्ष रोहित सिंह सहित तमाम भाजपाई मौजूद रहे।

## प्रदेश महासचिव बनाये जाने पर कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर

**रामसनेहीघाट बाराबंकी।** विस दरियाबाद क्षेत्र के कस्बा इचौली के रहने वाले क्षेत्र पंचायत सदस्य जमशेद वली जम्मू को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश सचिव सेप्रमोट करके प्रदेश महासचिव बनाये जाने पर जनपद सहित विधानसभा के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गयी। और जम्मू को बधाई देने वालो का ताता लगा रहा जम्मू को कांग्रेस संगठन में मनोनीत किये जाने से आने वाले पंचायत चुनाव और विधानसभा चुनाव में पार्टी को बहुत मदद मिलेगी ।स्वच्छ व ईमानदार व्यक्ति होने पर समाज के हर वर्गो में अच्छी पकड़ बताई जा रही है । बधाई देने वालो में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य वीरेन्द्र प्रताप सिंह, अब्दुल्लाह शेर खान, ज़िला सचिव मनीष रावत, आफाक अहमद इफ्फू आलोक श्रीवास्तव, सुरेन्द्र सिंह, जान मोहम्मद, मिथिलेश गौतम,राजू मियां, फराज अहमद आदि लोगों ने प्रदेश नेताओं के प्रति आभार व्यक्तकिया।

## क्विक न्यूज

### अपराध, कानून व्यवस्था एवं अभियोजन कार्यों को लेकर डीएम व एसपी ने की बैठक

**अमेठी।** जिलाधिकारी अरुण कुमार व पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह ने संयुक्त रूप से कल देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में अपराधए कानून व्यवस्था एवं अभियोजन कार्यों को लेकर सभी उप जिलाधिकारियों, पुलिस क्षेत्राधिकारी व थानाध्यक्षों के साथ बैठक कर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने भूमि विवाद निस्तारण, आपसी रंजिशए अपराध रोकथामए विवेचना निस्तारण, अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु पाबंदी की कार्यवाही, गुंडा एक्ट, जिलाबदर एवं हिस्ट्रीशीटर आदि की समीक्षा किया तथा अपराधियों पर सतर्क दृष्टि बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महिला उत्पीड़न, पास्को एक्ट, हत्या, बलात्कार, अपहरण, दहेज प्रथा आदि प्रकरणों में त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि पॉस्को अधिनियम वाले मामलों पर विशेष ध्यान देते हुए 2 महीने के अंदर निस्तारित कराएं। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने सभी सीओ व थानाध्यक्षों को निर्देश दिए कि जघन्य अपराधियों के विरुद्ध पुरस्कार घोषित किए जाएं। उन्होंने कहा कि जिन अपराधियों को 6 माह के लिए जिला बदर किया गया है वह 6 माह तक जिले से बाहर रहे यह व्यवस्था सभी थानाध्यक्ष सुनिश्चित करेंगे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि वर्तमान में कोविड.19 के संक्रमण से बचाव एवं रोकथाम हेतु जो लोग गाइडलाइन का पालन नहीं कर रहे हैं उन पर कड़ी कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि मास्क न लगाने वालेए सोशल डिस्टेंसिंग का पालन न करने वालेए अकारण समूह बनाकर खड़े रहने वालेए ट्रिपलिंग करने वाले व्यक्तियों की सघन चेकिंग करें तथा जुर्माना भी लगाएं। बैठक में अपर जिलाधिकारी वंदिता श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक दयाराम सरोज, समस्त उपजिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी व थानाध्यक्ष मौजूद रहे।

### कुपोषित बच्चों एवं धात्री महिलाओं को सुविधा उपलब्ध करायी जायेः डा. नीता साहू

**प्रतापगढ़।** लोक निर्माण विभाग के स्थानीय गेस्ट हाउस प्रतापगढ़ में उत्तर प्रदेश राज्य बाल संरक्षण आयोग की सदस्य डा0 नीता साहू ने मिशन शक्ति एवं शिक्षा का अधिकार अधिनियम, नो चाइल्ड लेबर व पोषण अभियान की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। उत्तर प्रदेश राज्य बाल संरक्षण आयोग की सदस्य ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मिशन शक्ति के तहत नियमित कार्यक्रम सुचारू रूप से संचालित किया जाये और उसकी सूचना ससमय सम्बन्धित को प्रेषित की जाये। उन्होने जिला कार्यक्रम अधिकारी से वार्ता के दौरान निर्देशित किया कि कुपोषित बच्चों एवं धात्री महिलाओं को शासन द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार सुविधा उपलब्ध करायी जाये, साथ ही श्रम प्रर्वतन अधिकारी को निर्देशित किया गया कि बाल श्रम की शिकायत प्राप्त होने पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करायी जाये। बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वदानन्द, जिला प्रोबेशन अधिकारी रन बहादुर वर्मा, श्रम प्रर्वतन अधिकारी डा0 महेन्द्र प्रताप सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर, बाल विकास परियोजना अधिकारी सदर एवं समन्वयक बेसिक शिक्षा विभाग, संरक्षण अधिकारी एवं महिला कल्याण अधिकारी आदि लोग उपस्थित रहे।

### पूर्व मंत्री रामलाल राही के निधन पर प्रमोद तिवारी व मोना ने जताई संवेदना

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य व आउटरीच एण्ड को-आर्डिनेशन कमेटी के उप्र प्रभारी प्रमोद तिवारी व नेता कांग्रेस विधानमण्डल दल आराधना मिश्रा मोना ने पूर्व केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री रामलाल राही के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। नेताद्वय ने अपने शोक संदेश मे कहा कि अनुसूचित जाति मे निहायत साधारण परिवार मे जन्म लेने वाले पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्व. राही ने अपने संघर्ष, नेतृत्व क्षमता व योग्यता के बल पर पूर्व प्रधानमंत्री नरसिंह राव की सरकार मे मंत्री बनकर गृह विभाग की महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों का बखूबी निवर्हन किया। उन्होने कहा कि स्व. राही कई बार सांसद व विधायक निर्वाचित होकर अनुसूचित जाति का मान बढ़ाया। उनके निधन से एक ईमानदार व साथ सुथरी राजनीति करने वाले राजनेता की समाज को सदैव कमी महसूस होती रहेगी।

### कोहरे से बढ़ी लोगों की मुसीबतें

**लालगंज, प्रतापगढ़।** इलाके के लोगों को गुरूवार की रात से ही घने कोहरे की मार का सामना करना पडा। गुरूवार की रात कोहरा शुरू हुआ तो दूसरे दिन शाम तक क्षेत्र मे कोहरे का प्रकोप दिखाई दिया। सड़को पर आवागमन कोहरे के चलते प्रभावित दिखा। स्कूल व कॉलेज जाने वाले छात्र-छात्राओ व शिक्षको को कोहरे के चलते रास्ते मे परेशानी का सामना करना पड़ा। कोहरे के कारण ठण्ड ने भी रफ्तार पकड़ ली है। राहगीरों के साथ विभिन्न बाजारो मे लोग अलाव तापते दिखाई पड़े।

### संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटकता मिला शव

**बाराबंकी।** संदिग्ध परिस्थितियों में40 वर्षीय व्यक्ति का गांव के बाहर पेड़ से फंदे से लटका हुआ शव मिला है।सुबेहा थाना क्षेत्र के ओहरामऊ गांव में बीती रात गांव के रहने वाले 40 वर्षीय रहीम खान का शव गांव के बाहर नीम के पेड़ से लटका हुआ मिला सुबहशौच के लिए गए ग्रामीणों ने पेड़ से लटका हुआ शव देखकर गांव में सूचना दी मौके पर पहुंचे ग्राम प्रधान ने स्थानीय पुलिस को घटना की सूचना दी सुबेहा पुलिस ने शव का पंचनामा भरकरपोस्टमार्टम कराया है। मृतक के परिजनों का कहना है कि पिछले कई दिनों से मानसिकहालत ठीक नहीं थी।

### पुलिस के हत्थे चढ़े तीन शातिर

**बाराबंकी।** कोठी पर पंजीकृत मारपीट के मुकदमें में विवेचना से अपहरण व डकैती करने के साक्ष्य मिलने पर थाना कोठी थाना प्रभारी रितेश पांडे के द्वारा द्वारा तीन शातिर आरोपियों को गिरफ्तार कर कब्जे से एक मोटर साइकिल पल्सर, दो अवैध तमंचा मय कारतूस, एक अवैध चाकू सहित घटना में प्रयोग किए जाने वाले चार मोबाइल फेन व 3300 रूपये नकद बरामद किए हैं।

## संक्षिप्त पुनरीक्षण के अन्तर्गत 13 को विशेष अभियान घोषित

**बाराबंकी।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 1.1.2021 के आधार पर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण. 2021 के अन्तर्गत 13.12.2020 को विशेष अभियान तिथि घोषित किया गया है। नियुक्त पदाभिहित अधिकारी, बूथ लेबिल अधिकारी अपने से संबंधित मतदान केन्द्रों पर उपस्थित रहकर अर्ह व्यक्तियों से दावें और आपत्तिया प्राप्त करेंगे। अर्हता 1.1.2021 को 18 वर्ष या इससे अधिक आयु पूर्ण कर चुके हो,ऐसे नागरिक मतदाता सूची में अपना नाम सम्मिलित कराना चाहते है। संबन्धित मतदान केन्द्र पर नियुक्त पदाभिहित अधिकरीए बूथ लेबिल आफिसर या तहसील कार्यालय में स्थापित मतदाता पंजीकरण केन्द्र पर सम्पर्क स्थापित कर सकते है। मतदाता सूची में नाम बढ़ाने हेतु फार्म.6,मतदाता सूची में नाम काटने हेतु फार्म.7ए नामों को शुद्ध कराने हेतु फार्म.8 एवं नामों को अन्यत्र रखने हेतु फार्म.8क भरकर जमा कर सकते है।

## बीडीओ ने विकास कार्यों की जानी हकीकत पारदर्शिता के साथ कार्य कराने का निर्देश



सांगीपुर ब्लाक के कुम्भीडीहा मे निर्माणाधीन पंचायत भवन का निरीक्षण करती बीडीओ समा सिंह

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सांगीपुर विकासखण्ड की बीडीओ समा सिंह ने आधा दर्जन ग्राम पंचायतो मे पहुंचकर विकास कार्यो का निरीक्षण करते हुए गुणवत्तापरक व पारदर्शिता के साथ कार्य संपादित कराने का निर्देश दिया। शुक्रवार को खण्ड विकास अधिकारी समा सिंह कुम्भीडीहा, रेहुआ लालगंज, अठेहा, मंगापुर आदि ग्राम पंचायतो मे निर्माणाधीन पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय, मनरेगा कार्य समेत अन्य विकास कार्यो का निरीक्षण किया। उन्होनें विकास कार्यो की गुणवत्ता परखी और निर्धारित समय के भीतर विकास कार्यो को पूरा करने का निर्देश दिया। बीडीओ ने कर्मचारियो व ग्राम पंचायत सचिवो से कहा कि शासन की संचालित योजनाओ को ग्राम पंचायत स्तर पर मानक के अनुरूप पूरा कराना सभी की जिम्मेदारी है। इसमे लापरवाही मिली तो सम्बन्धित कर्मचारियों के खिलाफकार्रवाई के लिए अफसरो को पत्र लिखा जाएगा। उन्होनें रेहुआ लालगंज मे संचालित योजनाओं की हकीकत देखने के बाद ग्राम प्रधान व सचिव की सराहना की।

## संगिनी एप में गांव के सेहत की होगी कुंडली

**अमेठी।** स्वास्थ्य विभाग के संगिनी एप में गांव के सेहत की पूरी कुंडली यानि सभी आंकड़े दर्ज होंगे।आशा संगिनी तक आशा बहुओं के माध्यम से सुदूर ग्रामीण इलाकों के मरीजों और स्वास्थ्य सेवाओं के लाभार्थियों की जानकारी पहुंचेगी। हाईटेक होते स्वास्थ्य विभाग में अब कागज पर से कम काम लिए जाने के लिए नए.नए एप लांच हो रहे हैं। अभी हाल ही में स्वास्थ्य विभाग ने संगिनी नाम के एप को लांच किया है। इस एप में प्रत्येक गांव की स्वास्थ्य संबंधी जानकारियों को अपलोड किया जाना है। मुख्य रूप से इस एप में गर्भवती की संख्याए उनकी मौजूदा स्थितिए एएनसी जांचों का विवरणए जोखिम गर्भावस्था वाली महिलाओं की जानकारी, एनीमिया से ग्रसित महिलाओं. किशोरियों की जानकारी, मातृ.शिशु मृत्यु दर का आंकड़ा और गैरसंचारी रोगों ब्लड प्रेशरए हाइपरटेंशन तथा मुंहए स्तन और बच्चेदानी के कैंसर के मरीजों की जानकारी भी भी फीड होगी।

## विधान परिषद चुनाव के बाद पंचायत चुनाव को धार देने में जुटी भाजपा

**बाराबंकी।** विधान परिषद चुनाव में दबदबा कायम करने के उपरांत भाजपा त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को धार देने में जुट गई है। प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पंचायत चुनाव के प्रदेश प्रभारी विजय बहादुर पाठक ने चुनावी रणनीति पर चर्चा की। पंचायत चुनाव की व्यूह रचना पर गहन मंथन हुआ।शुक्रवार को भाजपा कार्यालय पर आयोजित बैठक मंर सभी ब्लॉक संयोजक एवं जिला पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा कि अब सभी लोग पार्टी संगठन की योजना के अनुसार पंचायत चुनावों को लेकर मंडल, जिला और ब्लॉक स्तर तक अभी से संगठनात्मक ढांचा मजबूत करने में जुट जाएं,ताकि आगामी पंचायत चुनाव में ऐसे लोग जीतकर आएं जिनका लक्ष्य अपने क्षेत्र व गांव का विकास करना हो।

समाज के अंतिम व्यक्ति तक खुशहाली और विकास पहुंचे,इसलिए भाजपा पंचायत चुनावों में सहभागिता कर रही है। पंचायत चुनाव में ऐसे कार्यकर्ताओं का निर्माण भी हो सकेगा जो राष्ट्र निर्माण व विकास के लिए कार्य करना चाहते हैं। जिला अध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव ने बताया कि जिले के सभी पन्द्रह ब्लॉक में पार्टी द्वारा चुनाव संयोजक नियुक्त किये जा चुके हैं। चुनाव के जिला संयोजक सन्तोष सिंह ने कहा कि कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक वोटर बनवाने का आह्वाहन किया। संचालन जिला महामंत्री सन्दीप गुप्ता ने किया। जिला उपाध्यक्ष दिलीप मिश्रा, रचना श्रीवास्तव, अरविंद मौर्य, प्रमोद तिवारी, महामंत्री भुल्लन वर्मा, गुरुशरण लोधी, मीडिया प्रभारी विजय आनन्द बाजपेई, सीए अश्विनी श्रीवास्तव, हरीश द्विवेदी, सीता शरण वर्मा, सुशील जायसवाल, सरिता सिंह, शशांक कुशमेश, डॉ रिजवान अली, बालमुकुंद गुप्ता मौजूद रहे।

# दबंगों के उत्पीड़न से न्याय पाने के लिये दर-दर भटकने को मजबूर

● पूरा मामला थाना रामनगर कोतवाली के अंतर्गत ग्राम महादेवा पट्टी का है

संवाददाता। बाराबंकी

**दबंगों** के उत्पीड़न से न्याय के लिए दर दर भटकने को मजबूर है एक परिवार। परेशान परिवार अब न्याय के लिए पुलिस व प्रशासन से गुहार लगा रहा है। मामला थाना रामनगर कोतवाली केक्षेत्र ग्राम महादेवा पट्टी का है यहां के निवासी वृद्ध लक्ष्मी शंकर तिवारी पुत्र भोलानाथ तिवारी का है उन्होंने प्रभारी निरीक्षक रामनगर को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर बताया कि दिनांक 18 नवम्बर को दिन के लगभग 11 बजे उनके गाँव के दबंग काशी प्रसाद, संतराम पुत्र कृष्ण स्वरूप, काशी प्रसाद, अंकित पुत्र प्रमोद तथा अमित, रिशु, पुत्र महेश कुमार आदि लगभग एक दर्जन लोगों ने एक जुट व एक राय होकर जानसे मारने की नियत से उनके घर पर हमला बोल दिया और भद्दी भद्दी गालियां देते हुए घर के बरामदे में लगा लकड़ी का गेट उखाड़ दिया तथा दीवार भी गिरा दी और घर के दरवाजे परपत्थरों व कांटो कोडाल कर पूरे परिवार को अपमानित करके फिर दुबारा आने की धमकी देकर चले गयें है। इस घटना की दबंगों के विरुद्ध उचित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करके कानूनी कार्यवाही करने के लिये दिये गये उनके प्रार्थना पत्र पर अभी तक पुलिस द्वारा कोई भी कार्यवाही नही हुयी है इस कारण दबंगों के हौसले बड़े हुये हैं।

प्रार्थी न्याय पाने के लिये दर दर भटक रहा है मगर उसे न्याय नही मिल पा रहा है उसका पूरा परिवार डरा हुआ है तथा वे दबंग लोग खुले आम धमकी भी दे रहे। उन्होंने नेएसडीएम रामनगर भी इस सम्बन्ध में अलग से एक शिकायती प्रार्थना पत्र देकर बताया कि यही दबंग लोगों ने उनकी पुश्तैनी खेती की भूमि जो ग्राम पंचायत लैन परगना तहसील राम नगर बाराबंकी में स्थित है इस भूमि में उनका आधा हिस्सा है इनके हिस्से की पूरी भूमि पर जबरन सरहंगई के बल पर अवैध रूप से कब्जा कर रखा तथा ये लोग उस भूमि को अपने पच्छ में बयान देने के लिये दबाव बना रहे है और बयान न देने पर गंभीर नतीज़ा भुगतने को तैयार रहना। उन्होंने ने मांग की है कि इस घटना की उचित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करके दबंगों के कब्जे में उनके हिस्से की भूमि से कब्जा हटवाया जाये और उसे न्याय दिलाया जाये ।

# किसान यात्रा निकाली समाजवादी पार्टी ने



**ललितपुर।** किसानों को लेकर केन्द्र सरकार द्वारा लोकसभा में पारित किये गये संशोधित कृषि बिल को तत्काल वापस लिये जाने की मांग पूरे देश में किसानों द्वारा उठायी गयी है। कृषि बिल वापस लेने की मांग को लेकर किसानों के समर्थन में विभिन्न राजनैतिक दलों ने भी समर्थन दिया है। किसानों की बदहाल स्थिति और कृषि बिल वापस लिये जाने की पुरजोर मांग करते हुये उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी सबसे बड़ा विरोध दर्ज करा रही है। ललितपुर के तालबेहट में विशाल किसान यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा साईकिल, बाइक और ट्रैक्टरों के जरिए गांव.गांव में निकाली गयी।

सपा जिलाध्यक्ष तिलक यादव एड. के निर्देशन में तालबेहट में पूर्व विधायक रमेश कुशवाहा व विधानसभा प्रभारी स्वामी प्रसाद एड. के संयुक्त आह्वान पर विशाल रैली निकाली गयी। यह रैली ग्राम कड़ेसराकलां, टेकरी, अंजनी नगर तालबेहट, खांदी, पिपरई, खैरा, सुनौरी, सुनौरा, हिंगोरा, एवनी, भुचेरा, चौबारा, बड़ा चौबारा, पतारा, पूराकलां, हंसारकलां में होते हुये निकाली गयी। रैली के दौरान सैकड़ों किसानों के साथ सपाईयों ने भारत के महामहिम राष्ट्रपति से कृषि बिल को तत्काल वापस लिये जाने की मांग उठायी है। पूर्व विधायक रमेश कुशवाहा ने कहा कि किसानों की आय को दोगुना करने का दावा करने वाली केन्द्र व प्रदेश सरकार ने अपनी गलत नीतियों के चलते किसानों को आर्थिक बोझ तले दबा दिया है। अब नये कृषि बिल के पारित होने से किसान अपने ही खेत में मजदूर बनकर रह जायेंगेए क्योंकि उनके द्वारा उगायी जाने वाली उपज का मूल्य प्राईवेट सेक्टरों द्वारा तय किया जायेगा। विधानसभा प्रभारी स्वामी प्रसाद एड. ने कहा कि भारत भले ही कृषि प्रधान देश कहा जाता है, किसानों की दयनीय हालत को सुधारने के लिए कोई कारगर उपाय नहीं किये जाते हैं। सबसे पिछड़े बुन्देलखण्ड क्षेत्र का किसान आत्महत्या जैसा आत्मघाती कदम उठा रहा है। ऐसे में उन्होंने कृषि बिल को तत्काल वापस लिये जाने की मांग उठायी है। जिला महासचिव कृष्ण स्वरूप निरंजन, जगदीश कुशवाहा, वृंदावन कुशवाहा, सुनील तिवारी, मनोज गुरुदेव, वीरपाल सिंह, ज्ञानसिंह, नौनेराजा, धर्मेंद्र कुशवाहा, एजाज खान, जुगनू खान, शक्ति बग्गन, दिमान राजपूत, शिवचरण रैकवार, कल्लू यादव, सोनू यादव, अतुल यादव, योगेंद्र आदि मौजूद रहे।

# निर्माणाधीन डायट का डीएम ने किया निरीक्षण



निर्माण कार्यों का निरीक्षण करते हुए डीएम

**अमेठी।** डीएम ने आज अमेठी में खंड शिक्षा कार्यालय स्थित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य में प्रयुक्त हो रही सामग्री की गुणवत्ता जांचने के साथ ही निर्माण कार्य में लगे श्रमिकों का श्रम विभाग में पंजीकरण कराने के निर्देश संबंधित कार्यदाई संस्था को दिए। बताते चलें कि निर्माणाधीन डायट का निर्माण उप्र प्रोजेक्ट कारपोरेशन लिमिटेड द्वारा 750.05 लाख की लागत से कराया जा रहा है, कार्यदाई संस्था के जूनियर इंजीनियर विपिन कुमार ने बताया कि डायट का निर्माण अक्टूबर 2020 से प्रारंभ है जिसके लिए अभी तक शासन द्वारा 162.40 लाख की धनराशि आवंटित की गई है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पाया कि निर्माण कार्य में प्रयुक्त हो रही सरिया में कंपनी का नाम व आईएसआई मार्क अंकित नहीं था साथ ही ईटें में भी दरार व बूंदी वाली ईंट निर्माण कार्य में प्रयुक्त होते पाई गई, जिस पर डीएम ने संबंधित कार्यदायी संस्था को उच्च गुणवत्ता वाली सरिया व ईंट का प्रयोग करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता लोनिवि राकेश चौधरी, कार्यदायी संस्था के जूनियर इंजीनियर विपिन कुमार सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

## अधिवक्ता व दस्तावेज लेखक के विवाद के चलते तहसील परिसर में बढ़ी सुरक्षा

**मुसाफिरखाना अमेठी।** विगत सप्ताह तहसील परिसर में अधिवक्ता व दस्तावेज लेखक के मध्य विवाद के बाद अधिवक्ता की पिटाई के बाद अधिवक्ताओं के बीच उपजे आक्रोश को दृष्टिगत रखते हुए स्थानीय तहसील परिसर में बाहरी लोगों के वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। बीते शुक्रवार को स्थानीय तहसील कार्यालय में अधिवक्ता व दस्तावेज लेखक के मध्य उत्पन्न विवाद के बाहर से घुसे लोगो द्वारा अधिवक्ता की पिटाई के बाद अधिवक्ता संघ आक्रोशित हो गया। जिसके बाद अधिवक्ताओं व तहसील कर्मियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए स्थानीय तहसील प्रशासन ने तहसील परिसर के अंदर बाहरी व्यक्तियों के वाहनों के अंदर दाखिल होने पर प्रतिबन्ध लगा दिया गया ।शुक्रवार की सुबह से ही तहसील गेट में ताला लग जाने के बाद अफरातफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। तहसील रोड पर जाम जैसी स्थिति पैदा होने से वादकारियों व अन्य किसानों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक संपन्न



**बाराबंकी।** कलेक्ट्रेट स्थित डीआरडीए गांधी सभागार में जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन संबंधित बैठक डीएम की अध्यक्षता में आहूत हुई। वित्तीय वर्ष 2020.21 में निर्माणाधीन पाइप पेयजल योजनाओं के माध्यम से क्रियाशील नल का जल संयोजन, ग्रामीण क्षेत्र में संचालित पाइप पेयजल योजनाओं पर सत्त जलापूर्ति एवं रेट्राफिटिंग के अन्तर्गत प्रस्तावित क्रियाशील संयोजन तथा निर्माण कार्यो के सम्पादन एवं अनुरक्षण के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के तहत वर्ष 2024 तक भारत वर्ष के सभी घरों तक पाइप लाइन से पयेजल की आपूर्ति किया जाना संकल्पित है। जल जीवन मिशन का उद्देश्य है कि प्रत्येक परिवार को कार्यशील घरेलू नल कनेक्शन सुविधा उपलब्ध करायी जाये, जल संरक्षण, जल स्रोत स्थायित्व तथा वर्षा जल भण्डारण का मुख्यरूप से ध्यान देते हुए ग्राम पंचायतों द्वारा विक्रेन्द्रीकृत किन्तु एकीकृत जल संशाधन प्रबन्धन के माध्यम से समुचित स्तर पर जल प्रबन्धन को बढ़ावा दिया जायेगा। प्रभागीय वनाधिकारी एनके सिंहए जिला विकास अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी संजीव कुमार, अधिशाषी अभियन्ता जल निगम अखिलानन्द उपाध्याय, सहायक अभियन्तागण जल निगम, एसीएमओ डा. उमा शंकर, अपर जिला सूचनाधिकारी आरती वर्मा सहित संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी डॉ. आदर्श ने मंजीठा में पाइप पेयजल योजना का किया औचक निरीक्षण



**बाराबंकी।** जिलाधिकारी डा. आदर्श सिंह द्वारा जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा विकास खण्ड बंकी के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश जल निगम द्वारा निर्मित मंजीठा ग्राम पाइप पेयजल योजना का औचक निरीक्षण किया गया। अधिशासी अभियन्ता जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि यह पेयजल योजना राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्ष 2014.15 में स्वीकृत है। योजना के अन्तर्गत प्रस्तावित समस्त कार्यो को पूर्ण कराते हुए पूर्णतया क्रियाशील अवस्था में 21ण्08ण्2019 को ग्राम पंचायत को हस्तगत की जा चुकी है। योजना का रखरखाव ग्राम पंचायत द्वारा किया जा रहा हैए जिसमें 454 गृह जल संयोजन पूर्व से प्रदान किये जा चुके है। वर्तमान में रेट्रोफिटिंग के अन्तर्गत हर घर नल का जल की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु 120 नग गृह जल संयोजन के सापेक्ष 66 कनेक्शन प्रदान किये जा चुके है। जिसमें जिलाधिकारी द्वारा शोभा पत्नी दुर्गेश कुमार,अयोध्याप्रसाद पुत्र छोटे लाल एवं घनश्याम पुत्र गिरजा शंकर के यहां स्थापित जल संयोजन का स्थलीय निरीक्षण किया गया एवं लाभार्थियों से योजना प्राप्त हो रही जलापूर्ति के बारे में जानकारी ली गयी। निरीक्षण में पाया गया कि योजना के माध्यम से नियमित पेयजल आपूर्ति हो रही है एवं ग्राम वासियों द्वारा जल मूल्य की धनराशि रु0 50 प्रतिमाह भी जमा की जा रही है । जिलाधिकारी द्वारा ग्रामवासियों को पेयजल के महत्व,योजना के संचालन में उनकी सहभागिता एवं रखरखाव हेतु नियमित जल मूल्य जमा किये जाने हेतु प्रेरित किया गया। स्थलीय निरीक्षण में जिलाधिकारी उत्तर प्रदेश जल निगम द्वारा कराये गये कार्यो से संतुष्ट रहे एवं उपस्थित अधिशासी अभियन्ताए सहायक अभियन्ता एवं जू0इं0 को ग्रामवासियों से निरन्तर सम्पर्क कराते हुए उन्हें प्रेरित करने हेतु निर्देशित किया गया,जिससे जनपद में ष्जल जीवन मिशन कार्यक्रम के उद्देश्यों की पूर्ति हो सके एवं योजना का समुचित लाभ ग्रामवासियों को मिल सके।